# दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : सोमवार, 28 सितम्बर, 2026 | वर्ष -01 | अंक-219 | पृष्ठ-16 | मूल्य : 01 रु. | ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com


## संक्षिप्त खबरें

### कोहली का विस्फोटक शतक, भारत ने वेस्टइंडीज को 8 विकेट से रौंदा




**तिरुवनंतपुरम।** भारत ने विराट कोहली और कप्तान शुभमन गिल की शतकीय पारियों के दम पर वेस्टइंडीज के खिलाफ रविवार को खेले गए वनडे सीरीज के पहले मैच में 8 विकेट से जीत हासिल की। ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल स्टेडियम में आयोजित इस मुकाबले को अपने नाम करते हुए मेजबान देश ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त हासिल कर ली है। टॉस गंवाकर बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की टीम ने निर्धारित ओवरों में 7 विकेट खोकर 295 रन बनाए। जॉन कैंपबेल ने जस्टिन ग्रीव्स के साथ पहले विकेट के लिए 19.2 ओवरों में 135 रन की साझेदारी की।

### भारत को एशियन गेम्स में आज 4 सिल्वर

**नागोया (जापान)।** भारत ने एशियन गेम्स में रविवार को 4 सिल्वर समेत 7 मेडल जीते। सर्वेश कुशारे ने मेंस हाई जंप में सिल्वर मेडल हासिल किया। उन्होंने 2.25 मीटर की बेस्ट जंप की। रविवार को पारुल चौधरी ने महिला 3000 मीटर स्टीपलचेज में 9:08.67 के पर्सनल बेस्ट के साथ ब्रॉन्ज मेडल जीता। इससे पहले एंसी सोजन ने महिला लॉन्ग जंप में 6.53 मीटर की छलांग लगाकर सिल्वर और तेजस्विन शंकर ने डेकाथलॉन में 7934 अंकों के साथ ब्रॉन्ज जीता।

### गया जी एयरपोर्ट पर आने वाली इंडिगो फ्लाइट कोलकाता डायवर्ट

**गया।** खराब मौसम और तेज बारिश के कारण शनिवार को गया जी एयरपोर्ट पर उतरने वाली इंडिगो की एक फ्लाइट को कोलकाता डायवर्ट करना पड़ा। जानकारी के अनुसार, विमान को सुबह 11 बजे गया जी एयरपोर्ट पर लैंड करना था, लेकिन मौसम खराब होने के कारण करीब 10:45 बजे इसे कोलकाता के लिए डायवर्ट कर दिया गया। मौसम में सुधार होने के बाद यही विमान दोपहर 2:20 बजे गया जी एयरपोर्ट पहुंचा। फ्लाइट के डायवर्ट होने से यात्रियों को काफी देर तक इंतजार करना पड़ा और उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ा।

### जमुई छेड़खानी मामले में दो और आरोपी गिरफ्तार

**जमुई।** सदर थाना क्षेत्र के मड़वा पहाड़ पर नाबालिग छात्रा से छेड़खानी और आपत्तिजनक वीडियो से जुड़े मामले में पुलिस ने कार्रवाई तेज करते हुए दो और आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने प्रतापुर निवासी सौरभ और छोटू को गिरफ्तार किया है। दोनों से पूछताछ कर मामले में उनकी भूमिका की जानकारी जुटाई जा रही है। इन दोनों की गिरफ्तारी के बाद इस मामले में अब तक कुल सात आरोपित पुलिस की गिरफ्त में आ चुके हैं। एसपी विश्वजीत दयाल के अनुसार, घटना के बाद सामने आए वीडियो और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपितों की पहचान की जा रही है। जांच के क्रम में पुलिस ने पूर्व में भी कई आरोपितों को गिरफ्तार किया था। अब दो और युवकों की गिरफ्तारी से मामले में गिरफ्तार आरोपितों की संख्या सात हो गई है।

# एसआईआर के नाम पर भ्रम फैला रहा विपक्ष : मुख्यमंत्री

## सीएम ने विपक्ष को लिया आड़े हाथ, आरोपों को बताया बेबुनियाद



**मुख्य बिंदु**

- एसआईआर की प्रक्रिया निर्धारित नियमों एवं पारदर्शी तरीके से हुई
- विपक्षी दल तथ्य और प्रमाण के साथ अपनी बात रखे
- एक गरीब का बेटा पीएम बना, विपक्ष को पच नहीं रहा

**पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रविवार को मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित संवाद कक्ष में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में पत्रकारों से बातचीत करते हुए बिहार में कराये गये विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा उठाए जा रहे सवालों पर स्थिति स्पष्ट करते हुये कहा कि बिहार में एसआईआर की प्रक्रिया निर्धारित नियमों एवं पारदर्शी तरीके से पूरी की गई है।

सीएम ने कहा कि बिहार में 24 जून 2025 से 25 जुलाई 2025 तक एसआईआर की प्रक्रिया चली। एसआईआर के दौरान मतदाता सूची में शामिल नामों का सत्यापन किया गया। उन्होंने कहा कि एसआईआर के दौरान मृत व्यक्तियों, स्थायी रूप से स्थानांतरित हो चुके लोगों तथा एक से अधिक स्थानों पर दर्ज मतदाताओं से संबंधित प्रविष्टियों का सत्यापन किया गया। जिन लोगों की पात्रता को लेकर कोई समस्या थी, उनके लिए दावा एवं आपत्ति दर्ज कराने की पूरी व्यवस्था उपलब्ध रही। उन्होंने कहा कि वर्ष 2003 में जब राबड़ी देवी मुख्यमंत्री थीं तब एसआईआर कराया गया था और फिर जब वर्ष 2025 में नीतीश कुमार सीएम थे उस समय एसआईआर कराया गया। एसआईआर के नाम पर विपक्ष भ्रम फैला रहा है। विपक्षी नेताओं के पास कोई फैक्ट नहीं है, सिर्फ आरोप लगा रहे हैं। निर्वाचन आयोग ने 2003 की मतदाता सूची को ऑनलाइन उपलब्ध कराया था, ताकि वर्तमान एसआईआर में पात्र मतदाता अपने पुराने विवरण का सत्यापन कर सकें। सीएम ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश के बाद आधार कार्ड को भी पहचान संबंधी दस्तावेज के रूप में स्वीकार किया गया। सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया था कि आधार पहचान स्थापित करने के लिए स्वीकार्य है, लेकिन यह नागरिकता का प्रमाण नहीं है। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी एवं राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव द्वारा एसआईआर को लेकर उठाए गए सवालों का उल्लेख करते हुए कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा संबंधित मामलों पर स्थिति स्पष्ट की जा चुकी है। सीएम ने कहा कि यदि किसी पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में नहीं है अथवा किसी प्रकार की वास्तविक शिकायत है, तो निर्धारित प्रक्रिया के तहत उसे सामने लाया जाना चाहिए। अभी तक इस तरह की कोई शिकायत नहीं आयी है। सीएम ने आगे कहा कि विपक्षी दलों को लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपनी बात रखने का पूरा अधिकार है, लेकिन उन्हें तथ्य और प्रमाण के साथ अपनी बात रखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि चुनाव संबंधी किसी शिकायत के लिए निर्वाचन आयोग के साथ-साथ न्यायिक व्यवस्था भी उपलब्ध है। सीएम ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश में विकास की गति तेज हुई है। एक गरीब का बेटा देश का प्रधानमंत्री बना, यह विपक्ष को नहीं पच रहा है। सीएम ने राजनीतिक दलों से आग्रह किया कि वे जनहित के मुद्दों के साथ जनता के बीच जाएं और तथ्यपरक तरीके से अपनी बात रखें।

### सीएम ने सुनी पीएम मोदी के मन की बात, जताया आभार

**पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रविवार को लोक सेवक आवास स्थित नेक संवाद सभागार में आयोजित पीएम मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात के 138वें संस्करण के लाइव प्रसारण में शामिल हुए। आज के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने सर्जिकल स्ट्राइक की 10वीं वर्षगांठ, श्रद्धेय अशोक सिंहल की जन्म शताब्दी, जनगणना में जनभागीदारी, विरासत एवं संस्कृति के संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, नशामुक्त युवा अभियान, ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन, आंवला आधारित रोजगार एवं महिला सशक्तीकरण तथा स्वच्छता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर देशवासियों से संवाद किया। पीएम मोदी के मन की बात के 138वें एपिसोड के लिए उनका हृदय से आभार जताते हुए सीएम ने कहा कि मन की बात सदैव देशवासियों को राष्ट्र निर्माण, जनभागीदारी और सकारात्मक बदलाव के लिए प्रेरित करती है। उनके प्रेरक विचारों से बिहार सहित पूरे देश को नई ऊर्जा और दिशा मिलती है।

# प्रीता वर्मा संभाल सकती हैं डीजीपी की कमान



**यूपीएससी ने तीन नाम पर लगाई मुहर**

**विनय कुमार बने राज्य मुख्य सूचना आयुक्त**

**पटना (एनएसबी)।** बिहार के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) विनय कुमार ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति (वीआरएस) ले लिया है। गृह विभाग ने उनका वीआरएस मंजूर भी कर लिया। अब बिहार सरकार ने विनय कुमार को नया राज्य मुख्य सूचना आयुक्त बनाया है। फिलहाल विनय कुमार छुट्टी पर हैं। उनकी जगह 1991 बैच की आईएएस अधिकारी और वर्तमान में होमगार्ड व फायर सर्विसेज की डीजी प्रीता वर्मा को बिहार का कार्यवाहक डीजीपी बनाया है। बिहार के नए डीजीपी कौन होंगे, इसको लेकर चर्चा तेज है। बताया जा रहा है कि प्रीता वर्मा, भृगु श्रीनिवासन और जीएस गंगवार में से एक डीजीपी की कमान संभाल सकते हैं। बताया जा रहा है कि बिहार सरकार की तरफ से डीजीपी के लिए जो सूची भेजी गई थी, इसमें से यूपीएससी ने इन्हीं तीन नामों को मुहर लगाया है। हालांकि प्रीता वर्मा का नाम सबसे आगे बताया जा रहा है। इसकी वजह है कि प्रीता वर्मा 1991 बैच की आईएएस ऑफसर हैं।

# पुस्तकालयाध्यक्ष पात्रता परीक्षा 2026 का नोटिफिकेशन जारी

**आवेदन 1 अक्टूबर 2026 से 21 अक्टूबर 2026 तक होगा**

**पटना (एनएसबी)।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति (इएइ) ने विद्यालय पुस्तकालयाध्यक्ष पात्रता परीक्षा, 2026 का नोटिफिकेशन रविवार को जारी कर दिया है। परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 1 अक्टूबर 2026 से शुरू होकर 21 अक्टूबर 2026 तक चलेगी। अभ्यर्थियों को आवेदन के लिए निर्धारित वेबसाइट sletregistration.cbrt.co.in पर जाना होगा। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के अध्यक्ष डॉ. त्यागराजन एसएम ने परीक्षा को लेकर जानकारी साझा की है। परीक्षा कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट (CBT) मोड में आयोजित की जाएगी। इसमें कुल 150 अंकों के बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जाएंगे। परीक्षा की अवधि 150 मिनट यानी ढाई घंटे होगी। प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा और गलत उत्तर के लिए निगेटिव मार्किंग नहीं की जाएगी। पुस्तकालय विज्ञान से 100 और सामान्य ज्ञान से 50 अंक विद्यालय पुस्तकालयाध्यक्ष पात्रता परीक्षा में कुल 150 प्रश्न पूछे जाएंगे। इनमें 100 अंक के प्रश्न पुस्तकालय विज्ञान विषय से होंगे, जबकि 50 अंक के प्रश्न सामान्य ज्ञान पर आधारित होंगे। परीक्षा का पाठ्यक्रम राज्य के मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों में पुस्तकालय विज्ञान की स्नातक डिग्री के लिए लागू पाठ्यक्रम के अनुरूप होगा।

# आतंकियों को करारा जवाब देंगे : पीएम

## 138वें एपिसोड 'मन की बात में प्रधानमंत्री ने कहा-



**सर्जिकल स्ट्राइक ने दुनिया को भारत की नीति दिखाई**

**नई दिल्ली (एनएसबी)।** पीएम मोदी ने रविवार को 'मन की बात' के 138वें एपिसोड में कहा कि भारत आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर चल रहा है। आतंकवादी अगर भारत की तरफ आंख उठाकर देखेंगे, तो उन्हें करारा जवाब दिया जाएगा। मोदी ने कहा कि 28-29 सितंबर 2016 को हुई सर्जिकल स्ट्राइक के 10 साल पूरे होने वाले हैं। भारतीय सेना ने छ्ङ्गड पार कर पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर कार्रवाई की थी। भारतीय जवानों की इस कार्रवाई को देखकर दुनिया हैरान रह गई थी। प्रधनमंत्री ने बालाकोट एयरस्ट्राइक से लेकर ऑपरेशन सिंदूर तक का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में भारत ने बार-बार साफ संदेश दिया है कि आतंकवाद का मजबूत और निर्णायक जवाब दिया जाएगा। पीएम मोदी ने कहा कि जनगणना हम सबका राष्ट्रीय दायित्व है। उन्होंने लोगों से अपनी और परिवार की जानकारी खुद ऑनलाइन दर्ज करने की अपील की। मोबाइल से यह प्रक्रिया आसानी से पूरी की जा सकती है। मोदी ने बताया कि जनगणना का पहला चरण सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में लगभग पूरा हो चुका है। 32 करोड़ से ज्यादा परिवारों का डेटा भी दर्ज किया जा चुका है। पीएम मोदी ने 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी की जयंती का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि गांधी जी ने जीवन के कई मंत्र दिए, जिनमें स्वच्छता भी शामिल है। उन्होंने सोशल मीडिया पर स्वच्छता से जुड़े फोटो, वीडियो और रील्स का भी जिक्र किया और कहा कि छोटे-छोटे प्रयासों से पूरा समाज जुड़ रहा है। मोदी ने बताया कि देशभर के युवा नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चला रहे हैं। मेरा भारत के तहत एंथम, स्लोगन राइटिंग और नुक्कड़ नाटक जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

# नेपाल में भारी बारिश से बिहार की नदियां उफान पर



**2 जिलों की 82000 आबादी बाढ़ से प्रभावित**

**पटना (एनएसबी) ।** बिहार में नेपाल के सीमावर्ती जिलों में पिछले तीन-चार दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश के कारण गंडक, कोसी, बागमती जैसी प्रमुख नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी देखी जा रही है।

आपदा प्रबंधन विभाग के अनुसार, उफनती नदियों के कारण निचले इलाकों में पानी फैल रहा है, जिससे वर्तमान में दो जिले (सुपौल एवं पश्चिम चंपारण) की लगभग 82 हजार आबादी बाढ़ से प्रभावित हुई है। विभाग की ओर से स्थिति पर निरंतर और सतर्क निगरानी रखी जा रही है। वाल्मीकिनगर बराज के पास गंडक का जलस्राव रविवार को 4,79,100 क्यूसेक दर्ज किया गया। इस वर्ष अब तक का अधिकतम जलस्राव है। इसकी प्रवृत्ति अभी और बढ़ने की ओर है। वहीं, वीरपुर बराज के पास कोसी का जलस्राव 2,09,085 क्यूसेक दर्ज किया गया। वहीं, इंद्रपुरी बराज के पास सोन जलस्राव 52,840 क्यूसेक है और जलस्तर घटने की प्रवृत्ति में है। दूसरी ओर, केंद्रीय जल आयोग के अनुसार डुमरिया घाट पर गंडक, बलतारा में कोसी, ढंग, सोनाखान, कटौझा एवं बेनीबाद में बागमती एवं गोवाबारी में लाल बकेया नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, सुपौल और पश्चिम चंपारण के कुल 11 प्रखंडों की 23 ग्राम पंचायतों में लगभग 82,000 लोग बाढ़ की चपेट में आए हैं। बाढ़ प्रभावित इलाकों में आवागमन और लोगों को सुरक्षित निकालने के लिए 173 नावों का परिचालन किया जा रहा है। साथ ही 13 सामुदायिक रसोई केंद्रों के माध्यम से अब तक लगभग 17,466 लोगों (थाली की संख्या) को खाना खिलाया जा चुका है।

# अशोक सिंघल का जीवन संघर्ष निष्ठा और त्याग से भरा था

## जन्मशताब्दी समारोह में बोले-अमित शाह



**नई दिल्ली (एजेंसी) :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि भारत के युवाओं को विश्व हिंदू परिषद के पूर्व अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक सिंहल के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। यह बात उन्होंने दिल्ली के भारत मंडपम में अशोक सिंहल जन्मशताब्दी वर्ष के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर बोलते हुए कही। कार्यक्रम का आयोजन विश्व हिंदू परिषद और अशोक सिंहल फाउंडेशन ने किया।

अमित शाह ने भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिक चेतना, हिंदू समाज के संगठन और श्री राम जन्मभूमि आंदोलन को अपना जीवन समर्पित करने वाले इस युगद्रष्टा नेता को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। समारोह में अशोक सिंहल के प्रेरणा दायी जीवन, दूरदर्शी विचारों और देश-समाज के लिए उनके अतुलनीय योगदान को याद किया गया। रामभक्तों से खचाखच भरे सभागार को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अशोक सिंहल ने अपना पूरा जीवन देश, समाज और भारत की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण में लगा दिया। राम जन्मभूमि आंदोलन में उनका योगदान और सांस्कृतिक पुनरुत्थान के प्रति उनकी प्रतिबद्धता सदैव अविस्मरणीय रहेगी। गृह मंत्री ने आगे कहा कि विश्व हिंदू परिषद व अशोक सिंहल फाउंडेशन उनकी जन्म शताब्दी मनाकर और उनके जीवन, मूल्यों व योगदान को जन-जन, विशेषकर युवाओं तक पहुंचाकर सराहनीय कार्य कर रहा है। यह शताब्दी समारोह युवा पीढ़ी के लिए उन आदर्शों को समझने और राष्ट्र-समाज के प्रति समर्पित जीवन से प्रेरणा लेने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। मुझे पूरा विश्वास है कि यह पहल उनके विचारों और विरासत को आने वाली पीढ़ियों तक ले जाने में मील का पत्थर साबित होगी। कार्यक्रम में परम पूज्य युगपुरुष महामंडलेश्वर स्वामी परमानंद गिरि जी महाराज ने कहा कि यह हमारा देश है और इसकी हर धरोहर की रक्षा करना हमारा परम कर्तव्य है।

# सिवान में ट्रक ने बाइक सवार पिता-पुत्र को रौंदा



**सीवान (एनएसबी)।** सिवान के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के विदुरती हाता गांव स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय के समीप रविवार की देर शाम तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार पिता-पुत्र को रौंद दिया। हादसे में टड़वां गांव निवासी मुकेश कुमार और उनके पुत्र बिट्टू कुमार की मौत हो गई। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा तफरी का माहौल कायम हो गया। घटना के दौरान दोनों पिता-पुत्र बाइक समेत ट्रक के नीचे फंस गए थे। जेसीबी की मदद से ट्रक हटाकर दोनों को बाहर निकाला गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को जब्त कर लिया। सूचना प्रेषण तक पुलिस पोस्टमार्टम कराने व कागजी कार्रवाई में जुटी थी। मृत मुकेश के भतीजे अमित कुमार ने बताया कि उसके चाचा अपने पुत्र बिट्टू को बाइक पर बैठाकर सब्जी खरीदने बाजार जा रहे थे। जवाहर नवोदय विद्यालय के समीप हकाम की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने विपरीत दिशा में आकर उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों ट्रक के नीचे फंस गए।

# आप विधायक ने हाथ से सड़क उखाड़कर मंत्री को दी

## मंत्री प्रवेश वर्मा ने वीडियो बना रहे युवक को थप्पड़ मारा

**नई दिल्ली (एनएसबी)।** आम आदमी पार्टी ने रविवार को एक वीडियो शेयर किया, जिसमें दिल्ली सरकार में मंत्री प्रवेश वर्मा एक लड़के को थप्पड़ मारते नजर आ रहे हैं। आप का आरोप है कि तिलक नगर में सड़क बनाने में हुए भ्रष्टाचार को लेकर कुछ लोग उनसे सवाल कर रहे थे। इस बीच उन्होंने वहां खड़े एक युवक को थप्पड़ मार दिया। हालांकि इसके बाद उनके गार्ड और मौजूद साथियों ने युवक को दूर हटाया। पीड़ित युवक का आरोप है कि पुलिस के सामने उसे पीटा गया। जान से मारने की धमकी दी गई। उसने पुलिस को शिकायत दी है। मंत्री को लिखित में माफी मांगनी होगी। भाजपा को भी उन्हें सस्पेंड कर देना चाहिए।

# भाजपा को वोटर से डर लगना बंद हो गया है : राहुल गांधी



**नई दिल्ली ( एजेंसी)।** दिल्ली के तिलक नगर में सड़क निर्माण कार्य के निरीक्षण के दौरान मंत्री प्रवेश वर्मा द्वारा एक युवक को थप्पड़ मारने का वीडियो सामने आने के बाद कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने भाजपा पर निशाना साधा है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि दिल्ली की भाजपा सरकार के एक मंत्री वीडियो में एक नौजवान को थप्पड़ मारते दिख रहे हैं। उसका गुनाह? वो वीडियो बना रहा था। मंत्री के सामने सड़क खोदकर दिखाई जा रही थी, और उसके हाथ में कैमरा था। ये उस सत्ता का चेहरा है जिसे अब वोटर से डर लगना बंद हो गया है। सड़क पर सवाल पूछो - थप्पड़। पेपर लीक पर सवाल पूछो - लाठी। संसद में सवाल पूछो - माइक बंद। उन्होंने कहा कि ये लोग ऐसा इसलिए करते हैं क्योंकि इन्हें अब ये डर नहीं है कि चुनाव इन्हें हटा सकता है। वोट चोरी यही खरीदती है, सिर्फ नतीजा नहीं, उसके बाद आने वाला अहंकार भी। जो सरकार जीत को पक्का मान लेती है।

# बेगूसराय में पुलिस टीम पर लाठी-डंडे से हमला

**बेगूसराय (एनएसबी)।** थाना क्षेत्र के परमानंदपुर पंचायत के कमालपुर दियारा गांव में पुलिस ने टेंट हाउस की आड़ में शराब बेचने और भंडारण की सूचना पर छापेमारी कर 187.02 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की। पुलिस ने मौके से शराब तस्करी के आरोप में धर्मेंद्र कुमार को गिरफ्तार किया। कार्रवाई के दौरान पुलिस टीम पर हमला किए जाने और पुलिस पदाधिकारी का पिस्टल छीनने के प्रयास का भी आरोप है। पुलिस के अनुसार, 26 सितंबर की सुबह गश्ती के दौरान सूचना मिली थी कि शुभम टेंट हाउस की आड़ में शराब की तस्करी की जा रही है। छापेमारी के दौरान फूस की झोपड़ी में कपड़े से ढके कार्टन से शराब बरामद हुई। पुलिस ने शराब के साथ दो मोबाइल फोन भी जब्त किए। पुलिस का आरोप है कि जब टीम जब्त शराब और गिरफ्तार आरोपी को लेकर थाना लौट रही थी, तभी कुछ पुरुषों और महिलाओं ने पुलिस टीम को घेरकर हमला कर दिया। आरोप है कि रबीन कुमार ने पुलिस पदाधिकारी राहुल पासवान का पिस्टल छीनने का प्रयास किया, जबकि चुनचुन महतो समेत अन्य लोगों ने मारपीट की। मामले में पुलिस पदाधिकारी पल्लवी कुमारी के आवेदन पर धर्मेंद्र कुमार, रबीन कुमार, चुनचुन महतो, मोती महतो की पत्नी, कुमोद कुमार सहित करीब 15 अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी अंकित की गई है।

# पास के सरकारी विद्यालय का पालक बनें निजी स्कूल संचालक : शिक्षा मंत्री

दैनिक नवसंदेश

**पटना।** शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा कि निजी विद्यालय संचालक अपने आसपास के किसी एक सरकारी विद्यालय का पालक बनकर उसके शैक्षणिक और आधारभूत विकास में सहयोग करें। सरकारी और निजी विद्यालयों के बीच बेहतर समन्वय से बिहार की स्कूली शिक्षा को और मजबूत बनाया जा सकता है।

श्री तिवारी रविवार को पटना के रवीन्द्र भवन में प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा आयोजित 14वें शिक्षक सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं को सम्मानित किया।



रविवार को पटना के रवीन्द्र भवन में प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा आयोजित 14वें शिक्षक सम्मान समारोह में शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी व अन्य।

समारोह की खास विशेषता यह रही कि निजी विद्यालयों के करीब दो हजार शिक्षक-शिक्षिकाओं ने शिक्षा मंत्री के साथ प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम के 138वें संस्करण का श्रवण किया। इस दौरान शिक्षकों ने प्रधानमंत्री के विचारों और संदेशों को ध्यानपूर्वक सुना।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि बिहार की शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने में निजी विद्यालयों की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। करीब तीन दशक पहले जब राज्य की स्कूली शिक्षा कई चुनौतियों से गुजर रही थी, तब निजी विद्यालयों ने शिक्षा के प्रसार में महत्वपूर्ण योगदान दिया। राज्य सरकार और शिक्षा विभाग निजी विद्यालयों के प्रति संवेदनशील हैं।

श्री तिवारी ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि निजी विद्यालय संचालकों से जुड़े वैधानिक कार्यों का समय पर और त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निजी विद्यालय संचालकों से भी सरकार और शिक्षा विभाग के प्रयासों में सहयोग करने की अपील की।

### दो हजार शिक्षकों ने शिक्षा मंत्री के साथ सुनी 'मन की बात'

उन्होंने कहा कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के साथ उनमें संस्कार, नवाचार और नेतृत्व की भावना विकसित करना भी जरूरी है। इसके लिए सरकारी और निजी विद्यालयों के बीच सहयोग और संवाद को और मजबूत करने की आवश्यकता है।

शिक्षा मंत्री ने अपनी पहल 'हमारा विद्यालय, हमारा स्वाभिमान' का उल्लेख करते हुए कहा कि जो लोग सरकारी विद्यालयों में पढ़कर आगे बढ़े हैं, वे अपने पुराने विद्यालयों से जुड़कर उनके विकास में योगदान दें। निजी विद्यालय संचालक भी अपने आसपास के सरकारी विद्यालयों को सहयोग देकर वहां पढ़ने वाले बच्चों के लिए बेहतर शैक्षणिक वातावरण तैयार करने में भूमिका निभा सकते हैं।

कार्यक्रम में एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शमायल अहमद, फैज अहमद, सुरेश सिंह सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए निजी विद्यालयों के संचालक एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

## पार्षद पति गोलीकांड में 4 आरोपित गिरफ्तार, हथियार एवं अन्य सामान बरामद

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बुद्धा कॉलोनी थाना क्षेत्र के चकारम में पूर्व वार्ड पार्षद को उनके अपार्टमेंट के बेसमेंट में गोली मारकर घायल किए जाने की घटना में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामले की जानकारी सिटी एसपी मध्य ममता कल्याणी ने दी। घटनास्थल का निरीक्षण, घायल व्यक्ति एवं अन्य लोगों से पूछताछ तथा एफएसएल एवं तकनीकी अनुसंधान के माध्यम से साक्ष्य संकलित किए गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए अपर पुलिस अधीक्षक, विधि-व्यवस्था-01, पटना के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा तकनीकी एवं वैज्ञानिक अनुसंधान के आधार पर घटना में संलिप्त 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से बरामद : 1 देशी पिस्टल 1 जिंदा कारतूस सहित , 1 देशी कट्टा 1 जिंदा कारतूस सहित 2 बाइक 1 टेम्पू 5 मोबाइल फोन बरामद किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में से 2 अभियुक्तों का आपराधिक इतिहास भी पाया गया है। मामले में संलिप्त अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु छापेमारी जारी है। ममता कल्याणी नगर पुलिस अधीक्षक (मध्य) के मुताबिक पार्षद चुनाव को रंजीश को लेकर घटना को अंजाम दिया गया है।

**खबरें खास-खास**

## शिक्षकों की समस्याओं, सम्मान और अधिकारों पर शिक्षा-शिक्षक संगोष्ठी में हुई गहन चर्चा

**पटना (दैनिक नवसंदेश)** । विधान परिषद एनेक्सी भवन, टेलर रोड, पटना में रविवार को शिक्षा की विरासत एवं समग्र शिक्षा सम्मान, अधिकार, समस्याएँ और समाधान विषय पर शिक्षा-शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षक शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा सुशील कुमार, सह-प्राध्यापक, सेंट जेवियर्स शिक्षा महाविद्यालय, दीघा घाट, पटना रहे। इस अवसर पर शिक्षकों को सम्मानित किया गया तथा शिक्षा एवं शिक्षक से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। संगोष्ठी में शिक्षकों ने अपनी समस्याओं, अधिकारों, सम्मान, सेवा-संबंधी विषयों तथा शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक कदमों को लेकर अपने विचार रखे। शिक्षकों की समस्याओं के समाधान और उनके अधिकारों की रक्षा को लेकर भी चर्चा हुई। कार्यक्रम के दौरान आगामी पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के विधान परिषद चुनाव को लेकर भी शिक्षकों के बीच चर्चा हुई। शिक्षक हितों से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाने तथा शिक्षा व्यवस्था में सुधार को लेकर विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम के निवेदक सह संरक्षक अवनीश कुमार, पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र (विधान परिषद प्रत्याशी) ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए शिक्षकों का सम्मान, अधिकार और उनकी समस्याओं का समाधान जरूरी है। शिक्षकों की आवाज को मजबूती से उठाने के लिए लगातार प्रयास किया जाएगा। संगोष्ठी का मूल संकल्प रहा- समान शिक्षा बेहतर शिक्षा सम्मानित शिक्षा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षक एवं शिक्षा जगत से जुड़े लोग उपस्थित रहे।



शिक्षा-शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

## शाह अजीमाबाद ट्रस्ट के 12वें वार्षिकोत्सव में प्रतिभाओं को मिला 'अजीमाबाद रत्न' सम्मान

**पटना (दैनिक नवसंदेश)** । शाह अजीमाबाद वेलफेयर एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट, पटना सिटी का 12वां वार्षिकोत्सव एवं सम्मान समारोह रेड वैल्वेट होटल, पटना में आयोजित हुआ। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली प्रतिभाओं को अजीमाबाद रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण मंत्री अरुण शंकर प्रसाद ने कहा कि सेवा हमारी संस्कृति रही है। समाज के सभी वर्गो की सहभागिता से ही विकास को गति दी जा सकती है।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए ट्रस्ट के चेयरमैन इरशाद अली आजाद ने कहा कि संस्था लंबे समय से समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। कार्यकारिणी अध्यक्ष डा बिमल कारक ने ट्रस्ट के कार्यो की जानकारी देते हुए सरकार से संस्था को विभिन्न योजनाओं से जोड़ने की मांग की। इस अवसर पर चिकित्सा रत्न से डा प्रदीप कारक, डा अभिषेक बासुकी एवं डा नीरज कुमार निराला, शिक्षा रत्न से डा मनोज कुमार एवं डा नीलोफर,समाजसेवी रत्न से शशि शेखर रस्तोगी एवं आनंद त्रिवेदी, उर्दू अदब रत्न से अशरफ फरीद एवं डा अनवारुल हुदा, हिंदी साहित्य रत्न से राकेश परिदर्शी तथा महिला उद्यमी रत्न से सना रहमानी को सम्मानित किया गया। वहीं उद्यमी रत्न से विद्या नंद सिंह, मो. नौशाद एवं आलोक सौन्दिक, अधिवक्ता रत्न से शोबिया मुश्ताक, प्रशासनिक रत्न से विशेष सचिव स्वास्थ्य विभाग शैलेश कुमार तथा पत्रकारिता रत्न से मंजर सुलेमान एवं सुबोध नंदन कुमार को सम्मान मिला।समारोह में 25 महिलाओं को सिलाई प्रशिक्षण तथा 21 छात्र-छात्राओं को कंप्यूटर प्रशिक्षण के प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। अजीमाबाद टूर्नामिंट के विजेता-उपविजेता टीमों और खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया, कार्यक्रम का संचालन ट्रस्ट के सचिव मो. युनुस ने किया,जबकि मो. नौशाद ने धन्यवाद ज्ञापन किया। समारोह में बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षाविद, चिकित्सक, पत्रकार एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।


सम्मान समारोह में श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण मंत्री अरुण शंकर प्रसाद व अन्य।

## पितृपक्ष मेला महासंगम-2026 में निःशुल्क शिविर का मंत्री श्रवण कुमार ने किया उद्घाटन

### डा. शंकर चौधरी ने अतिथियों का अंगवस्त्र भेंट कर किया सम्मान

**गयाजी (दैनिक नवसंदेश)।** पितृपक्ष मेला महासंगम-2026 के पावन अवसर पर बंगाली आश्रम के आयोजित निःशुल्क शिविर का बिहार सरकार के मंत्री एवं अभिभावक श्रवण कुमार ने उद्घाटन किया गया है। इस अवसर पर आयोजक डा शंकर कुमार चौधरी ने मंत्री सहित उपस्थित सभी विशिष्ट अतिथियों का अंगवस्त्र भेंट कर सम्मान एवं हार्दिक स्वागत-अभिनंदन किया गया है।



पितृपक्ष मेला महासंगम के दौरान श्रद्धालुओं की सेवा एवं सुविधा के उद्देश्य से आयोजित इस निःशुल्क शिविर को लेकर उपस्थित लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिला। उद्घाटन के अवसर पर मंत्री श्रवण कुमार ने आयोजन की सराहना करते हुए सेवा एवं सामाजिक सहयोग की भावना को महत्वपूर्ण बताया है। इस कार्यक्रम में विधान पार्षद अफाक अहमद खान, बेलागंज विधायक मनोरमा देवी, पूर्व सांसद विजय मांझी, पूर्व विधान पार्षद कुमुद वर्मा, पूर्व विधायक कृष्णनंदन यादव, पूर्व विधान पार्षद अनुज सिंह, राज्य कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के सदस्य (उप राज्य मंत्री) चंदन कुमार सिंह, जदयू महानगर जिलाध्यक्ष राजू वर्णवाल, वरिष्ठ नेता कुंडल वर्मा, जिला उपाध्यक्ष धनंजय शर्मा, युवा जिलाध्यक्ष एवं भाई समान सतीश पटेल, शज्योति दांगी,सहित जदयू के अनेक वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे हैं। अतिथियों के स्वागत एवं सम्मान के दौरान डा शंकर कुमार चौधरी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पितृपक्ष जैसे पावन अवसर पर श्रद्धालुओं की सेवा करना सौभाग्य और सामाजिक दायित्व दोनों है।

## संसदीय चुनाव के पहले शिक्षकों के सातवीं वेतन आयोग की अनुशंसा को लागू कराएगा जन सुराज : प्रशांत किशोर

**मोतिहारी (दैनिक नवसंदेश)।** जन सुराज पार्टी ने बिहार मे आठ सीटों पर हो रहे शिक्षक व स्नातक क्षेत्र से विधान परिषद सदस्य के चुनाव के लिए सात उम्मीदवार घोषित कर दिए है। एक सीट पर शीघ्र ही उम्मीदवारों की घोषणा कर दी जाएगी। उक्त जानकारी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता और चंपारण परिक्षेत्र के मीडिया प्रभारी संजय कुमार ठाकुर ने यहां जारी एक बयान में दी। श्री ठाकुर ने बताया है कि पार्टी के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने बिहार में बदलाव के लिए शिक्षक व स्नातक मतदाताओं से जन सुराज के उम्मीदवारों को विजयी बनाने की अपील की है। उन्होंने यह भी घोषणा की है कि सातवीं वेतन आयोग की अनुशंसा को संसदीय चुनाव के पहले लागू करवाने, गैर शैक्षणिक कार्य से शिक्षकों को मुक्ति दिलाने, सभी विधान परिषद क्षेत्र के दस हजार बेरोजगारों को रोजगार दिलाने तथा वर्षो से अपनी अनेक समस्याओं से जूझ रहे वित्त रहित शिक्षकों की समस्याओं का बेहतर समाधान निकालने के लिए सभी आवश्यक कार्य किए जाएंगे। श्री ठाकुर ने बताया कि पार्टी के अध्यक्ष मनोज भारती के हस्ताक्षर से जारी उम्मीदवारों की सूची के अनुसार, सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से दुबारा अफाक अहमद को उम्मीदवार बनाया गया है। कोशी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से रजनीश रंजन , पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से डा दिव्या ज्योति, पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से डा अनुज सिंह, दरभंगा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से डा. सुरेश प्रसाद राय , तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से डा विमोहन कुमार तथा तिरहुत शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से श्यामनन्दन कुमार यादव जन सुराज पार्टी के प्रत्याशी बनाए गए है।

**खबरें : एक नजर में**

## शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी के आत्मीय शब्दों ने जीता दिल

### दिव्यांग शिक्षक से मिलकर शिक्षा मंत्री ने जाना हालचाल, आत्मीय संवाद का भावुक क्षण बना आकर्षण का केंद्र

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** पटना के रवीन्द्र भवन में आयोजित 14वें शिक्षक सम्मान समारोह2026 के दौरान एक ऐसा आत्मीय और भावुक क्षण देखने को मिला, जिसने समारोह में मौजूद सभी लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया।



कार्यक्रम के उपरांत मंच से लौटते समय शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी जी की नजर नालंदा स्थित सरस्वती शिशु विद्या निकेतन के संचालक संजीव कुमार पर पड़ी। संजीव कुमार दिव्यांग हैं। शिक्षा मंत्री जी स्वयं उनके पास पहुंचे और आत्मीयता के साथ उनका हालचाल जाना। इस दौरान उन्होंने कुछ देर उनसे बातचीत भी की। बातचीत के दौरान शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी जी ने बेहद सहज एवं आत्मीय भाव से कहा- यू आर माई बेस्ट फ्रेंड। शिक्षा मंत्री के इन शब्दों ने संजीव कुमार जी को भावुक कर दिया। आसपास मौजूद लोग भी इस आत्मीय संवाद के साक्षी बने। यह क्षण समारोह के दौरान मानवीय संवेदना, सम्मान और अपनत्व की एक सुंदर मिसाल के रूप में सामने आया। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी का यह व्यवहार इस बात को दर्शाता है कि सार्वजनिक जीवन में पद और दायित्व के साथ मानवीय संवेदना एवं व्यक्ति के प्रति सम्मान का भाव भी उतना ही महत्वपूर्ण है। किसी व्यक्ति की शारीरिक स्थिति नहीं, बल्कि उसकी प्रतिभा, समर्पण और मानवीय गरिमा महत्वपूर्ण है। शिक्षा मंत्री द्वारा संजीव कुमार के प्रति प्रदर्शित आत्मीयता ने समारोह के माहौल को भावुक बना दिया और यह मुलाकात कार्यक्रम की यार तस्वीरों में शामिल हो गई।

## खुसरूपुर में जीआरपी की कार्रवाई, ट्रॉली बैग में 4.5 लीटर शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**खुसरूपुर (दैनिक नवसंदेश)।** जीआरपी ने कार्रवाई करते हुए ट्रॉली बैग में शराब लेकर जा रहे एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। जीआरपी प्रभारी राजीवकांत शर्मा ने बताया कि सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए नीमतल निवासी सोनू कुमार को पकड़ा गया। तलाशी के दौरान उसके ट्रली बैग से छह पीस अंग्रेजी शराब बरामद की गई, जिसकी कुल मात्रा करीब 4. 5 लीटर है। पुलिस ने शराब जब्त कर आरोपित के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की गई। पूछताछ के बाद सोनू कुमार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## मरीन ड्राइव पर स्टंट के 2 भिन्न मामलों में प्राथमिकी दर्ज, ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन की प्रक्रिया प्रारंभ

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** सोशल मीडिया के माध्यम से मरीन ड्राइव एवं आसपास के क्षेत्रों में वाहन चालकों द्वारा खतरनाक स्टंट करने का वीडियो संज्ञान में आया था। इसे बेहद गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक, यातायात, पटना के निर्देशानुसार त्वरित कार्रवाई की गई है। इसके तहत बाईपास यातायात थाना एवं गांधी मैदान यातायात थाना क्षेत्र में अलग-अलग दो प्राथमिकी दर्ज की गई हैं तथा संबंधित वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस के निलंबन की प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी गई है। ट्रैफिक पुलिस के मुताबिक एक मामला बाईपास यातायात थानांतर्गत कच्ची दरगाह से राघोपुर पुल एरिया क्षेत्र का स्टंट करता हुआ वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा था। वीडियो का संज्ञान लेते हुए बाईपास यातायात थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस के मुताबिक दुसरा मामला गांधी मैदान यातायात थानांतर्गत मरीन ड्राइव क्षेत्र में स्टंटबाजी से संबंधित वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफर्म्स पर वायरल हुआ था।

इसके विरुद्ध त्वरित कार्रवाई करते हुए गांधी मैदान यातायात थाना में बी एन एस केधारा 281 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई । यातायात पुलिस स्पष्ट संदेश देना चाहती है कि शहर की सड़कों और मरीन ड्राइव जैसे प्रमुख मार्गो पर सुरक्षा व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करने वाले तथा यातायात नियमों का उल्लंघन कर स्टंट करने वाले असामाजिक तत्वों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। भविष्य में भी इस प्रकार के मामलों पर कड़ी नजर रखी जाएगी और सख्त कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी।

## पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ बिहार की ऐतिहासिक, धार्मिक व सांस्कृतिक विरासत को विश्व पटल पर पहुंचाने पर दिया जोर

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर बिहार सरकार के पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने पटना स्थित पर्यटन विभाग के सभागार में आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर पर्यटन विभाग के विभागीय अधिकारियों ने मंत्री केदार गुप्ता को बूके देकर स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बिहार में पर्यटन की अपार संभावनाओं को रेखांकित किया तथा राज्य के ऐतिहासिक, धार्मिक, सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक स्थलों को देश-दुनिया के पर्यटन मानचित्र पर प्रमुखता से स्थापित करने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की चर्चा की।


विश्व पर्यटन दिवस पर पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने किया कार्यक्रम का उद्घाटन।

मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने कहा कि बिहार की पहचान केवल ऐतिहासिक धरोहरों तक सीमित नहीं है, बल्कि यहां धार्मिक, आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और प्राकृतिक पर्यटन की भी व्यापक संभावनाएं मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में आने वाले पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने, पर्यटन स्थलों का विकास करने तथा पर्यटन से स्थानीय स्तर पर रोजगार और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार की समृद्ध विरासत को आधुनिक पर्यटन सुविधाओं से जोड़कर पर्यटकों के लिए आकर्षक बनाया जा रहा है। मंत्री श्री गुप्ता ने कहा कि राज्य के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर आधारभूत संरचना, आवागमन, ठहरने तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं के विकास की दिशा में लगातार कार्य किए जा रहे हैं। बिहार पर्यटन विभाग की मौजूदा योजनाओं में इको-टूरिज्म, होमस्टे तथा हेली-टूरिज्म जैसी पहलें भी शामिल हैं। पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने कहा कि विश्व पर्यटन दिवस पर्यटन के महत्व को समझने और पर्यटन क्षेत्र को नई दिशा देने का अवसर है। बिहार में पर्यटन को बढ़ावा मिलने से स्थानीय व्यवसायों, हस्तशिल्प, खान-पान, परिवहन और रोजगार के अवसरों को भी गति मिलेगी। उन्होंने पर्यटन क्षेत्र से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मियों से पर्यटकों को बेहतर अनुभव उपलब्ध कराने और पर्यटन स्थलों की सुविधाओं में निरंतर सुधार करने की दिशा में गंभीरता से कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान बिहार की पर्यटन विरासत, प्रमुख पर्यटन स्थलों और विभाग की विभिन्न योजनाओं को लेकर भी चर्चा की गई। मंत्री केदार गुप्ता ने कहा कि सरकार बिहार को एक प्रमुख पर्यटन गंतव्य के रूप में विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए पर्यटन विभाग द्वारा योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार के ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व वाले स्थलों को बेहतर ढंग से विकसित एवं प्रचारित करने के साथ-साथ प्रातिक एवं ग्रामीण पर्यटन को भी बढ़ावा दिया जाएगा।

## पानापुर लंगा में 301 वीं पुण्यतिथि पखवाड़ा समारोह में शामिल हुए मंत्री, दशहरा और बसंत पंचमी उत्सव को राजकीय उत्सव का दर्जा देने की घोषणा

**हाजीपुर / पटना (दैनिक नवसंदेश)** । जिले के पानापुर लंगा स्थित बाबा बसावन धाम मंदिर में आयोजित बाबा बसावन की 301वीं पुण्यतिथि पखवाड़ा समारोह में बिहार सरकार के कला एवं संस्कृति मंत्री डा. प्रमोद कुमार शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने बाबा बसावन की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया और श्रद्धालुओं के साथ भक्ति में पूरी तरह से रम गए।

समारोह के दौरान लोक कलाकारों और मनोरियों की प्रस्तुति पर मंत्री डा. प्रमोद कुमार भी उनके साथ झूमते नजर आए। बाबा बसावन के जयकारों से पूरा परिसर भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं के साथ मंत्री ने भी बाबा बसावन की भक्ति में सहभागिता की।


बाबा बसावन की भक्ति में रंगे कला-संस्कृति मंत्री डा. प्रमोद कुमार, मनोरियों संग जमकर झूमे।

इस अवसर पर स्थानीय लोगों और मनोरियों की मांगों पर मंत्री डा. प्रमोद कुमार ने कहा कि बिहार सरकार बाबा बसावन धाम के धार्मिक एवं सांस्तिक महत्व को ध्यान में रखते हुए आवश्यक सहयोग प्रदान करेगी। उन्होंने घोषणा की कि अगले वर्ष से यहां दशहरा और बसंत पंचमी के अवसर पर आयोजित होने वाले उत्सव को राजकीय उत्सव का स्वरूप दिया जाएगा।

मंत्री डा. प्रमोद कुमार ने कहा कि बिहार की समृद्ध लोक परंपराएं, लोक आस्था और सांस्कृतिक विरासत हमारी पहचान हैं। सरकार का प्रयास है कि ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थलों को संरक्षण और प्रोत्साहन देकर उन्हें व्यापक पहचान दिलाई जाए तथा लोक कलाकारों और पारंपरिक कलाकारों को उचित मंच उपलब्ध कराया जाए।

कार्यक्रम में विधायक अवधेश सिंह, विधायक संजय सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष अजय कुशवाहा, शत्रुघ्न चंद्रवंशी, राजकुमार पाल, आयोजन समिति के सदस्य तथा बड़ी संख्या में लोक गायक, कलाकार एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## सोची-समझी साजिश के तहत सरकार और बिहार को बदनाम करने में जुटा है विपक्ष : शंभू नाथ सिन्हा

**पटना (दैनिक नवसंदेश)** । प्रदेश जद (यू) प्रवक्ता शंभू नाथ सिन्हा ने बयान जारी कर विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष एक सोची-समझी रणनीति के तहत राज्य सरकार के खिलाफ नकारात्मक माहौल बनाने और बिहार की छवि को देश-दुनिया में खराब करने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने विपक्षी दलों से सवाल पूछते हुए कहा कि पुराने वीडियो को सिलसिलेवार तरीके से जारी कर वे आखिर बिहार की कैसी छवि देश और दुनिया के सामने प्रस्तुत करना चाहते हैं उन्होंने कहा कि किसी भी घटना को राजनीतिक रंग देने के बजाय यह देखना चाहिए कि सरकार ने उस पर क्या कार्रवाई की है।


प्रदेश जद (यू) प्रवक्ता शंभू नाथ सिन्हा।

उन्होंने विपक्ष को चुनौती देते हुए कहा कि एनडीए शासन के दौरान ऐसी कोई घटना बताई जाए, जिसमें सरकार ने मामले की जानकारी मिलने के बाद त्वरित कार्रवाई नहीं की हो या दोषियों के खिलाफ कानून के तहत कार्रवाई न की गई हो। उन्होंने कहा कि जमुई की दुखद घटना के मामले में आरजेडी सांसद श्रीमती मीसा भारती द्वारा थाने में शिकायत दर्ज कराने की कवायद महज राजनीतिक ड्रामेबाजी के अलावा और क्या है, यह विपक्ष को स्पष्ट करना चाहिए। जमुई की घटना के मामले में मुख्यमंत्री ने अपने ही सचिवालय से जुड़े दोषी व्यक्ति के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करते हुए उसे निलंबित कर दिया है। इससे स्पष्ट है कि सरकार किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक या आपराधिक गतिविधि के मामले में कार्रवाई को लेकर गंभीर है और दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मानसिक एवं सामाजिक अपराधों की रोकथाम केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है। सरकार के साथ-साथ विपक्ष, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों की भी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका है।

## खुशरूपुर में पुलिस की बड़ी कार्रवाई, लूट-हत्या के 14 मामलों में फरार आरोपी गिरफ्तार

**खुशरुपुर (दैनिक नवसंदेश)।** बैकुंठ नाथ ओपी पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। लूटपाट और हत्या जैसे संगीन मामलों में लंबे समय से फरार चल रहे कुख्यात अपराधी मनोज सिंह उर्फ विनोद सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ पटना जिले के अलावा वैशाली जिले में भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। बताया जा रहा है कि आरोपी के खिलाफ करीब 14 आपराधिक कांड अंकित हैं। मनोज सिंह उर्फ विनोद सिंह बख्तियारपुर रेलवे डकैती एवं हत्या के मामले में मुख्य अभियुक्त बताया जा रहा है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी पुलिस से बचने के लिए लगातार नाम और ठिकाना बदलकर रह रहा था, जिसके कारण उसकी गिरफ्तारी पुलिस के लिए चुनौती बनी हुई थी। कई सालों से पुलिस को उसकी तलाश थी। लगातार की जा रही छापेमारी और तकनीकी जांच के बाद पुलिस ने आखिरकार उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस आरोपी से पूछताछ के बाद न्यायिकहिरासत मे भेज दिया गया है। ओपी प्रभारी संतोष कुमार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ कल 14 मामला दर्ज दर्ज था। सन 1988, 1989 से ही आरोपी के ऊपर कई संगीन मामले दर्ज है आरोपी के गिरफ्तारी के लिए पुलिस अरसे से लगी थी। वहीं अन्य मामलों में खुशरूपुर थाने से तीन अन्य आरोपित बैकटपुर के देवव्रत पाण्डेय (35) व अतुल कुमार उर्फ अतुल यादव (24) एवं कोरबीघा के विनोद सिंह को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत मे भेज दिया गया। पुलिस की इस कार्रवाई से इलाके में सक्रिय अपराधियों के बीच हड़कंप मचा हुआ है।

## 7 अक्टूबर को मोतनाजे मधुबन में किसान महापंचायत को किसान नेता राकेश टिकैत करेंगे संबोधित

**नवादा (दैनिक नवसंदेश)।** आगामी 7 अक्टूबर को मोतनाजे मधुबन में संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा आयोजित विशाल किसान महापंचायत को देश के लोकप्रिय किसान नेता राकेश टिकैत संबोधित करेंगे। यह विदित है कि इन दोनों गांवों को जिला प्रशासन ने खाली करने का फरमान जारी करते हुए सैकडों एकड़ में लहलहाती फसल को रौंद दिया।


ग्रामीणों की चौपाल मोतनाजे में हुई।

मोतनाजे-मधुबन में 7 अक्टूबर को विशाल किसान महापंचायत की तैयारी हेतु ग्रामीणों की चौपाल मोतनाजे में हुई। चौपाल की अध्यक्षता कपिल देव प्रसाद ने की।चौपाल में 25 सदस्यीय अभियान समिति का गठन हुआ, जो विभिन्न पंचायतों में सरकार की किसान विरोधी नीतियों,किसानों की जमीन छीनने की साजिशों का भंडाफोर करेंगे। किसान चौपाल को संबोधित करते हुए भारतीय किसान यूनियन टिकैत के बिहार प्रभारी दिनेश कुमार ने कहा कि किसानों के लोकप्रिय नेता राकेश टिकैत जी का मोतनाजे-मधुबन में आगमन और किसान महापंचायत को संबोधन से नवादा और बिहार में किसान आंदोलन में एक नया स्प्रीट पैदा होगी। इस अवसर पर बिहार राज्य दुग्ध उत्पादक संघ के अध्यक्ष अशोक प्रसाद सिंह ने कहा कि हम विकास विरोधी नहीं है, मगर कृषि एवं गाँव प्रधान बिहार का विकास कृषि और गाँव को बर्बाद कर नहीं हो सकता। कृषि एवं गाँव के विकास की बुनियाद पर बनाई गई विकास नीति से ही बिहार का विकास संभव है। इसलिए 7 अक्टूबर को मोतानजे-मधुबन की किसान महापंचायत से नवादा और बिहार में एक नये किसान आंदोलन का शंखनाद होगा। किसान चौपाल को किसान नेता संजय कुमार, सचिन कुमार, ज्योति कुमार, पवन कुमार, नरेश कुमार, भोला कुमार, रामजनम प्रसाद, दशरथ प्रसाद, कृष्णा प्रसाद,दीवान कुमार, पप्पू कुमार ,विपुल कुमार और शंकर प्रसाद ने चौपाल को संबोधित किया।

## संक्षिप्त खबरें

### एसपी ने किया निरीक्षण

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** एसपी अवधेश दीक्षित द्वारा शनिवार की रात्रि कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया गया। इस दौरान कंट्रोल रूम की कार्यप्रणाली, प्राप्त सूचनाओं एवं शिकायतों पर त्वरित प्रतिक्रिया तथा विभिन्न पुलिस इकाइयों के बीच समन्वय की समीक्षा की गई।

### 224 गुंडा एवं संदिग्ध अपराधियों को थाना परिसर में कराया गया उपस्थित

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** एसपी अवधेश दीक्षित के दिशा निर्देशन में रविवार को जिले के सभी थाना परिसरों में गुंडा परेड का आयोजन किया गया। परेड का उद्देश्य आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त एवं संदिग्ध तत्वों की गतिविधियों पर प्रभावी निगरानी रखते हुए अपराध पर नियंत्रण स्थापित करना तथा आमजन में सुरक्षा की भावना को और सुदृढ़ करना है। इस दौरान जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से कुल 224 गुंडा एवं संदिग्ध अपराधियों को थाना परिसर में उपस्थित कराया गया। पुलिस पदाधिकारियों द्वारा उनकी गतिविधियों की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी आपराधिक गतिविधि से दूर रहने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

### रॉयल एनफील्ड का तीन दिवसीय मेगा सर्विस कैंप शुरू

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** शहर के धोबीघटवा और पेट्रोल पंप के बीच स्थित ओम व्हील्स, जीरो माइल्स, आरा में रॉयल एनफील्ड मोटरसाइकिल चालकों के लिए तीन दिवसीय मेगा सर्विस कैंप का आयोजन किया जा रहा है। कैंप का आयोजन 27, 28 और 29 सितंबर 2026 तक किया जाएगा। इसमें रॉयल एनफील्ड के ग्राहकों को वाहन की सर्विसिंग के साथ कई विशेष सुविधाएं और आकर्षक छूट दी जा रही हैं। कैंप में ग्राहकों को फुल व्हीकल हेल्थ चेकअप, पॉलिश और वॉशिंग की सुविधा मात्र 199 रुपए में दी जाएगी। कंप्लीट सर्विस लेबर मात्र 399 रुपये में उपलब्ध होगी। आयोजकों ने रॉयल एनफील्ड बाइक मालिकों से अपील की है कि यदि उनकी बाइक की सर्विसिंग लंबित है तो वे इस विशेष कैंप का लाभ उठाएं। 27 से 29 सितंबर के बीच अपनी रॉयल एनफील्ड लेकर व्हील्स, जीरो माइल्स, आरा पहुंचें और दिए गए संपर्क नंबर 8229803210-17 पर संपर्क कर अपना स्लॉट पहले से बुक कराएं।



### ग्राम सभा में प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों की सूची का अनुमोदन

**अगिआंव (दैनिक नवसंदेश)।** अगिआंव प्रखंड अंतर्गत बरुणा पंचायत सरकार भवन पर मुखिया आशा देवी की अध्यक्षता में आयोजित ग्राम सभा में चालू वित्तीय वर्ष में प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए लाभुकों की सूची सार्वजनिक व सर्वसम्मति से पारित की गई। आमसभा के दौरान पंचायत मुखिया आशा देवी व पूर्व पंचायत समिति सदस्य कामेश्वर सिंह ने कहा कि लाभ पाने के लिए बिछौड़ियों के बहकावे में नहीं आए। सूची में बरुणा पंचायत के मड़नपुर, वरुणा, सितुहारी ,बघुअइ, कोमलटोला, बरुणा मुसहरी, जनकपुरटोला आदि गांवों के सूची सार्वजनिक व आवास विहीन परिवारों के नाम शामिल किए गए हैं। ये सभी परिवार प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए तैयार प्रतीक्षा सूची में थे। मुखिया आशा देवी समाजसेवी सह पूर्व पंचायत समिति सदस्य कामेश्वर सिंह, मनीष कुमार जिला, अनिल सिंह, गुड्डू कुमार, आशा देवी फूली देवी नागेंद्र सिंह, बिदा देवी, अजय उपाध्याय, वीर बहादुर राम, रंजन कुमार, अवधेश सिंह, अवध सिंह, रामायण सिंह, धर्मेंद्र राम, संतोष राम, उपेंद्र सिंह, राम बहादुर सिंह, सुरेंद्र सिंह, रूपेश कुमार, सुमीत यादव आदि थे।



### शिक्षा में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित हुए रविकांत

**कोईलवर (दैनिक नवसंदेश)।** शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन भोजपुर के वाइस प्रेसिडेंट सह रेजिडेंशियल प्रसन्न पब्लिक स्कूल के निदेशक रविकांत राय को सम्मानित किया गया। रविवार को रवींद्र भवन में आयोजित कार्यक्रम में बिहार के विभिन्न जिलों से पहुंचे विद्यालय संचालकों की मौजूदगी में शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने रविकांत राय को पुष्पगुच्छ, शॉल और प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रदेश के 38 जिलों से करीब तीन हजार विद्यालयों के निदेशक व प्रतिनिधि शामिल हुए। शिक्षा के क्षेत्र में उनके कार्यों तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने के प्रयासों को लेकर यह सम्मान प्रदान किया गया। सम्मान मिलने पर विद्यालय परिवार और शुभचिंतकों ने रविकांत राय को बधाई दी।




### सड़क की बदहाली के खिलाफ प्रशासन का पुतला फूंका

**पीरो (दैनिक नवसंदेश)।** हसनबाजार में स्टेट हाइवे -12 पर बने गड्ढों में आए दिन वाहनों के पलटने व आम राहगीरों को राह चलने में आयोजित रही दुश्वारी से आक्रोशित स्थानीय ग्रामीणों ने रविवार को यहां प्रशासन का पुतला दहन कर अपना गुस्सा जाहिर किया। समाजसेवी रवि यादव के नेतृत्व में सड़क पर उतरे स्थानीय लोगों ने कहा कि जल निकासी के लिए समुचित ड्रेनेज सिस्टम नहीं होने के कारण हसनबाजार कस्बे के बीचों-बीच स्टेट हाइवे पर जलजमाव की स्थिति बनी रहती है। इससे सडक और लगभग 500 मीटर दूरी तय बडे-बडे गड्ढे उभर आए हैं।इन गड्ढों में रह रोज कोई न कोई वाहन पलट कर दुर्घटनाग्रस्त हो रहा है। वहीं स्थानीय लोगों का राह चलना मुश्किल हो गया है। सड़क की मरम्मति के लिए बार-बार स्मारित किए जाने के बाद भी पथ निर्माण विभाग के अधिकारी लापरवाह बने हुए हैं। ऐसे में रविवार को स्थानीय लोगों ने प्रशासन का पुतला दहन कर अपना आक्रोश व्यक्त किया। पुतला दहन कार्यक्रम में पूर्व जिला पार्षद प्रमोद कुमार सिंह, पूर्व मुखिया विजय यादव, मेवा लाल राम, पीरो सरपंच संघ के अध्यक्ष रूप लाल सिंह, पूर्व उप प्रमुख शिवराज सिंह, गणेश पासवान, पूर्ण पंचायत समिति जय नाथ सिंह सहित दर्जनों स्थानीय लोग शामिल थे।



### एनएसएस स्वयंसेविका सहाना खातून का पूर्व गणतंत्र दिवस परेड के लिए चयन

**पीरो (दैनिक नवसंदेश)।** ब्रह्मर्षि सहजानंद सरस्वती महाविद्यालय, बचरी, पीरो की एनएसएस स्वयंसेविका एवं यूजी सेमेस्टर-सात की छात्रा सहाना खातून का चयन वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा द्वारा पूर्व गणतंत्र दिवस परेड-2026 में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) स्वयंसेवकों की सहभागिता के लिए किया गया है। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा के अंतर्गत शाहाबाद क्षेत्र के विभिन्न संबद्ध एवं अंगीभूत महाविद्यालयों के एनएसएस स्वयंसेवकों ने चयन प्रक्रिया में सहभागिता की थी। विश्वविद्यालय स्तर पर चयनित स्वयंसेवकों में से मात्र 20 स्वयंसेवकों का चयन राज्य स्तरीय सहभागिता के लिए किया गया है, जिसमें बीएसएस कॉलेज, बचरी, पीरो की छात्रा सहाना खातून भी शामिल हैं। सहाना खातून के चयन से महाविद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। इस अवसर पर महाविद्यालय के सचिव डॉ. एन.एम. ठाकुर, प्रधानाचार्य डॉ. धनंजय कुमार राय एवं एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. वेंकटेश चैधरी ने सहाना खातून को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।



### एसपी ने मुफस्सिल थाना का किया निरीक्षण

आरा (दैनिक नवसंदेश)। पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित द्वारा शनिवार को द्वारा मुफ्फसिल थाना का निरीक्षण किया गया। इस दौरान थाना के सिरिस्ता, सीसीटीएनएस, हाजत, बैरक, मालखाना एवं गश्ती वाहनों का गहन निरीक्षण करते हुए थाना की व्यवस्थाओं एवं पुलिसिंग कार्यप्रणाली की विस्तृत समीक्षा की गई। इसी क्रम में अभिलेखों के रख-रखाव, थाना परिसर की साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, मालखाना की स्थिति तथा गश्ती वाहनों की कार्यप्रणाली की बारीकी से जांच की गई।

# अच्छे और बुरे काम की पहचान कर जीवन में आगे बढ़ें-अवधेश दीक्षित

## पुलिस अधीक्षक ने किया महादलित बच्चों से संवाद



**कोईलवर (भोजपुर)।** पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित ने आज गीधा सामुदायिक भवन में बच्चे-बच्चियों से संवाद कर उन्हें प्रोत्साहित किया। श्री दीक्षित ने नई आशा के सेतु केंद्र के बच्चे-बच्चियों एवं अलका सिलाई सह पढ़ाई केंद्र की बच्चियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोग अच्छे काम और बुरे काम की पहचान कीजिए। फिर अच्छी बातें और बुरी बातों को समझिए। ये समझ, आपके जीवन को बेहतर बनाकर पूरे परिवार को खुशहाल कर देंगे। श्री दीक्षित ने कहा कि आप लोग नियमित रूप से पढ़ाई कीजिए। पढ़ाई के बदौलत सबकुछ संभव है। आज पढ़ाई के कारण जिस जगह पर हम हैं, वहां आप भी आ सकते हैं। आप प्रयास कीजिए। व्यक्तिगत एवं प्रशासनिक रूप से आप सबों का भरपूर सहयोग करेंगे। उन्होंने बच्चों से संवाद करते हुए पूछा कि ब्रश करने, स्नान करने, घर की सफाई करने और पढ़ाई करने से क्या लाभ है? जो व्यक्ति साफ-सफाई के साथ नहीं रहता या स्नान नहीं करता, उससे क्या हानि है।

श्री दीक्षित ने बच्चों को समझाया कि आपके घरों में जो लोग गुटका, जर्दा या दारू का सेवन करके आते हैं, उनको समझाइए। उन्हें बताइए कि जो पैसे आप शराब में खर्च करत हैं, उससे घर के पैसे और आपके शरीर की बर्बाद होती है। समाज में आपकी और पूरे परिवार की बदनामी होती है। उन्होंने कहा कि इस टोला के सभी बच्चों का विद्यालय में नामांकन खाता खोलने हेतु विशेष अभियान चलाया जाए। उन्होंने तत्काल जिलाधिकारी से वार्ताकर बताया कि इस टोले के सभी बच्चों का जन्म प्रमाण-पत्र एवं आधार कार्ड शीघ्र बनेगा। श्री दीक्षित ने विकास मित्र धरमु राम को बताया कि यहां आधार कार्ड कैंप लगेगा। आप विशेष रूचि लेकर सभी बच्चों का आधार कार्ड बनवा दीजिए। आधार कार्ड कैंप का नाम सुनते ही अचाकन सभी बच्चे-बच्चियां जोर-जोर से ताली बजाने लगीं। इस अवसर पर नई आशा के संरक्षक डॉ भीम सिंह भवेश, कुंदन कुमार, लवली कुमारी, संगीता देवी एवं शिवशंकर सिंह आदि थे।

# डायलिसिस सेमिनार से लौटे डॉ. के.एन. सिन्हा

आरा (दैनिक नवसंदेश)। पटना के होटल मौर्या में हुए गुर्दा (किडनी) रोग डायलिसिस के सेमिनार का आयोजन ऑल इंडिया डायलिसिस कमेटी के द्वारा इस रविवार को हुआ। सेमिनार में पेट के द्वारा डायलिसिस (पेरीटोनियल डायलिसिस) पर विशेष रूप से चर्चा हुई। शाहाबाद एवं आरा से फिजिशियन डॉ. के.एन.सिन्हा ने इस सेमिनार में इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। सेमिनार से लौटकर डॉ. के.एन. सिन्हा ने बताया कि गंदे खून की सफाई के लिए प्रकृति ने किडनी को बनाया है। किडनी अगर बीमारी के चलते खराब हो तो, गंदे खून की सफाई नहीं हो पाती है और विषैला केमिकल्स की मात्रा बढ़ने से शरीर में खतरा होता है। ऐसी स्थिति में अगर विषैला पदार्थ, खासकर क्रिएटिनिन, पोटैशियम, सोडियम बाइकाबोर्नेट या पानी बहुत ज्यादा बढ़ जाता है, तो इसकी सफाई जरूरी हो जाती है और यह सफाई एक प्रक्रिया के द्वारा होती है, उसे डायलिसिस कहते हैं। डायलिसिस दो तरह से होता है, हीमोडायलिसिस और पेरीटोनियल डायलिसिस। हीमोडायलिसिस में गंदे खून को मशीन में ले जाकर सफाई किया जाता है और फिर उसे शरीर में लौटा दिया जाता है। पेरीटोनियल डायलिसिस में पेट के भीतर ही झिल्ली वाले बैग में केमिकल्स का पानी डालकर खून का सफाई किया जाता है। यह विधि कम खचीर्ला एवं इमरजेंसी में जल्दी किया जाने वाला विधि है। मुख्य रूप से हैदराबाद के मेल्विन हॉस्पिटल के सुपर एक्सपर्ट डॉ. रतन झा आए थे। कार्यक्रम के आयोजन में पटना समिति के प्रेसिडेंट, अध्यक्ष डॉ. हेमंत कुमार (आईजीआईएमएस में किडनी विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष) ने विशेष भूमिका निभाई। डॉ. सिन्हा ने बताया कि मधुमेह (डायबिटीज), उच्च रक्तचाप (हाइपरटेंशन) लीवर की बीमारी एवं अन्य रोग में किडनी खराब होने का डर रहता है। सीरियस इन्फेक्शन एवं कई दवाओं से भी किडनी खराब होने का खतरा रहता है, खासकर दर्द की दवा एवं एंटीबायोटिक से। इसलिए किडनी रोग से बचाना है तो डायबिटीज, ब्लड प्रेशर ठीक से कंट्रोल रहे तथा कोई भी दवा बिना चिकित्सक के राय के नहीं ले। किडनी की बीमारी होने पर मांसाहारी खाना और प्रोटीन की मात्रा कम लेनी चाहिए।




# पेंशन, रोजगार और कर्मचारी अधिकारों की लड़ाई को तेज करेगा महासंघ

## दिल्ली के रामलीला मैदान में होगी बड़ी कर्मचारी रैली- सुभाष लांबा

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ का 22वाँ राज्य सम्मेलन ग्रीन रिजोर्ट, चंदवा, आरा में झंडोत्तोलन एवं शहीद बेदी पर माल्यार्पण के साथ शुरू हुआ। सम्मेलन में बिहार के विभिन्न जिलों तथा महासंघ से संबद्ध संगठनों के लगभग 500 प्रतिनिधि एवं पर्यवेक्षक भाग ले रहे हैं। अध्यक्षता नीलम कुमारी एवं संचालन महामंत्री सुबेश सिंह ने की। खुले सत्र का उद्घाटन अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष लांबा ने किया उन्होंने कहा कि देश के कर्मचारी और मजदूर आज अपने वेतन, पेंशन, रोजगार तथा सामाजिक सुरक्षा के अधिकारों के लिए गंभीर संघर्ष के दौर से गुजर रहे हैं। पुरानी पेंशन योजना की बहाली, नई पेंशन व्यवस्था एवं यूपीएस से मुक्ति, ठेका-संविदा और आउटसोर्सिंग के स्थान पर नियमित नियुक्ति तथा कर्मचारियों की अन्य लंबित मांगों को लेकर देशव्यापी आंदोलन को और मजबूत करना होगा, उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की 10 सूत्रीय मांगों को लेकर 12 दिसंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में बड़ी कर्मचारी रैली आयोजित की जा रही है। मुख्य वक्ता सीटू की राष्ट्रीय नेता एआर. सिंधु ने वर्तमान श्रम व्यवस्था और कर्मचारियों-मजदूरों के अधिकारों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने चार नए लेबर कोड वापस लेने, श्रमिकों के ट्रेड यूनियन अधिकारों की रक्षा करने तथा न्यूनतम मजदूरी को सम्मानजनक जीवन-यापन के अनुरूप निर्धारित करने की मांग उठाई। खुले सत्र में जलेस के अध्यक्ष प्रो. नीरज सिंह, कर्मचारी नेता मंजुल कुमार दास, राजकिशोर राय, सुरेंद्र चैधरी तथा पूर्व विधान पार्षद लालदास राय ने भी संबोधित किया।



# मशाल-2026 को लेकर विद्यालय में तैयारी, 2 अक्टूबर से शुरू होगा खेल प्रतिभा खोज अभियान

**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** शाहपुर पट्टी स्थित हरिनारायण उच्च विद्यालय में मशाल-2026 खेल प्रतिभा खोज अभियान को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। विद्यालय के प्रधानाध्यापक डा. विष्णु शंकर सिंह ने बताया कि शिक्षा विभाग, खेल विभाग एवं बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी खेल प्रतिभाओं को तलाश कर उन्हें आगे बढ़ने का अवसर देना है। मशाल-2026 के तहत राज्य के करीब 36 हजार विद्यालयों के 16 लाख छात्र-छात्राओं के शामिल होने की संभावना है। अभियान में यू-14 और यू-16 आयु वर्ग के विद्यार्थी विभिन्न खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण की जानकारी के अनुसार एथलेटिक्स में 60 मीटर, 80 मीटर, 600 मीटर, 800 मीटर दौड़ और लंबी कूद के साथ साइकिलिंग, कबड्डी, फुटबॉल व वॉलीबाल जैसी स्पधार्एं भी शामिल हैं। विद्यालय स्तर पर खेल प्रतिभाओं की पहचान के लिए प्रतियोगिताओं के साथ बैटरी टेस्ट भी कराया जाएगा। चयनित प्रतिभाओं को आगे प्रखंड, जिला तथा उच्च स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार किया जाएगा। मशाल-2026 का दूसरा संस्करण 2 अक्टूबर से शुरू होने की जानकारी शिक्षा विभाग की ओर से दी गई है।




# स्मैक जैसे मादक पदार्थ के साथ तस्कर गिरफ्तार

## 370 पुड़िया, बाइक और मोबाइल जब्त, दानापुर ले जाकर बेचने की थी तैयारी

**कोईलवर (दैनिक नवसंदेश)।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कोईलवर थाने की पुलिस ने 226.20 ग्राम स्मैक जैसा मादक पदार्थ बरामद करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से मादक पदार्थ से भरी 370 छोटी-छोटी पुड़िया, एक बाइक और मोबाइल फोन भी जब्त किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान पटना जिले के दानापुर थाना क्षेत्र के नया टोला, सगुना नदी निवासी मोनू कुमार (23) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, 26 सितंबर को मद्यनिषेध एवं स्वापक नियंत्रण ब्यूरो, पटना से सूचना मिली थी कि एक युवक बाइक से सरैया बाजार के रास्ते मादक पदार्थ लेकर पटना की ओर जाने वाला है। सूचना मिलते ही भोजपुर एसपी के निर्देश पर कोईलवर थानाध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई। टीम ने अंचल अधिकारी की मौजूदगी में कुल्हड़िया टोल प्लाजा के समीप वाहन जांच शुरू की। इसी दौरान आरा की ओर से बाइक से पहुंचे युवक को पुलिस ने रुकने का इशारा किया। पुलिस को देखते ही युवक ने भागने का प्रयास किया, लेकिन जवानों ने उसे पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से 370 पुड़िया में रखा 226.20 ग्राम स्मैक जैसा मादक पदार्थ बरामद हुआ। पूछताछ में युवक ने पुलिस को बताया कि उसने मादक पदार्थ किसी अन्य व्यक्ति से खरीदा था और उसे दानापुर में बेचने के लिए ले जा रहा था। पुलिस ने बाइक और मोबाइल भी जब्त कर लिया है। मामले में कोईलवर थाने में प्राथमिकी दर्ज कर एनडीपीएस एक्ट के तहत आगे की कार्रवाई की जा रही है।



# वीर कुंवर सिंह विवि में अल्पकालीन संकाय विकास कार्यक्रम का शुभारम्भ

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जैन कॉलेज में रविवार को ह्यशोध पद्धति, अकादमिक लेखन एवं प्रकाशन नैतिकताह्ल विषय पर अल्पकालीन संकाय विकास कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। 27 सितंबर से 3 अक्टूबर 2026 तक चलने वाला यह कार्यक्रम बिहार लोक भवन, पटना द्वारा प्रायोजित है। इसका आयोजन भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान पटना के मार्गदर्शन और सहयोग से वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा में किया गया है। सुबह प्रतिभागियों के पंजीकरण के बाद उद्घाटन समारोह आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि प्रो. गाँधी जी राय, प्रधानाचार्य प्रो. नरेंद्र कुमार, नोडल पदाधिकारी प्रो. संजय कुमार, प्रो. अखिलेश कुमार और कार्यक्रम समन्वयक डॉ. तबस्सुम बानो ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। कुलपति प्रो. शैलेंद्र कुमार चतुर्वेदी ने अपने संदेश में शोध की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए पद्धति की स्पष्ट समझ और अकादमिक ईमानदारी को आवश्यक बताया। प्रो. संजय कुमार ने कहा कि यह कार्यक्रम शोध संबंधी ज्ञान को व्यावहारिक कौशल से जोड़ने का अवसर शिक्षकों को देगा जिससे हमारे विश्वविद्यालय के शिक्षक और प्रतिभागी अच्छे पेपर प्रकाशित करने में सफल रहेंगे। प्राचार्य एवं आयोजक प्रो. नरेंद्र कुमार ने स्वागत करते हुए पूरे कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। मुख्य वक्ता प्रो. गांधी जी राय ने शोध के विभिन्न पहलुओं से सभा को अवगत कराते हुए रिसर्च लेखन पर भी बल दिया। कुलाधिपति के सलाहकार प्रो. बिनोद कुमार त्रिपाठी, प्रो. संजॉय कुमार परिधा, प्रो. अतुल आदित्य पाण्डेय और डॉ. गौरव सिक्का वर्चुअल तरीके से कार्यक्रम में जुड़कर अपनी अपनी शुभकामनायें दीं। डॉ फौजिया रहमान ने मंच संचालन किया। पहले अकादमिक सत्र में डॉ. रत्नेश शुक्ला ने ह्यशोध पद्धतिह्ल पर व्याख्यान दिया और शोध कार्य में उपयुक्त पद्धति के चयन पर बल दिया। दूसरे सत्र में डॉ. चिंटू कुमारी ने ह्यसाहित्य समीक्षाह्ल विषय पर चर्चा करते हुए शोध समस्या को समझने में पूर्ववर्ती अध्ययनों की भूमिका रेखांकित की। तीसरे सत्र में डॉ. द्वीपिका शेखर सिंह ने ह्यसार लेखन एवं शोध-पत्र लेखनह्ल पर व्याख्यान दिया और शोध को स्पष्ट तथा व्यवस्थित ढंग से प्रस्तुत करने के महत्व पर प्रकाश डाला।



# ब्राउन शुगर के साथ अंतर जिला गिरोह का तस्कर गिरफ्तार

## 226.20 ग्राम स्मैक (ब्राउन शुगर) एवं एक मोबाइल बरामद, बाइक जब्त

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** मादक पदार्थ की बरामदगी को लेकर भोजपुर पुलिस द्वारा चलाए जा रहे लगातार अभियान के अंतर्गत कोईलवर थाना पुलिस को एक सफलता हाथ आई है। इस कड़ी में पुलिस ने शनिवार को नारकोटिक्स ब्यूरो पटना से मिले सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के कुल्हड़िया टोल प्लाजा के पास से मादक पदार्थ के साथ एक अंतरजिला तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान उसके पास से 226.20 ग्राम स्मैक (ब्राउन शुगर) एवं एक मोबाइल बरामद किया। इसके अलावे पुलिस ने उसके पास रहे बाइक को जब्त कर लिया। गिरफ्तार तस्कर पटना जिले के दानापुर थाना क्षेत्र के नया टोला सगुना नदी निवासी राम निवास राय का पुत्र मोनू कुमार है। इसकी जानकारी एसपी अवधेश दीक्षित ने प्रेस रिलीज जारी कर दी। उन्होंने बताया कि कोईलवर थाना पुलिस को नारकोटिक्स ब्यूरो पटना से सूचना प्राप्त हुई थी की एक व्यक्ति द्वारा सरैया बाजार के रास्ते होते हुए मादक पदार्थ लेकर पटना की ओर जाने वाला है। सूचना के सत्यापन उपरांत एसपी के निर्देश पर कोईलवर थानाध्यक्ष के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी टीम का गठन कर त्वरित कार्रवाई करते हुए अंचलाधिकारी (कोईलवर) की उपस्थिति में कुल्हड़िया टोल प्लाजा के पास वाहन चेकिंग लगाई गई। तभी आरा की तरफ से आ रहे एक बाइक सवार व्यक्ति को रुकने का इशारा किया गया, तो पुलिस को देखकर वह भागने का प्रयास करने लगा। जिसे सशस्त्र बल के सहयोग से गिरफ्तार कर लिया गया। इस दौरान उसके पास से 370 छोटे पुड़िया 226.20 ग्राम स्मैक (ब्राउन शुगर) जैसा मादक पदार्थ एवं एक मोबाइल बरामद किया गया, उसके पास रहे बाइक को भी जब्त कर लिया गया। इसके पश्चात पुलिस ने कोईलवर थाना में उसके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। इधर, पुलिस के बताए जाने के अनुसार गिरफ्तार तस्कर का पूर्व में आपराधिक इतिहास रहा है। वह पटना जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र में दर्ज हत्या के मामले में आरोपित रहा है और वह उस मामले में जेल जा चुका है। पूछताछ के दौरान उसने बताया कि वह स्मैक (ब्राउन शुगर) कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति से लेकर दानापुर जा रहा था और वह यह काम काफी समय से कर रहा है।

**नारकोटिक्स ब्यूरो पटना के सूचना पर कोईलवर पुलिस ने की कार्रवाई**

## संक्षिप्त खबरें

### तेज रफ्तार बाइक की ठोकर से मासूम की मौत ननिहाल में खेलने के दौरान हुआ हादसा

**दरभंगा (एनएसबी)।** एपीएम थाना क्षेत्र के मनतोरा गांव में रविवार को दरवाजे पर खेल रहे एक चार वर्षीय मासूम की मौत तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आने से हो गई। मृत बहेड़ी थाना क्षेत्र के मानाराही गांव के वार्ड नंबर 12 निवासी मिंटू मुखिया का पुत्र आर्यन कुमार(04) है। जो अपनी मां के साथ ननिहाल आया हुआ था। बताया जाता है कि हादसे में गंभीर जख्मी बच्चे को इलाज के लिए स्वजन आनन-फानन में डीएमसीएच लेकर पहुंचे पर उसने दमतोड़ दिया। जिसके बाद पुलिस शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद स्वजन के हवाले कर दिया। पोस्टमार्टम हाउस में स्वजन ने बताया कि रविवार सुबह आर्यन अन्य बच्चों के साथ दरवाजे के आगे खेल रहा था। इसी दौरान सड़क से गुजर रहा एक तेज रफ्तार बाइक सवार ठोकर मारकर भागने लगा। जिससे ग्रामीणों ने खदेड़कर पकड़कर लिया पर चालक सवार फरार हो गया। मृत के चाचा अशोक साहनी ने बताया कि बाइक एपीएम थाना ने जब्त कर लिया है और वाहन स्वामी के खोजबीन में जुटी है।

### आज कई फीडर की बिजली रहेगी बाधित

**दरभंगा (एनएसबी)।** दिनांक 28 सितंबर, 2026 को प्रातः 5 बजे से 9 बजे पूर्वाह्न तक गावर एजेंसी के द्वारा 33/11 केवी विद्युत शक्ति उपकेंद्र डीएमसीएच से निकलने वाले फीडर नंबर 4 एंव 33/11 केवी विद्युत शक्ति उपकेंद्र बंगालीटोला से निकलने वाले 11 केवी एम एल अकैडमी फीडर एवम 11 केवी मिर्जा खाँ तालाब फीडर एंव 33/11 केवी विद्युत शक्ति उपकेंद्र जेल से निकलने वाले 11 केवी सैदनगर फीडर मे शिफ्टिंग का कार्य किया जाएगा, जिसके कारण इन फीडरों की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।प्रभावित होने वाले क्षेत्र है- बेता चौक ,शाहगंज ,हॉस्पिटल रोड, कपूरी चौक, आर्मी हॉस्पिटल ,शर्मा डायग्नोस्टिक शंकर पान दुकान, बब्बन घर, बजरंगबली मंदिर, गुलाब टेंट हाउस, बाबू झा होटल, एल आई सी ऑफिस ,रेणुका मित्रा, डॉ मोहन मिश्रा, बंगाली टोला, होटल होलीडे ,महनाथ पोखर, छोटी मस्जिद, महावीर मंदिर, राजपूत कॉलोनी, कॉलोनी नंबर 4, महारानी कल्याणी कॉलेज, डेंटल कॉलेज, छोटी मस्जिद ,बुला चौक बड़ी मस्जिद, कमल फूल, वी आई पी रोड ,बजरंग होटल, एचपी गैस एजेंसी ,राजेंद्र नगर,एकमी बांध, डेंटल कॉलेज मिथिला नगर, जनकपुरी, विजया बाँध, बरहेता, टीचर कॉलोनी, चित्रगुप्त नगर ,हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, खराजपुर, फ्रेंड्स कॉलोनी, सैदनगर, राजेंद्र नगर, शास्त्री नगर, शक्तिनगर, अभंडा, बसेरा कॉलोनी ,किसान नर्सरी, काली धाम, जेल कोना आदि है।

### मातृशक्तियों ने सामूहिक रूप से सुनी पीएम के मन की बात

**बेनीपुर (एनएसबी)।** बेनीपुर विधानसभा के मकरमपुर पंचायत के बूथ संख्या 93 पर रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का सामूहिक श्रवण किया गया।कार्यक्रम का आयोजन महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष निभा देवी के आवास पर किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में मातृशक्तियों ने भाग लिया।

### अनुमंडलीय अस्पताल में एंटी रेबीज वैक्सीन खत्म

**बेनीपुर (एनएसबी)।** अनुमंडलीय अस्पताल में एंटी रेबीज वैक्सीन उपलब्ध नहीं होने से कुत्ता, सियार आदि के काटने से जख्मी मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जानवरों के बढ़ते आतंक के बीच घायल लोग वैक्सीन के लिए अस्पताल पहुंच रहे हैं, लेकिन वैक्सीन नहीं मिलने से उन्हें निराश लौटना पड़ रहा है। मजबूरन मरीजों को निजी दवा दुकानों से भारी कीमत पर वैक्सीन खरीदनी पड़ रही है। अस्पताल प्रभारी डॉ. कुमारी भारती ने बताया कि सांप काटने का वैक्सीन उपलब्ध है, लेकिन एंटी रेबीज वैक्सीन फिलहाल नहीं है। आपूर्ति के लिए जिला को लिखा गया है। वैक्सीन उपलब्ध होने के बाद ही मरीजों को दी जा सकेगी।

### तिलकेश्वर पंचायत में आम सभा का हुआ आयोजन


आमसभा में मुखिया प्रमीला देवी व अन्य।

**कुशेश्वरस्थान पूर्वी (एनएसबी)।** प्रखंड अंतर्गत तिलकेश्वर पंचायत में आम सभा का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता तिलकेश्वर पंचायत के मुखिया प्रमीला देवी ने किया और यह आम सभा प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत चयनित सूची प्रकाशित करने और लाभुकों को जानकारी देने को लेकर बैठक कि गई जहां चयनित लाभुकों कि संख्या 2657 है जहां आवास सहायक राकेश कुमार ने सुची प्रकाशित किया । मौके पर मुखिया पति परमानन्द साह,गोविंद कुमार, सत्य नारायण यादव,गंगा प्रसाद यादव,पंकज ठाकुर, देवदत्त राय, राजेश सदा,दामोदर सदा मो.खालिद रामबाबू पौद्दार सहित कई जनप्रतिनिधियों एवं पंचायत कर्मी सभी ने भाग लिया।

### सेवा संकल्प अभियान के तहत जाले में स्वच्छता व वृक्षारोपण अभियान आयोजित


वृक्षारोपण करते विधायक जीवेश कुमार।

**जाले (एनएसबी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा से राष्ट्रसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने पर चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत रविवार को जाले विधानसभा क्षेत्र में स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में जाले के विधायक जीवेश कुमार ने जलेश्वरी स्थान से कृषि विज्ञान केंद्र, जाले तक स्वच्छता का संदेश देते हुए पदयात्रा निकाली । पदयात्रा के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए स्वच्छ एवं स्वस्थ समाज के निर्माण का संदेश दिया गया। फिर कृषि विज्ञान केंद्र, जाले परिसर में ह्रासेवा ही स्वच्छताह्र कार्यक्रम के तहत परिसर में साफ-सफाई करने के साथ सभी कार्यकर्ताओं, कर्मचारियों एवं पदाधिकारियों ने स्वच्छता की शपथ ली। इस मौके पर स्वच्छता कार्य में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले सफाई कर्मियों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके बाद ह्रायक पेड़ माँ के नामह्र अभियान के तहत कृषि विज्ञान केंद्र परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली बढ़ाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में कार्यपालक पदाधिकारी सुंदरम सानंद, विपिन कुमार पाठक, स्वच्छता उपाधिकारी सिम्मी, सिटी मैनेजर संजीव कुमार, राम इकबाल मांझी, रिंकी देवी, बीना मिश्रा, विनीता कुमारी, मुकेश शाह, अरविंद वर्मा, देवू मेहता एवं रवि महतो सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, कर्मचारी एवं स्थानीय लोग उपस्थित थे।

### एम्स के पास भूमि विवाद में गोलीकांड को लेकर दो अभियुक्त गिरफ्तार

**हनुमाननगर (एनएसबी)।** बिशनपुर थाना की पुलिस की बड़ी कारवाई प्रखंड क्षेत्र के पंचोभ मौजा अंतर्गत एम्स निर्माण स्थल के पास भुमि विवाद को लेकर गोलीबारी में हुई अलग अलग कांड में दो अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कथित कांड मामले को लेकर बिशनपुर थाना अध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया की कांड संख्या 156/26 के अभियुक्त सैदनगर निवासी मो अकबर व कांड संख्या 158/26 के अभियुक्त मुस्तफापुर निवासी लाल यादव की गिरफ्तारी हुई जिसे जेल भेजकर शेष अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी तेज कर दि गई है।

### चुलाई शराब लदी बाइक छोड़कर फरार तस्कर गिरफ्तार

**सिंहवाड़ा (एनएसबी)।** बिरदीपुर चौक पर बाइक चेकिंग के दौरान शराब लदी बाइक छोड़कर फरार तस्कर को सिमरी पुलिस ने छापेमारी कर गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार युवक अरई निवासी मंजय सहनी बताया गया है । बताया गया है कि 22 अप्रैल 2024 को बिरदीपुर चौक पर वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस को देखकर एक बाइक सवार बाइक छोड़कर फरार हो गया था। बाइक की तलाशी लेने पर डिक्की में लगभग दस लीटर देसी चुलाई शराब बरामद की गई थी। इसी मामले में कार्रवाई के दौरान युवक की गिरफ्तारी की गई है। सिमरी थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया की आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

# पटना में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय चयन प्रतियोगिता हेतु 20 सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवकों का चयन

**दरभंगा (एनएसबी)।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के कुलपति प्रो संजय कुमार चौधरी के आदेश से राष्ट्रीय सेवा योजना कोषांग द्वारा पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर-2026 हेतु दरभंगा, मधुबनी, समस्तीपुर एवं बेगुसराय के विभिन्न कॉलेजों के 110 से अधिक स्वयंसेवकों का विश्वविद्यालय स्तरीय चयन प्रतियोगिता स्नातकोत्तर संस्कृत विभाग में आयोजित किया गया, जिसमें हाइट माप, परेड, दौड़, सांस्कृतिक प्रस्तुतीकरण एवं साक्षात्कार आदि के आधार पर सर्वश्रेष्ठ 20 स्वयंसेवकों का चयन किया गया जो 29 सितंबर, 2026 को ए एन कॉलेज, पटना में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।


मिथिला विश्वविद्यालय के पदाधिकारी व स्वयंसेवक।

इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक डॉ आर एन चौरसिया, बीएसजे कॉलेज, राजनगर की कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ बिभा कुमारी, के एस कॉलेज, दरभंगा के डॉ अमित कुमार सिन्हा, आरसीएस कॉलेज, मंझौल के डॉ कृष्ण कुमार पासवान, 8 बिहार बटालियन, एनसीसी, दरभंगा के सूबेदार जगत एवं हवलदार संदीप सिंह, लूटन झा कॉलेज, ननौर, मधुबनी के डॉ दिलीप कुमार झा, एलएनजे कॉलेज, झंझारपुर की डॉ रश्मि दत्ता, यू आर कॉलेज, रोसरा के डॉ श्याम सुन्दर शर्मा एवं डॉ अरुण कुमार राय, वरीय स्वयंसेवक मुकेश कुमार झा, सहायक अमित कुमार झा, कर्मी रवीन्द्र कुमार सिंह एवं सुमित कुमार आदि ने सक्रिय सहयोग किया। चयनित छात्रा स्वयंसेवकों में यू आर कॉलेज, रोसरा की कल्पना कुमारी एवं संजना रानी, जीकेपीडी कॉलेज, कर्पूरीग्राम की स्वाति कुमारी एवं श्रुति सिन्हा, के एस कॉलेज, दरभंगा से माधवी कुमारी एवं चांदनी कुमारी, एमएलएसएम कॉलेज, दरभंगा से श्रुति सानिया, आरसीएस कॉलेज, मंझौल से कौशकी कुमारी, एल एन जे कॉलेज, झंझारपुर से सलोनी कुमारी एवं ए एन डी कॉलेज, शाहपुर पटोरी से गीतांजलि शर्मा तथा छात्र स्वयंसेवकों में के एस कॉलेज, दरभंगा के जनार्दन कुमार, केवीएस कॉलेज, उच्चैठ के रवि कुमार प्रधान, ए एन डी कॉलेज, शाहपुर पटोरी के आदित्य कुमार सिंह, बीआरबी कॉलेज, समस्तीपुर के आयुष्मान कुमार एल एन जे कॉलेज, झंझारपुर के सुमन कुमार पूर्वे, सीएम साइंस कॉलेज, दरभंगा के अर्णव राज, आरसीएस कॉलेज, मंझौल के सोनू, एमएसएम कॉलेज, बरौनी के आशीष कुमार, आरबीएस कॉलेज, अंदौर के अमन कुमार एवं अजय नागराज के नाम शामिल हैं।प्रतियोगिता के संयोजक डॉ आर एन चौरसिया ने बताया कि इन सभी स्वयंसेवकों को आगे के शिविरों में सफलता पूर्वक भाग लेने हेतु जरुरी जानकारी एवं प्रशिक्षण दे दी गई है। कहा कि प्रतियोगिता में चारों जिलों के बीस से अधिक महाविद्यालयों के 110 से अधिक स्वयंसेवकों ने भाग लिया, जिनका 10 दिनों का पूर्व गणतंत्र दिवस आवासीय परेड शिविर- 2026 नवंबर माह में डॉ भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा में आयोजित किया जाएगा, जिसमें उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के 200 स्वयंसेवक भाग लेंगे। जहां से चयनित हुए स्वयंसेवक पूरे जनवरी माह में गणतंत्र दिवस परेड शिविर हेतु दिल्ली में रहेंगे तथा 26 जनवरी, 2027 को कर्तव्य पथ पर सेना के साथ परेड में भाग ले सकेंगे। चयन समिति के सदस्यों में विश्वविद्यालय के एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक- प्रथम डॉ आर एन चौरसिया, 8 बिहार बटालियन, एनसीसी, दरभंगा के सूबेदार जगत, विश्वविद्यालय के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ गीतेन्द्र ठाकुर, सीएम कॉलेज, दरभंगा के एनसीसी पदाधिकारी डॉ शैलेन्द्र श्रीवास्तव तथा एनजेएम, कॉलेज, दरभंगा की पूर्व एनसीसी पदाधिकारी डॉ रश्मि शिखा के नाम शामिल है। डॉ आर एन चौरसिया की अध्यक्षता में आयोजित उद्घाटन सत्र को डॉ रश्मि दत्ता, डॉ कृष्ण कुमार पासवान, डॉ दिलीप कुमार झा, स्वयंसेवक शिवम ठाकुर आदि ने संबोधित किया। स्वागत संबोधन एवं संचालन मुकेश कुमार झा ने, जबकि धन्यवाद ज्ञापन अमित कुमार झा ने किया।

## विकसित भारत के निर्माण में स्वच्छता का अहम स्थान : डॉ. गोपाल जी ठाकुर


सती स्थान में स्वच्छता अभियान चलाते सांसद।

**गौराबौराम (एनएसबी)।** सेवा पखवाड़ा के तहत चलाये जा रहे भारतीय जनता पार्टी के देश स्तरीय कार्यक्रम के आलोक में स्थानीय सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने गौराबौराम विधानसभा अंतर्गत अपने गृह शक्तिकेंद्र पररी के सती स्थान में स्वच्छता कार्यक्रम चलाया तथा पूरे प्रांगण में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ झाड़ू लगाकर कूड़ा कचरा को साफ किया।

रविवार को स्वच्छता अभियान चलाने के बाद सांसद डा ठाकुर ने स्वच्छता के महत्ता को रेखांकित करते हुए कहा कि स्वच्छता मानवता की रक्षा के लिए सबसे बड़ा धर्म है। हर नागरिक को स्वच्छता को अपने जीवन का दिनचर्या बनाना चाहिए। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के इस कार्यक्रम के जिला अध्यक्ष विनय पासवान युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष नीरज चौधरी पार्टी के वरिष्ठ नेता माधव चौधरी, सीताराम झा शशिकांत ठाकुर धीरज ठाकुर रामकुमार ठाकुर भोलू चौधरी सहित पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## आत्मनिर्भरता व सकारात्मक बदलाव के लिए प्रेरित करता है मन की बात : डॉ. धर्मशिला गुप्ता

**दरभंगा (एनएसबी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ह्रमन की बातह्र कार्यक्रम के 138वें संस्करण को लहेरियासराय नगर उत्तरी के नाका नंबर-6 स्थित जिला भाजपा कोषाध्यक्ष संतोष सिंह के आवास, वार्ड नंबर-37 के बूथ संख्या-270 पर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ सामूहिक रूप से सुना गया।


कार्यक्रम में डॉ. धर्मशिला गुप्ता व अन्य ।

इस अवसर पर राज्यसभा सांसद डॉ. धर्मशीला गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'मन की बात' कार्यक्रम देशवासियों को राष्ट्र निर्माण, सामाजिक जिम्मेदारी, आत्मनिर्भरता और सकारात्मक बदलाव के लिए प्रेरित करता है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जी द्वारा साझा किए गए प्रेरणादायक विचार एवं देश के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य कर रहे लोगों की चर्चा समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए प्रेरणास्रोत है। 'मन की बात' केवल संवाद का कार्यक्रम नहीं, बल्कि देश के नागरिकों की सहभागिता और जनभागीदारी को मजबूत करने का माध्यम बन चुका है। प्रधानमंत्री देश के सामान्य नागरिकों के प्रयासों और उपलब्धियों को देश के सामने लाकर उन्हें सम्मान देने का कार्य करते हैं।इस अवसर पर जिला भाजपा के उपाध्यक्ष सह पार्षद प्रतिनिधि विकास चौधरी, मंडल भाजपा अध्यक्ष संगीत साहू, उदय कुमार शर्मा, संजय महतो, शिलानाथ प्रसाद, दीपक पजियार, अशोक पजियार, अनिल शर्मा एवं मुन्ना राम सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बाबा बटेश्वरनाथ धाम परिसर मे चला सफाई अभियान

**सिंहवाड़ा (एनएसबी)।** सिंहवाड़ा प्रखंड के बाबा बटेश्वर नाथ धाम परिसर की ग्राम पंचायतों में 'स्वच्छता ही सेवा' और 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत साफ सफाई कर अभियान चलाया गया। जिसमे उत्साहपूर्वक सफाई अभियान में स्वच्छता कर्मियों के साथ-साथ श्रद्धालुओं ने भी भाग लिया। सिंहवाड़ा स्थित धाम पर जल चढ़ाने पहुंचे युवक हर हर महादेव का नारा लगाते हुए सफाई कार्य को पूरा कर रहे थे। बताया गया कि ग्राम पंचायतों में स्वच्छता ही सेवा और सेवा संकल्प अभियान के तहत पर्यटन स्थलों, धार्मिक स्थलों और सार्वजनिक स्थानों पर विशेष साफ-सफाई व जन-जागरूकता का कार्य किया जा रहा है। संजीव श्रीवास्तव, सुरेंद्र राम, ललित कुमार मंडल, रवेश कुमार पासवान रितिक कुमार के साथ-साथ अन्य उत्साही युवकों एवं ग्रामीणों ने भी सफाई अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लिया।

## जन्मदिन पर पौधा लगाकर बच्चों ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**आइडियल पब्लिक स्कूल के यूकेजी छात्र ने पौधे के संरक्षण का लिया संकल्प**



पेड़ लगाते विद्यालय के बच्चे।

**अलीनगर (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के पकड़ी चौक स्थित आइडियल पब्लिक स्कूल में यूकेजी के छात्र नंदन कुमार महतो ने अपने जन्मदिन पर केक काटने के बजाय पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में नंदन ने सहपाठियों और शिक्षकों की मौजूदगी में पौधा लगाया तथा उसकी नियमित देखभाल और संरक्षण का संकल्प लिया।

विद्यालय में चलाए जा रहे ह्रजन्मदिन पर केक नहीं, पौधा लगाएं—वृक्षारोपण, हरित भविष्य की ओरह्र अभियान के तहत आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को प्रकृति के प्रति जिम्मेदार बनाना है। विद्यालय परिवार ने नंदन को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बच्चों के विशेष दिनों को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ने से उनमें प्रकृति के प्रति प्रेम, संवेदना और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है। कार्यक्रम का आयोजन महान समाज सुधारक एवं शिक्षाविद् ईश्वरचंद्र विद्यासागर तथा पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की जयंती के अवसर से भी जुड़ा रहा। विद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों से अपने जन्मदिन सहित अन्य विशेष अवसरों पर पौधारोपण करने और लगाए गए पौधे की देखभाल की जिम्मेदारी निभाने की अपील की।

## दरभंगा शिक्षक व स्नातक निर्वाचन क्षेत्र चुनाव को लेकर एनडीए ने की बैठक


बैठक में भाग लेते एनडीए नेता, उम्मीदवार व अन्य।

**होटल गोविंदा पैलेस में एनडीए परिवार की संयुक्त बैठक संपन्न; मंत्री, सांसद, विधायक एवं भारी संख्या में कार्यकर्ता रहे उपस्थित**

**दरभंगा (एनएसबी)।** आगामी बिहार विधान परिषद चुनाव के मद्देनजर दरभंगा शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के अधिकृत उम्मीदवारों के नामांकन, सशक्त समर्थन एवं ऐतिहासिक जीत सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एनडीए परिवार की एक महत्वपूर्ण संयुक्त बैठक होटल गोविंदा पैलेस (दिल्ली मोड़, दरभंगा) में आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता जनता दल (यूनाइटेड) के जिलाध्यक्ष सह विधायक राजेश मंडल उर्फ ईश्वर मंडल ने की।

बैठक में आगामी विधान परिषद चुनाव में शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से उम्मीदवार डॉ. घनश्याम राय तथा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से एनडीए समर्थित उम्मीदवार की जीत को प्रचंड बनाने के लिए रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। अध्यक्षीय संबोधन में विधायक राजेश मंडल उर्फ ईश्वर मंडल ने कहा, "आगामी विधान परिषद चुनाव में एनडीए के दोनों प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए सभी घटक दलों के कार्यकर्ता पूरी एकजुटता के साथ मैदान में उतरेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास' के संकल्प और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 'सुशासन व न्याय के साथ विकास' के मॉडल को शिक्षक एवं स्नातक वर्ग का पूरा भरोसा प्राप्त है। मंत्री मदन सहनी ने कहा बिहार में विकास और सुशासन की गति को निर्बाध रखने के लिए शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन में एनडीए प्रत्याशियों की विजय अत्यंत आवश्यक है। राज्यसभा सांसद डॉ. धर्मशीला गुप्ता ने कहा की शिक्षक और स्नातक समाज के नीति-निर्धारक वर्ग हैं, जिनका पूर्ण विश्वास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार में है। विधान पार्षद हरि सहनी ने कहा एनडीए की वास्तविक ताकत उसकी अटूट एकजुटता और कार्यकर्ताओं का समर्पण है। विधायक विनय कुमार चौधरी ने कहा दरभंगा शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में एनडीए का जनाधार अभूतपूर्व है और विरोधियों का कोई आधार नहीं बचा है। संयुक्त बैठक में विधायक अतिरेक कुमार, देवेंद्र झा अविनाश कुमार, अभय कुमार झा, यदुवीर कुशवाहा, सुजीत मलिक, रामप्रवेश पासवान, केदार नाथ भंडारी, माधव झा, अरूण झा, संजीव झा,अजीत चौधरी, मदन प्रसाद राय,रामबहादुर राय, कमरे आलम कमर, अवन कुमार राय, एनडीए के के साथी उपस्थित रहे।

## गांधी जयंती पर नीतीश संवाद

# जीविका के 20 साल बेमिसाल कार्यक्रम होगा ऐतिहासिक : ईश्वर मंडल

**गांधी जयंती पर आयोजित होने वाले सम्मेलन को लेकर जदयू ने की बैठक**

**दरभंगा (एनएसबी)।** आगामी 2 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाले भव्य कार्यक्रम "नीतीश संवादः जीविका के 20 साल बेमिसाल" की सफलता को लेकर जदयू महिला प्रकोष्ठ, दरभंगा द्वारा होटल गोविंदा प्लेस, दिल्ली मोड़ दरभंगा में एक महत्वपूर्ण तैयारी बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जनता दल (यूनाइटेड) के जिलाध्यक्ष सह विधायक राजेश मंडल उर्फ ईश्वर मंडल ने की। विधायक ईश्वर मंडल ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की दूरगामी सोच और दृढ़ संकल्प का ही परिणाम है कि जीविका अपने सफलतम 20 वर्ष पूरे कर चुकी है।



बैठक में विधायक ईश्वर मंडल, विधायक प्रो.विनय कुमार चौधरी व अन्य।

इन दो दशकों में जीविका ने बिहार के ग्रामीण अंचल की महिलाओं की तकदीर और तस्वीर दोनों बदल दी है। कार्यक्रम को अभूतपूर्व रूप से सफल बनाने का सामूहिक संकल्प लिया। बैठक में विधायक डॉ विनय कुमार चौधरी , डॉ अंजीत चौधरी, माधव झा, केदार नाथ भंडारी, अरुण झा, संजीव झा, सुनील भारती डॉ ज्योति कुमारी, सीमा मंडल प्रभारी दरभंगा महिला प्रकोष्ठ, अंजुला शर्मा महानगर अध्यक्ष, श्याम रेखा मिश्रा, किरन पासवान, मृदुला राय, खुशबू कुमारी सिंह,बैठक में जदयू महिला प्रकोष्ठ की प्रमुख नेत्रियों, जिला पदाधिकारियों, प्रखंड अध्यक्षों, जनप्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### डीएसपी पतौना थाना का औचक निरीक्षण कर विभिन्न लंबित कांडों की समीक्षा की



**बिस्फी।** प्रखंड क्षेत्र के पतौना थाना का औचक निरीक्षण डीएसपी अंकुर कुमार ने किया. निरीक्षण के दौरान थाने के साफ-सफाई के अलावा विभिन्न लंबित कांडों की समीक्षा किया. पुलिस अधिकारी को कई तरह के दिशा-निर्देश भी दिए. थाना के लंबित कांडों, अनुसंधान की स्थिति एवं विभिन्न तरह के पंजीयों का अवलोकन तथा पुलिस की दैनिक गतिविधियों की गहन समीक्षा की. अनुसंधानकताओं से लंबित एवं अवशेष कांडों की प्रगति की जानकारी ली और मामले को त्वरित निष्पादन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए. प्रत्येक कांडों की जांच गहनता पूर्वक निष्पक्षता से और निर्धारित समय सीमा के अंदर पूरी करें.इसमें किसी भी तरह की शिथिलता बर्दाश्त नही किया जाएगा. इस अवसर पर थाना अध्यक्ष अनुराग कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे.

### मुखिया कि अध्यक्षता में किया गया आम सभा का आयोजन



**बिस्फी।** प्रखंड क्षेत्र के परसौनी उत्तरी, सादुल्लाहपुर, औसी बभंगामा उत्तरी सहित कई पंचायत में रविवार को मुखिया अनिता कुमारी, मो इनायतुल्लाह खान, अविनाश पासवान की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के पंचायत सरकार भवन के परिसर में आमसभा का आयोजन किया गया. इस आम सभा में आवास प्लस एवं 2024 के माध्यम से जोड़े गए परिवारो की प्रतीक्षा सूची में योग्य एवं आरोग्य को अंतिम रूप से अनुमोदन करने का प्रस्ताव आम सभा में रखा गया. जिसमें कई सदस्यों ने वाद विवाद के बाद सर्वसम्मति से पास कर दिया. इस मौके पर पंचायत प्रतिनिधियों, आवास सहायक सहित कई कर्मी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे. बैठक के दौरान पंचायत प्रतिनिधियों और संबंधित विभाग के कर्मियों ने प्रधानमंत्री आवास योजना से जुड़े महत्वपूर्ण दिशा निदेशों की जानकारी दी. कहा कि सरकार का मुख्य उद्देश्य बेघर और कच्चे मकान में रह रहे निर्धन परिवारों को पक्की छत मुहैया करना है. इस दौरान लाभुक के चयन और सूची अनुमोदन की पूरी प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया. ताकि केवल वास्तविक और जरूरतमंद परिवारों को ही योजना का लाभ मिल सके. इस मौके पर समाजसेवी आनंद यादव आवास सहायक सवाउद्दीन, पंचायत सेवक, दीपक कुमार, विकास मित्र, अरविंद कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

### छात्राओं व महिलाओं की सुरक्षा के लिए तैनात हुईं 'पुलिस दीदी'



**मधुबनी।** छात्राओं एवं महिलाओं की सुरक्षा को लेकर जिले में पुलिस की ओर से विशेष पहल की गई है। बिहार सरकार द्वारा ह्यपुलिस दीदीह्ण के लिए उपलब्ध कराए गए स्कूटी व मोटरसाइकिल वाहनों के माध्यम से जिले के विभिन्न अनुमंडलों एवं थाना क्षेत्रों में महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। 'पुलिस दीदी' का मुख्य उद्देश्य विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में आने-जाने वाली छात्राओं के बीच सुरक्षा की भावना को मजबूत करना, असामाजिक तत्वों पर प्रभावी निगरानी रखना तथा महिला संबंधी अपराधों की रोकथाम करना है। इसके साथ ही पुलिस और छात्राओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर भी जोर दिया जा रहा है। तैनात ह्यपुलिस दीदीह्ण अपने निर्धारित क्षेत्रों में समय-समय पर विद्यालयों एवं महाविद्यालयों का नियमित भ्रमण कर छात्राओं से संपर्क एवं संवाद स्थापित कर रही हैं। इस दौरान छात्राओं से उनकी सुरक्षा से जुड़ी समस्याओं की जानकारी ली जा रही है तथा आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। पुलिस की इस पहल से छात्राओं को अपनी समस्याएं सीधे महिला पुलिसकर्मियों तक पहुंचाने का अवसर मिल रहा है। वहीं, शिक्षण संस्थानों के आसपास असामाजिक गतिविधियों पर भी निगरानी रखने में मदद मिल रही है।

**स्कूटी से विद्यालय-महाविद्यालयों का नियमित भ्रमण, असामाजिक तत्वों पर रख रहीं नजर**

### कमला, कोसी, बलान के जलस्तर में हुई काफी वृद्धि

**कुशेश्वरस्थान पूर्वी ।** नेपाल में लगातार हो रही वारीष से कमला, कोसी, बलान के जलस्तर में काफी वृद्धि हो गई है जिससे प्रखंड मुख्यालय से कई पंचायतों का आवागमन बाधित हो गई है। बलान नदी के मुख्यधारा में ईटहर पंचायत के चौकिया लक्ष्मीनिया, विशुनिया, जिमराहा, समौरा, बसवरिया, बलथरवा, और सुगराईन पंचायत के भरैन मुशहरी के कई घरों में गुसा बाढ़ कि पानी सभी पिड़ीत परिवार बलान बांध पर शरण लिये हुआ है कई परिवार खुले आसमान के नीचे प्लास्टिक तान कर बच्चों के साथ रह रहा है और तिलकेशवर पंचायत के कई गांवों में बाढ़ के पानी से घिर गया है। जिससे सड़क संपर्क भंग हो गया है जिसमें तिलकपुर, गोलमा,सपही सहित लगभग आधा पंचायत बाढ़ के पानी से घिर चुका है और सिमरटोका पंचायत के कोदरा,झाझा, गईजोड़ी,बुढ़िया सुकरासी,सिमराही सहित तेगच्छा छोड़ कर लगभग पुरे पंचायत बाढ़ से प्रभावित हैं वहीं उसड़ी पंचायत के उसड़ी हरिनाही, कोनिया,कुंजभुवन,अरराही,सगड़दिना ये,भी गांव बाढ़ के पानी से घिर गया है और मुख्य सड़क संपर्क भंग हो गया है और प्राइवेट नाव से बाजार आने जाने को मजबुर है यहा के बाढ़ पिड़ीत परिवार जहां बाढ़ से प्रभावित लोगों ने अपना गाय,मवेशी को लेकर उंचे स्थानों पर शरण लेने को मजबुर पिड़ीत परिवारों ने एस एच 56 पर झुगी झोपड़ी बनाकर माल मवेशी के साथ जीवनयापन कर रहा है तिलकेशवर पंचायत के मुखिया प्रमीला देवी ने बताया कि हमारे पंचायत के तीन गांव बाढ़ के पानी से पुर्ण रुपेन आवागमन बाधित हो गया है ।

# सरकारी भूमि की सुरक्षा व अतिक्रमण को लेकर डीएम सख्त

**मधुबनी (एनएसबी)।** सरकारी भूमि की सुरक्षा एवं उसके संरक्षण के प्रति प्रशासन की प्रतिबद्धता को स्पष्ट करते हुए जिला पदाधिकारी, मधुबनी श्री आनंद शर्मा ने जिले के सभी विभागों के पदाधिकारियों को अपने-अपने विभाग से संबंधित सरकारी भूमि की सतत निगरानी एवं मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकारी भूमि सार्वजनिक संपत्ति है और इसके संरक्षण की जिम्मेदारी संबंधित विभागीय पदाधिकारियों की है। अतः सभी अधिकारी इस दिशा में सजग, तत्पर एवं संवेदनशील होकर कार्य करें।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी विभाग अपने अधीन अथवा अपने विभाग से संबंधित सरकारी भूमि का अद्यतन विवरण उपलब्ध रखें तथा भूमि की स्थिति पर नियमित रूप से नजर बनाए रखें। संबंधित पदाधिकारी यह सुनिश्चित करें कि सरकारी भूमि पर किसी प्रकार का अवैध कब्जा, अतिक्रमण अथवा अनधिकृत निर्माण नहीं हो। इसके लिए आवश्यकता के अनुसार क्षेत्र भ्रमण एवं स्थल निरीक्षण भी किया जाए। सभी संबंधित पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में सरकारी भूमि की स्थिति की नियमित समीक्षा करने तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता की जानकारी प्राप्त होते ही तत्काल वरीय पदाधिकारियों को अवगत कराते हुए विधिसम्मत कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि यदि किसी व्यक्ति द्वारा सरकारी भूमि पर अवैध रूप से अतिक्रमण किया जाता है अथवा अतिक्रमण का प्रयास किया जाता है, तो मामले को गंभीरता से लेते हुए नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को



निर्देशित किया कि अतिक्रमण करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध आवश्यकतानुसार प्राथमिकी दर्ज कराने की कार्रवाई की जाए तथा सरकारी प्रावधान के तहत विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही, सरकारी भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराने के लिए विहित प्रक्रिया के तहत अतिक्रमणवाद दायर करने तथा नियमानुसार आगे की कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि अतिक्रमण से संबंधित मामलों में किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए। संबंधित अधिकारी निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप मामलों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने सभी विभागों के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने विभाग से संबंधित भूमि के संबंध में आवश्यक अभिलेखों को अद्यतन रखें तथा भूमि की वास्तविक स्थिति एवं राजस्व अभिलेखों का समय-समय पर मिलान करें। सरकारी भूमि से संबंधित किसी भी विवाद अथवा अतिक्रमण की सूचना प्राप्त होने पर संबंधित विभाग एवं अंचल प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्रवाई करने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि सरकारी भूमि का संरक्षण केवल राजस्व अथवा अंचल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि संबंधित विभागों के पदाधिकारियों की भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। इसलिए सभी विभाग अपने स्तर से प्रभावी निगरानी व्यवस्था विकसित करें और सरकारी संपत्ति को सुरक्षित रखने के लिए पूरी तत्परता के साथ कार्य करें। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि सरकारी भूमि की सुरक्षा एवं अतिक्रमण की रोकथाम को प्राथमिकता देते हुए नियमित अनुश्रवण सुनिश्चित करें। सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार के अतिक्रमण को स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा अतिक्रमण की स्थिति में नियमानुसार कठोर एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## राष्ट्रीय सचिव मनोनीत होने पर इंजीनियर बिरबल पंजियार ने जताया आभार

**बेनीपट्टी।** राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय सचिव के दायित्व के लिए मनोनयन के बाद प्रदेशभर से मिली शुभकामनाओं एवं बधाइयों के लिए इंजीनियर बिरबल पंजियार ने सभी सम्मानित साथियों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि साथियों के स्नेह, शुभकामनाओं और विश्वास ने उन्हें नई जिम्मेदारी के प्रति और अधिक समर्पित होकर कार्य करने की प्रेरणा दी है।

इंजीनियर पंजियार ने विशेष रूप से राष्ट्रीय लोक मोर्चा के मधुबनी जिलाध्यक्ष रंजीत कामत, डॉ. संतोष कुशवाहा, युवा नेता नीतीश कुशवाहा, हर्ष नारायण झा, अजीत यादव, नचारी पंजियार, संतोष राम, दीपक महतो, रंजन कुमार, महेश्वर नारायण यादव, आशनारायण यादव, प्रो. अरविंद मिश्रा, मनोज सिंह कुशवाहा, रौशन कुशवाहा, डॉ. नरेश यादव, कृष्णा महतो, मनीष सिंह, राजेश दास, मधुबनी नगर अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार, छात्र नेता प्रियरंजन पांडे, मो. सफीकुल एवं मो. खुर्शीद अंसारी सहित अन्य साथियों के प्रति आभार जताया। उन्होंने बेनीपट्टी विधायक एवं पूर्व मंत्री विनोद नारायण झा, विधान पार्षद घनश्याम ठाकुर, मधुबनी विधायक माधव



आनंद, बाजपट्टी विधायक रामेश्वर महतो, पूर्व विधान पार्षद सुमन महासेठ, पार्टी महिला सेल की स्मृति कुमुद, डॉ. अंजली कुशवाहा, प्रधान महासचिव हिमांशु पटेल, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष प्रशांत पंकज, सुभाष चंद्रवंशी, प्रदेश अध्यक्ष एवं दिनारा विधायक आलोक सिंह, व्यावसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष संतोष गुप्ता, प्रदेश महासचिव बीसी पटेल एवं चंदन बागची सहित विभिन्न दलों एवं संगठनों के नेताओं के प्रति भी आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक मोर्चा के संगठन को मजबूत करने के साथ समाज एवं जनहित से जुड़े मुद्दों पर पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ कार्य किया जाएगा। उन्होंने नई जिम्मेदारी को साथियों के विश्वास और सहयोग का परिणाम बताते हुए संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

## बाढ़ पीड़ित परिवारों की पीड़ा को लेकर चिंतित

## हरसंभव सहयोग के लिए तत्पर : माधव आनंद



**मधुबनी।** बिहार में बाढ़ से प्रभावित परिवारों की पीड़ा और कठिन परिस्थितियों को लेकर राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव सह मधुबनी विधायक माधव आनंद ने गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि आपदा की इस घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा होना केवल सामाजिक दायित्व नहीं, बल्कि मानवीय संवेदना का विषय है। इसी भावना के तहत राष्ट्रीय लोक मोर्चा की ओर से मुख्यमंत्री राहत कोष में अंशदान स्वरूप चेक मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को सौंपा गया। इस अवसर पर दिनारा विधायक सह प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार सिंह एवं सासाराम विधायक स्नेहलता भी उपस्थित रहीं।

माधव आनंद ने कहा कि बाढ़ प्रभावित परिवारों की स्थिति को लेकर वे लगातार चिंतित हैं। संकट के समय केवल चिंता व्यक्त करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि अपनी क्षमता के अनुसार राहत और सहायता के प्रयासों में योगदान देना भी आवश्यक है। इसी उद्देश्य से पार्टी की ओर से मुख्यमंत्री राहत कोष में अंशदान किया गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में राज्य सरकार बाढ़ प्रभावित परिवारों तक राहत और सहायता पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। सरकार की संवेदनशीलता और तत्परता इस कठिन समय में प्रभावित परिवारों के लिए भरोसे का संबल है। माधव आनंद ने कहा कि मधुबनी उनकी अपनी विधानसभा है और यहां के लोगों के सुख-दुख से उनका आत्मीय संबंध है। बिहार के किसी भी हिस्से में परिवार के संकट में होने पर एक जनप्रतिनिधि के रूप में उसके साथ खड़ा होना उनका दायित्व है। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित परिवारों के लिए सेवा, सहयोग और संवेदना के साथ जो भी संभव होगा, वह निरंतर करते रहेंगे। उन्होंने आम नागरिकों, सामाजिक संगठनों, सक्षम नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों से भी अपनी क्षमता के अनुसार बाढ़ प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए आगे आने की अपील की। पार्टी की ओर से किए गए इस अंशदान में राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा, मंत्री दीपक प्रकाश एवं बाजपट्टी विधायक रामेश्वर कुमार महतो का भी योगदान रहा। अन्य कार्यक्रमों में व्यस्तता के कारण वे इस अवसर पर उपस्थित नहीं हो सके।

## बिना एनओसी लिए सड़क निर्माण व घटिया सामग्री के आरोपों से घिरा नूरचक पीसीसी पथ

**मधुबनी।** बिहार प्रदेश युवा जदयू के प्रदेश महासचिव सुभाष कुमार ने बिस्फी प्रखंड के नूरचक गांव में मस्जिद से धोबी टोला तक कराए गए पीसीसी सड़क निर्माण में व्यापक अनियमितता और सरकारी राशि के दुरुपयोग को लेकर आयुक्त , जिलाधिकारी एवं डीडीसी मधुबनी से उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।

जदयू प्रदेश महासचिव सुभाष कुमार ने कहा कि उक्त सड़क का निर्माण ग्रामीण कार्य विभाग, बेनीपट्टी के अधीन बताया जा रहा है और सड़क के मेंटेनेंस की अवधि भी निर्धारित है। इसके बावजूद जिला परिषद क्षेत्र संख्या-11 के माध्यम से उसी मार्ग पर 15-16 सितंबर को पीसीसी सड़क का निर्माण कराया गया। जबकि संबंधित विभाग से आवश्यक अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त किए बिना निर्माण कराए जाने की शिकायत सामने आई है। उन्होंने आरोप लगाया कि सड़क निर्माण में निर्धारित मानक एवं प्रावधानों की अनदेखी करते हुए घटिया स्तर की सामग्री का इस्तेमाल किए जाने की गई हैं। पत्र में यह भी कहा गया है कि निर्माण के कुछ ही समय बाद सड़क के क्षतिग्रस्त हो गई। इन आरोपों की स्वतंत्र रूप से जांच किया जाना आवश्यक है। प्रदेश महासचिव ने कहा कि यह सुशासन की सरकार हैं, योजनाओं में गुणवत्ता और पारदर्शिता से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं होना चाहिए। उन्होंने डीडीसी से मांग की है कि मामले की किसी निष्पक्ष एवं स्वतंत्र तकनीकी एजेंसी से स्थल निरीक्षण कराकर निर्माण की गुणवत्ता, प्राक्कलन, स्वीकृति, तकनीकी मानक तथा संबंधित विभागों से प्राप्त अनुमति की जांच कराई जाए। उन्होंने कहा कि जांच में यदि किसी प्रकार की वित्तीय या प्रशासनिक अनियमितता प्रमाणित होती है, तो संबंधित जिम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जानी चाहिए, ताकि सरकारी धन की बबार्दी पर रोक लग सके और आम जनता को गुणवत्तापूर्ण सड़क की सुविधा मिल सके'

## नीट पीजी में डॉ. काजल पाठक को मिला ऑल इंडिया तीसरा स्थान

**बेनीपट्टी।** बेनीपट्टी नगर पंचायत वार्ड 18 निवासी शिक्षक राजमोहन पाठक एवं गृहिणी रंजू कुमारी की बेटी



24 वर्षीय डॉ. काजल पाठक ने नीट पीजी की परीक्षा में ऑल इंडिया तीसरा रैंक हासिल कर बेनीपट्टी का नाम रोशन किया है। साधारण परिवार से आने वाली डॉ. काजल ने अपनी मेहनत और प्रतिभा के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है। डॉ. काजल प्रारंभ से ही मेधावी छात्रा रही हैं। उन्होंने बेनीपट्टी से इंटर की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद जिला स्तर पर टॉपर की उपलब्धि हासिल की। इसके बाद नीट परीक्षा में सफलता प्राप्त कर दिल्ली के लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस में ट्रिपल गोल्ड मेडल प्राप्त किया। नीट पीजी में ऑल इंडिया तीसरा स्थान हासिल करने पर परिजनों, शिक्षकों एवं क्षेत्र के लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उनकी सफलता से नई पीढ़ी के विद्यार्थियों को भी मेहनत और लगन के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली है।

# अस्मिता वुशू लीग का आगाज : 200 से अधिक महिला खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

**मधुबनी।** मधुबनी में अस्मिता वुशू लीग का शानदार आगाज हुआ, जिसमें 200 से अधिक महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया. यह आयोजन 'खेलो इंडिया' योजना के तहत महिला खिलाड़ियों को मंच प्रदान करने और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया. वुशू लीग मधुबनी खेल भवन सह व्यायामशाला में अस्मिता वुशू लीग का भव्य शुभारंभ हुआ. प्रतियोगिता में शहर के विभिन्न विद्यालयों, महाविद्यालयों और खेल क्लबों से पहुंचीं 200 से अधिक महिला खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

खिलाड़ियों ने अलग-अलग मुकाबलों में अपने खेल कौशल और प्रतिभा का प्रदर्शन कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं. कार्यक्रम का उद्घाटन कला सांस्कृति पदाधिकारी सह उपाधीक्षक, शारीरिक शिक्षा नीतीश कुमार और डीपीओ, नमामि गंगे आंनद अंकित, वुशू संघ के अध्यक्ष मन्टू कुमार, सन्नी कुमार,पीएनबी ब्रांच मैनेजर सुरुचि झा, संजीव कुमार यादव ने संयुक्त रूप से किया. खेलो इंडिया के तहत महिला खिलाड़ियों को मंच उद्घाटन समारोह में खेल पदाधिकारी नीतीश कुमार ने कहा कि केंद्र




सरकार की ह्यखेलो इंडियाह्ण योजना के तहत आयोजित यह लीग बालिकाओं और महिलाओं में आत्मविश्वास और आत्मबल बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है. ऐसे आयोजनों से महिला खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के साथ आगे बढ़ने का बेहतर अवसर मिलता है. वुशू संघ के अध्यक्ष सह राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता मन्टू कुमार ने कहा कि सरकार का उद्देश्य खेल के माध्यम से महिला खिलाड़ियों को ऐसा मंच उपलब्ध कराना है, जहां वे अपनी मेहनत और प्रतिभा के दम पर राष्ट्रीय स्तर तक पहचान बना सकें. खेल से शारीरिक विकास के साथ सशक्तीकरण विधायक ने महिला खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि खेल केवल शारीरिक विकास का माध्यम नहीं है, बल्कि इससे महिलाओं के सशक्तीकरण का संदेश भी समाज तक पहुंचता है. खिलाड़ियों को खेल भावना, अनुशासन और नियमित अभ्यास के साथ आगे बढ़ने की सलाह दी गयी. वुशू संघ के सचिव सन्नी कुमार ने खिलाड़ियों से कहा कि प्रतियोगिता में जीत और हार से ज्यादा जरूरी निरंतर मेहनत और अपने प्रदर्शन में सुधार करना है. आत्मविश्वास के साथ मैदान में उतरने वाली खिलाड़ी भविष्य में बड़ी उपलब्धियां हासिल कर सकती हैं. दरभंगा, समस्तीपुर वुशू संघ के सचिव संजीव कुमार यादव, दिलिप कुमार भी इस कार्यक्रम में मौजूद रहें वहीं इस कार्यक्रम मधुबनी सफल बनाने शारीरिक शिक्षक अमित कुमार चौधरी, अश्वनी कुमार ,संजीव कुमार, राखी कुमारी,मो. प्रवेज, मो. जावेद, ज्योति कुमारी, रूचि कुमारी, रागनी कुमारी छोटू कुमार,जय किशन कुमार, ललित कुमार, रूपेश मंडल, मंटू पंजियार, अर्जुन कुमार समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे. खेल पदाधिकारियों, प्रशिक्षकों और खेल प्रेमियों ने भी प्रतियोगिता में हिस्सा लेने पहुंचीं खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया.महिला खिलाड़ियों को बेहतर अवसर देना उद्देश्य अस्मिता वुशू लीग का मुख्य उद्देश्य महिला खिलाड़ियों को बेहतर खेल मंच उपलब्ध कराना और उनकी खेल प्रतिभा को निखारना है. आयोजकों के अनुसार, ऐसे आयोजनों से बालिकाओं और महिलाओं की खेलों में भागीदारी बढ़ेगी और उन्हें आगे बढ़ने के लिए जरूरी आत्मविश्वास भी मिलेगा. प्रतियोगिता में 200 से अधिक महिला खिलाड़ियों की भागीदारी से मधुबनी में महिला वुशू खिलाड़ियों के बीच खास उत्साह देखने को मिला. आयोजकों ने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए खेल के क्षेत्र में लगातार आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

# चक्रवाती तूफान ने मड़वन व कुढ़नी में मचाई तबाही, दो दर्जन घरों के एस्बेस्टस उड़े

## दर्जनों पेड़ व बिजली के पोल गिरे; विधायक एवं सीओ ने किया क्षति का आकलन

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** मड़वन प्रखंड के महम्मदपुर सूबे पंचायत में शनिवार की रात आए चक्रवाती तूफान से व्यापक क्षति हुई है। तेज हवा के कारण करीब दो दर्जन घरों पर लगे एस्बेस्टस उड़कर चकनाचूर हो गए, जबकि एक मकान ढह गया। दर्जनों पेड़ गिरने से कई ग्रामीण सड़कें अवरुद्ध हो गईं। वहीं आधा दर्जन से अधिक बिजली के पोल टूटकर गिरने से क्षेत्र की बिजली आपूर्ति पूरी तरह चरमरा गई।

पेड़ और एस्बेस्टस गिरने की घटनाओं में कई लोग बाल-बाल बच गए। ग्रामीणों ने सड़क पर गिरे पेड़ों की टहनियों को काटकर किसी तरह आवागमन बहाल किया। सूचना मिलने पर रविवार को कांटी विधायक ई अजीत कुमार और मड़वन सीओ पुष्कल कुमार ने प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर क्षति का जायजा लिया। विधायक ने बताया कि तत्काल सभी पीड़ित परिवारों को तिरपाल उपलब्ध करा दिया गया है। उन्होंने सीओ को निर्देश दिया कि जिन लोगों के मकान को अधिक क्षति हुई है, उनके घरों की तस्वीर लेकर अंचल की टीम सोमवार सुबह पीड़ितों से मिले और क्षति का विवरण आपदा विभाग को भेजे। सीओ पुष्कल कुमार ने बताया कि प्रभावित लोगों में गौरियारा के मो. क्याम, मो. रफीक, धर्मेंद्र राम, राजेश साह, राजेंद्र साह, संजय ठाकुर तथा बंगारी के दिनेश साह, मो. कयामुद्दीन, सुलेखा देवी, संजीव कुमार, मोहन कुमार और नथुनी साह समेत अन्य शामिल हैं। मौके पर जदयू प्रखंड अध्यक्ष मो शमीम, मनोज सिंह, मो जाबिर हुसैन, मो फिरोज, ललन साह, अरुण राय, सुधीर सिंह, विनोद रंजन, कामेश्वर राय, बृजनंदन साह, कन्हाई पासवान, अवधेश सिंह, शंभू साह आदि मौजूद थे।



तूफान से क्षतिग्रस्त मकान एवं हुई अन्य क्षति का आकलन करते सीओ के साथ क्षेत्रीय विधायक।

## कुढ़नी में पेड़ गिरने से 3 लोग घायल, महादलित टोले में सबसे अधिक नुकसान

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** जिले में शनिवार की देर शाम आई चक्रवाती तूफान और बारिश ने कुढ़नी प्रखंड क्षेत्र में भारी तबाही मचाई। अख्तियारपुर पड़ैया पंचायत के बलरा किशुन गांव, खरौना, विशुनपुर राम समेत पकाही पंचायत में तेज हवाओं का व्यापक असर देखने को मिला। बगीचों में लगे कई आम के पेड़ उखड़कर गिर गए, जिससे ग्रामीणों को काफी नुकसान हुआ। खरौना में तेज हवा के कारण एक बड़ा पेड़ गिर गया। इसकी चपेट में आने से तीन से चार लोगों के घायल होने की सूचना है।

घटना के बाद आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। वहीं महुआ-मुजफ्फरपुर मुख्य मार्ग के आसपास भी बवंडर ने कई परिवारों के आशियाने उजाड़ दिए। गांव के महादलित टोले में तेज हवाओं के कारण सबसे अधिक नुकसान बताया जा रहा है। कई घरों पर लगे एस्बेस्टस और टिन के छप्पर तेज हवा में उड़कर दूर जा गिरे। कई कच्चे और पक्के मकानों की छतों को भी नुकसान पहुंचा है। अचानक आई प्राकृतिक आपदा से कई परिवारों के सामने खुले आकाश के नीचे रहने की समस्या खड़ी हो गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार तूफान इतना तेज था कि कुछ ही देर में कई घरों को नुकसान पहुंच गया। इस आपदा में राघवेंद्र कुमार यादव, चूलाई राय, अनिल राय, भोला राय, अरविन्द राय, ललिता देवी, बच्चा नन्द कुमार यादव, सुजीत कुमार, नेवालाल राय, कुमोद राय, फूल कुमारी देवी, प्रिया कुमारी, प्रियंका कुमारी, पूजा देवी, संतोष राम, मनीष राम, रजनीश राम, सोनी देवी और सुबधिया नथन का घर पूरी तरह तबाह हो गया है।



कुढ़नी प्रखंड क्षेत्र में तूफान से तहस नहस हुआ घर।

शाहपुर मरीचा के पंचायत समिति सदस्य ललन दीवाना ने बताया कि विशुनपुर राम गांव में स्व. महेंद्र राम के पुत्र सुरेश राम का मकान पूरी तरह ध्वस्त हो गया और सात एस्बेस्टस शीटें उड़ गईं। राहत की बात यह रही कि किसी ग्रामीण के हताहत होने की खबर नहीं है। घटना की सूचना मिलते ही मुखिया प्रतिनिधि चुन्नीलाल साह ने मौके पर पहुंचकर पीड़ितों को सांत्वना दी। उन्होंने कुढ़नी अंचलाधिकारी (सीओ) को फोन कर नुकसान का अविलंब प्रशासनिक आकलन कराने और बेघर हुए परिवारों को शीघ्र सरकारी सहायता राशि उपलब्ध कराने की मांग की है।

## संक्षिप्त खबरें

### भाजपा पूर्वी मुजफ्फरपुर के अटल सभागार में हुआ प्रधानमंत्री के 'मन की बात' कार्यक्रम

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** भाजपा मुजफ्फरपुर पूर्वी के तत्वावधान मे रविवार को स्पीकर चौक स्थित अटल सभागार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो संवाद 'मन की बात' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बिहार सरकार के कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा के जिला अध्यक्ष विवेक कुमार ने की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' के इस संस्करण में देशवासियों को संबोधित करते हुए आंवला के उत्पादन, आंवला के अचार के लाभ, देश के उभरते खिलाड़ियों के योगदान और युवाओं को प्रेरित करने वाले विभिन्न विषयों पर चर्चा की। इसके साथ ही उन्होंने "नशा मुक्त भारत" के संकल्प पर विशेष जोर देते हुए समाज से इस दिशा में एकजुट होकर प्रयास करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने अपने संबोधन में प्रधानमंत्री जी का आभार प्रकट किया। उन्होंने कार्यकताओं से कहा कि प्रधानमंत्री जी के इस संदेश और मन की बात को केवल सुनें ही नहीं, बल्कि इसे अपने जीवन में उतारें और जन-जन तक पहुँचाएँ। इस अवसर पर पूर्व मंत्री सुरेश शर्मा, भाजपा प्रदेश मंत्री मुकेश शर्मा, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष रवींद्र प्रसाद सिंह, जिला उपाध्यक्ष अरविंद सिंह, अशोक कुमार झा, सुरेश कुमार, महामंत्री रविशंकर कुशवाहा, डॉ साकेत सुमन ठाकुर, जिला मीडिया प्रभारी रंजन कुमार ओझा, दीपक शर्मा, जुनैद खान, एम हसन गुड्डू, पंकज चौहान, विजय वर्मा, पवन दुबे आनंद कुमार सिंह, के.पी. पप्पू, अरविंद सिंह, मोर्चा अध्यक्ष दिवाकर शर्मा, महिला मोर्चा अध्यक्ष मोनालिसा, विश्वविद्यालय मंडल अध्यक्ष राजन भारद्वाज एवं मंडल महामंत्री सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



प्रधानमंत्री के संबोधन सुनते कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा के साथ भाजपा के अन्य नेतागण।

### बेनीबाद पहुंची एसडीआरएफ टीम, औराई नाव हादसे के बाद लापता बच्ची की तलाश जारी

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** औराई प्रखंड क्षेत्र में बागमती नदी में नाव पलटने की घटना के बाद लापता बच्ची की तलाश में एसडीआरएफ की टीम रविवार को बेनीबाद क्षेत्र पहुंची। हादसे के तीसरे दिन भी बच्ची का कोई सुराग नहीं मिल सका है। इसके बाद परिजनों और स्थानीय लोगों की चिंता बढ़ती जा रही है। ज्ञात हो कि नाव पलटने के दौरान बच्ची नदी की तेज धारा में बहकर लापता हो गई थी। घटना के बाद से ही एसडीआरएफ की टीम लगातार संभावित स्थानों पर खोज अभियान चला रही है। रविवार को टीम ने मोटरबोट के माध्यम से बेनीबाद क्षेत्र में बागमती नदी के विभिन्न हिस्सों में तलाशी अभियान चलाया। नदी में तेज बहाव और बढ़े जलस्तर के कारण बचाव दल को तलाशी अभियान में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। एसडीआरएफ के जवान नदी की धारा और संभावित बहाव वाले क्षेत्रों को ध्यान में रखते हुए लगातार बच्ची की तलाश कर रहे हैं। इधर, बच्ची के अब तक नहीं मिलने से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय लोग भी नदी किनारे पहुंचकर खोज अभियान पर नजर बनाए हुए हैं और बच्ची के सुरक्षित मिलने की उम्मीद कर रहे हैं। एसडीआरएफ की टीम ने संभावित सभी स्थानों पर तलाशी अभियान जारी रखा है।

### 5 हजार में तय हुआ था दो बहनों पर ब्लेड से हमला, बॉयफ्रेंड ने रची थी साजिश

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** बरूराज थाना क्षेत्र में 21 सितंबर को साइकिल से स्कूल जा रही दो बहनों पर ब्लेड से हमला करने के मामले में पुलिस ने साजिश का खुलासा किया है। पुलिस के अनुसार, प्रेमिका के चाचा और भाई की पिटाई से नाराज उसके बॉयफ्रेंड संजीत कुमार ने कथित तौर पर हमला कराने की योजना बनाई थी। पुलिस पूछताछ में संजीत ने बताया कि उसने अपने दोस्त चंदन को 5 हजार रुपये दिए थे। चंदन ने कथित तौर पर एक व्यक्ति को पैसे देकर छात्राओं पर हमला कराया। पुलिस के मुताबिक, हमला करने वाले व्यक्ति ने दोनों बहनों पर ब्लेड से वार किया। कमालपुर बिथरौल निवासी संजीत ने पुलिस को बताया कि उसका गांव की एक छात्रा से प्रेम संबंध था। दोनों को साथ देखने के बाद छात्रा के चाचा और भाई ने उसकी पिटाई कर दी थी। आरोप है कि छात्रा का मोबाइल भी छीन लिया गया, जिसके बाद दोनों की बातचीत बंद हो गई। इसी बात से नाराज होकर संजीत ने अपने दोस्त चंदन से संपर्क किया। पुलिस के अनुसार, चंदन ने 5 हजार रुपये में काम कराने की बात कही थी। 21 सितंबर को छात्रा अपनी बहन के साथ साइकिल से मनोहर छपरा स्कूल जा रही थी। इसी दौरान दोपहर करीब 12 बजे दोनों पर ब्लेड से हमला किया गया। पुलिस के मुताबिक, संजीत ने पूछताछ में बताया कि हमले के बाद चंदन ने मोबाइल पर इसकी रिकॉर्डिंग उसे भेजी और कहा कि काम हो गया है। संजीत ने पुलिस को यह भी बताया कि वह ब्लेड से हमला करने वाले व्यक्ति को नहीं जानता और उसके बारे में चंदन ही जानकारी रखता है। इस मामले में पुलिस ने संजीत को गिरफ्तार कर पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। अब पुलिस उसके दोस्त चंदन और कथित भाड़े के हमलावर की तलाश में छापेमारी कर रही है। एसडीपीओ पश्चिमी-1 सुचित्रा कुमारी के अनुसार, मामले में एक आरोपी और कथित मास्टरमाइंड को गिरफ्तार किया जा चुका है। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कार्रवाई जारी है।



पुलिस गिरफ्त मे छात्रा का प्रेमी।

# कांटी में तिरहुत बैतरणी नहर का बांध टूटा

## कांटी विधानसभा क्षेत्र के मड़वन प्रखंड अंतर्गत रक्सा गांव के समीप, सैंकड़ो एकड़ खेत जलमग्न

**कांटी (एनएसबी)।** कांटी विधानसभा क्षेत्र के मड़वन प्रखंड अंतर्गत रक्सा गांव के समीप तिरहुत बैतरणी नहर का बांध का लगभग 40 फीट हिस्सा शनिवार की देर रात क्षतिग्रस्त हो गया। रविवार को अहले सुबह स्थानीय लोगों को बांध टूटने की सूचना मिलते हीं मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई।

वही, स्थानीय लोगों ने इसे असामाजिक तत्वों की करतूत बताते हुए कहा कि असामाजिक तत्वों ने दूसरी बार बांध तोड़ दिया है। सूचना उपरांत पानापुर करीयात थानेदार मुकेश कुमार पूरे दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे तथा मामले की तफ्तीश की। मामले की जानकारी के बाद एडीएम आपदा प्रबंधन शैलेश कुमार चौधरी ने मामले को संज्ञान में लेते हुए तत्काल विभागीय अधिकारियों व कर्मियों को मौके पर जाकर टूटे बांध की मरम्मत कराने का निर्देश दिया। इसके बाद सम्बंधित विभागीय पदाधिकारी एवं कर्मचारी मौके पर पहुँचे एवं मरम्मती कार्य तत्काल शुरू करवाया।



रक्सा गांव में टूटा तिरहुत वैतारनी नहर का बांध।

**एसडीएम व एसडीपीओ ने निरीक्षण के पश्चात बांध काटने की आशंका जताई**

**बांध काटने वाले असमाजिक तत्वों की पहचान कर सख्त कार्रवाई के निर्देश**

वहीं नहर का बाँध टूटने की सुचना पर एसडीएम पश्चमी स्नेहा कुमारी एवं एसडीपीओ पश्चमी वन सुचित्रा कुमारी भी मौके पर पहुंचकर स्थल का निरीक्षण किया। निरिक्षण के दौरान एसडीओ पश्चिमी ने बांध टूटने की आशंका को नकारते हुए असामाजिक तत्वों द्वारा बाँध काटे जाने की बात कही। साथ हीं उन्होंने संबंधित थाना पुलिस को मामले की जांच कर तथा घटना में शामिल असामाजिक तत्वों की पहचान कर मामले मे सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया है। साथ ही उन्होंने बांध की निगरानी और पुलिस गस्ती बढ़ाने को कहा है। साथ ही स्थानीय ग्रामीणों से भी अपील की गई है कि बांध तोड़ने वाले असामाजिक तत्वों की पहचान मे वे प्रशासन का सहयोग करें। सहयोग करने वाले लोगों के नाम की पहचान गुप्त रखी जायेगी। उधर नहर का बांध टूटने से क्षेत्र के सैंकड़ो एकड़ खेत मे लगी फसल डूब गईं है और किसानों को काफी नुकसान होने की संभावना जताई जा रही है।

## बैरिया बस स्टैंड से 28 किलो गांजा बरामद, वैशाली का तस्कर गिरफ्तार

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान अहियापुर थाना पुलिस ने रविवार को गुप्त सूचना के आधार पर बैरिया बस स्टैंड परिसर में छापेमारी कर 28.06 किलोग्राम गांजा के साथ एक अंतरजिला तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपित की पहचान वैशाली जिले के भगवानपुर निवासी मिथुन कुमार के रूप में हुई है।

यह जानकारी देते हुए एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने बताया कि नगर एसडीपीओ-2 के निर्देश पर गठित विशेष टीम को सूचना मिली थी कि कुछ लोग बस के जरिए मादक पदार्थों की खेप दूसरे राज्यों में ले जाने की तैयारी में हैं। सूचना के बाद पुलिस टीम ने बैरिया बस स्टैंड में घेराबंदी कर जांच शुरू की। इसी दौरान पुलिस को देखकर एक युवक भागने लगा। वहीं पुलिस के जवानों ने पीछा कर उसे पकड़ लिया।

तलाशी के दौरान आरोपित के बैग और पैकेटों से 28.06 किलो गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने उसके पास से एक मोबाइल फोन भी जब्त किया है। मामले की जांच के लिए मोबाइल के कॉल रिकॉर्ड और व्हाट्सअप चैट की पड़ताल की जा रही है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि गांजे की खेप कहां से लाई गई थी और इसे मुजफ्फरपुर या आसपास के किन इलाकों में पहुंचाया जाना था।




गांजा तस्कर की गिरफ्तारी की जानकारी देते एसएसपी।

पुलिस को आशंका है कि आरोपित के संपर्क अंतरप्रांतीय मादक पदार्थ तस्करी नेटवर्क से हो सकते हैं। तकनीकी जांच के आधार पर नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान की जा रही है। इस मामले में अहियापुर थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। गिरफ्तार आरोपित से पूछताछ जारी है और उसकी निशानदेही पर जिले में सक्रिय अन्य गांजा तस्करों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

## कटरा में तोखा सिंह बांध पर मंडरा रहा खतरा, बांध के ऊपर से बह रहा पानी

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** जिले के कटरा प्रखंड क्षेत्र की तेहवारा पंचायत के बुधकारा स्थित तोखा सिंह बांध पर जलस्तर बढ़ने के साथ खतरा मंडराने लगा है। बांध के ऊपर से पानी बहने की सूचना के बाद आसपास के गांवों में चिंता बढ़ गई है। ग्रामीणों को संभावित बाढ़ और बांध के क्षतिग्रस्त होने की आशंका सताने लगी है।

स्थानीय निवासी रूपेश कुंवर ने बताया कि बांध की जर्जर स्थिति को लेकर करीब पांच महीने पहले ही वीडियो बनाकर सोशल मीडिया के माध्यम से प्रशासन को आगाह किया गया था। उस समय जलस्तर कम था और बांध की मरम्मत व सुरक्षा के लिए पर्याप्त समय उपलब्ध था। ग्रामीणों का आरोप है कि इसके बावजूद समय रहते बांध की मरम्मत या मजबूती के लिए ठोस कदम नहीं उठाए गए।

ग्रामीणों के अनुसार, बांध की स्थिति की जानकारी कटरा की तत्कालीन अंचलाधिकारी को फोन के माध्यम से भी दी गई थी। बांध से संबंधित वीडियो भी उन्हें भेजे जाने का दावा किया गया है। अब जलस्तर बढ़ने के बाद बांध के ऊपर से पानी का बहाव शुरू होने से लोगों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि पानी का दबाव लगातार बढ़ा तो बांध को नुकसान पहुंच सकता है, जिससे आसपास के गांव प्रभावित हो सकते हैं। लोगों ने जिला प्रशासन से तत्काल अधिकारियों और तकनीकी टीम को मौके पर भेजकर बांध का निरीक्षण कराने, पानी के बहाव को नियंत्रित करने तथा जरूरत के अनुसार बांध को मजबूत कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि पांच महीने पहले दी गई चेतावनी पर समय रहते कार्रवाई होती तो मौजूदा स्थिति को टाला जा सकता था।



कटरा में बाँध से उपटकर बह रहा बागमती का पानी।

## दोस्तों के साथ फिल्म देखने गए किशोर का दो दिन बाद बूढ़ी गंडक में मिला शव

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** सिकंदरपुर थाना क्षेत्र के सिकंदरपुर घाट के समीप रविवार को बूढ़ी गंडक नदी में तैरता हुआ एक लापता किशोर का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक किशोर की पहचान पूर्वी चंपारण के राजेपुर थाना क्षेत्र के निवासी मदन साह के पुत्र संकेत आर्य (16) के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, मृतक छात्र दो दिन पहले अपने दोस्तों के साथ फिल्म देखने के लिए निकला था, जिसके बाद वह वापस नहीं लौटा। रविवार को छात्र का शव मिलने के बाद परिजन आक्रोशित हो गए और हत्या की आशंका जताते हुए जमकर हंगामा किया।

मृतक के परिजनों के आक्रोश को देखते हुए आनन-फानन में पुलिस और एसडीपीओ टाउन-1 सुरेश कुमार मौके पर पहुंचे और मामले में आगे की कार्रवाई शुरू कर दी। घटना को लेकर मृतक के परिजनों ने बताया कि संकेत दो दिन पहले ही गायब हुआ था। मृतक छात्र वर्तमान में 12वीं की पढ़ाई पूरी करने के बाद शहर के सिकंदरपुर थाना क्षेत्र के हनुमंत नगर में किराये के मकान में रहकर पढ़ाई करता था। 25 तारीख को वह अपने दोस्तों के साथ फिल्म देखने गया था। इसके बाद वह घर वापस नहीं लौटा। मामले की जानकारी मिलने के बाद परिजनों को पता चला कि छात्र अपने दो दोस्तों के साथ निकला था। इसके बाद परिजनों ने 25 तारीख की रात सिकंदरपुर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस जांच में जुट गई। पुलिस जांच के दौरान पता चला कि वह अपने दो दोस्तों के साथ गया था और इसके बाद से ही गायब था। वहीं रविवार को उसका शव बूढ़ी गंडक नदी के पास मिला। परिजनों ने आशंका जताई है कि संकेत की हत्या कर दी गई है और हत्या के बाद सभी मौके से फरार हो गए। परिजनों ने पुलिस से मामले में जल्द से जल्द आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की है।इस पूरे मामले में एसडीपीओ टाउन-1 सुरेश कुमार ने बताया कि पूर्वी चंपारण जिले के राजेपुर थाना क्षेत्र का रहने वाला एक किशोर सिकंदरपुर थाना क्षेत्र में रहकर पढ़ाई करता था और वह लापता था। उसका शव आज बूढ़ी गंडक नदी से बरामद किया गया है। प्रथम दृष्टया डूबने से मौत की बात सामने आई है। मृतक के परिजनों ने उसके दोस्तों पर हत्या का आरोप लगाया है।



मृतक लापता किशोर का फाइल फोटो।


**कार्यालय ग्राम पंचायत राज बकटपुर**

**प्रखण्ड –काँटी, मुजफ्फरपुर**

पत्रांक : 52

**आम सूचना**

ग्राम पंचायत राज बकटपुर के सभी नागरिकों /आम जनता को सूचित किया जाता है कि पंचायती राज विभाग (बिहार सरकार) के पत्रांक 3 प/15वें वि.आ.–17–18/2022/ 8598/ पं0रा0 पटना दिनांक 27/07/2023 के आलोक में पंचायत सरकार भवन एवं अन्य परिसंपत्तियों की साफ–सफाई एवं सुरक्षा के लिए एक (01) सफाई कर्मी –सह–सुरक्षाकर्मी की बहाली हेतु आवेदन करें। विशेष जानकारी के लिए पंचायत कार्यालय में सम्पर्क करें।

आवेदन करने की तिथि– 26.09.2026 से 01.10.2026 तक

निवेदक–
मुखिया/पं0 सचिव
बकटपुर, काँटी, मुज0

## संक्षिप्त खबरें

### एक लाइसेंस पर दो राज्यों से हथियार खरीदने के आरोप में आर्म्स लाइसेंस निलंबित

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** कांटी थाना क्षेत्र के दामोदरपुर निवासी मो अली असगर का आर्म्स लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। शस्त्र लाइसेंस से संबंधित तथ्यों को छिपाने और लाइसेंस की शर्तों के उल्लंघन के आरोप में यह कार्रवाई की गई है। साथ ही संबंधित शस्त्र को जब्त करने का आदेश दिया गया है। पुलिस रिपोर्ट के अनुसार, मो अली असगर ने कथित तौर पर एक ही आर्म्स लाइसेंस का इस्तेमाल करते हुए नगालैंड के साथ-साथ बिहार से भी शस्त्र खरीदा। आरोप है कि इस संबंध में उन्होंने जिला दंडाधिकारी, लाइसेंसिंग प्राधिकार या संबंधित थाना को कोई जानकारी नहीं दी। कांटी थाना के पुलिस अवर निरीक्षक बिदुर कुमार की रिपोर्ट के आधार पर दीमापुर, नगालैंड के पुलिस आयुक्त की ओर से यह कार्रवाई की गई है। रिपोर्ट में लाइसेंस की शर्तों के उल्लंघन और तथ्यों को छिपाने का उल्लेख किया गया है। अली असगर के खिलाफ कांटी थाने में पूर्व से आपराधिक मामला दर्ज होने की भी बात सामने आई है। एक ही लाइसेंस पर दो अलग-अलग राज्यों से शस्त्र लेने के मामले को आर्म्स एक्ट के प्रावधानों के तहत गंभीरता से लिया गया है। कार्रवाई के तहत अली असगर को कारण बताओ नोटिस जारी कर 30 दिनों के भीतर स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया गया है। उनसे पूछा गया है कि नियमों के उल्लंघन के आरोप में उनका आर्म्स लाइसेंस पूरी तरह रद्द क्यों नहीं किया जाए। निर्धारित अवधि में संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर लाइसेंस रद्द करने की कार्रवाई की जा सकती है।

### 'माई भारत' के युवाओं का हेल्थ चेकअप

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जाँच एवं उपचार—चिकित्सा आपके द्वार अभियान के तहत रविवार को माई भारत संस्था के युवाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।



अभियान के दौरान मधुमेह, रक्तचाप, सामान्य कैंसर, हृदय रोग, सांस एवं फेफड़े तथा फैटी लिवर की स्क्रीनिंग प्रमुख रूप से की गई। सदर अस्पताल से लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर तक आयोजित स्वास्थ्य जांच में युवाओं का बीपी, शुगर समेत विभिन्न पैथोलॉजिकल जांच, एक्स-रे एवं ईसीजी भी किया गया। जांच के बाद सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. मनोज कुमार एवं गैर-संचारी रोग पदाधिकारी डॉ. सुरेन्द्र कुमार ने युवाओं को आवश्यक उपचार एवं दवा लेने की सलाह दी। अधिकारियों ने नियमित स्वास्थ्य जांच को गंभीर बीमारियों की समय रहते पहचान और उपचार के लिए महत्वपूर्ण बताया।

### डॉ राजीव कुमार काजू ने 62वीं बार रक्तदान कर गर्भवती महिला की बचाई जान

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** मानव सेवा और रक्तदान के प्रति समर्पण की मिसाल पेश करते हुए वरिष्ठ समाजसेवी कांग्रेस सेवा दल के राष्ट्रीय प्रशिक्षक एवं प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि लायन



डॉ. राजीव कुमार काजू ने सीतामढ़ी सदर अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में 62 वीं बार स्वैच्छिक रक्तदान किया। उनके रक्तदान से जरूरतमंद गर्भवती महिला के उपचार में रक्त की आवश्यकता पूरी करने में मदद मिली। डॉ. काजू ने कहा कि रक्तदान महादान है। एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद मरीज के लिए जीवन बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने स्वस्थ लोगों से नियमित रूप से स्वैच्छिक रक्तदान करने और समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने की अपील की। इस अवसर पर ब्लड बैंक कर्मी मो. शमीम, समाजसेवी संजय कुमार गुप्ता, डॉ राहुल दिवेदी, अभिषेक रंजन लायन संजय शर्मा, प्रो. डॉ ज्योति प्रभा, आकाश संगम रितेश रमन, पंकज रमन, लायन मनमोहन कौशिक एवं अन्य उपस्थित लोगों ने डॉ. काजू के निरंतर रक्तदान के लिए उनका उत्साहवर्धन किया।

### होमी भाभा कैंसर अस्पताल अनुसंधान केंद्र द्वारा रक्तदान एवं कैंसर जागरूकता अभियान

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा तिरहुत कॉलेज आफ फिजिकल एजुकेशन परिसर में आयोजित युवा आपदा मित्र आवासीय प्रशिक्षण शिविर के दौरान होमी भाभा कैंसर अस्पताल अनुसंधान केंद्र मुजफ्फरपुर



के सहयोग से रविवार को रक्त दान एवं कैंसर जागरूकता अभियान के अंतर्गत सभी छात्रों को डाक्टर प्रदीप बनर्जी (एचओडी ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन), राकेश पाण्डेय (मेडिकल सोशल सर्विस ऑफिसर), आशीष कुमार एवं (मेडिकल सोशल सर्विस ऑफिसर) द्वारा कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक विशेष जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। सत्र में कैंसर रिसर्च सेंटर से आई विशेषज्ञ टीम ने प्रतिभागियों को कैंसर के कारणों, जोखिम कारकों, बचाव के उपायों तथा समय रहते इसकी पहचान और उपचार के महत्व की जानकारी दी। विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को बताया कि कैंसर के कई प्रकारों से बचाव के लिए स्वस्थ जीवनशैली अपनाना, तंबाकू एवं नशीले पदार्थों से दूरी बनाए रखना, संतुलित आहार लेना तथा समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराना आवश्यक है। साथ ही कैंसर के कारण व्यक्ति एवं परिवार पर पड़ने वाले स्वास्थ्य, सामाजिक एवं आर्थिक प्रभावों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी एवं कैंप समन्वयक प्रो रंजन कुमार ने कहा कि युवाओं के बीच स्वास्थ्य एवं रोगों की रोकथाम को लेकर जागरूकता फैलाना ऐसे प्रशिक्षण शिविरों का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

# बाढ़ की भ्रामक सूचना पर प्रशासन सख्त

## पुराने वीडियो प्रसारित करने वाले सोशल मीडिया प्रोफाइल पर होगी कार्रवाई

**जिले के महत्वपूर्ण तटबंध सुरक्षित, नदियों के जलस्तर और तटबंधों की लगातार की जा रही है निगरानी**

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** बेलसंड क्षेत्र में बागमती नदी का तटबंध टूटने और बाढ़ की स्थिति से संबंधित पुराने वीडियो एवं भ्रामक सामग्री को वर्तमान घटना के रूप में सोशल मीडिया पर प्रसारित किए जाने को जिला प्रशासन ने गंभीरता से लिया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि प्रसारित वीडियो वर्तमान स्थिति से संबंधित नहीं है और इससे आम लोगों में अनावश्यक भय एवं भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

जिला प्रशासन के अनुसार, जिले के महत्वपूर्ण तटबंध सुरक्षित हैं तथा नदियों के जलस्तर और तटबंधों की लगातार निगरानी की जा रही है। 27 सितंबर की शाम छह बजे तक उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार कई स्थानों पर नदियों का जलस्तर बढ़ रहा है। ढेंग में बागमती का जलस्तर 71.76 मीटर, सोनाखान में 69.70 मीटर, डुबाधार में 61.26 मीटर, चंदेली में 58.97 मीटर, कटौंझा में 55.90 मीटर तथा गोआबाड़ी में 71.50 मीटर दर्ज किया गया। सोनबरसा में झीम नदी का जलस्तर 81.25 मीटर रहा। प्रशासन द्वारा स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।

इधर, रुन्नीसैदपुर प्रखंड के कटौंझा के समीप बागमती नदी में 11 केवी बलुआ फीडर का एक विद्युत पोल गिरने की सूचना पर जिलाधिकारी के निर्देश पर



रुन्नीसैदपुर के कटौंझा के समीप बागमती नदी में मुस्तैद एसडीआरएफ की टीम।

एसडीआरएफ की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। एसडीआरएफ एवं विद्युत विभाग की टीम संयुक्त रूप से आवश्यक कार्रवाई कर रही है। विद्युत आपूर्ति और सुरक्षा के दृष्टिकोण से जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। प्रशासन ने कहा है कि संबंधित सोशल मीडिया प्रोफाइल एवं प्रसारित सामग्री की जांच कर प्रोफाइल संचालक की पहचान/ट्रेसिंग की जा रही है। आपदा प्रबंधन से संबंधित लागू विधिक प्रावधानों के तहत विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि बाढ़, तटबंध टूटने या अन्य आपदा से जुड़ी किसी भी सूचना को बिना सत्यापन सोशल मीडिया पर साझा न करें। केवल जिला प्रशासन एवं अधिकृत सरकारी माध्यमों से प्राप्त सूचनाओं पर भरोसा करें। प्रशासन ने कहा कि अपुष्ट सूचनाओं के प्रसार से अनावश्यक भय के साथ-साथ विधि-व्यवस्था की स्थिति भी प्रभावित हो सकती है।

## एस-ड्राइव के तहत जिले में पुलिस ने चलाया सघन वाहन जांच अभियान



**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** पुलिस अधीक्षक के निदेशानुसार अपराध नियंत्रण एवं विधि-व्यवस्था संधारण हेतु रविवार को रात्रि 09:00 बजे से 10:00 बजे तक जिलांतर्गत एस-ड्राइव के तहत सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी/पुलिस उपाधीक्षक, अंचल निरीक्षक एवं थानाध्यक्षों के नेतृत्व में पुलिस टीमों द्वारा प्रमुख मार्गों, संवेदनशील क्षेत्रों एवं महत्वपूर्ण स्थानों पर सघन वाहन जांच की गई। जांच के क्रम में संदिग्ध वाहनों एवं व्यक्तियों का सत्यापन, वाहनों के आवश्यक दस्तावेजों की जांच तथा यातायात नियमों के अनुपालन की स्थिति का जायजा लिया गया। साथ ही, क्षेत्र में तैनात गश्ती वाहनों की सक्रियता एवं गश्ती व्यवस्था की प्रभावशीलता की भी जांच की गई तथा संबंधित को क्षेत्र में सतत निगरानी, प्रभावी गश्ती एवं अपराध की रोकथाम हेतु आवश्यक सतर्कता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

## गांधीजनों ने सीतामढ़ी शहर में प्रभातफेरी निकाल कर जहां-जहां गांधी जी आये थे, उन स्थलों के किये दर्शन

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** अखिल भारत सर्वोदय मंडल की राष्ट्रीय कार्यसमिति में आये पदाधिकारी, सदस्य तथा सीतामढी सर्वोदय मंडल के साथियों ने भीषण वर्षा के बीच संयुक्त रूप से सीतामढी शहर में सुबह 6 बजे से तिरंगा तथा बैनर के साथ एक प्रभातफेरी निकाला। यह प्रभातफेरी पासवान चौक हिसारिया विवाह भवन से निकला तथा सर्वोदय तथा सामाजिक साथियों द्वारा पुनर्जीवित लक्ष्मणा नदी का अवलोकन किया। प्रभातफेरी में गांधीजनों ने सीतामढी शहर के उन स्थानों का भी दर्शन किया जहां-जहां गांधी जी 1927 तथा 1934के भूकंप में आये थे। प्रभातफेरी के क्रम मे गांधीजन रेलवे-स्टेशन सीतामढी पहुंचे जहां गांधी जी ने प्रार्थना सभा की थी फिर स्वराज आश्रम (ठाकुर नबाब सिंह के घर) का दर्शन किया जहां आश्रम नहीं अब दूकानें हैं।वहां से श्रद्धानंद अनाथालय पंहुचे जिसका शिलान्यास बाबा नरसिंह दास जी ने बापू से कराया था फिर गांधीजन




सीतामढी शहर में में निकले प्रभातफेरी में शामिल गांधीजन व अन्य।

खादी भण्डार पहुंचे वहां भी गांधी जी आये थे। प्रभातफेरी में विभिन्न प्रदेशों से आये सेवाग्राम आश्रम प्रतिष्ठान के अध्यक्ष आवा काम्बले, प्रबंधक ट्रस्टी महादेव विद्रोही, महामंत्री डा. आनन्द किशोर, प्रो. मो. आरिफ, मंत्री विजय भाई, चन्द्रभूषण, धर्मेंद्र सिंह, सीमा कुमारी, विश्वनाथ आजाद, राधेश्याम, विशाल अग्रवाल, अरूण भारतीय, अवधेश यादव, अमरेन्द्र राय, अश्विनी मिश्र, नन्दकिशोर मंडल, रामप्रमोद मिश्र, विजय कुमार पाण्डेय, विजय शुक्ला, मदनमोहन ठाकुर, रामसुरेश तिवारी, डा. विमलेश कुमार, जगदीश साह, श्याम बिहारी पंडित, डा. नवल किशोर प्रसाद यादव, सहित सैकड़ो गांधीजन शामिल हुए।

## मेहसौल रेलवे गुमटी पर आरओबी निर्माण को लेकर यातायात में बदलाव

## 27 सितंबर से 15 अक्टूबर और 23 अक्टूबर से 5 नवंबर तक लागू रहेगा डायवर्जन

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** मेहसौल रेलवे गुमटी (एलसी-56) पर आरओबी के पहुंच पथ निर्माण के क्रम में पांच पाइल कैप के शेष निर्माण कार्य को पूरा कराने के लिए यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। अनुमंडल कार्यालय, सीतामढ़ी सदर की ओर से जारी संयुक्त आदेश के अनुसार आजाद चौक से हुसैना चौक के बीच सभी प्रकार के वाहनों का परिचालन निर्धारित अवधि में बंद रहेगा।

आदेश के मुताबिक 27 सितंबर से 15 अक्टूबर 2026 तक तथा 23 अक्टूबर से 5 नवंबर 2026 तक आजाद चौक से हुसैना चौक के बीच वाहनों का परिचालन बंद रहेगा। निर्माण अवधि में सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए दंडाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति भी की गई है। वैकल्पिक यातायात व्यवस्था के तहत रेलवे स्टेशन से आने वाले सभी प्रकार के वाहन सोनबरसा पथ होते हुए एनएच तक जाएंगे। वहीं, कांटा चौक से आने वाले वाहन अमघटा होते हुए शंकर चौक तक परिचालित होंगे।

हुसैना चौक पर कनीय अभियंता, मनरेगा, डुमरा के राजेश कुमार एवं ग्रामीण प्रसार कार्यकर्ता डुमरा के सुनील कुमार को दंडाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्त किया गया है। आजाद चौक के पास कनीय अभियंता, विद्युत भवन निर्माण विभाग, सीतामढ़ी के मिथुन कुमार तथा बीएफटी मनरेगा, डुमरा के रंजीत कुमार साफी की प्रतिनियुक्ति की गई है। दोनों स्थानों पर पुलिस केन्द्र, सीतामढ़ी से पुलिस बल की तैनाती रहेगी। संयुक्त आदेश में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को अपने स्थान के 500 मीटर की परिधि में यातायात व्यवस्था को नियंत्रित रखने का निर्देश दिया गया है। साथ ही पुलिस को भीड़ नियंत्रण एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने को कहा गया है।

## 11 कोषांग संभालेंगे चुनाव की कमान

### बूथ से लेकर कंट्रोल रूम तक तैयारियां तेज

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** तिरहुत स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। मतदान केंद्रों की व्यवस्था से लेकर मतदान कर्मियों की तैनाती, प्रशिक्षण, मतपेटिका, निर्वाचन सामग्री, वाहन और आदर्श आचार संहिता के अनुपालन तक की जिम्मेदारी 11 अलग-अलग कोषांगों को सौंपी गई है। शुक्रवार को सहायक निवार्ची पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया ने सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारियों के साथ बैठक कर अब तक की तैयारियों की समीक्षा की।

उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि निर्वाचन से जुड़ा कोई भी काम अंतिम समय के भरोसे नहीं छोड़ा जाए और सभी व्यवस्थाएं समय से पहले पूरी कर ली जाएं। बैठक में मतदान केंद्रों के प्रस्ताव और वहां उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं की समीक्षा की गई। इसके साथ ही मतदान कर्मियों की आवश्यकता और उपलब्धता, कर्मियों के प्रशिक्षण, मतदान केंद्रों के अनुरूप मतपेटिकाओं की उपलब्धता, निर्वाचन सामग्री के आकलन एवं खरीद तथा वाहनों की जरूरत और उपलब्धता की जानकारी ली गई। डीएम ने निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार सभी तैयारियां समयबद्ध तरीके से पूरी करने का निर्देश दिया। निर्वाचन व्यवस्था के तहत माइक्रो ऑब्जर्वर की नियुक्ति, डिस्पैच सेंटर के चिह्नांकन और वहां जरूरी सुविधाओं की भी समीक्षा हुई। मतदान केंद्रों की वीडियोग्राफी, कम्यूनिकेशन प्लान और अन्य लॉजिस्टिक व्यवस्थाओं को लेकर भी पदाधिकारियों को जिम्मेदारी तय कर काम पूरा करने को कहा गया।

डीएम ने निर्वाचन के सफल संचालन के लिए जिला स्तर पर कंट्रोल रूम गठित करने का निर्देश दिया है। चुनाव या एमसीसी से जुड़ी जानकारी और शिकायत के लिए आमजन 1950, 06226-796197 और 06226-295421 पर संपर्क कर सकते हैं। 11 कोषांगों के जरिए चुनावी मशीनरी को अलग-अलग जिम्मेदारियों में बांटा गया है। इससे मतदान केंद्र, कर्मी, सामग्री, वाहन और आदर्श आचार संहिता जैसी व्यवस्थाओं की अलग-अलग मॉनिटरिंग होगी। खास फोकस एमसीसी शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई और कंट्रोल रूम के जरिए सूचना-तंत्र मजबूत रखने पर है।

## एसपी ने देर रात जिला के विभिन्न थाना क्षेत्रों का किया औचक निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** पुलिस अधीक्षक अमित रंजन द्वारा अपराध नियंत्रण एवं विधि-व्यवस्था के प्रभावी संधारण हेतु रविवार रात्रि 09:00 बजे से 10:00 बजे तक संचालित विशेष समकालीन वाहन जांच अभियान के दौरान जिला के विभिन्न थाना क्षेत्रों का औचक निरीक्षण किया गया।

इस क्रम में डुमरा, पुनौरा, मेहसौल, परसौनी, नगर एवं रीगा रोड क्षेत्र का भ्रमण कर सघन वाहन जांच, पुलिस गश्ती एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। पुलिस पदाधिकारियों एवं बलों की तैनाती तथा गश्ती वाहनों की सक्रियता की समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को सतर्कता के साथ प्रभावी गश्ती एवं सघन निगरानी सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।




औचक निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक अमित रंजन ।

## फिजियोथेरेपी के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए नई दिल्ली में सम्मानित हुए डॉ. एमएन रहमान

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** नई दिल्ली के यशोभूमि सम्मेलन केंद्र में 26 और 27 सितंबर को आयोजित विश्व फिजियोथेरेपी एशिया-वेस्टर्न पैसिफिक क्षेत्रीय सम्मेलन 2026 में सीतामढ़ी के फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. एमएन रहमान को सम्मानित किया गया। साहू चौक, डुमरा रोड स्थित ओएसिस फिजियोथेरेपी एवं पुनर्वास केंद्र के डॉ. रहमान को फिजियोथेरेपी के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए महत्वपूर्ण योगदान सम्मान प्रदान किया गया। सम्मेलन में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता समेत भारत और विभिन्न देशों से फिजियोथेरेपिस्ट, शोधकर्ता, शिक्षाविद एवं स्वास्थ्य विशेषज्ञ शामिल हुए। सम्मेलन के दौरान फिजियोथेरेपी में नवीनतम शोध, आधुनिक उपचार पद्धतियों, पुनर्वास तकनीकों और वैज्ञानिक प्रगति पर व्यापक चर्चा हुई। वैज्ञानिक प्रस्तुतियों के सत्र में डॉ. रहमान को विशिष्ट निर्णायक के रूप में भी सम्मानित किया गया। उन्होंने वैज्ञानिक प्रस्तुतियों के मूल्यांकन में अपनी भूमिका निभाई। कार्यक्रम में मरीजों की कार्यक्षमता बहाल करने, आधुनिक पुनर्वास तकनीकों और स्वास्थ्य सेवाओं में फिजियोथेरेपी की बढ़ती भूमिका पर विचार-विमर्श किया गया। अंतरराष्ट्रीय स्तर के इस सम्मेलन में डॉ. रहमान को मिला सम्मान सीतामढ़ी और बिहार के फिजियोथेरेपी क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। सम्मान मिलने पर डॉ. रहमान ने अपने शिक्षकों, वरिष्ठ सहयोगियों, मित्रों और फिजियोथेरेपी समुदाय के प्रति आभार व्यक्त किया।



कार्यक्रम में सम्मान प्राप्त करते डॉ. एमएन रहमान।

## तिरहुत स्नातक चुनाव को लेकर एनडीए की बड़ी बैठक, अभिषेक झा के चुनाव अभियान पर बनी रणनीति

# कृषि मंत्री विजय सिन्हा सहित विधायक व जिलाध्यक्षों ने किया मंथन

**मुजफ्फरपुर (दैनिक नवसंदेश)।** तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव को लेकर एनडीए ने अपनी संगठनात्मक तैयारियां तेज कर दी हैं। शनिवार को होटल श्री इंटरनेशनल, मुजफ्फरपुर में आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में एनडीए समर्थित जदयू प्रत्याशी ई. अभिषेक झा के चुनाव अभियान को लेकर गठबंधन के वरिष्ठ नेताओं ने व्यापक विचार-विमर्श किया। बैठक में बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सह वर्तमान कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा की गरिमामयी उपस्थिति विशेष रही।

बैठक में तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव प्रभारी सह वैशाली विधायक सिद्धार्थ पटेल सहित एनडीए के पांचों घटक दलों के जिलाध्यक्षों,



तिरहुत स्नातक चुनाव को लेकर एनडीए की बैठक में कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा, ई. अभिषेक झा व घटक दलों के विधायक व अन्य नेता।

विधायकों एवं वरिष्ठ नेताओं ने चुनावी तैयारियों, आपसी समन्वय, स्नातक मतदाताओं से संपर्क तथा बूथ स्तर तक संगठन की सक्रियता बढ़ाने से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की।

बैठक का संचालन भाजपा पूर्वी जिलाध्यक्ष विवेक कुमार ने किया। इसमें जदयू जिलाध्यक्ष अनुपम कुमार, भाजपा पश्चिमी जिलाध्यक्ष हरिमोहन चौधरी, जेडीयू महानगर अध्यक्ष प्रो. अरुण पटेल, लोजपा जिलाध्यक्ष चुलबुल शाही, रालोमो जिलाध्यक्ष रामेश्वर कुशवाहा, हम जिलाध्यक्ष संजर आलम, गायघाट विधायक श्रीमती कोमल सिंह, मीनापुर विधायक अजय कुशवाहा, बोचहां विधायक श्रीमती बेबी कुमारी, सकरा विधायक आदित्य कुमार, कांटी विधायक अजीत कुमार, पूर्व सांसद अजय निषाद, पूर्व मंत्री सुरेश कुमार शर्मा, पूर्व मंत्री राम सूरत राय सहित गठबंधन के अनेक वरिष्ठ नेता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में मुजफ्फरपुर, वैशाली, सीतामढ़ी और शिवहर में गठबंधन के घटक दलों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा स्नातक मतदाताओं तक प्रभावी ढंग से पहुंचने के विभिन्न सुझावों पर विचार किया गया।

ई. अभिषेक झा ने सभी वरिष्ठ नेताओं एवं पांचों घटक दलों के जिलाध्यक्षों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बैठक में मिले सुझावों के अनुरूप आगे के चुनावी कार्यक्रमों को समन्वित ढंग से संचालित किया जाएगा।

## सम्पादकीय

# पुलिसिया कार्यशैली पर उठते सवाल

पुलिस और आम जनता के बीच भरोसे का रिश्ता किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में कानून-व्यवस्था की सबसे मजबूत नींव माना जाता है। जब कोई नागरिक संकट में होता है तो सबसे पहले उसे पुलिस से ही सुरक्षा, निष्पक्षता और त्वरित न्याय की उम्मीद होती है। लेकिन जब पुलिस की कार्यशैली को लेकर लगातार सवाल उठने लगें, शिकायतों के समाधान में देरी हो, पीड़ित को अपनी बात रखने के लिए बार-बार अधिकारियों के दरवाजे खटखटाने पड़ें या कार्रवाई को लेकर लोगों में असमंजस की स्थिति बने, तो स्वाभाविक रूप से पुलिस और जनता के बीच विश्वास की दूरी बढ़ने लगती है।

पुलिस का काम केवल अपराधियों की गिरफ्तारी तक सीमित नहीं है। पुलिस की असली परीक्षा तब होती है, जब वह किसी विवाद, अपराध या संवेदनशील घटना के बीच निष्पक्षता और धैर्य के साथ कानून के अनुसार कार्रवाई करती है। आम नागरिक को यह महसूस होना चाहिए कि उसकी शिकायत को गंभीरता से सुना जा रहा है और कार्रवाई किसी दबाव, प्रभाव या व्यक्तिगत पसंद-नापसंद के आधार पर नहीं, बल्कि उपलब्ध तथ्यों और कानून के आधार पर हो रही है। हाल के दिनों में विभिन्न मामलों को लेकर आम लोगों के बीच पुलिसिया कार्यशैली पर चर्चा होना इसी व्यापक चिंता की ओर संकेत करता है। हालांकि किसी भी मामले में अंतिम निष्कर्ष जांच और न्यायिक प्रक्रिया के बाद ही निकाला जाना चाहिए, लेकिन पुलिस के प्रति पैदा होने वाली धारणा को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। भरोसा केवल कार्रवाई से नहीं बनता, बल्कि कार्रवाई की पारदर्शिता और उसके बारे में समय पर दी गई स्पष्ट जानकारी से भी बनता है।

पुलिस के सामने चुनौतियाँ कम नहीं हैं। सीमित संसाधन, बढ़ता अपराध, राजनीतिक और सामाजिक दबाव, कर्मचारियों की कमी तथा लगातार बढ़ती जिम्मेदारियां पुलिस व्यवस्था के लिए कठिन परिस्थितियां पैदा करती हैं। इसके बावजूद आम नागरिक को कानून के समक्ष समान व्यवहार की अपेक्षा रहती है। पीड़ित चाहे गरीब हो या प्रभावशाली, उसकी शिकायत का मूल्य कानून की नजर में समान होना चाहिए। किसी घटना के बाद पुलिस द्वारा घटनास्थल पर वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाना, एफएसएल की मदद लेना, सीसीटीवी फुटेज खंगालना, प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ करना और तथ्यों के आधार पर कार्रवाई करना निश्चित रूप से आवश्यक है। इसी तरह गिरफ्तारी के मामलों में भी कानून द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन और आरोपों की निष्पक्ष जांच जरूरी है। इससे न केवल जांच मजबूत होती है, बल्कि जनता के बीच भी यह संदेश जाता है कि पुलिस भावनाओं या दबाव के बजाय साक्ष्यों के आधार पर काम कर रही है।

आज के दौर में पुलिस की कार्यशैली पहले से कहीं अधिक सार्वजनिक निगरानी में है। सोशल मीडिया और डिजिटल माध्यमों के कारण किसी घटना की जानकारी तेजी से फैलती है। ऐसे में आधी-अधूरी जानकारी कई बार भ्रम और अविश्वास को जन्म देती है। पुलिस प्रशासन को चाहिए कि संवेदनशील मामलों में तथ्यात्मक और संतुलित जानकारी समय-समय पर सार्वजनिक करे, ताकि अफवाहों की गुंजाइश कम हो। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि पुलिस को आम जनता के बीच अपनी पहुंच और संवाद बढ़ाना होगा। थाना केवल प्राथमिकी दर्ज करने या गिरफ्तारी करने की जगह न होकर नागरिकों की समस्याओं के समाधान का भरोसेमंद केंद्र बनेयह लक्ष्य होना चाहिए। बीट पुलिसिंग, सामुदायिक बैठकें, जनसुनवाई और स्थानीय स्तर पर नियमित संवाद इस दिशा में प्रभावी कदम हो सकते हैं।

पुलिसकर्मियों के व्यवहार का भी इसमें बड़ा महत्व है। थाने पहुंचने वाला प्रत्येक व्यक्ति अपराधी नहीं होता। कोई पीड़ित हो सकता है, कोई गवाह, कोई शिकायतकर्ता तो कोई अपने परिवार की सुरक्षा को लेकर चिंतित नागरिक। इसलिए शिकायतकर्ता के साथ सम्मानजनक व्यवहार और उसकी बात धैर्यपूर्वक सुनना पुलिस की कार्यशैली का अनिवार्य हिस्सा होना चाहिए। जनता को भी यह समझना होगा कि हर शिकायत में तत्काल गिरफ्तारी या मनचाही कार्रवाई संभव नहीं होती। कानून साक्ष्य और निर्धारित प्रक्रिया के आधार पर चलता है। इसलिए पुलिस से जवाबदेही की मांग के साथ नागरिकों की भी जिम्मेदारी है कि वे अफवाहों से बचें, झूठी शिकायत न करें और जांच में सहयोग करें। पुलिस और जनता एक-दूसरे के विरोधी नहीं, बल्कि कानून-व्यवस्था के दो महत्वपूर्ण पक्ष हैं। अपराध के खिलाफ प्रभावी लड़ाई तभी संभव है, जब जनता पुलिस को सूचना देने में सुरक्षित महसूस करे और पुलिस जनता की सूचना को गंभीरता से ले। जहां यह संवाद मजबूत होता है, वहां अपराध की रोकथाम और जांच दोनों अधिक प्रभावी हो सकते हैं। पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों की जिम्मेदारी भी कम नहीं है। यदि किसी थाना क्षेत्र में पुलिस की कार्यशैली को लेकर लगातार शिकायतें सामने आती हैं तो केवल नीचे के स्तर पर कार्रवाई करना पर्याप्त नहीं होगा।

# भारत चल पड़ा है नई औद्योगिक क्रांति के पथ पर



प्रहलाद सबनानी।

भारत में आज एक नई औद्योगिक क्रांति प्रारम्भ हो चुकी है, यह विचार अमेरिका की एक जानी मानी निवेश बैंक - जेफ्रीज ने व्यक्त किये हैं। भारत में, विशेष रूप से डाटा केंद्र स्थापित करने के उद्देश्य से करोड़ों अमेरिकी डॉलर का निवेश होता हुआ दिखाई दे रहा है। भारत में डाटा केंद्र स्थापित करने पर केंद्र सरकार की ओर से टैक्स में भारी भरकम छूट भी प्रदान की जा रही है। अतः भारत में डाटा केंद्र स्थापित करने की तो जैसे होड़ सी मच गई है। पिछले 5 वर्षों के दौरान भारत में डाटा केंद्रों की क्षमता दोगुनी हो चुकी है एवं आगे आने वाले 5 वर्षों के दौरान यह क्षमता बढ़कर 10 जीडब्लू हो जाने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। वैश्विक स्तर पर डाटा केंद्र अब एक महत्वपूर्ण क्षेत्र के रूप में उभर रहा है।

साथ ही, भारत में सेमीकंडक्टर उत्पादन इकाईयों को उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत लाभ प्रदान किया जा रहा है, इसके लिए 1,300 करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि निर्धारित की गई है। इसका परिणाम यह है कि सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में विनिर्माण इकाईयों की स्थापना हेतु भारत में 2,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का निवेश किया जा चुका है, और यह आगे भी जारी हैं।

भारत आज उन चुनिंदा देशों में से एक है, जिनके पास स्पेस क्षेत्र से सम्बंधित नवीनतम तकनीकी उपलब्ध है। भारत में स्पेस क्षेत्र की अर्थव्यवस्था वर्ष 2030 तक 5 गुना तक बढ़ सकती है। वैश्विक स्तर पर एयरो स्पेस के क्षेत्र में मांग एवं आपूर्ति में असंतुलन के चलते भारत लाभ की स्थिति में पहुंच गया है क्योंकि कम लागत और कुशल इंजीनीयरिंग टैलेंट आज भारत में ही सम्भव है।

इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में भारत आज केवल पुर्जो को इकट्ठा कर उत्पाद बनाने का कार्य करने तक सीमित नहीं है बल्कि इस क्षेत्र में उच्चस्तरीय उत्पादों का निर्माण भी करने लगा है। 6 वर्षो में मोबाइल कम्पोनेंट में घरेलू वैल्यू एडीशन लगभग 20 प्रतिशत से बढ़कर 50 प्रतिशत तक होने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है।

सोलर के क्षेत्र में भारत आज वैश्विक स्तर पर दूसरा सबसे बड़ा सोलर पीवी का उत्पादक देश बन गया है। इसका परिणाम यह है कि वर्तमान में भारत की 35 जीडब्लू की सोलर क्षमता चालू है एवं 100 जीडब्लू की क्षमता पर निर्माण कार्य चालू है।

एशिया की सबसे बड़ी 100 कम्पनियों की सूची में आज भारत की 34 कम्पनियां शामिल हो चुकी हैं। कुल मिलाकर, पूर्व में भारत केवल फार्मा, टेक्स्टायल, चमड़ा उत्पाद, कृषि उत्पाद (मसाला, आदि) स्टील, ऑटोमोबील एवं सूचना प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में ही वैश्विक स्तर पर उक्त उत्पादों का निर्यात करने में सफल हो रहा था परंतु आज स्थितियां बदल गई हैं एवं अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों जैसे डाटा केंद्र, सेमीकंडक्टर उत्पादन, स्पेस क्षेत्र, इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र, सोलर क्षेत्र, सुरक्षा क्षेत्र में भी वैश्विक स्तर पर भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है।

भारत में उपलब्ध टैलेंट एवं श्रम के भरोसे विश्व की कई बड़ी कम्पनियों के बीच आज भारत में विशाल वैश्विक योग्यता केंद्रों (जीसीसी) की स्थापना करने की होड़ सी लग गई है। ब्रिटेन में फार्मा के क्षेत्र में कार्य करने वाली कम्पनी - एस्ट्रा जेनेका ने चेन्नई में एक विशाल वैश्विक योग्यता केंद्र की स्थापना की है। बैंक ऑफ अमेरिका ने अपना सबसे बड़ा बैक ऑफिस कार्यालय पुणे में स्थापित किया है, इस बैंक के पूरे विश्व में बैक ऑफिस में कार्य कर रहे 11,000 कर्मचारी इस केंद्र का ब्रेन बन गए हैं। अमेरिका के सबसे पुराने वित्तीय संस्थानों में से एक बैंक ऑफ न्यूयार्क, मेलोन ने पुणे एवं चेन्नई में वैश्विक योग्यता केंद्रों की स्थापना की है। आरटीफिशीयल इंटेलिजेन्स के क्षेत्र में कार्य करने वाली बोस्टन की एक कम्पनी ने फरवरी 2026 में हैदराबाद में विशाल स्तर पर अपने एक अंतरराष्ट्रीय कार्यालय की स्थापना की है।

बेंगलुरु, हैदराबाद, चेन्नई एवं पुणे में आज 1,700 से अधिक वैश्विक योग्यता केंद्र स्थापित किए जा चुके हैं, इन केंद्रों में 19 लाख से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं। भारत आज आउटसोर्सिंग हब से आगे बढ़कर उच्च स्तरीय टैलेंट केंद्र के रूप में स्थापित हो रहा है। भारत में स्थापित किए गए कुल वैश्विक योग्यता केंद्रों में से लगभग 65 प्रतिशत केंद्र अमेरिकी कम्पनियों द्वारा स्थापित किए गए हैं। इन कम्पनियों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में की जा रही रीसर्च का कार्य इन केंद्रों पर सम्पन्न हो रहा है एवं टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में नए नए उत्पादों का निर्माण भी इन्हीं केंद्रों में किया जा रहा है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्य कर रही अमेरिका की ही एक कम्पनी टूब्रिज ने भी फरवरी 2026 में मुंबई में वैश्विक योग्यता केंद्र की स्थापना की है, इस केंद्र को आगे आने वाले समय में और अधिक विस्तार दिया जाने वाला है। इसी प्रकार, बीमा, बैंकिंग, स्वास्थ्य, साइबर सिक्युरिटी, फार्मा एवं सुरक्षा के क्षेत्रों में कार्यरत अनेक कंपनियां भारत में अपने वैश्विक योग्यता केंद्रों की स्थापना कर रही हैं।

> **भारत आज उन चुनिंदा देशों में से एक है, जिनके पास स्पेस क्षेत्र से सम्बंधित नवीनतम तकनीकी उपलब्ध है। भारत में स्पेस क्षेत्र की अर्थव्यवस्था वर्ष 2030 तक 5 गुना तक बढ़ सकती है। वैश्विक स्तर पर एयरो स्पेस के क्षेत्र में मांग एवं आपूर्ति में असंतुलन के चलते भारत लाभ की स्थिति में पहुंच गया है क्योंकि कम लागत और कुशल इंजीनीयरिंग टैलेंट आज भारत में ही सम्भव है। इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में भारत आज केवल पुर्जो को इकट्ठा कर उत्पाद बनाने का कार्य करने तक सीमित नहीं है बल्कि इस क्षेत्र में उच्चस्तरीय उत्पादों का निर्माण भी करने लगा है। 6 वर्षो में मोबाइल कम्पोनेंट में घरेलू वैल्यू एडीशन लगभग 20 प्रतिशत से बढ़कर 50 प्रतिशत तक होने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। सोलर के क्षेत्र में भारत आज वैश्विक स्तर पर दूसरा सबसे बड़ा सोलर पीवी का उत्पादक देश बन गया है।**

पूर्व में, अमेरिका एवं अन्य विकसित देशों को भारत से ब्रेन ड्रेन हो रहा था, परंतु अब परिस्थितियां तेजी से बदल रही हैं एवं अब विशेष रूप से अमेरिका से भारत को रिवर्स ब्रैन ड्रेन होने लगा है क्योंकि ट्रम्प प्रशासन की नीतियों के चलते अन्य देशों से अमेरिका में जाने वाले टैलेंट का अमेरिका में रहना अब मुश्किल हो रहा है।

अमेरिका एवं अन्य यूरोपीयन देशों में पूंजीवाद एवं साम्यवाद की नीतियों के चलते इन देशों में जन्म दर भी लगातार कम हो रही है। इन देशों में समाज में प्रत्येक व्यक्ति केवल अपने आप पर ध्यान केंद्रित किए हुए है। विवाह जैसी अति पवित्र संस्था को पश्चिमी देशों ने केवल मौज मस्ती का माध्यम बना दिया गया है। केवल कामुकता के लिए विवाह नहीं किया जाता है जबकि यह एक सामाजिक जिम्मेदारी है।

भारतीय दर्शन में अपने कुल को आगे बढ़ाने के लिए विवाह को एक पवित्र संस्था माना गया है। जबकि, पश्चिमी देशों में आज विवाह को आवश्यक ही नहीं माना जा रहा है बल्कि वहां के नागरिक लिव इन रिलेशनशिप में भी रहने लगे हैं। इन देशों में तलाक की दर में अतुलनीय वृद्धि दर्ज हो रही है। इन देशों में सामान्य जीवन यापन की लागत बहुत अधिक महंगी हो रही है। साथ ही, पश्चिमी दर्शन में पुनर्जन्म में विश्वास नहीं किया जाता है, जो कुछ भी भोगना है केवल इसी जन्म में सम्पन्न करना है। अतः इन देशों में अपनी पीढ़ी को आगे बढ़ाने के लिए बच्चे पैदा करना आवश्यक नहीं समझा जा रहा है। इन देशों में समाज की जीवन शैली ही इस प्रकार की बन गई है कि केवल अपने आप पर ध्यान केंद्रित करें एवं अपनी काया को किसी प्रकार का कष्ट नहीं होना चाहिए, परिवार पर एवं समाज पर किसी नागरिक का ध्यान बहुत कम है।

पश्चिमी देशों में नागरिक, मैं और केवल मैं किस प्रकार अधिक से अधिक सुखी रह सकता हूं, इस विषय पर अपना पूरा ध्यान केंद्रित किए हुए हैं। यह विशेषताएं पूंजीवाद एवं साम्यवाद पर आधारित अर्थव्यवस्थाओं में बहुत मुखर रूप से उभर का सामने आती है। बच्चे पैदा करने का निर्णय भी बचत एवं खर्च की दृष्टि को सामने रखकर लिया जा रहा है। चूंकि मैं अपने बच्चे पर होने वाले खर्च को वहन नहीं कर सकता हूं अतः मुझे बच्चे पैदा ही नहीं करना है। पश्चिमी देशों में सामान्य परिवार चलाने की लागतें बढ़ती जा रही है अतः परिवार में डबल इनकम नो किड्ज (डिंक) का विचार भी जोर पकड़ता जा रहा है। इन देशों में पूंजीवाद एवं साम्यवाद पर आधारित आर्थिक नीतियों ने नागरिकों को दिमागी तौर पर दिवालिया बना दिया है। इन देशों में नागरिकों का पूरा ध्यान केवल भौतिकवादी विकास पर ही केंद्रित हो गया है। परिवार एवं समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का एहसास समाप्त सा हो गया है।

आज पश्चिमी देशों के नागरिक, विशेष रूप से प्रौढ़ नागरिक, जीवन के अपने अंतिम पलों को सहज बनाने के उद्देश्य से भारत में शिफ्ट हो रहे हैं। भारत की अध्यात्म नगरी ऋषिकेश, हरिद्वार, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड आदि स्थानों पर विकसित देशों के नागरिकों की जैसे बाढ़ सी आ गई है। कुछ देशों के नागरिक गोवा जैसे राज्यों में भी आकर बस रहे हैं। क्योंकि, भारत के इन स्थलों पर उन्हें मानसिक शांति प्राप्त हो रही है। पहिले तो ये विदेशी नागरिक योगा एवं आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त करने के उद्देश्य से भारत आते हैं परंतु यहां आने के उपरांत उन्हें जो आत्मिक शांति प्राप्त होती है, उसके चलते ये लोग भारत में ही बस जाते हैं।

*(लेखक वरिष्ठ अर्थशास्त्री हैं)*
*(ये लेखक के निजी विचार हैं।)*

# साहित्य, कला और संगीत के महान पोषक और सुकवि थे राजा कीर्त्यानंद

**पटना, (दैनिक नवसंदेश)।** बनैली के राजा बहादुर कीर्त्यानंद सिंह कला, संगीत और साहित्य के महान पोषक और स्वयं एक समर्थ कवि थे। अपने दरबार में आहूत कवि-सम्मेलनों में एक-एक कविता पर एक स्वर्ण अशर्फी कवि को दे दिया करते थे। वर्ष में साहित्य सम्मेलन के भवन-निर्माण हेतु दस हजार रूपए की एकमुश्त राशि प्रदान की थी। तब राज्य सरकार की ओर से रूपए की सहायता प्राप्त हुई थी। तब यह देश स्वतंत्र भी नहीं हुआ था और एक तोले के स्वर्ण-आभूषण का मूल्य रूपए हुआ करता था। उनके कार्य-काल में बनैली-राज की कीर्ति दूर-दूर फैली हुई थी। आज उनके जैसे उदार दानियों और संस्कृति-संरक्षकों का अकाल पड़ गया है। यही कारण है कि, आज ये सारस्वत प्रवृतियाँ समाज में हासिए पर चली जा रही हैं।

यह बातें रविवार को बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में आयोजित जयंती समारोह की अध्यक्षता करते हुए, सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कही।



जयंती पर श्रद्धापूर्वक स्मरण किए गए सम्मेलन के पूर्व सभापति और धर्मेंद्र ब्रह्मचारी शास्त्री, हुई लघुकथा-गोष्ठी।

उन्होंने संत-साहित्य के महान अनुशीलन-कर्त्ता और साहित्यकार डा धर्मेंद्र ब्रह्मचारी शास्त्री को भी जयंती पर श्रद्धा-पूर्वक स्मरण किया और कहा कि शास्त्री जी संत-साहित्य के मर्मज्ञ आचार्य थे । प्राचीन हस्तलिखित पांडुलिपियों पर किए गए उनके कार्य, साहित्य-संसार की धरोहर हैं। उनका संपूर्ण जीवन तपश्चर्या का पर्याय था। राष्ट्रभाषा परिषद द्वारा प्रकाशित, संत-साहित्य की उनकी शोध-पुस्तक विश्व के बड़े विश्वविद्यालयों में उपलब्ध है, जिनके पुस्तकालयों में उसका उपयोग शोधार्थियों द्वारा संदर्भ-ग्रंथ के रूप में किया जा रहा है।

जयंती समारोह का आरंभ चंदा मिश्र की वाणी-वंदना से हुआ। इस अवसर पर आयोजित लघुकथा-गोष्ठी में डा पुष्पा जमुआर ने आईना, डा विद्या चौधरी ने गुरु-मंत्र, ई अशोक कुमार ने आफत में रिश्ते, सदानन्द प्रसाद ने गहरी चोट, निर्मला सिंह ने मानवता, इन्दु भूषण सहाय ने दिखावा, सावित्री पाण्डेय ने चीकू-नीकू, अभिराम बुद्धवाहा ने किलकारी , डा कुन्दन लोहानी ने सबक तथा प्रवीर कुमार पंकज ने उम्मीद शीर्षक से अपनी-अपनी लघुकथा का पाठ किया। अतिथियों का स्वागत सम्मेलन के पुस्तकालयमंत्री डा नागेश्वर प्रसाद यादव ने तथा मंच का संचालन डा मनोज गोवर्धनपुरी ने किया।

# कॉलेज दोस्तों को ट्रीट देने से लेकर अपनी पहली खरीदारी तक , सोनी सब के कलाकारों ने याद किया अपना पहला पेचेक

**मुंबई, (दैनिक नवसंदेश)।** पहला पेचेक मिलने का उत्साह ही अलग होता है। रकम से परे, यह अपनी मेहनत से कमाई का एहसास है और उन यादों का प्रतीक है, जो हमेशा साथ रहती हैं। सोनी सब के कलाकार मनीष वाधवा, मुकुल हरीश, इकबाल खान, आभास मेहता और गुलकी जोशी अपने पहले पेचेक और उससे जुड़ी खास यादों को साझा करते हैं।

कॉलेज दोस्तों को ट्रीट देने से लेकर अपनी पहली कमाई माँ के साथ साझा करने तक, कलाकारों ने पहला पेचेक मिलने की खुशी और उत्साह को याद किया। कई लोगों के लिए वह पहला पेचेक स्वतंत्रता का एहसास लेकर आया और उनकी मेहनत को वास्तविक बना दिया।

मनीष वाधवा, जो सोनी सब के हस्तिनापुर के वीर में भीष्म पितामह का किरदार निभा रहे हैं, ने साझा किया, मुझे मेरा पहला पेचेक 1998 में एक टीवी सीरियल में किए गए रोल के लिए मिला था। मुझे याद है कि मैंने पूरा पेचेक अपनी माँ को दे दिया था। यह बहुत साधारण पल था, लेकिन अपनी पहली कमाई उन्हें देने का एहसास बेहद अच्छा था। आज भी मेरे लिए वह याद और मेरा पहला पेचेक बहुत खास है।

मुकुल हरीश, जो सोनी सब के पुष्पा इम्पसिबल में टाइगर का किरदार निभा रहे हैं, ने साझा किया, मेरा पहला पेचेक बहुत बड़ी रकम नहीं था, लेकिन उसे पाना मेरे लिए एक बड़ी उपलब्धि थी। मैं बम्बे में था और जश्न मनाने के लिए उत्साहित था, इसलिए मैंने खुद को ट्रीट देने का फैसला किया और लगभग पूरा पेचेक एक ही बार में खर्च कर दिया। उस उम्र में अपनी कमाई का जश्न मनाना अद्भुत था। पीछे मुड़कर देखता हूँ, तो लगता है कि थोड़ा बचा लेना चाहिए था, लेकिन उस पहले पेचेक ने मुझे एक सबक दिया, जिसे मैं आज भी याद रखता हूँ। उपलब्धि का आनंद लो, लेकिन कल के लिए थोड़ा बचाकर रखो।

इकबाल खान, जो सोनी सब के यादें में डा देव मेहता का किरदार निभा रहे हैं, ने साझा किया, मेरा पहला पेचेक 3,500 रुपए का था, जो मुझे कॉलेज के दिनों में एक पैंट्स ब्रांड के लिए शूट करने पर मिला था। उन्हें सिर्फ पैंट्स की तस्वीरें चाहिए थीं, मेरा चेहरा भी नहीं चाहिए था! उस समय मुझे लगा कि यह बहुत बड़ी रकम है। मैंने उससे किराया और ग्रसरी का खर्च निकाला और निरुलाज में फास्ट फूड खाया। यह बहुत साधारण शुरुआत थी, लेकिन अपनी पहली कमाई का एहसास आज भी याद है।

आभास मेहता, जो सोनी सब के हस्तिनापुर के वीर में जरासंध का किरदार निभा रहे हैं, ने साझा किया, मुझे याद है कि जब मैंने अपना पहला पेचेक लिया, तो मैं बहुत खुश था। सबसे पहले मैंने वह अपनी माँ को दिया। अपनी पहली कमाई उनके साथ साझा करना और उनकी खुशी देखना मेरे लिए बेहद खास था। यह याद मैं हमेशा संजोकर रखूँगा।



गुलकी जोशी, जो सोनी सब के यादें में ड़ सृष्टि अग्रवाल का किरदार निभा रही हैं, ने साझा किया, मेरा पहला पेचेक मुझे तब मिला जब मैं 19 साल का था और कॉलेज में पढ़ रहा था। यह दूरदर्शन के एक शो के लिए था और मुझे लगभग 5,000 रुपए मिले थे। मैं इतना उत्साहित था कि मैंने कॉलेज में अपने सभी दोस्तों को सैंडविच खिलाने का फैसला किया। पीछे मुड़कर देखता हूँ, तो वह रकम भले ही छोटी थी, लेकिन उस उम्र में खुद कमाना और दोस्तों के साथ उसे सेलिब्रेट करना बहुत खास था।

सोनी सब पर यादें, हस्तिनापुर के वीर और पुष्पा इम्पसिबल देखना न भूलें।

# नई धारा द्वारा वर्ष 2026 के पुरस्कारों की घोषणा

## 20वाँ 'उदयराज सिंह स्मृति सम्मान' कथाकार बलराम को

**पटना, (दैनिक नवसंदेश)।** चर्चित साहित्यिक पत्रिका 'नई धारा' द्वारा वर्ष-2026 का 20वाँ उदयराज सिंह स्मृति सम्मान प्रसिद्ध कथाकार बलराम को दिया जाएगा, जिसके तहत उन्हें एक लाख रुपए सहित सम्मान पत्र, स्मृति चिन्ह आदि अर्पित किए जाएँगे। इसके साथ ही चर्चित व्यंग्य लेखक गिरीश पंकज (रायपुर), चर्चित कथा लेखिका रूबी भूषण (पटना) एवं युवा कवि प्रशान्त रमण रवि (चम्बा, हिमाचल प्रदेश) वर्ष -2026 के 'नई धारा रचना सम्मान' से नवाजे जाएँगे, जिसके तहत सभी लेखकों को 25-25 हजार रुपए सहित सम्मान पत्र, प्रतीक चिन्ह आदि अर्पित किए जाएँगे।

इस आशय की घोषणा रविवार को एक 'नई धारा' के प्रधान संपादक डा. प्रमथराज सिंह ने की। उन्होंने बताया कि इन सम्मानों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध लेखक पद्मश्री डा. अशोक चक्रधर की अध्यक्षता में एक चयन समिति बनाई गई थी, जिसके अन्य सदस्य थे प्रसिद्ध गीतकार डा. लक्ष्मीशंकर वाजपेयी और जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डा. देवेन्द्र चौबे।

'नई धारा' के संपादक डा. शिवनारायण ने बताया कि वर्ष -2026 का सम्मान जिन लेखकों को दिए जाने की घोषणा की गई है, उन्हें आगामी 28 नवम्बर, 2026 को पटना में आयोजित एक भव्य समारोह में विभूषित किया जाएगा। डा. शिवनारायण ने बताया कि अपने समय और विरासत से संवाद करती साहित्यिक पत्रिका 'नई धारा' विगत अप्रैल, 1950 से निरंतर प्रकाशित होती आ रही है, जिसके प्रेरणा स्रोत राजा राधिकारमण प्रसाद सिंह, आचार्य शिवपूजन सहाय, रामवृक्ष बेनीपुरी, उदयराज सिंह जैसे तपोनिष्ठ साहित्यकार रहे। वर्ष 2007 से 'नई धारा' के साथ एक गौरवपूर्ण आयाम जुड़ा, जब इसके प्रबंधन की ओर से पत्रिका में प्रकाशित होने वाले किसी एक वरिष्ठ लेखक को एम लाख रुपए की मानद राशि के साथ 'उदयराज सिंह स्मृति सम्मान' और भिन्न विधाओं के किसी तीन रचनाकारों को 25-25 हजार रुपये के 'नई धारा रचना सम्मान' देने की घोषणा की गई थी।



बलराम गिरीश पंकज रूबी भूषण प्रशान्त रमण रवि

डा. शिवनारायण के बताया कि बीसवाँ उदयराज सिंह स्मृति सम्मान' पाने वाले कथाकार श्री बलराम का जन्म कानपुर के भाऊपुर बिठूर गांव में 15 नवंबर, 1951 ई. को हुआ। कहानी, कथेतर गद्य, पत्रकारिता आदि विधाओं में उनकी साठ से अधिक पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। वे सारिका, नवभारत टाइम्स आदि पत्रिकाओं में लम्बे समय तक काम करने के बाद समकालीन भारतीय साहित्य के सम्पादक हैं। उन्हें राष्ट्रपति के हाथों गणेश शंकर विद्यार्थी सम्मान सहित दर्जनों पुरस्कार मिल चुके हैं। उनके चर्चित कथा संग्रह हैं- कलम हुए हाथ, गोवा में तुम, मसीहा की आँखें आदि।

'नई धारा रचना सम्मान' पाने वाले चर्चित व्यंग्य लेखक गिरीश पंकज का जन्म एक नवम्बर, 1957 ई. को वाराणसी में हुआ। उनकी सम्पूर्ण शिक्षा छत्तीसगढ़ में हुई और वहीं से उनके साहित्यिक व्यक्तित्व का विकास हुआ। उनकी सौ से अधिक पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं, जिनमें बारह उपन्यास, तीस से अधिक व्यंग्य संग्रह, चार कहानी और तीन लघुकथा संग्रह आदि हैं। वे 'सद्भावना दर्पण' के संपादक हैं। रायपुर में रह रहे गिरीश पंकज को व्यग्यश्री सम्मान सहित अनेक पुरस्कार मिल चुके हैं।

चर्चित कथा लेखिका रूबी भूषण का जन्म 30 अगस्त, 1964 ई- को कृष्ण जन्माष्टमी के दिन पटना सिटी के दीवान मुहल्ले में हुआ। उनके दो कथा-संग्रह 'टेम्स नदी बहती रही' और 'गंडकी धीरे बहो' के अतिरिक्त अनेक काव्य-संग्रह भी प्रकाशित हैं। उन्हें वाराणसी से राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय स्मृति सम्मान सहित अनेक सम्मान मिल चुके हैं, जबकि यूरोप, अमेरिका सहित दर्जनाधिक देशों की उन्होंने साहित्यिक यात्राएं भी की हैं। वे स्वतंत्र लेखन कर रही हैं।

चर्चित युवा कवि प्रशान्त रमण रवि का जन्म 6 फरवरी, 1994 ई. को पश्चिमी चम्पारण के पतिलार नामक गाँव में हुआ। उनकी शिक्षा पटना वाराणसी सहित दिल्ली विश्वविद्यालय से हुई। इनदिनों वे हिमाचल प्रदेश के चम्बा में सहायक प्रोफेसर हैं। उनकी अनेक पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। इनमें 'पहाड़ में प्रार्थना' और 'मैंने प्रेम चुना' ये दोनों किताबें काफी चर्चित हुईं। उन्हें विष्णु प्रभाकर राष्ट्रीय सम्मान, हिमाचल प्रदेश महाविद्यालय राज्य शिक्षा सम्मान सहित अनेक सम्मान मिल चुके हैं।

# अरिस्टोक्रेट सोलाना : हर सफर का भरोसेमंद साथी

**पटना, (दैनिक नवसंदेश)।** पिछले 15 वर्षों में मैंने इतने सूटकेस आजमाए हैं कि बाजार में मौजूद लगभग हर तरह की जिप, पहिए और हैंडल को लेकर मेरी अपनी राय बन चुकी है। ऐसे में कोई नया लगेज अगर समीक्षा के दौरान मुझे एक पल के लिए भी रुककर सोचने पर मजबूर करे, तो वह ध्यान खींचता है। अरिस्टोक्रेट सोलाना ने यही किया। खासकर इसकी शुरुआती कीमत को देखते हुए यह बात मायने रखती है। सबसे पहले ध्यान गया इसके फ्रंट-एक्सेस लैपटप कम्पार्टमेंट पर, जो मुख्य कम्प्रेशन पैनल के पीछे दिया गया है। यह सुविधा छोटी लग सकती है, लेकिन एयरपोर्ट सिक्योरिटी पर चार्जर ढूंढने के लिए कपड़ों को बार-बार निकालने की परेशानी से बचाती है। एक पैनल खोलिए, लैपटॉप निकालिए और आगे बढ़ जाइए। इस कीमत में इतनी व्यावहारिक सोच अभी भी कम देखने को मिलती है। इसके बाद आते हैं इसके पहिए। चार की जगह आठ पहिए सोलाना को चलाने में ऐसी सहजता देते हैं, जो आमतौर पर इससे दोगुनी कीमत वाले लगेज में महसूस होती है। भीड़भरे टर्मिनल में इसे चलाते हुए यह सीधा चलता रहा और सस्ते हार्ड-शेल लगेज में अक्सर दिखने वाली डगमगाहट महसूस नहीं हुई। बिल्ट-इन कम्बिनेशन लॉक भी एक उपयोगी सुविधा है खासकर उन लोगों के लिए जो यात्रा के बीच पैडलक की चाबी खो चुके हैं। हालांकि, सबसे ज्यादा प्रभावित मुझे इसके शेल की मजबूती ने किया। टेस्टिंग के दौरान मैं लगेज को बहुत संभालकर नहीं रखता। सोलाना को मैंने उबड़-खाबड़ सड़क पर घसीटा और एक से अधिक बार कार की डिक्की से गिरने दिया। इसके बावजूद पलीप्रोपाइलीन शेल पर न तो दरार आई और न ही कोई साफ दिखाई देने वाला डेंट पड़ा। इसकी मजबूती में वीआईपी इंडस्ट्रीज की पुरानी इंजीनियरिंग सोच की झलक मिलती है। कंपनी ने कई दशक पहले कठिन इस्तेमाल के लिए ड्युअल-मटेरियल डिंपल्ड बंपर जैसी तकनीक पेश की थी।



दैनिक नवसंदेश
वायस 4 बिहार डॉटकाम की इकाई, दैनिक नवसंदेश ( डेली डिजिटल न्यूज पेपर), स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक- यू. सिंह के द्वारा वार्ड-28, नियर पानी टंकी, रानीपुर, ब्रह्मपुर, फुलवारीशरीफ, पटना-801505 से डिजिटली प्रकाशित और संपूर्ण बिहार में प्रसारित ।
इस डिजिटल समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री से संपादक, मुद्रक, प्रसारक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्राप्त स्पष्टीकरण प्रकाशित किया जायेगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का न्याय क्षेत्र पटना न्यायालय (बिहार) ही होगा। (सभी पद अवैतनिक है।)

# सरेया पंचायत में विकास दिवस पर हुई ग्राम सभा

## ग्रामीणों की समस्याओं और आगामी विकास योजनाओं पर हुई चर्चा

**पहाड़पुर(एनएसबी)**सविकास दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत राज सरेया में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा में पंचायत के विकास, आगामी योजनाओं तथा ग्रामीणों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गयी। ग्रामीणों से सुझाव लेते हुए उनकी प्राथमिकताओं के अनुरूप विकास कार्यो को आगे बढ़ाने पर जोर दिया गया।ग्राम सभा में सड़क, नाली-गली, आवास, स्वास्थ्य एवं शिक्षा समेत पंचायत की मूलभूत सुविधाओं से जुड़े मुद्दे प्रमुखता से उठे। ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं एवं सुझाव जनप्रतिनिधियों के समक्ष रखे। इस दौरान पंचायत में आवश्यक कार्यो की प्राथमिकता तय करने पर भी चर्चा हुई।मुखिया गुड्डी देवी ने कहा कि जनता उनके लिए सर्वोपरि है। पंचायत के विकास से जुड़े सभी कार्यो पर विशेष नजर रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि आवास योजना के साथ सड़क, नाली-गली, स्वास्थ्य एवं शिक्षा से जुड़े कार्यो को जरूरत के अनुसार प्राथमिकता दी जाएगी।वहीं मुखिया प्रतिनिधि चंद्रभूषण पांडे ने कहा कि पंचायत के विकास में ग्रामीणों की भागीदारी महत्वपूर्ण है। ग्राम सभा में ग्रामीणों द्वारा रखी गयी समस्याओं एवं सुझावों को गंभीरता से लिया जाएगा तथा प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्यो को आगे बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा।ग्रामीण आवास सहायक शत्रुघ पांडे ने कहा कि आवास योजना से संबंधित पात्र लाभुकों को सरकार की निर्धारित प्रक्रिया के तहत योजनाओं का लाभ दिलाने की दिशा में आवश्यक पहल की जाएगी। उन्होंने ग्रामीणों से आवास योजना से जुड़ी जानकारी और आवश्यक दस्तावेजों को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार उपलब्ध कराने की अपील की।ग्राम सभा में बलिराम कुमार, रमेश लाल यादव, उमेश यादव, संदीप प्रसाद, सुभाष राम, हरिचंद्र पटेल, आजाद हुसैन, चुन्नी हुसैन, भीकम गिरी, विजय प्रसाद, रोशन कुमार, मुकेश प्रसाद, ष्ण पाल, राहुल कुमार, जिला परिषद सदस्य तेज नारायण प्रसाद, परलोक पटेल एवं पिंटू ठाकुर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### श्मशान घाट पर दोनों मृतकों का हुआ अंतिम संस्कार

**फतुहा।** झारखंड के रजरप्पा थाना क्षेत्र में शनिवार को कार हादसे का शिकार हुए गोविंदपुर निवासी अधिवक्ता प्रसेनजित पांडेय उर्फ मंटू बाबा एवं बांकीपुरगोरख निवासी नीतीश पासवान उर्फ गोगा का शव रविवार को फतुहा पहुंचा। सम्मसपुर श्मशान घाट पर गमगीन माहौल में देर शाम दोनों का अंतिम संस्कार कर दिया गया।
फतुहा गोविंदपुर निवासी अधिवक्ता प्रसेनजीत पांडेय उर्फ मंटू बाबा अपने अन्य मित्रों के साथ कार से शुक्रवार को झारखंड के रजरप्पा गए थे। शनिवार को लौटने के दौरान उनकी कार एक बस से टकरा गई थी। हादसे में मंटू बाबा की मौके पर ही मौत जबकि बांकीपुर गोरख निवासी नीतीश पासवान उर्फ गोगा की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। फिलहाल इस हादसे में घायल दो अन्य लोगों का इलाज रिम्स में अभी भी चल रहा है।

### समस्तीपुर के चालक की हत्या के बाद लूटी गई कार शिकारगंज से बरामद

**चकिया।** पुलिस ने कार चालक की हत्या के बाद लूटी गई अर्टिगा कार को शिकारगंज क्षेत्र से लावारिस हालत बरामद कर लिया । कार बरामद होने के बाद पुलिस ने मामले में अग्रतर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस कार को जब्त कर घटना से जुड़े अन्य बिंदुओं की जांच में जुटी है। ज्ञात हो कि शनिवार को चकिया-मधुबन रोड में झगडुआ मोड़ के समीप एक युवक का शव मिला था। मृतक की पहचान समस्तीपुर जिले के म्बिरा चकला गांव निवासी विजय महतो के 26 वर्षीय पुत्र सनी कुमार के रूप में हुई थी। सनी अर्टिगा कार का चालक था और समस्तीपुर में अर्टिगा गाड़ी भाड़े पर चलाता था।बताया जाता है कि कुछ अज्ञात युवक समस्तीपुर से अर्टिगा कार भाड़े पर लेकर निकले थे। रास्ते में चालक सनी कुमार के साथ घटना को अंजाम देने के बाद वे कार लेकर फरार हो गए थे। बाद में चकिया-मधुबन पथ स्थित झगडुआ मोड़ के समीप चालक का शव मिलने से मामले का खुलासा हुआ। घटना की सूचना मिलने के बाद चकिया पुलिस ने जांच शुरू की थी। पुलिस ने तफ्तीश के दौरान उस कार को शिकारगंज क्षेत्र से बरामद कर लिया। अब पुलिस कार में सवार रहे लोगों की पहचान और घटना के कारणों का पता लगाने में जुटी है। इस बाबत इंस्पेक्टर सह थाना अध्यक्ष धर्म प्रकाश कुमार ने बताया कि इस मामले में आगे की कार्रवाई की जा जारी है।

### रोइंग क्लब में साइबर अपराध व ट्रैफिक सुरक्षा को लेकर जागरूकता कार्यक्रम

**मोतिहारी(एनएसबी)।** रोइंग क्लब परिसर में रविवार को साइबर अपराध एवं यातायात सुरक्षा को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मोतिहारी विधायक प्रमोद कुमार सहित साइबर एवं ट्रैफिक विभाग के अधिकारियों ने लोगों को सुरक्षित डिजिटल व्यवहार और यातायात नियमों के पालन की जानकारी दी।विधायक प्रमोद कुमार ने कहा कि वर्तमान समय में प्रत्येक नागरिक को साइबर अपराध के प्रति जागरूक और सतर्क रहने की जरूरत है। उन्होंने लोगों से अनजान लिंक पर क्लिक नहीं करने तथा संदिग्ध कल या मैसेज पर बैंकिंग और व्यक्तिगत जानकारी साझा नहीं करने की अपील की। साइबर धोखाधड़ी की स्थिति में तत्काल संबंधित एजेंसी को सूचना देने की बात कही।उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का सामूहिक दायित्व है। दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट का प्रयोग करना चाहिए। तेज गति, लापरवाही और नशे में वाहन चलाने से बचने की अपील की गई ।कार्यक्रम में अधिकारियों ने साइबर ठगी के विभिन्न तरीकों, अनलाइन लेन-देन में सावधानियों, यातायात नियमों, सड़क संकेतों तथा सुरक्षित वाहन परिचालन के संबंध में जानकारी दी। लोगों से स्वयं जागरूक रहने और परिवार व आसपास के लोगों को भी जागरूक करने की अपील की गई ।कार्यक्रम में एएसपी प्रीतिश कुमार, साइबर इंस्पेक्टर मनीष कुमार, ट्रैफिक इंस्पेक्टर, प्रकाश अस्थाना, सुधांशु रंजन सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। संचालन पंकज कुमार सिन्हा ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन ड़ विवेक गौरव ने किया।

## नमामि भारतम के तहत विद्यालय में कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**संग्रामपुर(एसएनबी)।** वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में प्रखंड क्षेत्र के पशुपति रामेश्वरी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्रांगण सहित आठ जगहों पर में नमामि भारतम् के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सामूहिक रूप से वंदे मातरम गायन का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ो की संख्या में विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, अभिभावक गणों के साथ आगत अतिथियों ने भी हिस्सा लिया। जानकारी देते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के गौ सेवा जिला संयोजक अनुपम कुमार ने बताया की वंदे मातरम के 150 साल पूरे होने के उपलक्ष में संग्रामपुर प्रखंड में आठ जगहों पर नमामि भारतम् के तहत भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को वंदे मातरम के महत्व की जानकारी प्रदान की गई और हर मौके पर वंदे मातरम गायन को अपनाने की अपील की गई। इस मौके पर प्राचार्य आलोक कुमार मिश्रा, आचार्य ओंकार नाथ तिवारी, परमेश्वर नाथ, विद्यालय के कोषाध्यक्ष लालबाबू प्रसाद स्वर्णकार, खंड कार्यवाहक प्रशांत कुमार, मुकेश कुमार, शत्रुघन कुमार, मनकेश्वर कुमार, राजनंदनी कुमारी, वीणा कुमारी, बबली कुमारी, सितारा कुमारी, सीमाजी सहित विद्यालय के छात्र छात्रा उपस्थित रहे।

## गंडक नदी में आने वाली बाढ़ को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड में

### जिलाधिकारी ने एनडीआरएफ की टीम के साथ किया निरीक्षण

**संग्रामपुर(एनएसबी)।** गंडक बराज बाल्मीकि नगर से छोड़े गए 4 लाख 4000 क्यूसेक



बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का बोट से निरीक्षण करते डीएम व अन्य ।

पानी को लेकर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। संग्रामपुर सीओ द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में माइकिंग कराकर लोगों को उंच्चे स्थानों पर सुरक्षित रहने का दिशा निर्देश दिया गया है। सीओ के अनुसार बाढ़ से निपटने के लिए पूरी तैयारी कर ली गई है। 18 नावों का पंजीकरण किया गया है। वही शिविर के संचालन के लिए पांच जगह का चयन किया गया है जहां पर बाढ़ पीड़ितों को रखकर उन्हें हर सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। गंडक नदी में आने वाली बाढ़ की संभावना को देखते हुए जिलाधिकारी सौरभ सुमन कुमार यादव ने एनडीआरफ की टीम के साथ गंडक नदी के तटवर्ती क्षेत्रों का निरीक्षण किया एवं कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अंचलाधिकारी ने बताया कि बाढ़ की मनिटरिंग के लिए जगह-जगह कर्मचारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है साथ अधिकारियों के द्वारा लगातार प्रभावित होने वाले क्षेत्रों का दौरा किया जा रहा है। सीओ ने बताया कि बाढ़ की विभीषिका से निपटने के लिए आवश्यक सभी तैयारियां कर ली गई है पलिथीन पैक तैयार है। अगर आवश्यकता पड़ी तो सामुदायिक रसोई की भी व्यवस्था की जाएगी। वही बाढ़ की संभावना को देखते हुए तटवर्ती व निचले क्षेत्रों में बसे लोग चंपारण तटबंध सहित उंच्चे उंच्चे स्थानों की ओर पलायन करने लगे हैं। आप को बताते चले कि लगातार हो रही बारिश व नेपाल द्वारा छोड़े जा रहे पानी के कारण गंडक नदी में भारी बाढ़ आने की संभावना है।

## गंडक नहर में डूबे किसान का शव धर्मपुर पुल के पास से बरामद

**कुचायकोट (दैनिक नवसंदेष)।** गोपालपुर थाना क्षेत्र के पुरखास गांव के समीप गंडक नहर में डूबे किसान भोज कुशवाहा (48) का शव पुलिस ने धर्मपुर नहर पुल के पास से बरामद कर लिया। शव की पहचान स्वजनों द्वारा किए जाने के बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया और शव परिजनों को सौंप दिया।इसके बाद ग्रामीणों के सहयोग से किसान का अंतिम संस्कार किया गया।जानकारी के अनुसार, पुरखास कोइरी टोला गांव निवासी भोज कुशवाहा बुधवार को राजापुर बाजार से घर लौट रहे थे।इसी दौरान पुरखास गांव के समीप गंडक नहर में हाथ धोने के क्रम में उनका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में डूब गए।घटना की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय लोगों और पुलिस ने उनकी तलाश शुरू की थी।किसान की तलाश के लिए एसडीआरएफ की टीम ने लगातार दो दिनों तक नहर में अभियान चलाया, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं मिल सका। इसके बाद पुलिस को धर्मपुर नहर पुल के पास एक शव पड़े होने की सूचना मिली।मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बरामद कर स्वजनों को इसकी जानकारी दी।

## आवास प्लस सूची से सैकड़ों पात्र लाभुकों के नाम गायब मुखिया संघ ने जताई नाराजगी

### मुखिया बोले- सूची तैयार करने में हमारी कोई भूमिका नहीं, ग्रामसभा के लिए सूची उपलब्ध कराने की मांग

**तुरकौलिया (एनएसबी)।** आवास प्लस योजना की जारी सूची में कई पात्र लाभुकों के नाम नहीं होने को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ रही है। इस मामले में जिला मुखिया संघ ने बैठक कर चिंता जताई और उप विकास आयुक्त (डीडीसी) को ज्ञापन सौंपकर मामले की जांच कराने तथा पात्र लाभुकों के नाम सूची में शामिल करने की मांग की। मुखिया संघ के अनुसार वर्ष 2024 में आवास प्लस योजना के तहत पंचायतों में आवास सहायकों द्वारा सर्वे कराया गया था। सर्वे के बाद आवास सहायकों ने सूची संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) को सौंपी थी। अब जारी सूची में कई ऐसे परिवारों के नाम नहीं हैं, जिन्हें सर्वे के दौरान पात्र माना गया था। इससे ग्रामीणों में आक्रोश है और कई जगहों पर इसके लिए मुखियाओं को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। जिला मुखिया संघ ने स्पष्ट किया कि आवास प्लस की सूची तैयार करने और जारी करने में मुखियाओं की कोई भूमिका नहीं है। संघ का कहना है कि सर्वे और सूची तैयार करने का कार्य सरकारी स्तर पर हुआ है। इसके बावजूद नाम नहीं होने को लेकर ग्रामीण मुखियाओं से सवाल कर रहे हैं। संघ ने यह भी आरोप लगाया कि कई पंचायतों के मुखियाओं को जारी सूची उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। ऐसे में पंचायत स्तर पर ग्रामसभा आयोजित कर सूची का सत्यापन और आपत्तियों का निराकरण कैसे किया जाएगा, यह भी सवाल है। एक पंचायत सचिव के जिम्मे कई पंचायतों का प्रभार होने से कामकाज प्रभावित होने की बात भी बैठक में उठाई गई। बैठक के बाद मुखिया संघ के प्रतिनिधिमंडल ने डीडीसी से मिलकर पूरे मामले की जांच कराने, पंचायतों को सूची उपलब्ध कराने और सर्वे में पात्र पाए गए लेकिन वर्तमान सूची से बाहर रह गए लाभुकों के नाम नियमानुसार जोड़ने की मांग की।

## संसदीय चुनाव के पहले शिक्षकों के सातवीं वेतन आयोग की अनुशंसा को लागू कराएगा जन सुराज :प्रशांत किशोर

### विधान परिषद के आठ मे से सात सीटों पर उम्मीदवार घोषित

**मोतिहारी(एनएसबी)।** जन सुराज पार्टी ने बिहार मे आठ सीटों पर हो रहे शिक्षक व ातक क्षेत्र से विधान परिषद सदस्य के चुनाव के लिए सात उम्मीदवार घोषित कर दिए है। एक सीट पर शीघ्र ही उम्मीदवारों की घोषणा कर दी जाएगी। उक्त जानकारी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता और चंपारण परिक्षेत्र के मीडिया प्रभारी संजय कुमार ठाकुर ने आज यहां जारी एक बयान में दी। श्री ठाकुर ने बताया है कि पार्टी के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने बिहार में बदलाव के लिए शिक्षक व ातक मतदाताओं से जन सुराज के उम्मीदवारों को विजयी बनाने की अपील की है। उन्होंने यह भी घोषणा की है कि सातवीं वेतन आयोग की अनुशंसा को संसदीय चुनाव के पहले लागू करवाने, गैर शैक्षणिक कार्य से शिक्षकों को मुक्ति दिलाने , सभी विधान परिषद क्षेत्र के दस हजार बेरोजगारों को रोजगार दिलाने तथा वर्षो से अपनी अनेक समस्याओं से जूझ रहे वित्त रहित शिक्षकों की समस्याओं का बेहतर समाधान निकालने के लिए सभी आवश्यक कार्य किए जाएंगे। श्री ठाकुर ने बताया कि पार्टी के अध्यक्ष मनोज भारती के हस्ताक्षर से जारी उम्मीदवारों की सूची के अनुसार, सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से दुबारा अफाक अहमद को उम्मीदवार बनाया गया है। कोशी ातक निर्वाचन क्षेत्र से रू श्री रजनीश रंजन , पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से रू ड दिव्या ज्योति, पटना ातक निर्वाचन क्षेत्र से रू ड अनुज सिंह,दरभंगा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से रू ड़ सुरेश प्रसाद राय ,तिरहुत ातक निर्वाचन क्षेत्र से रू ड विमोहन कुमार तथा तिरहुत शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से रू श्यामनन्दन कुमार यादव जन सुराज पार्टी के प्रत्याशी बनाए गए है।

### युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप,प्राथमिकी दर्ज

**कटेया (दैनिक नवसंदेष)।** कटेया थाना क्षेत्र के एक गांव से एक युवती को बहला-फुसलाकर घर से ले जाने का मामला सामने आया है।मामले में युवती के चाचा के आवेदन पर कटेया थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। दर्ज प्राथमिकी में युवती के चाचा ने बताया है कि गत 21 सितंबर को दिन में करीब 11 बजे उनकी भतीजी घर पर थी।इसी दौरान थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव निवासी एक युवक उसे बहला-फुसलाकर घर से अपने साथ ले गया।घटना के बाद स्वजन ने युवती की काफी खोजबीन की, लेकिन उसका पता नहीं चल सका।खोजबीन के दौरान जानकारी मिली कि युवती के घर से जाने की जानकारी युवक के माता-पिता समेत तीन लोगों को थी।जब स्वजन उक्त लोगों से पूछताछ करने पहुंचे तो उन्होंने इस संबंध में किसी भी जानकारी से इनकार कर दिया।पुलिस ने युवती के चाचा के आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# शिक्षा सेवक व तालिमी मरकज संघ की बैठक में मांगों को लेकर धरना सफल बनाने का आह्वान

**मेहसी(एनएसबी)।** शिक्षा सेवक व तालिमी मरकज संघ, मेहसी प्रखंड इकाई की बैठक रविवार, 27 सितंबर 2026 को तिरहुत उच्च विद्यालय के प्रांगण में प्रखंड अध्यक्ष शशिंद्र कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में शिक्षा सेवकों एवं तालिमी मरकज से जुड़े कर्मियों की विभिन्न समस्याओं और लंबित मांगों पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक को संबोधित करते हुए प्रखंड अध्यक्ष शासेंद्र कुमार ने कहा कि शिक्षा सेवक और तालिमी मरकज लंबे समय से शिक्षा व्यवस्था में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। संघ की प्रमुख मांगों में विद्यालयों में समायोजन, दो वर्षीय शिक्षक प्रशिक्षण तथा राज्य कर्मी का दर्जा शामिल है। उन्होंने कहा कि लगभग 17 वर्षो की सेवा के बावजूद अब तक मानदेय के आधार पर कार्य कराया जाना कर्मियों के लिए



प्रदर्शन में शामिल लोग।

चिंता का विषय है। उन्होंने सरकार से मांगों पर सकारात्मक एवं शीघ्र निर्णय लेने की अपील की।बैठक में बताया गया कि प्रदेश संघ के आह्वान पर 28 सितंबर से 4 अक्टूबर 2026 तक पटना के गर्दनीबाग में धरना-प्रदर्शन प्रस्तावित है। संघ के अनुसार बिहार के लगभग 28 हजार शिक्षा सेवक एवं तालिमी मरकज इस कार्यक्रम में अपनी मांगों को लेकर भाग लेंगे। बैठक में कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रखंड स्तर पर आवश्यक तैयारियों और भागीदारी पर विचार-विमर्श किया गया।बैठक में उपस्थित शिक्षा सेवकों एवं तालिमी मरकज से जुड़े सदस्यों से अपील की गई कि संघ के निर्देशानुसार 3 अक्टूबर 2026 को पटना पहुंचकर धरना-प्रदर्शन में भाग लें। वक्ताओं ने कहा कि कार्यक्रम प्रमंडल स्तर पर निर्धारित है, इसलिए सभी संबंधित सदस्य संघ द्वारा तय तिथि एवं कार्यक्रम के अनुसार पटना पहुंचकर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।बैठक में शाहीन परवीन, कहकशा बानो, चंदा कुमारी, रूपा कुमारी, संजीदा प्रवीण, विनोद कुमार, प्रमोद कुमार चौधरी, नागेंद्र प्रसाद चौधरी, उमेश कुमार चौधरी, कमोद बैठा, शबनम आरा, प्रभु कुमार चौधरी, खुशबू परवीन, नुरेशा खातून, अफसाना खातून, अवधेश कुमार एवं भारती कुमारी सहित बड़ी संख्या में शिक्षा सेवक एवं तालिमी मरकज उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### साइबर सुरक्षा आज की आवश्यकता सतर्कता ही साइबर अपराध से बचाव का सबसे बड़ा हथियार : राधामोहन सिंह

**मोतिहारी (एनएसबी)।** राधाष्णन भवन में आयोजित साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल पूर्व केंद्रीय षि एवं किसान कल्याण मंत्री सह सांसद राधामोहन सिंह ने आम नागरिकों, युवाओं एवं विद्यार्थियों से साइबर अपराध के प्रति सतर्क और जागरूक रहने का आह्वान किया।सांसद ने कहा कि डिजिटल तकनीक ने लोगों के जीवन को आसान बनाया है, लेकिन इसके साथ साइबर अपराध की चुनौतियां भी बढ़ी हैं। साइबर अपराधी केवाईसी अपडेट, बैंक अधिकारी बनकर, नौकरी, इनाम, निवेश और डिजिटल अरेस्ट जैसे तरीकों से लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसी अनजान व्यक्ति के दबाव में आकर पैसे ट्रांसफर नहीं करें और संबंधित व्यक्ति की पहचान स्वतंत्र रूप से सत्यापित करें।उन्होंने नागरिकों से ओटीपी, यूपीआई पिन और पासवर्ड किसी के साथ साझा नहीं करने तथा संदिग्ध लिंक पर क्लिक नहीं करने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट किया कि यूपीआई पिन का इस्तेमाल पैसा प्राप्त करने के लिए नहीं, बल्कि भुगतान करने के लिए किया जाता है।



समीक्षा बैठक करते सांसद राधामोहन एवं साइबर डीएसपी।

राधामोहन सिंह ने कहा कि साइबर ठगी होने पर घबराने या चुप रहने के बजाय तत्काल 1930 पर संपर्क करें और साइबर क्राइम डट जीओवी डट इन पर शिकायत दर्ज कराएं। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को सुरक्षित इंटरनेट और सोशल मीडिया के इस्तेमाल के प्रति जागरूक करने का भी आग्रह किया।उन्होंने कहा कि साइबर सुरक्षा केवल सरकार या पुलिस की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। डिजिटल भारत को सुरक्षित भारत बनाने के लिए जागरूकता और सतर्कता जरूरी है।कार्यक्रम में मोतिहारी के उपमहापौर ड़ लालबाबू प्रसाद, साइबर पुलिस उपाधीक्षक प्रीतिश कुमार, साइबर निरीक्षक मनीष कुमार, ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक मनीष कुमार सहित विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधि, युवा, विद्यार्थी एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों को साइबर ठगी से बचाव तथा ठगी की स्थिति में तत्काल शिकायत करने के प्रति जागरूक रहने का संकल्प दिलाया गया। सांसद ने कहा, न खुद ठगी का शिकार बनें, न किसी और को बनने दें।

### पीएम आवास योजना की सूची पर पंचायतों में विशेष आमसभा, लाभार्थियों ने दर्ज कराई आपत्तियां

**विद्यापतिनगर।** एनएसबी प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की नई लाभार्थी सूची जारी होने के बाद रविवार को प्रखंड की विभिन्न पंचायतों में सूची के सत्यापन और आपत्तियों के निपटारे के लिए विशेष आमसभा आयोजित की गई। साहिट, मनियारपुर, शेरपुर, बंगराहा, बालष्णपुर मड़वा सहित करीब दस पंचायतों में आयोजित ग्राम सभाओं में बड़ी संख्या में ग्रामीण और संभावित लाभार्थी शामिल हुए। मनियारपुर पंचायत सरकार भवन में मुखिया बेबी देवी की अध्यक्षता में हुई ग्रामसभा में 1641 पीएम आवास योजना के लाभार्थियों की सूची का अनुमोदन किया गया। शेरपुर में मुखिया राम प्रवेश राय की अध्यक्षता में हुई ग्रामसभा में 1307 आवासों की सूची का अनुमोदन किया गया। बंगराहा में मुखिया रोशनी देवी के नेतृत्व में आयोजित ग्रामसभा में 1906 लाभार्थियों की सूची को मंजूरी दी गई। बालष्णपुर मड़वा पंचायत में मुखिया संजीत कुमार साहनी के नेतृत्व में हुई ग्रामसभा में 1351 पीएम आवास योजना की सूची का अनुमोदन किया गया। वहीं विद्यापति प्लस टू उच्च विद्यालय मऊबाजिदपुर में मुखिया नमिता सिंह की अध्यक्षता में आयोजित साहिट पंचायत की ग्रामसभा में 1374 लाभार्थियों की सूची का अनुमोदन किया गया। ग्रामसभा के दौरान कई ग्रामीणों ने सूची में नाम शामिल होने और नाम नहीं होने को लेकर अपनी शिकायतें रखीं। ग्रामीणों को योजना के तहत जारी लाभार्थी सूची की जानकारी दी गई तथा सूची में किसी प्रकार की त्रुटि, पात्र व्यक्ति का नाम छूटने अथवा अपात्र व्यक्ति का नाम शामिल होने पर आपत्ति दर्ज कराने को कहा गया। मुखिया नमिता सिंह और मनियारपुर की मुखिया बेबी देवी ने कहा कि सूची में शामिल पात्र लाभार्थियों का नाम नहीं काटा जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि आवास योजना का लाभ दिलाने के नाम पर किसी बिचौलिए या दलाल को राशि नहीं दें। यदि कोई व्यक्ति योजना के नाम पर राशि की मांग करता है तो इसकी सूचना पंचायत प्रतिनिधियों या संबंधित अधिकारियों को दें। इधर, बालष्णपुर मड़वा पंचायत में आमसभा के दौरान कुछ लाभार्थियों ने आवास सहायक पर राशि लेने के बावजूद सूची में नाम शामिल नहीं करने का आरोप लगाया। ग्रामीणों का आरोप था कि आवास योजना का लाभ दिलाने के नाम पर उनसे राशि ली गई, लेकिन नई सूची में उनका नाम नहीं आया। इस पर ग्रामीणों ने मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों ने कहा कि योजना का उद्देश्य गरीब और जरूरतमंद परिवारों को पक्का आवास उपलब्ध कराना है। ऐसे में यदि किसी पात्र परिवार से राशि लेने की शिकायत सामने आती है तो इसकी जांच होनी चाहिए। आमसभा में उठी शिकायतों को संबंधित स्तर पर भेजने और पात्रता के आधार पर जांच कराने की बात कही गई। इस अवसर पर मुखिया नमिता सिंह, रामप्रवेश राय, बेबी देवी, पीओ भूषण मिश्रा, दिनेश राय, लाल बाबू सिंह, कुंदन कुमार, पंचायत सचिव राज किशोर सिंह, आवास सहायक सहित सैकड़ों लाभार्थी मौजूद थे।

### फुलवरिया में बीएसएनएल भारत नेट प्रोजेक्ट का काम अंतिम चरण में

**फुलवरिया (दैनिक नवसंदेष)।** फुलवरिया प्रखंड में भारतीय दूरसंचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के तहत चल रहे भारत नेट प्रोजेक्ट का काम अब अंतिम चरण में पहुंच गया है। इस योजना के तहत प्रखंड के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों, विद्यालयों और पंचायतों को मुख्यालय से हाई-स्पीड इंटरनेट के माध्यम से जोड़ने का काम जोरशोर से चल रहा है। आने वाले कुछ ही समय में सभी पंचायत कार्यालय, स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र बीएसएनएल नेटवर्क से जुड़ जाएंगे।बता दें कि सड़क निर्माण, गली-नाली निर्माण और अन्य विकास कार्यो के चलते जगह-जगह ऑप्टिकल फाइबर केबल के कट जाने से प्रखंड में संचार व्यवस्था चरमरा गई थी। इंटरनेट और फोन सेवा बाधित होने से आम लोगों के साथ-साथ सरकारी कामकाज भी प्रभावित हो रहा था। इस समस्या को दूर करने के लिए बीएसएनएल अब युद्धस्तर पर काम कर रहा है। क्षतिग्रस्त केबलों को बदला जा रहा है और नई लाइनें बिछाई जा रही हैं। विभाग के अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही संचार व्यवस्था पूरी तरह सुचारू हो जाएगी। भारत नेट प्रोजेक्ट के पूरा होने से डिजिटल इंडिया को बढ़ावा मिलेगा। पंचायतों में ऑनलाइन सेवाएं, विद्यालयों में डिजिटल शिक्षा और आंगनबाड़ी केंद्रों में योजनाओं का क्रियान्वयन आसान होगा। ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को भी तेज इंटरनेट की सुविधा मिलेगी, जिससे वे सरकारी योजनाओं का लाभ आसानी से उठा सकेंगे।

### 40 घंटे से बिजली गुल, तीन वार्डो में नल-जल योजना भी ठप बिजली तार पर पेड़ गिरने से बाधित हुई आपूर्ति

**कुचायकोट (दैनिक नवसंदेष)।** स्थानीय प्रखंड के पट्टी चक्कर गोपी विद्युत उपकेंद्र से संचालित फुलवरिया फीडर के बनकटा पंचायत में पिछले 40 घंटे से बिजली आपूर्ति बाधित रहने से उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।बिजली गुल रहने से पंचायत के वार्ड संख्या पांच, छह और आठ में नल-जल योजना भी प्रभावित हो गई है।इससे लोगों के सामने पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई है।मिली जानकारी के अनुसार, शुक्रवार की रात करीब 12 बजे फुलवरिया फीडर की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई थी।इसके बाद बिजली विभाग की ओर से आपूर्ति बहाल करने का प्रयास किया जा रहा था। इसी बीच शनिवार की रात मध्य विद्यालय ढेबवां के पास एक पुराना पेड़ बिजली की आपूर्ति लाइन पर गिर गया इससे कई इलाकों में बिजली आपूर्ति फिर बाधित हो गई।विद्युत उपकेंद्र से कुछ क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई, लेकिन बनकटा पंचायत के वार्ड संख्या पांच, छह और आठ में 40 घंटे बाद भी बिजली नहीं पहुंच सकी।लगातार बिजली गुल रहने से लोगों के घरेलू कामकाज प्रभावित हो रहे हैं। वहीं, नल-जल योजना बंद रहने से पेयजल की समस्या भी गंभीर हो गई है। इस संबंध में कनीय अभियंता सुधांशु भूषण ने बताया कि बिजली के तार पर पेड़ गिरने से आपूर्ति बाधित हुई है। पेड़ हटाने की व्यवस्था की जा रही है। जल्द ही प्रभावित क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### लूटकांड का अप्राथमिकी अभियुक्त गिरफ्तार, भेजा जेल



**सोनवर्षाराज (सहरसा) (एनएसबी)।** बसनही थाना पुलिस ने लूटकांड के एक अप्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजने की कार्रवाई की है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान पामा गांव निवासी कौशल विश्वास के पुत्र बिनोद कुमार के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, बसनही थाना कांड संख्या 56/24, दिनांक 24 मार्च 2024 को धारा 392 भादवि के तहत दर्ज लूटकांड के अनुसंधान के दौरान बिनोद कुमार का नाम अप्राथमिकी अभियुक्त के रूप में सामने आया था। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। बसनही थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है। मामले में पुलिस आगे भी जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि थाना क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है।

### शिवपुर में अनंत चतुर्दशी मेले की धूम, सती बिहुला का हो रहा मंचन



**सोनवर्षाराज (सहरसा) (एनएसबी)।** कोपा पंचायत के शिवपुर गांव में अनंत चतुर्दशी के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय मेला चरम पर है। मेले में स्थापित भगवान श्रीहरि, माता लक्ष्मी सहित अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमाओं के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। गांव में पिछले 41 वर्षों से अनंत चतुर्दशी के मौके पर प्रतिमाएं स्थापित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना और भव्य मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेला कमेटी के अध्यक्ष पप्पू सिंह ने बताया कि शनिवार और रविवार की रात गोगरी जमालपुर से आए कलाकारों द्वारा सती बिहुला नाटक का मंचन किया जा रहा है। वहीं, सोमवार को भव्य आर्केस्ट्रा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। मेले में बच्चों और युवाओं के मनोरंजन के लिए तरह-तरह के झूले, सर्कस और विभिन्न प्रकार की दुकानें लगाई गई हैं। मेले में आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। मंगलवार को विधि-विधान के साथ प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा। मेले के सफल आयोजन में वीर बहादुर मंडल, उमेश महतो, विजेंद्र मंडल, चुनचुन महतो, विदेशी मंडल, अरविंद कुमार, मल्ही कुमार सादा, हीरा महतो, सिकेंद्र सादा, दुलारचंद सादा, संतोष ठाकुर सहित समस्त ग्रामीणों का सराहनीय सहयोग रहता है।

### सूखा नशा रोकने को अमरपुर में जागरूकता बैठक, ग्रामीणों को किया जागरूक




**सहरसा नगर (एनएसबी)।** पुलिस अधीक्षक विक्रम सिहाग के दिशा निर्देश पर नशामुक्त समाज के निर्माण एवं सूखा नशा के बढ़ते प्रभाव की रोकथाम को लेकर सोनवर्षा कचहरी थाना पुलिस ने ग्राम अमरपुर में जागरूकता बैठक आयोजित की। बैठक में पंचायत प्रतिनिधियों, गणमान्य लोगों एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। बैठक के दौरान पुलिस पदाधिकारियों ने सूखा नशा के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विशेष रूप से युवाओं पर पड़ने वाले इसके गंभीर प्रभाव और नशे की लत से होने वाले सामाजिक एवं पारिवारिक नुकसान के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। पुलिस ने ग्रामीणों से नशे से दूर रहने तथा अपने आसपास के लोगों को भी नशामुक्त जीवन के लिए प्रेरित करने की अपील की। बैठक में नशे की रोकथाम के लिए सामुदायिक सहभागिता को महत्वपूर्ण बताया गया। पुलिस ने कहा कि नशे के खिलाफ अभियान को सफल बनाने में आम लोगों की भागीदारी जरूरी है। ग्रामीणों से नशे से संबंधित गतिविधियों की जानकारी पुलिस तक पहुंचाने तथा युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाने में सहयोग करने का आह्वान किया गया। पुलिस की ओर से कहा गया कि नशामुक्त एवं सुरक्षित समाज के निर्माण के लिए जागरूकता अभियान आगे भी जारी रहेगा। बैठक में मौजूद लोगों ने भी नशे के खिलाफ सामूहिक रूप से प्रयास करने का संकल्प लिया।

### दंगा नियंत्रण को लेकर पुलिस लाइन में अभ्यास



**सहरसा नगर (एनएसबी)।** पुलिस अधीक्षक विक्रम सिहाग के निर्देश पर रविवार को पुलिस लाइन, सहरसा में दंगा नियंत्रण एवं आकस्मिक कानून-व्यवस्था की स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए पुलिस बल का अभ्यास कराया गया। अभ्यास के दौरान पुलिसकर्मियों को भीड़ नियंत्रण, उपद्रव की स्थिति में त्वरित कार्रवाई तथा कानून -व्यवस्था बनाए रखने से जुड़े विभिन्न पहलुओं का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। जवानों को आपात परिस्थितियों में समन्वय के साथ कार्रवाई करने और स्थिति को नियंत्रित करने की प्रक्रिया का अभ्यास कराया गया। इस अवसर पर पुलिस के अधिकारी एवं जवान मौजूद थे। अभ्यास का उद्देश्य पुलिस बल को किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार रखना था।

### डॉक्टरों की हठधर्मिता और एकतरफा कार्य बहिष्कार के कारण अब आम जनता का टूट चुका है धैर्य : शंकर



**सहरसा सदर (एनएसबी)।** सदर अस्पताल में पत्रकार-डॉक्टर विवाद के बाद चिकित्सकों द्वारा शुरू की गई अनिश्चितकालीन हड़ताल से जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। डॉक्टरों की इस हठधर्मिता और एकतरफा कार्य बहिष्कार के कारण अब आम जनता का धैर्य टूट चुका है और नागरिक संगठनों ने इसके खिलाफ एक बड़े जन-आंदोलन का आह्वान कर दिया है। उक्त बातें एआईएसएफ के राज्य कार्यकारिणी सदस्य शंकर कुमार ने कहा। उन्होंने कहा कि सदर अस्पताल समेत जिले के तमाम सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में लगातार कई दिनों से ओपीडी सेवाएं और इमरजेंसी सेवा पूरी तरह ठप हैं। ग्रामीण इलाकों से पैसे और समय खर्च कर इलाज कराने आ रहे गरीब मरीज बिना इलाज के ही वापस लौटने को मजबूर हैं। मरीजों का कहना है कि डॉक्टरों और प्रशासन की इस लड़ाई से उनका कोई लेना-देना नहीं है। नियमित चिकित्सा न मिलने से कई गंभीर मरीजों की जान आफत में आ फंसी है। सहरसा में डॉक्टरों की मनमानी के खिलाफ आंदोलन की सुगबुगाहट जिला मुख्यालय में पत्रकार की पिटाई मामले को लेकर डॉक्टरों और जिला प्रशासन के बीच गतिरोध गहरा गया है। उन्होंने डॉक्टरों के अड़ियल रवैये पर कड़ा ऐतराज जताते हुए पीड़ित आम जनता ने बड़े आंदोलन की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि किसान, मजदूर, छात्र, नौजवान और व्यवसायी संगठनों ने एकजुट होकर आर-पार की लड़ाई का ऐलान कर दिया है। डॉक्टरों की इस तानाशाही और संवेदनहीनता से सहरसा की जनता तंग आ चुकी है। अगर डॉक्टर तुरंत काम पर नहीं लौटे, तो सहरसा की आम अवाम सड़कों पर उतरने के लिए बाध्य होगी।

### अंजुमन तरक्की ए उर्दू सहरसा के सचिव बने शम्स तवरेज



**सहरसा सदर (एनएसबी)।** अंजुमन तरक्की ए उर्दू बिहार के सचिव मो. अब्दुल क्यूम अंसारी ने अंजुमन तरक्की ए उर्दू सहरसा के सचिव पद पर मीर टोला वार्ड 7/38 निवासी मो. शम्स तवरेज उर्फ हक साहब का मनोनयन किया है। अपने मनोनयन पर नवनियुक्त सचिव मो. शम्स तवरेज ने अंजुमन तरक्की ए उर्दू बिहार के सचिव को धन्यवाद देते हुए कहा कि मुझे जो दायित्व सौंपा गया है उसका निर्वाहन ईमानदारी के साथ करूंगा। मो. शम्स तवरेज के मनोनयन पर सरफराज आलम, मो. इजहार नसीबा उर्फ शिबू, मो. सनोवर, खुर्शीद आलम, मो. आवाद, छोटू खान, मो. कुदुस उर्फ कोशर, नवाज अख्तर, मो. इरशाद अंसारी, मो. तनवीर, यूसुफ जमाल उर्फ गुड्डू, इमाम आजम, मो. आरजू, रियाज अहमद उर्फ बबलू, मुजफ्फर हुसैन सहित कई ने बधाई दिया है।

# पंचायत विकास शिविर में आवास योजना की सूची अनुमोदित



**सहरसा सदर (एनएसबी)।** रविवार को कहरा प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में ग्राम सभा का आयोजन किया गया है। पंचायत में मुखिया के अध्यक्षता में आयोजित ग्राम सभा में जीपीडीपी के थीम 6 के तहत आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचा युक्त पंचायत पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई।

आयोजित ग्राम सभा में उप विकास आयुक्त के निदेशानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अन्तर्गत आवास प्लस टू के 2024 के कोटीबार प्रारूप प्रतिक्षा सूची के पात्र परिवारों की प्राप्त सुची के आलोक में ग्राम सभा से अनुमोदन किया गया है। इस दौरान अमरपुर में पंचायती राज विभाग पटना के विशेष कार्यक्रम पदाधिकारी गोपाल शरण, डीपीआरओ सुनैना कुमारी, बीडीओ अभिलाषा पाठक, बीपीआरओ गुलाम रब्बानी, जिला पंचायती संसाधन केंद्र नोडल पदाधिकारी रिंकी कुमारी पहुंच कर ग्राम सभा में लोगों को आवास योजना के साथ विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। और आर्दश पंचायत बनाने की दिशा में लोगों से समस्या एवं सुझाव लेकर विकसीत पंचायत का खांका तैयार करने का पंचायत प्रतिनिधियों को निर्देश दिया। मुखिया लक्षमण राम द्वारा पंचायत में पहुंचे सभी अधिकारियों को का पाग चादर एवं गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया। वहीं दिवारी पंचायत सरकार भवन में मुखिया अभिषेक कुमार के अध्यक्षता में आयोजित ग्राम सभा में आवास सहायक शुभंकर कुमार ने प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रारूप प्रतिक्षा सूची को पढ़कर लोगों को बताया। और पात्र परिवारों की सुची का अनुमोदन करवाया। मौके पर पंचायत सचिव दिपक कुमार, तकनीकी सहायक दिवाकर कुमार, रोजगार सेवक मनोज सिंह, कार्यपालक सहायक विश्वजीत कुमार, सरपंच दिलीप शर्मा, उपसरपंच अशोक कुमार, पंचायत समिति गायत्री देवी, मो कासिम, उपमुखिया मनोज कुमार, अजीत कुमार सिंह, मोहीत कुमार, बेचन राम, प्रमोद ठाकुर, सबाना प्रवीण, चंदा देवी, मिथिलेश कुमार, शिवदयाल साह, दिवारी में पंचायत गौरव कुमार कशोधन, उप मुखिया प्रतिनिधि रौशन कुमार, वार्ड सदस्य सिंटू पासवान, पिंटू यादव, संत कुमार, राहुल कुमार, अरूण यादव, मनतोस कुमार, नितीश सिंह, रणधीर कुमार सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## नदी दिवस पर छोटी नदियों को बचाने व बाढ़ के साथ जीवन जीने का संकल्प लें : पाठक



**सहरसा शहर (एनएसबी)।** नदी दिवस के अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता एवं पर्यावरण प्रेमी भगवानजी पाठक ने कहा कि बिहार की जीवनरेखा उसकी नदियाँ हैं। राज्य में गंगा, कोशी, गंडक सहित अनेक छोटी-बड़ी नदियाँ हैं, लेकिन छोटी नदियों, जलधाराओं और प्राकृतिक जलस्रोतों के लगातार अतिक्रमण, प्रदूषण तथा जलनिकासी के मार्ग में अवरोध के कारण पारिस्थितिकी तंत्र पर गंभीर प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि नदी दिवस केवल नदियों की चर्चा करने का दिन नहीं, बल्कि नदियों के संरक्षण और उनके साथ संतुलित जीवन जीने का संकल्प लेने का अवसर है। बिहार को बाढ़ की समस्या से स्थायी रूप से निपटने के लिए केवल तटबंधों पर निर्भर रहने के बजाय ह्लबाढ़ के साथ जीवनह्व की अवधारणा को मजबूत करना होगा। स्थानीय समुदायों, पंचायतों और युवाओं को नदी संरक्षण से जोड़ना आवश्यक है। उन्होंने बिहार में ह्लनदी विश्वविद्यालयह्व स्थापना की मांग की। जहां नदी संरक्षण, जल प्रबंधन, बाढ़ प्रबंधन, जलवायु परिवर्तन, नदी आधारित आजीविका तथा पारंपरिक जल ज्ञान पर शोध और प्रशिक्षण हो। विश्वविद्यालय के माध्यम से बिहार की नदियों के संरक्षण के लिए स्थानीय स्तर पर वैज्ञानिक एवं सामुदायिक मॉडल विकसित किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पंचायत में छोटी नदियों और जलधाराओं की पहचान कर उनके पुनर्जीवन की योजना बनाई जानी चाहिए। इसके साथ ही नदी किनारे वृक्षारोपण, अतिक्रमण रोकने और जल प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण की आवश्यकता है। उन्होंने नदी दिवस पर 'छोटी नदी बचाएं, बाढ़ के साथ जीवन जीना सीखें और जल-संस्कृति को मजबूत बनाएं' का संकल्प लेने की अपील की।

## पितरों की आत्मा की शांति व मुक्ति के लिए विशेष महत्व रखता है पितृपक्ष, मिथिलांचल में इसका विशेष महत्व



**सोनवर्षाराज (सहरसा) (एनएसबी)।** सनातन धर्म में पितृपक्ष का विशेष धार्मिक महत्व है। यह पर्व पूर्वजों के प्रति श्रद्धा, कृतज्ञता और सम्मान व्यक्त करने का अवसर माना जाता है। यह पितृपक्ष 27 सितंबर से शुरू होकर 10 अक्टूबर तक चलेगा। तिथि की हानि होने के कारण षष्ठी और सप्तमी तिथि का श्राद्ध एक ही दिन, 2 अक्टूबर को किया जाएगा। विद्वान पंडित गोपाल झा के अनुसार, हिंदूपंचांग में इस वर्ष एक तिथि की हानि होने के कारण षष्ठी और सप्तमी का श्राद्ध एक ही दिन पड़ रहा है। पितृपक्ष की शुरूआत आश्विन मास के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि से होती है तथा इसका समापन अमावस्या को होता है। इस दिन को सर्वपितृ अमावस्या कहा जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, पितृपक्ष के दौरान पूर्वजों की आत्मा की शांति एवं मुक्ति के लिए श्राद्ध, तर्पण, पिंडदान, पूजा-पाठ और स्नान-दान किया जाता है। मान्यता है कि श्रद्धा और विधि-विधान से किए गए श्राद्ध कर्म से पितरों को शांति एवं मोक्ष की प्राप्ति होती है तथा उनका आशीर्वाद परिवार पर बना रहता है। पितृपक्ष को पितृ ऋण से मुक्ति और पूर्वजों के प्रति अपने कर्तव्यों के निर्वहन का विशेष अवसर माना जाता है। इस दौरान लोग अपने पितरों का स्मरण कर उनके नाम से तर्पण एवं दान-पुण्य करते हैं। धार्मिक मान्यता है कि पितरों के निमित्त किए गए पुण्य कर्म से परिवार में सुख-शांति, समृद्धि और सकारात्मकता बनी रहती है। यही कारण है कि सनातन परंपरा में पितृपक्ष को श्रद्धा, आस्था और पारिवारिक संस्कारों से जुड़ा महत्वपूर्ण पर्व माना गया है।

### जन संघर्ष समिति के प्रखंड अध्यक्ष बने अनुपम आनंद



**सहरसा सदर (एनएसबी)।** जन संघर्ष समिति के अध्यक्ष एवं युवा कांग्रेस के बिहार प्रदेश सचिव लक्ष्मण कुमार झा ने जिले के सत्तरकटैया प्रखंड के पंचगछिया निवासी अनुपम आनंद उर्फ नीरज कुमार झा को जन संघर्ष समिति के प्रखंड अध्यक्ष मनोनीत किया है। साथ ही युवा कांग्रेस का सदस्यता भी ग्रहण कराया। दिए गए मनोनयन पत्र में लक्ष्मण कुमार झा ने कहा कि संगठन के प्रति ईमानदारी एवं निष्ठा से कार्य कर संगठन को मजबूत करें। अपने मनोनयन पर नवनियुक्त प्रखंड अध्यक्ष अनुपम आनंद उर्फ नीरज कुमार झा ने संगठन द्वारा सौंपी गई इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए जन संघर्ष समिति के अध्यक्ष लक्ष्मण कुमार झा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन की अपेक्षाओं पर खड़ा उतरने का हरसंभव प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि समाज के लोगों के बीच रहकर उनके हक एवं अधिकारों के लिए संघर्ष करते रहेंगे। समाजसेवा एवं मानवसेवा हमेशा से मेरी प्राथमिकता रही है। इनके मनोनयन पर अमरजीत झा, विकास झा, संतोष झा, आयुष झा, सुमित झा, रमन सिंह, बादल सिंह, सोनू सिंह, मनीष सिंह, कालू शर्मा, शिवाजी शर्मा, योगी शर्मा, बेचू यादव, ललित यादव, शंकर झा, बालाकांत झा सहित कई ने बधाई दिया।

## महिषी स्थित उग्रतारा मंदिर परिसर में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

■ आपदा पीड़ितों को सरकारी अनुदान राशि हेतु पुल की कार्य करती है विधिक प्राधिकारः आदित्य ठाकुर



**सहरसा शहर (एनएसबी)।** विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर महिषी स्थित उग्रतारा मंदिर परिसर में मंदिर न्यास समिति के सचिव केशव चैधरी के अध्यक्षता में रविवार को विधिक जागरूकता कार्यक्रम की गई। जिसमें केशव चैधरी ने बताया विश्व धरोहर के रुप में माता उग्रतारा शक्ति पीठ है।जिसे अंतराष्ट्रीय पर्यटक स्थल के रूप मे विकसित किया जा रहा है।

साथ ही उन्होने बताया कि गरीबी उन्मूलन योजनाओ का प्रभावी क्रियान्वयन के लिए,नशा पीड़ितो या नशा उन्मूलन,वरिष्ठ नागरिकों, असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए आदि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, दिल्ली के दारा योजना है जो सरकार से आम व्यक्ति को लाभ नही मिलने पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सहरसा से मुफ्त विधिक सेवा प्राप्त कर सकते है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सहरसा व महिषी थाना के पैनल अधिवक्ता आदित्य ठाकुर ने नालसा के विभिन्न योजनाओ पर विस्तृत चर्चा करते हुए बताए कि एसिड हमले के पीड़ितों के लिए माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण,दिल्ली के सहयोग से जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सहरसा के द्वारा दो लाख रुपए से लेकर सात लाख रुपए तक सहयोग राशि पीड़ित को उपलब्ध करायी जाती है। श्री ठाकुर ने आगे बताया कि बच्चों के मैत्रीपूर्ण और उनके संरक्षण, तस्करी और वाणिज्यिक यौन शोषण पीड़ितों, मानसिक रूप से बिमार और मानसिक रुप से विकलांग व्यक्तियों के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सहरसा से मुफ्त विधिक सेवा प्राप्त कर लाभ उठा सकते है। अभी महिषी प्रखंड के अधिकांश पंचायत बाढ प्रभावित हैं।जो आपदा पीड़ितों को सरकार के द्वारा सहयोग अनुदान राशि के लिए विधिक प्राधिकार पुल की कार्य करती है। माननीय बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पटना ने पीड़ित लोगो को मुफ्त विधिक सेवा के लिए महिषी थाना में श्री ठाकुर को प्रतिनियुक्त किया हैं।जो सप्ताह में तीन दिन मंगलवार, शनिवार, रविवार को महिषी थाना में उपस्थित रहकर लोगो के जरूरत पर हर हमेशा उपलब्ध रहते है।विधिक जागरूकता कार्यक्रम को सफल बनाने मे अधिकार मित्र धर्मेंद्र कुमार पासवान ने सहयोग किया।

### उत्सव सिंह बने जदयू कला, संस्कृति व खेल प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष, क्षेत्र में खुशी



**सोनवर्षाराज (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के सहमौरा गांव निवासी जदयू प्रखंड अध्यक्ष जयकुमार सिंह के पुत्र उत्सव सिंह को जदयू कला, संस्कृति एवं खेल प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। उनके मनोनयन पर पार्टी कार्यकताओं एवं शुभचिंतकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उत्सव सिंह के जिलाध्यक्ष बनने की खबर मिलते ही प्रखंड जदयू परिवार सहित आशीष सिंह, अंकित सिंह, सुधांशु सिंह, इंद्र भूषण कुमार, रवि, राजकुमार गुप्ता, कुमार दीपक कुमार सिंह एवं कन्हैया राठौर सहित अन्य लोगों ने उनके आवास पर पहुंचकर उन्हें बधाई दी। इस दौरान शुभचिंतकों ने कहा कि उत्सव सिंह के नेतृत्व में कला, संस्कृति एवं खेल के क्षेत्र में संगठन को नई मजबूती मिलेगी। साथ ही युवाओं को संगठन से जोड़ने और स्थानीय प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने में भी मदद मिलेगी।

# पीजी सेंटर पश्चिमी परिसर में श्रम प्रवासन व क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था पर मासिक संगोष्ठी



**सहरसा शहर (एनएसबी)।** भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय के पश्चिमी परिसर, पीजी सेंटर अर्थशास्त्र विभाग द्वारा मासिक विभागीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का मुख्य विषय ह्यश्रम प्रवासन और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था, आजीविका चुनौतियाँ एवं समाधानह्य रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ अनिल कुमार ने की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता टीपी कॉलेज, मधेपुरा के अर्थशास्त्र विभाग के सहायक प्राचार्य डॉ.दीपक कुमार राणा ने विषय प्रवेश कराते हुए अर्थशास्त्र के विभिन्न सैद्धांतिक प्रतिमानों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने आर्थर लुईस मॉडल, फाइ-रेनिस मॉडल एवं हैरिस-टोडारो मॉडल के जरिए ग्रामीण क्षेत्रों से शहरी क्षेत्रों की ओर होने वाले श्रम प्रवासन के कारणों और आर्थिक प्रभावों को स्पष्ट किया। परिसर प्रभारी डॉ लाला प्रवीण कुमार सिन्हा ने प्रवासन के पुश और पुल कारकों की चर्चा करते हुए कहा कि गांवों में अवसरों की कमी लोगों को बाहर जाने को विवश करती है, जबकि शहरों के आकर्षण उन्हें खींचते हैं। हिंदी विभाग के वरीय प्राध्यापक डॉ सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह ने ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य रखते हुए गिरमिटिया मजदूर प्रथा से लेकर आधुनिक श्रम प्रवासन की यात्रा और इसके कारण स्त्री अस्मिता व महिलाओं पर पड़ने वाले पारिवारिक सामाजिक दंश को अत्यंत संवेदनशीलता के साथ रेखांकित किया। मैथिली विभाग के प्राध्यापक डॉ अरुण कुमार सिंह ने कोसी क्षेत्र में प्रवासन की जमीनी सच्चाई बयां करते हुए स्थानीय स्तर पर कृषि आधारित व कुटीर उद्योग खोलने पर बल दिया। हिंदी विभाग के डॉ. जैनेंद्र कुमार ने भिखारी ठाकुर की लोकप्रिय पंक्तियों के माध्यम से प्रवासन के दर्द को साझा करते हुए कहा कि सही नीतियों के माध्यम से प्रवासन को क्षेत्रीय विकास के अवसर में बदला जा सकता है। मैथिली विभाग की डॉ.गीता कुमारी ने कोसी व मिथिलांचल के संदर्भ में प्रवासन से उत्पन्न पारिवारिक विघटन, बच्चों की परवरिश और सामाजिक चुनौतियों पर मार्मिक विचार रखे।अध्यक्षीय संबोधन में विभागाध्यक्ष डॉ.अनिल कुमार ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि श्रम प्रवासन केवल आजीविका की खोज नहीं, बल्कि क्षेत्रीय विषमता से जुड़ा गंभीर प्रश्न है, जिसके लिए नीतिगत और सतत समाधान आवश्यक हैं। संगोष्ठी में राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ.श्याम मोहन मिश्र, डॉ कविता कुमारी, इतिहास विभाग के ममता रानी, डॉ अंजू कुमारी सहित अन्य शिक्षकों ने भी अपनी सक्रिय भागीदारी दर्ज कराई। मौके पर अर्थशास्त्र विभाग के शोधार्थी डॉ.रुपेश कुमार, रंजीत कुमार, अजय कुमार, राहुल कुमार एवं स्नातकोत्तर सेमेस्टर-प्प् के छात्र-छात्राओं ने परिचर्चा में हिस्सा लिया।

संक्षिप्त खबरें

### खगड़िया की स्वास्थ्य सेवा को मिली नई रफ्तार, दो एम्बुलेंस रवाना

**खगड़िया।** जिले की आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुढ़ करते हुए रविवार को दो नई बीएलएसए एम्बुलेंस का परिचालन शुरू किया गया। उप विकास आयुक्त श्रेयाश्री एवं सिविल सर्जन ड़ रामेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर दोनों एम्बुलेंस को संबंधित स्वास्थ्य संस्थानों के लिए रवाना किया। राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार द्वारा जेनप्लस प्राइवेट लिमिटेड, मुंबई के माध्यम से उपलब्ध कराई गई इन एम्बुलेंसों में से एक सदर अस्पताल, खगड़िया और दूसरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, बेलदौर में संचालित की जाएगी। नई एम्बुलेंस मिलने से गंभीर एवं आकस्मिक मरीजों, गर्भवती महिलाओं, नवजात एवं बीमार बच्चों तथा दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को समय पर स्वास्थ्य संस्थान पहुंचाने में सुविधा होगी। इसका विशेष लाभ ग्रामीण एवं दूरवर्ती क्षेत्रों के मरीजों को मिलेगा। बताते चले कि खगड़िया जिले के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में अब तक कुल 28 एम्बुलेंस संचालित थीं। दो नई बीएलएसए एम्बुलेंस मिलने के बाद जिले में एम्बुलेंस की कुल संख्या बढ़कर 30 हो गई है। इससे आपातकालीन कल पर मरीजों तक एम्बुलेंस की पहुंच अधिक तेज होगी और रेफरल व्यवस्था भी मजबूत बनेगी। सदर अस्पताल, खगड़िया में पूर्व से दो एएलएसए, पांच बीएलएसए और एक शव वाहन सहित कुल आठ वाहन संचालित थे। एक नई बीएलएसए मिलने के बाद यहां बीएलएसए की संख्या बढ़कर छह और कुल वाहनों की संख्या नौ हो गई है। जिला स्तरीय रेफरल अस्पताल होने के कारण इस नई एम्बुलेंस से गंभीर मरीजों को उच्च चिकित्सा संस्थानों तक पहुंचाने में विशेष सुविधा मिलेगी। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, बेलदौर में पूर्व से दो बीएलएसए और एक एएलएसए सहित कुल तीन एम्बुलेंस कार्यरत थीं। नई बीएलएसए मिलने के बाद वहां बीएलएसए की संख्या तीन और कुल एम्बुलेंस की संख्या बढ़कर चार हो गई है। इससे बेलदौर प्रखंड के ग्रामीण एवं सुदूरवर्ती इलाकों में आपातकालीन मरीजों को समय पर एम्बुलेंस सेवा मिल सकेगी। कार्यक्रम में जिला लेखा प्रबंधक रंजीत कुमार, एम्बुलेंस एजेंसी के एसीओ चंद्र प्रकाश चीकू, सदर अस्पताल के उपाधीक्षक ड़ राजेश चौधरी तथा जिला स्वास्थ्य समिति के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

### मजदूरी नही देने पर कार्रवाई की किया मांग

**बेलदौर।** प्रखंड क्षेत्र के दिघौन पंचायत अंतर्गत वार्ड नंबर दो निवासी मोहम्मद शहबाज ने बकाया मजदूरी का भुगतान न होने पर रविवार को थाना अध्यक्ष को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित शहबाज के अनुसार, उसने सकरोहर पंचायत के वार्ड नंबर नौ निवासी स्वर्गीय नारायण सिंह के पुत्र पप्पू सिंह के मकान में 47 हजार रुपये में पीओपी का काम ठेके पर लिया था। काम पूरा होने के बाद मकान मालिक द्वारा केवल 10,500 रुपये का ही भुगतान किया गया। आरोप है कि जब आवेदक ने अपनी शेष बकाया राशि की मांग की, तो पप्पू सिंह टालमटोल करने लगे और साफ शब्दों में पैसे देने से इनकार कर दिया। पीड़ित ने बताया कि मेहनत का पैसा न मिलने से उसके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। आवेदन प्राप्त होने के बाद बेलदौर थाना पुलिस मामले की छानबीन और कानूनी कार्रवाई में जुट गई है।

### गौतम पासवान जिलाध्यक्ष मनोनीत

**बेलदौर।** अखिल भारतीय दुसाध उत्थान परिषद संगठन को करते हुए खगड़िया के गौतम पासवान को जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर अरविंद कुमार द्वारा जारी पत्र में गौतम पासवान की निष्ठा लगन और कर्मठता को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। परिषद के प्रदेश नेतृत्व ने उम्मीद जताई है कि नवमनोनीत जिलाध्यक्ष गौतम पासवान समाज के उत्थान, जनकल्याणकारी कार्यो और संगठन को मजबूती प्रदान करने में पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ काम करेंगे। अपनी नियुक्ति पर आभार व्यक्त करते हुए जिलाध्यक्ष गौतम पासवान ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व ने मुझ पर जो विश्वास जताया है उस पर मैं खरा उतरने का प्रयास करूंगा। समाज को संगठित जागरूक और मजबूत बनाना ही मेरी पहली प्राथमिकता होगी।

शेष खबरें पेज नं. 12 पर

# वादों का निष्पादन मध्यस्थता के माध्यम से करने के लिए करें प्रेरित : सचिव

**खगड़िया (डीएनएस)।** मध्यस्थता एवं सुलह परियोजना समिति सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली द्वारा 90 दिनों का मेडिएशन 'फर द नेशन' 30 कैंपेन जारी किया गया है, जिसके तहत व्यवहार न्यायालय खगड़िया में लंबित विभिन्न प्रति के वाद का निष्पादन उभय पक्ष के बीच मध्यस्थता करा कर किया जाएगा। उक्त बातें की जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार खगड़िया के सचिव चंदन कुमार द्वारा बताया गया कि मध्यस्थता एवं सुलह परियोजना समिति, सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली ने उपर्युक्त कैंपेन जारी किया है। कैंपेन का उद्देश्य न्यायालय में लंबित विभिन्न तरह के वाद यथा वैवाहिक वाद, दावा वाद, घरेलू हिंसा से संबंधित वाद, चेक बाउंस से संबंधित वाद, व्यवसायिक वाद, सेवा संबंधी वाद, सुलहनीय अपराधिक वाद, पार्टीशन वाद, इविक्शन वाद आदि का निष्पादन उभय पक्ष के बीच मध्यस्थता कराकर करने का निर्णय लिया गया है। इस कैंपेन के तहत 30 सितंबर 2026 तक न्यायालय द्वारा ऐसे वादों को चिन्हित किया जाएगा, जिसमें उभयपक्ष के बीच सुलह की संभावना हो तथा ऐसे चिंहित वाद को उभयपक्ष के बीच मध्यस्थता कराने हेतु मध्यस्थता केंद्र, खगड़िया भेजा जाएगा। चिन्हित वादों के पक्षकार को भी मध्यस्थता की नियत तिथि के संबंध में न्यायालय द्वारा सूचित किया जाएगा। नियत तिथि को उभयपक्ष मध्यस्थता केंद्र में उपस्थित होकर मध्यस्थता की प्रक्रिया में भाग लेंगें जहां मध्यस्थता केंद्र के प्रतिनियुक्त मध्यस्थ उभयपक्ष के बीच मध्यस्थता करने का प्रयास करेंगे। मध्यस्थता के क्रम में अगर उभयपक्ष के बीच सहमति बन जाती है तो ऐसे वाद का निष्पादन त्वरित रूप से न्यायालय द्वारा मध्यस्थता के दौरान हुए शर्तो पर कर दिया जाएगा। उक्त जारी किए गए मध्यस्थता कैंपेन में अधिक से अधिक वादों के निष्पादन हेतु प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार अरविंद कुमार शर्मा के निर्देशानुसार तैयारियां जोर शोर से की जा रही हैं। न्यायिक पदाधिकारीगण, पैनल अधिवक्ता, मध्यस्थ आदि के साथ लगातार बैठकें आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खगड़िया के सचिव चंदन कुमार की अध्यक्षता में जिला विधिज्ञ संघ खगड़िया के अधिवक्तागण की बैठक की गई। बैठक में उपस्थित अधिवक्तागण से कहा गया कि वह पक्षकारों को इस मध्यस्थता कैंपेन की जानकारी दें तथा उन्हें अपने वाद का निष्पादन मध्यस्थता के माध्यम से करने हेतु प्रेरित करें। ताकि अधिक से अधिक वाद को मध्यस्थता हेतु मध्यस्थता केंद्र भेजा जा सके एवं उभय पक्ष के बीच मध्यस्थता कराकर वाद का निष्पादन कराया जा सके। साथ ही प्राधिकार के सचिव द्वारा जिले के पक्षकारों से अपील किया गया है कि वे लोग अगर इच्छुक हैं तो अपने-अपने वाद में मध्यस्थता करा सकते हैं इसके लिए आप न्यायालय में आवेदन दे सकते हैं इसके पश्चात न्यायालय द्वारा वाद को मध्यस्थता केंद्र भेज दिया जाएगा। जहां प्रतिनियुक्त मध्यस्थ द्वारा आपके और प्रतिवादी के बीच सुलह कराने का प्रयास किया जाएगा। उन्होने कहा कि मध्यस्थता की प्रक्रिया में भाग लेने से पक्षकारों के विवाद का शीघ्र समाधान होता है समय तथा खर्च की बचत होती है, न्यायालय में चक्कर लगाने से राहत मिलती है, मध्यस्थता अत्यधिक सरल व सुविधाजनक है, विवाद का हमेशा के लिए प्रभावी एवं सर्वमान्य समाधान होता है, समाधान में उभयपक्षों की सहमति को महत्व दिया जाता है, मध्यस्थ की प्रक्रिया पूर्णतः गोपनीय होती है और इससे सामाजिक सद्भाव कायम होता है।



बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव।

## कोसी-बागमती के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए इंजीनियरों की टीम ने तटबंध का किया निरीक्षण

**चौथम।** नेपाल स्थित कोसी बैराज से भारी मात्रा में पानी छोड़े जाने के बाद कोसी और बागमती नदी के जलस्तर में लगातार वृद्धि हो रही है। दोनों नदियों का जलस्तर इस साल के उच्चतम स्तर के करीब पहुंच गया है। बढ़ते जलस्तर के कारण चौथम प्रखंड के दियारा क्षेत्र के साथ-साथ कई मैदानी इलाकों में भी बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है। इससे ग्रामीणों में बाढ़ को लेकर चिंता बढ़ गई है। बाढ़ की स्थिति को देखते हुए जल संसाधन विभाग और जिला प्रशासन अलर्ट मोड में है। इसी क्रम में रविवार को जल संसाधन विभाग के चीफ इंजीनियर नवल किशोर भारती, अधीक्षण अभियंता रवींद्र सिंह, कार्यपालक अभियंता मनीष कुमार और सहायक अभियंता मनोज कुमार ने चौथम प्रखंड के विभिन्न स्थानों का जायजा लिया। अधिकारियों ने बदला-नगरपाड़ा तटबंध के मालपा और चौथम डीह के समीप पहुंचकर तटबंध की स्थिति का निरीक्षण किया। इस दौरान चीफ इंजीनियर ने अधीनस्थ अभियंताओं को तटबंधों की लगातार निगरानी करने और आवश्यक तैयारियां पूरी रखने के निर्देश दिए।



निरीक्षण करते इंजिनियर।

## पत्रकारों के हितों ओर सुरक्षा को लेकर संगठन है तैयार
### बिहार श्रमजीवी पत्रकार युनियन की बैठक आयोजित

**खगड़िया।** बिहार श्रमजीवी पत्रकार युनियन की बैठक रविवार को चौथम प्रखंड मुख्यालय स्थित एक विवाह भवन में आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता युनियन के जिलाध्यक्ष राजकिशोर सिंह ने किया। इस अवसर पर युनियन के पदाधिकारियों ने पत्रकारों के हितों को लेकर कई निर्णय लिये। अध्यक्ष राजकिशोर सिंह एवं महासचिव शशिभूषण ने उपस्थित पत्रकारों से संगठन पर चर्चा करते हुए संगठन के मजबूती पर प्रकाश डालते हुए पत्रकारों से फीड बैक जाना। वही युनियन के पूर्व महासचिव एजाज अहमद,मुरारी सिंह, अमित कुमार सिंह,रणवीर सिंह, रविषंकर कुमार ने संगठन पर विस्तृत रुप से चर्चा करते हुए प्रखंड मुख्यालय के पत्रकारों को साथ लेकर चलने की चर्चा किया एवं कोष की आर्थिक स्थिति की मजबूती करने पर बल दिया। संयुक्त सचिव सिकन्दर आजाद वक्त ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा की पत्रकारों के साथ हो रहे उत्पीड़न के साथ संगठन मजबूती के साथ खड़ा रहेगा। उन्होंने कहा की पत्रकारों की सुरक्षा को भी लेकर जल्द नई पहल करने की तैयारी चल रही है। उनहोंने पत्रकारों को एकता पर बल देते हुए कहा पत्रकार कलम का सिपाही होता, अगर उसके मान सम्मान पर आंच आयेगा तो आन्दोलन के लिए भी तैयार होना पड़ेगा। उन्होंने नये पत्रकारों को नियम कायदे को जानने की भी बात कहा। वहीं कोषाध्यक्ष राजेश कुमार वर्मा ने भी कोष संबंधित जानकारी साझा किया। बैठक में युनियन के जिला उपाध्यक्ष सुधीर शर्मा के अलावे युनियन के सदस्य पत्रकार धर्मवीर सिंह, बंटु सिंह, रणवीर कुमार सिंह, रामप्रवेश शर्मा, रवि कुमार सिंह, अनीष कुमार, अमन पाठक, रवि कुमार,रमेश कुमार, रविशंकर कुमार, सत्यम कुमार, राजकमल, मनोज कुमार पटेल, विनोद कुमार सिन्हा, सुदर्शन कुमार, गुरुचरण कुमार,धीरज कुमार, रविशंकर सिंह,आदि पत्रकार उपस्थित थे। युनियन के अध्यक्ष राजकिशोर सिंह ने बताया की 25 अक्टूबर को बैलदौर में बैठक आयोजित किया जायेगा। इधर महासचिव शशिभूषण एवं संयुक्त सचिव सिकन्दर आजाद वक्त ने बताया की जल्द ही युनियन से जुड़े सभी पत्रकारों की सूची डीएम एवं जन सम्पर्क पदाधिकारी को सौंपा जायेगा।




बैठक में युनियन के सदस्य व अन्य।

# तबला गुरु फुल बाबू की तीसरी पुण्यतिथि पर उमड़ा शिष्यों का सैलाब, दिग्गज कलाकारों ने दी श्रद्धांजलि

**खगड़िया (डीएनएस)।** जिले के झावरमल चौक स्थित विश्वनाथगंज मोहल्ले में ऋषि आर्ट एंड क्राफ्ट अकादमी के सभा हल में प्रसिद्ध तबला गुरु स्वर्गीय फूल कुमार राय उर्फ फूल बाबू की तीसरी पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर उनके शिष्यों, कला प्रेमियों और स्थानीय लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। कार्यक्रम में जिले के अलावा दूर-दराज से पहुंचे कई वरिष्ठ एवं चर्चित कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से महान तबला गुरु को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की शुरुआत स्वर्गीय फूल बाबू के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई। उनकी धर्मपत्नी सावित्री देवी, खगड़िया के वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक नारायण कारण, ऋषि आर्ट एंड क्राफ्ट अकादमी के निदेशक ऋषि कुमार, तबला वादक वीरेंद्र बाबू, तबला वादक लड्डू गोपाल, प्रसिद्ध तबला वादक मनोहर कुमार राय, फूल बाबू की अंतिम तबला शिष्या पूनम कुमारी सहित अन्य गणमान्य लोगों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। इसके बाद शास्त्रीय गीत-संगीत की प्रस्तुति का सिलसिला शुरू हुआ। संगीत गुरु सोनी कुमारी ने तबले पर सारनाथ की संगत के साथ गणपति एवं सरस्वती वंदना तथा स्वच्छता विषयक संगीत प्रस्तुति देकर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। उनकी प्रस्तुति ने पूरे सभागार को भक्तिमय और संगीतमय वातावरण से भर दिया। इसके उपरांत तबला वादक लड्डू गोपाल ने भक्ति गीत प्रस्तुत कर उपस्थित श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। वरिष्ठ अधिवक्ता एवं कला प्रेमी अशोक नारायण कर्ण ने सोलो तबला वादन की प्रस्तुति दी, जिसे दर्शकों और संगीत प्रेमियों ने खूब सराहा। तबले की विभिन्न तालों और लयकारी ने सभागार में मौजूद श्रोताओं को देर तक बांधे रखा।कार्यक्रम में मुरारी कुमार ने क्लासिकल एवं सुगम संगीत की प्रस्तुति दी, जबकि तबले पर मनोहर राय ने प्रभावशाली संगत की। इसके बाद संगीत शिक्षिका कुमारी सेल ने शास्त्रीय गायन प्रस्तुत कर अपनी कला का परिचय दिया। एक के बाद एक प्रस्तुतियों के कारण देर रात तक कार्यक्रम स्थल पर संगीत की मधुर स्वर-लहरियां गूंजती रहीं। बताते चले कि फूल बाबू की पुण्यतिथि पर पहुंचे उनके पुराने और नए शिष्यों के बीच गुरु की स्मृतियां भी चर्चा का केंद्र बनी रहीं। शिष्यों ने कहा कि फूल बाबू ने न केवल तबला वादन की बारीकियां सिखाईं, बल्कि संगीत के प्रति अनुशासन, साधना और समर्पण की भावना भी अपने शिष्यों में विकसित की। यही वजह है कि उनके निधन के बाद भी उनके शिष्य प्रत्येक वर्ष पुण्यतिथि के अवसर पर एकजुट होकर अपने गुरु को श्रद्धांजलि देते हैं। बताया गया कि फूल कुमार राय उर्फ फूल बाबू खगड़िया जिले के प्रसिद्ध तबला गुरु रहे थे। अपने समय में उन्होंने जिले में तबला वादन और शास्त्रीय संगीत को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने बड़ी संख्या में शिष्यों को तबला वादन की शिक्षा दी, जिनमें कई शिष्य आज भी संगीत के क्षेत्र में अपनी पहचान बना रहे हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन में ऋषि कुमार, खुशी कुमार, सच्चिदानंद, सारनाथ, संतु कुमार, ष्णा कुमारी, नंदनी, सुमन सहित अन्य आयोजकों एवं सहयोगियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आयोजकों ने कहा कि स्वर्गीय फूल बाबू की संगीत साधना और उनकी विरासत को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने के उद्देश्य से इस तरह के आयोजन आगे भी जारी रहेंगे।इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने एक स्वर में कहा कि फूल बाबू भले ही आज शारीरिक रूप से उनके बीच नहीं हैं, लेकिन उनके द्वारा सिखाई गई कला, उनके शिष्य और उनकी संगीत साधना उन्हें हमेशा जीवित रखेगी।



कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार।

संक्षिप्त खबरें

## बाढ़, चक्रवात एवं विभिन्न विभागीय कार्यो की समीक्षा बैठक
### जिलाधिकारी ने अधिकारियों को दिया निर्देश

**खगड़िया।** जिला पदाधिकारी विक्रम विरकर की अध्यक्षता में जिले में कोसी एवं बागमती नदी के बढ़ते जलस्तर, संभावित बाढ़ की स्थिति, चक्रवात से उत्पन्न परिस्थितियों तथा विभिन्न विभागीय कार्यो की समीक्षा हेतु समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्थिति की विस्तृत समीक्षा के उपरांत जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कोसी एवं बागमती नदी के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए सभी संबंधित अंचल अधिकारियों एवं प्रखंड विकास पदाधिकारियों को तटीय एवं प्रभावित क्षेत्रों में नियमित एवं सघन क्षेत्र भ्रमण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। क्षेत्रीय पदाधिकारियों को निरंतर भ्रमणशील रहते हुए आम नागरिकों से सीधा संवाद स्थापित करने तथा संभावित बाढ़ से बचाव एवं सावधानियों के संबंध में व्यापक जन-जागरूकता हेतु सघन माइकिंग अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। जिले के जिन सरकारी विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों के परिसरों में जलजमाव है, वहां सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर जल-निकासी कराने का निर्देश दिया गया, ताकि पठन-पाठन एवं आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन प्रभावित न हो। इस कार्य हेतु सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों एवं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों को संबंधित अंचल अधिकारियों एवं प्रखंड विकास पदाधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। जलजमाव एवं बाढ़ के कारण जलजनित एवं संक्रामक रोगों के संभावित प्रसार की रोकथाम हेतु सभी जलजमाव वाले क्षेत्रों तथा जिले के सभी अस्पताल परिसरों में नियमित रूप से ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कराने का निर्देश दिया गया। स्वास्थ्य विभाग को किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए मेडिकल टीम एवं एम्बुलेंस को 24ञ7 तैयार रखने तथा आवश्यकता पड़ने पर प्रभावित व्यक्तियों को तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने एवं अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। परबत्ता एवं बेलदौर प्रखंड के क्षेत्रों में चक्रवात की घटना को देखते हुए विद्युत विभाग के पदाधिकारियों, संबंधित अंचल अधिकारियों एवं प्रखंड विकास पदाधिकारियों को पूर्णतः सतर्क एवं सक्रिय रहने तथा आवश्यक राहत एवं पुनर्स्थापन कार्य सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। चौथम अंचल अंतर्गत सिसवा में नदी कटाव की सूचना के मद्देनजर बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल-2 को आवश्यक कटाव निरोधी कार्रवाई करने तथा जिला नियंत्रण कक्ष को इसकी सतत निगरानी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। चौढ़ली (गांधीनगर) में आवश्यक सुरक्षात्मक एवं मरम्मती कार्य के लिए बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल-2 एवं ग्रामीण कार्य विभाग, गोगरी को आपसी समन्वय से त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। अलौली प्रखंड अंतर्गत दिघनी-पिपरनी पथ में बने गड्ढों की तत्काल मरम्मति एवं सड़क को सुगम बनाने हेतु ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल खगड़िया को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। पथ निर्माण विभाग के कार्यो के सुचारू संचालन हेतु सहायक अभियंता, पथ निर्माण विभाग को तत्काल प्रभार ग्रहण करने का निर्देश दिया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी को अभियान चलाकर वाहनों की फिटनेस जांच सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।जिले के सभी सार्वजनिक प्रतिष्ठानों का अनिवार्य रूप से अग्नि सुरक्षा अंकेक्षण कराने तथा अग्नि सुरक्षा मानकों के अनुपालन के संबंध में लिखित अंडरटेकिंग प्राप्त करने पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया गया।जिला नियंत्रण कक्ष को जिले के सभी सार्वजनिक प्रतिष्ठानों की अद्यतन सूची एवं उनके अग्नि सुरक्षा प्रमाण-पत्र का विवरण प्राप्त कर संधारित करने का निर्देश दिया गया। जिले में संभावित बाढ़ एवं आपदा की संवेदनशील स्थिति को देखते हुए सभी जिला स्तरीय, प्रखंड एवं अंचल स्तरीय पदाधिकारियों तथा कर्मियों को अपने-अपने मुख्यालय में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया है। बिना पूर्व अनुमति के किसी भी पदाधिकारी अथवा कर्मी द्वारा मुख्यालय नहीं छोड़ा जाएगा।

## खगड़िया की स्वास्थ्य सेवा को मिली नई रफ्तार, दो एम्बुलेंस रवाना

**खगड़िया।** जिले की आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुढ़ करते हुए रविवार को दो नई बीएलएसए एम्बुलेंस का परिचालन शुरू किया गया। उप विकास आयुक्त श्रेयाश्री एवं सिविल सर्जन ड़ रामेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर दोनों एम्बुलेंस को संबंधित स्वास्थ्य संस्थानों के लिए रवाना किया। राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार द्वारा जेनप्लस प्राइवेट लिमिटेड, मुंबई के माध्यम से उपलब्ध कराई गई इन एम्बुलेंसों में से एक सदर अस्पताल, खगड़िया और दूसरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, बेलदौर में संचालित की जाएगी। नई एम्बुलेंस मिलने से गंभीर एवं आकस्मिक मरीजों, गर्भवती महिलाओं, नवजात एवं बीमार बच्चों तथा दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को समय पर स्वास्थ्य संस्थान पहुंचाने में सुविधा होगी। इसका विशेष लाभ ग्रामीण एवं दूरवर्ती क्षेत्रों के मरीजों को मिलेगा। बताते चले कि खगड़िया जिले के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में अब तक कुल 28 एम्बुलेंस संचालित थीं। दो नई बीएलएसए एम्बुलेंस मिलने के बाद जिले में एम्बुलेंस की कुल संख्या बढ़कर 30 हो गई है। इससे आपातकालीन कल पर मरीजों तक एम्बुलेंस की पहुंच अधिक तेज होगी और रेफरल व्यवस्था भी मजबूत बनेगी। सदर अस्पताल, खगड़िया में पूर्व से दो एएलएसए, पांच बीएलएसए और एक शव वाहन सहित कुल आठ वाहन संचालित थे। एक नई बीएलएसए मिलने के बाद यहां बीएलएसए की संख्या बढ़कर छह और कुल वाहनों की संख्या नौ हो गई है। जिला स्तरीय रेफरल अस्पताल होने के कारण इस नई एम्बुलेंस से गंभीर मरीजों को उच्च चिकित्सा संस्थानों तक पहुंचाने में विशेष सुविधा मिलेगी। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, बेलदौर में पूर्व से दो बीएलएसए और एक एएलएसए सहित कुल तीन एम्बुलेंस कार्यरत थीं। नई बीएलएसए मिलने के बाद वहां बीएलएसए की संख्या तीन और कुल एम्बुलेंस की संख्या बढ़कर चार हो गई है। इससे बेलदौर प्रखंड के ग्रामीण एवं सुदूरवर्ती इलाकों में आपातकालीन मरीजों को समय पर एम्बुलेंस सेवा मिल सकेगी। कार्यक्रम में जिला लेखा प्रबंधक रंजीत कुमार, एम्बुलेंस एजेंसी के एसीओ चंद्र प्रकाश चीकू, सदर अस्पताल के उपाधीक्षक ड़ राजेश चौधरी तथा जिला स्वास्थ्य समिति के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## पटना के रविन्द्र भवन में राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित

**बेलदौर।** राजधानी के रवीन्द्र भवन में आयोजित राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में खगड़िया जिले के एक दर्जन निजी विद्यालयों के शिक्षकों को उत्ष्ट योगदान के लिए प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष प्रभाकर प्रभात, जिला उपाध्यक्ष ऋषव कुमार, उदय कुमार पप्पू, ज़ेपी सिंह, सुबोध यादव, भोलाशंकर पांडे, राकेश चौधरी, रामशरण साहनी और रामविनय यादव ने शिक्षा मंत्री एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष को अंगवस्त्र व पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। वही ज्ञान भारती विद्या निकेतन के निदेशक ऋषव कुमार ने सम्मानित होने पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से शिक्षकों का आत्मबल और उत्साह बढ़ता है। खगड़िया के शिक्षकों की इस उपलब्धि पर जिले के शिक्षा जगत में हर्ष का माहौल है।




-प्रभाकर प्रभात व अन्य।

# काली पहाड़ी कुंड में डूबे छात्र का शव बरामद, स्वजनों में मचा कोहराम

**जमालपुर (मुंगेर) (डीएनएस)।** जमालपुर की काली पहाड़ी स्थित कुंड में शनिवार को नहाने के दौरान डूबे 15 वर्षीय छात्र लव कुमार का शव रविवार सुबह एसडीआरएफ की टीम ने बरामद कर लिया। शव को कुंड से बाहर निकालते ही स्वजनों के बीच चीख-पुकार मच गई। मौके पर मातमी सन्नाटा छा गया। मृतक छात्र केशोपुर निवासी नरेंद्र कुमार का पुत्र था।बताया गया कि लव कुमार अपने दोस्त प्रियांशु, अंकित और अंकुश के साथ काली पहाड़ी पर झरना देखने गया था। वहां तीन दोस्त कुंड में नहाने लगे, जबकि एक दोस्त मोबाइल से वीडियो बना रहा था। नहाने के दौरान लव कुमार और अंकित गहरे पानी में चले गए। प्रियांशु ने किसी तरह अंकित को पानी से बाहर निकाल लिया, लेकिन लव कुमार गहरे पानी में डूब गया।घटना की सूचना मिलते ही ईस्ट कलोनी और रामनगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद एसडीआरएफ की टीम ने शनिवार देर शाम तक कुंड में रेस्क्यू अभियान चलाया। हालांकि, अंधेरा होने के कारण अभियान रोकना पड़ा। रविवार सुबह एसडीआरएफ की टीम ने दोबारा तलाशी अभियान शुरू किया। काफी प्रयास के बाद लव कुमार का शव कुंड से बरामद किया गया।शव बाहर निकलते ही काली पहाड़ी पर सैकड़ों लोगों की भीड़ जुट गई। स्वजनों के विलाप से माहौल गमगीन हो गया। पुलिस ने कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव स्वजनों को सौंप दिया।



छात्र के शव को बाहर निकलना का प्रयास करते एसडीआरएफ।

## लोकतंत्र की हत्या के षड्यंत्रकारी मुख्य चुनाव आयुक्त का सपा ने फूंका पुतला

**मुंगेर।** राष्ट्र में एस आई आर के बहाने लोकतंत्र की हो रही हत्या की साजिश के विरोध में समाजवादी पार्टी ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार गुप्ता के साथ ही प्रधानमंत्री और गृह मंत्री का पुतला फुक अपना जबरदस्त आक्रोश व्यक्त किया। सपा जिला अध्यक्ष पप्पू यादव के नेतृत्व में काफी संख्या में सपाई बेलन बाजार स्थित पार्टी कार्यालय से जुलूस निकाल जिला मुख्यालय के मुख्य मार्गो पर प्रदर्शन करते हुए राजीव गांधी चौक पहुंचा और मुख्य चुनाव आयुक्त के साथ ही प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के पुतले को आग में झोंक दिया, इस दौरान प्रदर्शनकारी लोकतंत्र के हत्यारे ज्ञानेश कुमार को गिरफ्तार करो लोकतंत्र के तीन गुनहगार मोदी शाह ज्ञानेश कुमार जुल्मी जब-जब जुल्म करेगा सत्ता के गलियारों से चप्पा चप्पा गुंज उठेगा इन्कलाब के नारों से आदि नारे लगा रहे थे।मौके पर सपा जिला अध्यक्ष पप्पू यादव ने कहा की नरेंद्र मोदी की नेतृत्व वाली भाजपा की सरकार लगातार देश के लोकतंत्र और संविधान से खिलवाड़ कर रहा है श्री यादव ने कहा के मोदी शाह के इशारे पर एसआईआर से जुड़े कानून का उल्लंघन कर मुख्य चुनाव आयुक्त ने लोकतंत्र की हत्या करने की साजिश की है ऐसे षड्यंत्रकारी और गुमराह व्यक्ति पर अभिलंब महाभियोग चला कर उसे गिरफ्तार किया जाए।वहीं समाजवादी लोहिया वाहिनी के प्रदेश महासचिव रविकांत झा ने कहा कि भाजपा की सरकार देश में अराजकता उत्पन्न कर रही है एक तरफ ज्ञानेश कुमार की धोखाधड़ी से देश सुलग रहा है तो दूसरी तरफ अशोक चौधरी ने 14 करोड़ बिहारी को दुष्ट अनपढ़ जाहिल बोलकर गाली दे रहा है और वर्तमान सरकार जाती पूछ कर एनकाउंटर कर रही है अगर यही हाल रहा तो देश गृह युद्ध से धडधक उठेगा जिला उपाध्यक्ष बच्चू राय चंद्रवंशी महासचिव मिथिलेश यादव मुंगेर नगर अध्यक्ष मो आजम सदर प्रखंड अध्यक्ष ईश्वर मंडल प्रवक्ता गणेश पोद्दार मीडिया प्रभारी मनोज क्रांति आदि ने भी सरकार की निंदा की।प्रर्दशन में सचिव नकुल यादव गोपाल वर्मा मथुरी यादव छडपन मंडल डबल्यू यादव राजीव यादव अशोक शर्मा कालेश्वर महतो चंदन साह विरेंद्र दास योगेन्द्र मंडल सिकन्दर महतो विजय यादव मंगल सिंह सहित दर्जनों सपाई शामिल थे।


पुतला फूकते समाजवादी पार्टी।

## बदमाश के गले के 'विलेन' टैटू ने बढ़ाई जांच की सरगर्मी

### संदिग्ध के स्वजन से पूछताछ सोशल मीडिया पर 72 घंटे में 'भूचाल' की धमकी, 18.50 लाख की डकैती में पांच दिन बाद भी पुलिस खाली हाथ

**जमालपुर (मुंगेर) -** फरीदपुर दास टोली में सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक मनोज कुमार दास के घर हुई 18.50 लाख रुपये की डकैती के पांच दिन बाद भी पुलिस को बदमाशों तक पहुंचाने वाला ठोस सुराग नहीं मिल सका है। हालांकि, वारदात के दौरान एक बदमाश के गले पर बने 'विलेन' टैटू ने पुलिस की जांच को नई दिशा दे दी है। टैटू की निशानदेही पर पुलिस ने एक संदिग्ध युवक के घर पहुंचकर उसके स्वजन से पूछताछ की है।बताया जाता है कि 22 सितंबर की रात पांच नकाबपोश हथियारबंद बदमाशों ने प्रधानाध्यापक के घर धावा बोलकर डकैती की थी। घटना के दौरान उनके पुत्र सौरभ ने एक बदमाश के गले पर टैटू होने की जानकारी पुलिस को दी थी। इसके बाद पुलिस ने फरीदपुर क्षेत्र में गले पर 'विलेन' लिखा टैटू वाले युवक की तलाश शुरू की।पुलिस सूत्रों के अनुसार, जांच के दौरान निर्भय कुमार झा उर्फ निशु झा उर्फ बाबा का नाम सामने आया है। बताया जा रहा है कि वह फिलहाल जमालपुर में मौजूद नहीं है। इसके बाद पुलिस ने उसके घर पहुंचकर परिवार के कुछ सदस्यों से पूछताछ की और उसकी गतिविधियों तथा संभावित संपर्को की जानकारी जुटाई।पुलिस की कार्रवाई की जानकारी मिलने के बाद संदिग्ध युवक ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर डकैती में शामिल होने से इनकार किया। उसने अपने परिवार के सदस्यों को परेशान नहीं करने की चेतावनी देते हुए पुलिस को 72 घंटे के भीतर 'भूचाल' मचा देने की धमकी भी दी है। पोस्ट में उसने जमालपुर में लटरी, जुआ, शराब, हथियार और ब्राउन शुगर के कथित अवैध कारोबार को लेकर भी गंभीर आरोप लगाए हैं।हालांकि, सोशल मीडिया पोस्ट में लगाए गए इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस पोस्ट की सत्यता, युवक की भूमिका, उसके संपर्को और डकैती कांड से संभावित संबंधों की जांच कर रही है।डकैती के बाद से पुलिस की अलग-अलग टीमें संभावित ठिकानों पर छापेमारी और संदिग्धों से पूछताछ कर रही हैं। पुलिस का कहना है कि मामले में सभी संभावित बिंदुओं पर जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## संजीव व आनंद के गोल से सारोबाग ने फुल्का को 2-0 से हराया

**जमालपुर (मुंगेर) -** जेएसए जमालपुर मैदान में चल रहे फुटबल लीग टूर्नामेंट के अगले राउंड में सारोबाग की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फुल्का को 2-0 से पराजित कर दिया। दोनों टीमों के बीच मुकाबला शुरू से ही रोमांचक रहा। सारोबाग के खिलाड़ियों ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए शुरुआती मिनटों में ही फुल्का की टीम पर दबाव बना दिया।मैच के सातवें मिनट में सारोबाग की ओर से जर्सी नंबर 14 के संजीव कुमार ने शानदार गोल कर टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। गोल खाने के बाद फुल्का के खिलाड़ियों ने बराबरी के लिए कई प्रयास किए, लेकिन सारोबाग के रक्षापंक्ति के खिलाड़ियों ने उनके हमलों को नाकाम कर दिया। दूसरे हाफ में भी सारोबाग के खिलाड़ियों का दबदबा कायम रहा। मैच के 48वें मिनट में जर्सी नंबर सात के आनंद कुमार ने दूसरा गोल दागकर टीम की बढ़त 2-0 कर दी।इसके बाद फुल्का की टीम ने गोल करने के लिए लगातार आक्रमण किए और सारोबाग के गोलपोस्ट पर कई प्रयास किए, लेकिन कोई भी प्रयास गोल में तब्दील नहीं हो सका। अंततः सारोबाग ने 2-0 से जीत दर्ज कर अगले राउंड में जगह बनाई। मैच में निर्णायक की भूमिका प्रवीण शंकर सिंह, प्रकाश कुमार, मनीष कुमार और मिथुन कुमार ने निभाई। टूर्नामेंट को सफल बनाने में जेएसए सचिव संदीप शर्मा, प्रवीण सिंह, संजय कुमार ट्विंकल सहित अन्य का योगदान रहा।



सारोबाग की विजयी टीम।

## कमरे में फंदे से लटका मिला 28 वर्षीय युवक, जांच में जुटी पुलिस

**जमालपुर (मुंगेर) -** जमालपुर थाना क्षेत्र के सदर बाजार वार्ड नंबर 21 स्थित ब्रह्मस्थान मोहल्ले में रविवार दोपहर 28 वर्षीय युवक अभिषेक कुमार उर्फ छोटू ने कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद स्वजनों और आसपास के लोगों में अफरातफरी मच गई। मृतक नीरज साह का पुत्र था और अपने बड़े भाई विवेक के साथ घर में रह रहा था।बताया गया कि रविवार दोपहर विवेक ने अपने भाई को कमरे में फंदे से लटका देखा। इसके बाद उसने शोर मचाकर आसपास के लोगों को बुलाया। स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई और घटना की सूचना जमालपुर थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल की जांच शुरू की।पुलिस की जांच के दौरान फोरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया। टीम ने घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य जुटाए। स्वजनों और आसपास के लोगों के अनुसार, अभिषेक छोटा-मोटा ठेला लगाकर अपनी जीविका चलाता था। करीब दो वर्ष पूर्व उसका पत्नी से तलाक हो गया था। इसके बाद से वह मानसिक रूप से परेशान रहता था। लोगों ने बताया कि आशिकपुर की एक महिला से भी उसकी लगातार बातचीत होती थी, जिसे लेकर भी वह परेशान रहता था।थानाध्यक्ष ने बताया कि युवक ने आत्महत्या क्यों और किन परिस्थितियों में की, इसकी जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद ही घटना के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# जमालपुर स्टेशन पर महिला से सोने का लॉकेट झपटने वाला गिरफ्तार

**जमालपुर (मुंगेर) (डीएनएस)।** जमालपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर चार पर ट्रेन से उतरते समय महिला के गले से सोने का लकेट झपटकर भाग रहे एक आरोपित को आरपीएफ और सीआइबी की टीम ने दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपित की पहचान बेगूसराय जिले के बलिया थाना क्षेत्र के अख्तियारपुर गांव निवासी धर्मेंद्र पासवान के रूप में हुई है। उसके पास से झपटा गया करीब तीन ग्राम वजन का सोने जैसा धातु का लकेट, जिसमें लाल रंग के मोती जड़े थे, बरामद किया गया। बरामद आभूषण की कीमत करीब 55 हजार रुपये बताई गई है।महाराणा धरहरा निवासी सदानंद यादव अपनी पत्नी नीतू कुमारी के साथ महेशखूंटा-जमालपुर पैसेंजर ट्रेन से सबदलपुर से जमालपुर पहुंचे थे। प्लेटफार्म नंबर चार पर ट्रेन से उतरने के दौरान भीड़ का फायदा उठाकर काले रंग की शर्ट-पैंट पहने एक व्यक्ति ने नीतू कुमारी के गले से सोने का लकेट झपट लिया और भाग निकला। घटना को लेकर पीड़ित ने जीआरपी जमालपुर में लिखित शिकायत भी दी थी।सूचना मिलने के बाद सीआइबी जमालपुर के आइपीएफ एसके सुधा के नेतृत्व में आरपीएफ पोस्ट जमालपुर के इंस्पेक्टर सुजीत कुमार यादव व जवानों ने स्टेशन परिसर में तलाशी अभियान चलाया। इसी दौरान प्लेटफार्म नंबर एक चार के भागलपुर छोर के पास संदिग्ध अवस्था में एक व्यक्ति रेलवे यार्ड की ओर जाता दिखा। टीम को देखते ही वह तेज गति से भागने लगा। जवानों ने पीछा कर उसे पानी टंकी के समीप पकड़ लिया।तलाशी के दौरान उसके पैंट की दाहिनी जेब से टूटी अवस्था में लाल रंग के मोतियों से जड़ा करीब तीन ग्राम का सोने जैसा धातु का लकेट तथा एक पुराना कीपैड मोबाइल बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपित ने लकेट को महिला के गले से झपटने की बात स्वीकार की। मोबाइल के संबंध में भी वह कोई कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद बरामद सामान की जब्ती सूची तैयार कर आरोपित धर्मेंद्र पासवान को गिरफ्तार कर जीआरपी जमालपुर को सौंप दिया गया।


गिरफ्तारी की जानकारी देते आरपीएफ।

## संक्षिप्त खबरें

### गौतम की निशानदेही पर गंगा में अमन की तलाश तेज

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** सूर्यपुरा निवासी अमन कुमार के संदिग्ध अपहरण मामले में पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। गौतम से पूछताछ के बाद मिली जानकारी के आधार पर पुलिस टीम ने गंगा नदी में अमन की तलाश शुरू की। थानाध्यक्ष राहुल कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने संभावित स्थानों पर सघन खोजबीन की। मामले में पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है और अमन के संबंध में सुराग जुटाने का प्रयास किया जा रहा है।

### मारपीट में महिला की मौत चार नामजद गिरफ्तार, एफएसएल ने जुटाए साक्ष्य

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** पंचमहला थाना क्षेत्र में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में महिला की मौत के मामले में पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। एसडीपीओ अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि मामले में चार नामजद आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। घटनास्थल पर एफएसएल टीम ने पहुंचकर आवश्यक साक्ष्यों को संरक्षित किया है। पुलिस के अनुसार मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

### शराब से लेकर सूखे नशे और जुए तक पर पुलिस की नजर, थानाध्यक्ष ने दी सख्त चेतावनी

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** थाना क्षेत्र में शराब के साथ-साथ सूखे नशे के कारोबार, जुआ और अन्य अवैध गतिविधियों पर पुलिस की नजर टेढ़ी है। नए थानाध्यक्ष ने कार्यभार संभालने के बाद ही गलत धंधे में शामिल लोगों को सख्त चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि कानून तोड़ने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। पुलिस की प्राथमिकता क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाना है।

### श्रीराम कथा में पहुंचे विधायक डॉ. सियाराम लिया संतों का आशीर्वाद

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। अथमलगोला प्रखंड के कल्याणपुर में आयोजित श्रीराम कथा में विधायक ड़ सियाराम सिंह पहुंचे। उन्होंने कथा स्थल पर पहुंचकर संतों एवं श्रद्धालुओं से मुलाकात की और आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने श्रीराम कथा का श्रवण कर आयोजन की सराहना की। कार्यक्रम में स्थानीय लोगों एवं श्रद्धालुओं की मौजूी रही।

### विधायक आवास पर भाजपाइयों ने सुनी 'मन की बात', प्रधानमंत्री के संदेश पर हुई चर्चा

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** 27 सितंबर, महीने के अंतिम रविवार को प्रधानमंत्री के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' का प्रसारण हुआ। बाढ़ विधायक ड़ सियाराम सिंह के आवासीय कार्यालय पर वरिष्ठ भाजपा नेता मुकेश सिंह, संजय कुमार, प्रिया रंजन कुमार, पंकज कुमार, हीरा प्रसाद गिरि सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक के साथ कार्यक्रम सुना। इस दौरान प्रधानमंत्री के संबोधन के विभिन्न विषयों पर कार्यकर्ताओं के बीच चर्चा भी हुई।



डॉ. सियाराम सिंह माननीय विधायक के साथ मुकेश कुमार सिंह।

### सोनपुर मंडल में स्वच्छ पानी मुहैया कराने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है स्पेशल ड्राइव

**सोनपुर (एन एसबी)** हाजीपुर स्टेशनों, कार्य स्थलों और रेलवे कलोनियों में सुरक्षित, साफ और हाइजीनिक पीने के पानी की सुविधा को बेहतर बनाने हेतु सोनपुर मंडल में पानी की क्वालिटी सुधारने के लिए एक स्पेशल ड्राईव चलाया जा रहा है, जिसके तहत पानी के स्टोरेज टैंकों की सफाई, क्लोरीनेशनधडिसइंफेक्शन, पानी की क्वालिटी की मनिटरिंग और सोर्स से लेकर नल तक ट्रीटमेंट की जरूरतों का रिव्यू किया जा रहा है। पानी के सोर्स से नल तक पानी की क्वालिटी का असेसमेंट किया जा रहा है ताकि उन जगहों की पहचान की जा सके जहां फिल्ट्रेशन या ट्रीटमेंट की आवश्यकता है। इसी कड़ी में वाटर टैंकों के सफाई हेतु सोनपुर मंडल में 20.08.2026 से एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत ओवरहेड, अंडरग्राउंड और पीवीसी सहित सभी 3363 पानी के टैंकों की सफाई की जानी है। इनमें से अब तक 1953 पानी के टैंकों को साफ और डिसइंफेक्ट किया जा चुका है।

## संक्षिप्त खबरें

### कलश शोभा यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ 9 दिवसीय भागवत कथा

**पसराहा।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत महद्दीपुर पंचायत के झंझरा गांव में नौ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ किया गया है। इस पावन अवसर पर सैकड़ों की संख्या में कुंवारी कन्याओं और महिलाओं ने कलश में जल भरकर पूरे गाजे-बाजे के साथ गांव का भ्रमण किया। इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने के लिए झंझरा के बड़ी कबीर मठ स्थित कुएं में अगुवानी से विशेष रूप से लाए गए पवित्र गंगाजल को मिलाया गया, जिसके पश्चात सभी कुंवारी कन्याओं के कलश में जल भरा गया। यह श्रीमद्भागवत कथा बड़ी कबीर मठ झंझरा के खेल मैदान में आयोजित की जा रही है, जो 27 सितंबर से प्रारंभ होकर आगामी 5 अक्टूबर तक पूरी दिव्यता के साथ संपन्न होगी। इस आध्यात्मिक अनुष्ठान में प्रख्यात कथावाचक व्यास वैदेही शरण जी महाराज के द्वारा अपनी मधुर वाणी से संगीतमय कथा का रसपान कराया जाएगा। इस वृहद धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन समस्त झंझरा ग्रामवासियों के सक्रिय सहयोग और आपसी सौहार्द से किया जा रहा है। आयोजकों ने कहा कि इस नौ दिवसीय भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर कथा का श्रवण करेंगे और अपने जीवन को भक्तिमय बनाएंगे। यह ज्ञान यज्ञ प्रतिदिन संध्या 4रू00 बजे से रात्रि 9रू00 बजे तक संचालित होगा, जिससे पूरा क्षेत्र भक्ति और अध्यात्म के रंगों में सराबोर रहेगा। इस भव्य कलश शोभा यात्रा में दिवाकर शर्मा मिस्त्री, अशोक शर्मा, सुभाष शर्मा, गुड्डू शर्मा, राजो शर्मा, विजय तिवारी, पंचलाल मुनी, ड़ विवेकानंद तिवारी, प्रभाष कुमार सहित झंझरा पंचायत के समस्त ग्रामीण बढ़-चढ़कर शामिल हुए और आयोजन को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।


-कलष्श शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुगण।

### छात्रों के बीच चित्रकला और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

**खगड़िया।** सदर प्रखंड क्षेत्र के नवसृजित प्राथमिक विद्यालय ताँतीटोला बभनगामा में 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत चित्रकला और भाषण प्रतियोगिता को बच्चों के लिए अधिक रोचक, व्यावहारिक और सामाजिक जुड़ाव वाला बनाने की रूपरेखा की बात और चर्चा बात की है। जिसमें चित्रकला प्रतियोगिता 'रंगों से सेवा और स्वच्छता' में बबीता कुमारी, रुचिका कुमारी और आदित्य कुमार को चयनित किया गया और भाषण प्रतियोगिता में 'बोलते नन्हें हाथ, सेवा का संकल्प' प्राथमिक स्तर के बच्चों में मंच का डर दूर करने और आत्मविश्वास जगाने के लिए भाषण को लंबा न रखकर संक्षिप्त और प्रभावी तरीके से बच्चों ने अपनी विचार व्यक्त किया। जिसमें 'हम अपने स्कूल परिसर और अपने टोले को साफ रखेंगे, हर साल एक पौधा लगाएंगे और बड़ों का आदर करेंगे।' कार्यक्रमकी अध्यक्षता पवन कुमार और सहयोगी शिक्षक शशिकान्त कुमार और अरुण तिवारी नेमुख्य भूमिका निभाई। साथ ही अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी आयोजित किया गया जिसमें अभिभावकों का स्वागत किया गया तथा बच्चों को जीवन में बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान के महत्व से अभिभावकों को अवगत कराया गया कक्षा के अनुसार सभी गतिविधियों का समयबद्ध संचालन किया गया है। कक्षा के अनुसार एक अभिभावक को 'पैरेंट अफ द मंथ' में मीरा देवी को सम्मानित किया तथा छात्रों को 'स्टूडेंट अफ द मंथ' से अंशु कुमारी, गुड़िया कुमारी और शिवम कुमार को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अभिभावक के द्वारा विद्यालय में चारदिवारी और उत्क्रमित मध्य विद्यालय करने की बात की।

### गोदाम से पानी के मोटर चोरी, एक गिरफ्तार

**गोगरी।** गोगरी-जमालपुर स्थित एक गोदाम से पानी वाले कई मोटर चोरी होने के मामले में गोगरी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान जमालपुर पासवान टोला निवासी 19 वर्षीय सतीश कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से चोरी के सात पानी के मोटर और दो तराजू बरामद किए हैं। बताया जाता है कि जमालपुर निवासी दुकानदार चंदन कुमार ने गोदाम से मोटर चोरी होने को लेकर गोगरी थाना में आवेदन दिया था। आवेदन मिलने के बाद एसडीपीओ चंदन कुमार ठाकुर के निर्देश पर गोगरी थानाध्यक्ष अजय शंकर प्रसाद के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सतीश कुमार को गिरफ्तार कर लिया। प्रेस वार्ता के दौरान एसडीपीओ चंदन कुमार ठाकुर ने बताया कि गिरफ्तार युवक से पूछताछ की जा रही है। उन्होंने बताया कि चोरी की घटना में उसके साथ कुछ अन्य लोगों के भी शामिल होने की बात सामने आई है। पुलिस उनकी पहचान और गिरफ्तारी के लिए आगे की कार्रवाई कर रही है। एसडीपीओ ने बताया कि चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए विभिन्न चोरी प्रभावित स्थलों पर विशेष गश्ती बढ़ाई जा रही है। पुलिस बरामद सामान के संबंध में भी जांच कर रही है तथा गिरोह से जुड़े अन्य लोगों तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है।


प्रेस वार्ता के दौरान एसडीपीओ व अन्य।

### 'मन की बात' राष्ट्र निर्माण में जनभागीदारी को नई प्रेरणा देने वाला सशक्त माध्यम : संजय सरावगी

**खगड़िया।** बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं दरभंगा विधायक संजय सरावगी ने रविवार को खगड़िया जिले के बेलदौर विधानसभा अंतर्गत महेशखूंट उत्तरी मंडल के गंगोत्री होटल परिसर में बूथ संख्या 178 पर पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' का 138 वा श्रवण किया। इस दौरान जिला के पदाधिकारी के साथ बड़ी संख्या में स्थानीय कार्यकर्ता एवं आम लोग मौजूद रहे।'मन की बात' कार्यक्रम के बाद प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह कार्यक्रम देश के नागरिकों से सीधे संवाद का महत्वपूर्ण माध्यम बन चुका है। इसके जरिए देश के अलग-अलग हिस्सों में हो रहे प्रेरक कार्यो, उपलब्धियों, नवाचारों और समाज की सकारात्मक शक्ति को पूरे देश के सामने लाया जाता है। उन्होंने कहा कि 'मन की बात' प्रत्येक नागरिक को राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करती है। उन्होंने कहा कि आज के प्रेरक उोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सर्जिकल स्ट्राइक, जनगणना और सोमनाथ की गौरवशाली विरासत सहित राष्ट्रहित से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार साझा किए। प्रधानमंत्री ने देश की सामूहिक शक्ति, विरासत और विकास यात्रा से जुड़े विषयों को सामने रखते हुए नागरिकों की जिम्मेदारियों और सहभागिता पर भी प्रकाश डाला। संजय सरावगी ने कहा कि 'मन की बात' देश की विविधता में एकता को भी मजबूत करने का माध्यम बनी है। देश के दूर-दराज के गांवों से लेकर शहरों तक सामान्य नागरिकों द्वारा किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यो को इस कार्यक्रम के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलती है। इससे युवाओं, महिलाओं, किसानों और विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रहे लोगों को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने पूरे देश में कुपोषण से निपटने और पोषण के बारे में जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया कई प्रेरणादायक पहल की प्रशंसा भी की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का संवाद केवल सरकार की उपलब्धियों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि समाज के उन लोगों और प्रयासों को भी पहचान देता है, जो अपने स्तर पर राष्ट्रहित में योगदान कर रहे हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि प्रधानमंत्री के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के साथ समाज के प्रत्येक वर्ग को सकारात्मक एवं रचनात्मक कार्यो से जोड़ने का प्रयास करें। इस अवसर पर भागलपुर-पूर्णिया-कोसी क्षेत्र के संगठन प्रभारी अनंत नारायण मिश्रा, जिला अध्यक्ष शत्रुघ भगत, जिला महामंत्री ड़ इंद्रभूषण कुशवाहा, नीतीश कुमार सिंह , ईबीसी मोर्चा प्रदेश सहसंयोजक सुजीत कुमार राणा, जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मी देवी, प्रीति प्रिया, जिला कोषाध्यक्ष मृत्युंजय झा,जिला मीडिया प्रभारी सह मुख प्रवक्ता मनीष कुमार राय, जिला मंत्री नवीन सिन्हा,मंडल अध्यक्ष रोमित राज, अवनीश कुमार, रंजीत राजा उर्फ सोनू चौरसिया अजय कुमार, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सरल सिंह, मंडल महामंत्री धीरेंद्र उर्फ गुंजन पासवान,शहरी निकाय प्रकोष्ठ के जिला संयोजक गोपाल कुमार, सोशल मीडिया जिला संयोजक अविनाश केसरी,सहित पार्टी के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


संजय सरावगी व अन्य।

## संक्षिप्त खबरें

### सब्जी चोरी करते युवक को किसान ने पकड़ा, पेड़ से बांधकर पुलिस को सौंपा

**कल्याणपुर। एनएसबी** चकमहेसी थाना क्षेत्र के करुआ गांव में रविवार को खेत से सब्जी चोरी करने के आरोप में एक युवक को किसान ने पकड़ लिया। किसान ने युवक को पकड़ने के बाद उसे पेड़ से बांध दिया। कुछ ही देर में मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। घटना की सूचना डायल-112 पुलिस को दी गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और युवक को अपने साथ थाने ले गई। युवक की पहचान करुआ वार्ड संख्या-15 निवासी परवीन कुमार परवाना के रूप में बताई गई है। घटना के बाद ग्रामीणों के बीच कुछ देर तक मौके पर भीड़ लगी रही। इस संबंध में चकमहेसी थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार सहनी ने बताया कि मामले को लेकर आवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### मारपीट में महिला घायल, करंट लगने से एक अन्य व्यक्ति जख्मी

**कल्याणपुर। एनएसबी** कल्याणपुर प्रखंड क्षेत्र में रविवार को अलग-अलग घटनाओं में एक महिला सहित दो लोग घायल हो गए। आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट में एक महिला घायल हो गई, जबकि दूसरी घटना में करंट लगने से एक व्यक्ति जख्मी हो गया। मारपीट की घटना में घायल महिला की पहचान शिवनगर गांव निवासी 24 वर्षीय सहजादी खातून के रूप में हुई है। घटना के बाद परिजनों ने उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कल्याणपुर में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने उसका उपचार किया। वहीं जखरा गांव में करंट लगने से एक व्यक्ति घायल हो गया। परिजनों की मदद से उसे भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कल्याणपुर लाया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. बीके ठाकुर ने बताया कि करंट से घायल व्यक्ति का इलाज अस्पताल में जारी है और उसकी स्थिति पर चिकित्सकों द्वारा निगरानी रखी जा रही है।

### दरभंगा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से एनडीए समर्थित उम्मीदवार के रूप में दावेदारी पेश करेंगे डॉ. घनश्याम राय

**समस्तीपुर। एनएसबी** बिहार विधान परिषद के दरभंगा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से जनता दल यूनाइटेड (जदयू) की ओर से डॉ. घनश्याम राय एनडीए समर्थित उम्मीदवार के रूप में अपनी दावेदारी पेश करेंगे। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा की ओर से 23 सितंबर को जारी उम्मीदवारों की सूची में डॉ. घनश्याम राय का नाम शामिल है। बताया गया कि शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों की चार शिक्षक सीटों के लिए जदयू ने उम्मीदवारों के नाम घोषित किए हैं। इनमें दरभंगा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से डॉ. घनश्याम राय को उम्मीदवार बनाया गया है। डॉ. राय वर्तमान में मुंगेर विश्वविद्यालय में कुलसचिव के पद पर कार्यरत हैं। इससे पूर्व वे विभिन्न विश्वविद्यालयों में कुलसचिव के पद पर कार्य कर चुके हैं। ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय में प्रोफेसर रहने के साथ ही उन्होंने विभिन्न महाविद्यालयों में प्राचार्य के रूप में भी जिम्मेदारी संभाली है। दूरभाष पर बातचीत में डॉ. राय ने कहा कि वित्तरहित शिक्षकों सहित शिक्षक कल्याण उनके प्रमुख मुद्दों में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि अवसर मिलने पर वे शिक्षकों की समस्याओं और उनकी आवाज को संबंधित मंच तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे। बिहार विधान परिषद की आठ शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों के चुनाव के लिए 23 अक्टूबर को मतदान निर्धारित है। मतगणना 27 अक्टूबर को होगी।

### बच्चे के साथ महिला ने नदी में लगाई छलांग, युवक ने जान जोखिम में डालकर बचाया

**विद्यापतिनगर। एनएसबी** वाजिदपुर रानी पुल के समीप रविवार दोपहर उस समय अफरातफरी मच गई, जब करीब 35 वर्षीय एक महिला ने अपने लगभग पांच वर्षीय बच्चे के साथ नदी में छलांग लगा दी। महिला के नदी में कूदते ही मौके पर मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए बच्चे को नदी से सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इसी बीच महिला को नदी में डूबता देख करीब पांच से दस मिनट बाद एक युवक ने अपनी जान की परवाह किए बिना नदी में छलांग लगा दी। युवक ने काफी मशक्कत के बाद महिला को भी नदी से बाहर निकाल लिया। इसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से महिला को तत्काल इलाज के लिए एक निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी स्थिति सुरक्षित बताई। घटना की जानकारी मिलने के बाद महिला के परिजन भी मौके पर पहुंचे और उसे अपने साथ घर ले गए। बताया जाता है कि महिला का घर बर्मोतर बमौरा बताया जा रहा है। हालांकि महिला ने नदी में छलांग लगाने के कारणों के संबंध में कोई जानकारी नहीं दी। परिजनों ने भी घटना के बारे में कुछ बताने से इनकार कर दिया। घटना के पीछे की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। घटना के बाद काफी देर तक पुल के आसपास लोगों की भीड़ जुटी रही। स्थानीय लोगों के बीच घटना को लेकर तरह-तरह की चचाएं होती रहीं।

### स्थापना के 31 साल बाद भी विद्यापतिनगर को नहीं मिला स्थायी प्रखंड-अंचल कार्यालय भवन

**कॉमन फैसिलेटर सेंटर और उत्पादन सह प्रशिक्षण भवन में चल रहे कार्यालय, आवासीय सुविधा के अभाव में अधिकारी-कर्मी भी परेशान**

**विद्यापतिनगर। एनएसबी** विद्यापतिनगर प्रखंड की स्थापना के 31 वर्ष बाद भी प्रखंड एवं अंचल कार्यालय को अपना स्थायी भवन नसीब नहीं हो सका है। वर्तमान में कॉमन फैसिलेटर सेंटर भवन में प्रखंड कार्यालय तथा उत्पादन सह प्रशिक्षण भवन में अंचल कार्यालय का संचालन किया जा रहा है। वहीं अधिकारियों और कर्मियों के लिए सरकारी आवास की सुविधा उपलब्ध नहीं होने के कारण कई कर्मियों को दलसिंहसराय में रहना पड़ता है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के विकास और ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही मांग को देखते हुए तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के कार्यकाल में 24 जनवरी 1994 को पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कपूर्री ठाकुर की जयंती के अवसर पर विद्यापतिनगर प्रखंड की स्थापना की गई थी। साहिट पंचायत भवन में तत्कालीन शिक्षा मंत्री रामचंद्र पूर्वे ने प्रखंड का उद्घाटन किया था। प्रखंड की स्थापना के बाद क्षेत्र के लोगों में बेहतर प्रशासनिक सुविधा और विकास की उम्मीद जगी थी। इसके बाद अंचल कार्यालय भी अस्तित्व में आया। तीन दशक से अधिक समय बीत जाने के बाद क्षेत्र में आबादी बढ़ी, पंचायतों की संख्या और सरकारी योजनाओं का दायरा बढ़ा, लेकिन प्रखंड एवं अंचल कार्यालय के लिए स्थायी भवन का निर्माण नहीं हो सका। बताया जाता है कि वर्षों पूर्व पानी टंकी के समीप प्रखंड सह अंचल कार्यालय के निर्माण के लिए जमीन उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू की गई थी। तत्कालीन डीएम और एसडीओ स्तर से स्थल निरीक्षण भी किया गया था। प्रशासनिक प्रक्रिया आगे बढ़ी, लेकिन जमीन को लेकर विवाद सामने आने के बाद भवन निर्माण की योजना आगे नहीं बढ़ सकी। स्थायी भवन के अभाव में वैकल्पिक भवनों में कार्यालय संचालित होने से जगह की कमी सहित कई व्यावहारिक समस्याएं सामने आती हैं। दूसरी ओर अधिकारियों और कर्मियों के मुख्यालय से बाहर रहने की स्थिति में ग्रामीणों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए कई बार दलसिंहसराय का रुख करना पड़ता है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से लंबे समय से लंबित प्रखंड सह अंचल कार्यालय भवन के निर्माण की प्रक्रिया को तेज करने तथा अधिकारियों एवं कर्मियों के लिए सरकारी आवास की व्यवस्था करने की मांग की है।

### बच्चों में रचनात्मक प्रवृत्ति का विकास जरूरी - डॉक्टर मनोज

**समस्तीपुर कार्यालय ।** राम चंद्र सेवा संस्थान, समस्तीपुर के सौजन्य से ज्ञान किरण पब्लिक स्कूल परिसर में बच्चों के बीच पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी कल्पनाशीलता एवं कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों ने रंगों के माध्यम से विभिन्न विषयों को कागज पर उकेरकर अपनी रचनात्मक क्षमता का परिचय दिया। प्रतियोगिता के दौरान विद्यालय परिसर में बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। प्रतिभागी बच्चों ने आकर्षक चित्र एवं रंग संयोजन के माध्यम से अपनी कला प्रतिभा प्रस्तुत की। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में छिपी रचनात्मक प्रतिभा को सामने लाना और उन्हें कला के प्रति प्रोत्साहित करना रहा। मौके पर मौजूद राम चंद्र सेवा संस्थान के डॉक्टर मनोज कुमार सिंह ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि चित्रकला बच्चों की कल्पनाशक्ति और रचनात्मक सोच को विकसित करने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

# जरूरतमंदों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना ट्रस्ट का उद्देश्य : भोला चौरसिया




**समस्तीपुर/एनएसबी।** चंदन कुमार मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से रविवार को सरस्वती निकेतन स्कूल परिसर में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर स्वास्थ्य जांच कराई। चिकित्सकों ने मरीजों की जांच के बाद उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया तथा जरूरत के अनुसार दवाएं भी उपलब्ध कराई। ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रो. भोला चौरसिया ने कहा कि समाज के जरूरतमंद लोगों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना ट्रस्ट का प्रमुख उद्देश्य है। आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए समय-समय पर इस तरह के चिकित्सा शिविर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि शिविरों के माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के साथ उनकी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का प्रारंभिक स्तर पर पता लगाने और उचित चिकित्सकीय परामर्श देने का प्रयास किया जा रहा है। शिविर में डॉ. गिरीश आनंद, डॉ. चंद्रभूषण एवं डॉ. मौसम कुमारी ने मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की। इस दौरान नेत्र संबंधी समस्या, रक्तचाप, मधुमेह सहित विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं की जांच की गई। चिकित्सकों ने मरीजों को खान-पान, नियमित जांच और स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों के बारे में भी जानकारी दी। जरूरतमंद मरीजों को आवश्यक दवाएं भी उपलब्ध कराई गईं।

## शहीद भगत सिंह की जयंती पर अर्पित की श्रद्धांजलि, युवाओं को उनके विचारों से प्रेरणा लेने का आह्वान

**दलसिंहसराय। एनएसबी** शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह की 119वीं जयंती रविवार को लहरिया बाजार स्थित हीरा लाल साह के धर्मशाला के समीप उनके प्रतिमा स्थल पर मनाई गई। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर वक्ताओं ने भगत सिंह के व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तार से चर्चा की। वक्ताओं ने कहा कि देश की आजादी के लिए भगत सिंह और उनके साथियों ने जो संघर्ष और बलिदान दिया, वह आज भी युवाओं के लिए प्रेरणा का विषय है। उन्होंने कहा कि भगत सिंह के विचारों और उनके सपनों के भारत को लेकर युवाओं को जागरूक करने की आवश्यकता है। वक्ताओं ने कहा कि भगत सिंह ने कम उम्र में ही देश और समाज के लिए संघर्ष का रास्ता चुना। उनके जीवन से युवाओं को देश, समाज और आम लोगों के प्रति जिम्मेदारी की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम में वक्ताओं ने उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने पर भी जोर दिया। मौके पर सीपीआई के अंचल सचिव विनोद समीर, शंकर राम, राम विलास शर्मा, राजद के प्रदेश सचिव चंदन प्रसाद, रामू भगत, राम बाबू साह, जगन लाल साह, प्रभात सिंह, मो. उस्मान सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## जिला केंद्रीय सहकारी बैंक का नेटवर्थ बढ़कर 20.52 करोड़, लगातार चौथे वर्ष लाभ में रहा बैंक



**समस्तीपुर। एनएसबी** डिस्ट्रिक्ट सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड की वार्षिक आमसभा रविवार को शहर के मोहनपुर रोड स्थित यूएन पैलेस में आयोजित हुई। आमसभा का उद्घाटन सहकारिता ध्वज फहराकर संयुक्त निबंधक, सहयोग समितियां, दरभंगा प्रमंडल मो. निसार अहमद ने किया। अध्यक्षता बैंक के अध्यक्ष विनोद कुमार राय ने की, जबकि प्रबंध निदेशक अनिल कुमार गुप्ता ने प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। आमसभा को संबोधित करते हुए बैंक के अध्यक्ष विनोद कुमार राय ने कहा कि बैंक लगातार चौथे वर्ष लाभ में रहा है। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में बैंक ने 65.81 लाख रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया। पूर्व की हानियों के समायोजन के बाद बैंक के पास 642.69 लाख रुपये की संचित राशि शेष है। उन्होंने बताया कि बैंक की आरक्षित निधि बढ़कर 851.78 लाख रुपये हो गई है, जबकि बैंक का नेटवर्थ 2052.86 लाख रुपये यानी 20.52 करोड़ रुपये पहुंच गया है। अध्यक्ष ने बैंक की प्रगति का श्रेय पदाधिकारियों, कर्मचारियों, पैक्स और बैंक से जुड़े सदस्यों के सामूहिक प्रयास को दिया। उन्होंने कहा कि बैंक को भविष्य में और अधिक मजबूत, आत्मनिर्भर, पारदर्शी और तकनीकी रूप से सक्षम बनाने की दिशा में काम किया जाएगा। सहकारी बैंकिंग व्यवस्था को आधुनिक जरूरतों के अनुरूप विकसित करने पर भी जोर दिया गया।आमसभा में संयुक्त निबंधक मो. निसार अहमद, अध्यक्ष विनोद कुमार राय, उपाध्यक्ष सुनील कुमार, निदेशक राम कलेवर प्रसाद सिंह, राम कुमार यादव, प्रवीण कुमार रौशन, राम कुमार झा, श्याम सुंदर प्रसाद, रंजन पासवान, अनिता देवी, प्रभा कुमारी, अंजू देवी, प्रबंध निदेशक अनिल कुमार गुप्ता, लेखा प्रबंधक मनीष कुमार वर्मा, स्थापना प्रभारी सह ऋण पदाधिकारी विश्वनाथ चौधरी सहित बैंक के अधिकारी, शाखा प्रभारी, पैक्स अध्यक्ष और अन्य लोग मौजूद थे।

## पर्यटन के विकास से रोजगार और राजस्व के अवसर बढ़ते हैं : नवीन कुमार सिंह



**दलसिंहसराय। एनएसबी** विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर रविवार को विद्यापतिधाम मंदिर परिसर में अनुमंडलीय विधिक सेवा समिति, दलसिंहसराय के सौजन्य से विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर का आयोजन राष्ट्रीय एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निदेर्शानुसार किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पैनल अधिवक्ता नवीन कुमार सिंह ने कहा कि सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक विकास में पर्यटन की महत्वपूर्ण भूमिका है। विशेष रूप से विकासशील देशों के लिए पर्यटन राजस्व प्राप्त करने और रोजगार के नए अवसर सृजित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। पर्यटन के विकास से स्थानीय स्तर पर भी रोजगार और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने कहा कि पर्यटन के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों के लोग एक-दूसरे की संस्कृति, परंपरा और विरासत को समझते हैं। पर्यटन सामाजिक और सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने के साथ आर्थिक गतिविधियों को भी गति देता है। उन्होंने विद्यापतिधाम मंदिर के ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। शिविर के दौरान पैनल अधिवक्ता ने बिहार पीड़ित प्रतिकर स्कीम के संबंध में भी आमलोगों को जानकारी दी। उन्होंने योजना के उद्देश्य, पात्रता और पीड़ितों को मिलने वाली सहायता के संबंध में आवश्यक जानकारी साझा की। मौके पर पीएलवी जितेंद्र कुमार सिंह सहित संजीत कुमार, मुकेश गिरी, सुमित बाबा, धीरज समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## बूथ स्तर पर भाजपाइयों ने सुनी 'मन की बात', विभिन्न केंद्रों पर जुटे कार्यकर्ता

**समस्तीपुर। एनएसबी** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ह्यमन की बातह्ल कार्यक्रम के 138वें प्रसारण को रविवार को समस्तीपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न बूथों पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से सुना। बूथ स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों में पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।



समस्तीपुर ग्रामीण पूर्वी मंडल के शक्ति केंद्र लगुनिया सूर्यकंठ के कोरबध्दा चौक स्थित महदैया पोखर के निकट बूथ संख्या 153 पर बूथ अध्यक्ष सह मंडल उपाध्यक्ष उमेश कुशवाहा की अध्यक्षता में कार्यक्रम हुआ। कार्यकताओं ने सामूहिक रूप से प्रधानमंत्री के संबोधन को सुना।

इसी तरह समस्तीपुर नगर मंडल के काशीपुर स्थित बूथ संख्या 197 एवं 198 पर भाजपा युवा मोर्चा के जिला महामंत्री सह बूथ अध्यक्ष रणजीत कुशवाहा के नेतृत्व में कार्यकताओं ने ह्यमन की बातह्ल कार्यक्रम सुना। मारवाड़ी बाजार स्थित बूथ संख्या 210 पर बूथ अध्यक्ष राकेश कुमार राज के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शशिकांत आनंद, जिला महामंत्री सुनील कुमार गुप्ता, जिला मुख्य प्रवक्ता सह विधानसभा बीएलए-1 मुकेश कुमार सिंह, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष सह समस्तीपुर विधानसभा संयोजक वीरेंद्र यादव सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जसम की नई राज्य परिषद का गठन, जीतेंद्र कुमार अध्यक्ष और दीपक सिन्हा बने सचिव




**समस्तीपुर। एनएसबी** जन संस्कृति मंच के दो दिवसीय बिहार राज्य सम्मेलन के दूसरे दिन रविवार को समस्तीपुर कॉलेज में सांगठनिक सत्र आयोजित किया गया। सम्मेलन में संगठन की नई राज्य परिषद और राज्य कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया पूरी की गई। मंच पर पर्यवेक्षक राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का. कौशल किशोर एवं राष्ट्रीय महासचिव का. मनोज कुमार मौजूद रहे। सत्र की अध्यक्षता जीतेंद्र कुमार, तबस्सुम फरहाना, अनील अंशुमन, प्रो. सुरेंद्र प्रसाद सुमन एवं रामबाबू आर्य के अध्यक्षमंडल ने की। प्रतिनिधियों के बीच रिपोर्ट कार्ड का वितरण किया गया। इसके बाद राज्य सचिव दीपक सिन्हा ने संगठन के कामकाज का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

प्रतिवेदन पर सुमन कुमार सिंह, डॉ. प्रभात कुमार, समता राय, कृष्ण कुमार निमोर्ही, निर्मल नयन, राजेश कमल, विंदेश्वरी सिंह सहित अन्य प्रतिनिधियों ने चर्चा में हिस्सा लिया। प्रतिनिधियों ने संगठन के विस्तार और भविष्य की रणनीति से संबंधित सुझाव रखे। राज्य सचिव ने सम्मेलन में आए सुझावों को रिपोर्ट में शामिल करने का आश्वासन दिया। इसके बाद अध्यक्षमंडल की ओर से रिपोर्ट पारित करने का प्रस्ताव रखा गया, जिसे प्रतिनिधियों ने समर्थन दिया।

चुनावी सत्र में 125 सदस्यीय नई राज्य परिषद के गठन का प्रस्ताव पर्यवेक्षक कौशल किशोर ने रखा, जिसे उपस्थित प्रतिनिधियों ने पारित किया। इसके बाद 45 सदस्यीय राज्य कार्यकारिणी के गठन का प्रस्ताव भी पारित किया गया।

नवगठित राज्य परिषद की बैठक में सर्वसम्मति से जीतेंद्र कुमार को राज्य अध्यक्ष और दीपक सिन्हा को राज्य सचिव चुना गया। डॉ. सुरेंद्र प्रसाद सुमन, डॉ. प्रभात कुमार, डॉ. रामबाबू आर्य, निर्मल नयन, कृष्ण कुमार निमोर्ही, प्रमोद यादव, शंभू भारतीय, अनील अंशुमन, अहमद सगीर, विजय एवं डॉ. स्नेहलता को राज्य उपाध्यक्ष चुना गया।

वहीं पुनीत पाठक, सुमन कुमार सिंह, रंजन कुमार बमबम, समीर कुमार, डॉ. संजय कुमार और अशोक पासवान को राज्य सह सचिव चुना गया। समस्तीपुर कॉलेज की ओर से प्रो. दिनेश्वर यादव ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इसके बाद पुनीत पाठक, प्रमोद यादव और अनील अंशुमन के नेतृत्व में ह्यहम होंगे कामयाबह्ल का सामूहिक गायन हुआ और सम्मेलन के समापन की घोषणा की गई।

# जनता दरबार में सात जमीन मामलों की सुनवाई, पांच का निष्पादन

**जमीन विवाद के पांच मामलों का मौके पर हुआ निपटारा**



**विद्यापतिनगर/एनएसबी।** अंचल कार्यालय में शनिवार को जमीन एवं राजस्व से संबंधित मामलों के त्वरित निष्पादन को लेकर जनता दरबार लगाया गया। इसमें कुल सात मामले प्रस्तुत किए गए। अधिकारियों ने दोनों पक्षों की बात सुनने और उपलब्ध दस्तावेजों एवं राजस्व अभिलेखों की जांच के बाद पांच मामलों का मौके पर ही निष्पादन कर दिया।

जनता दरबार में अंचल पदाधिकारी कुमार हर्ष, राजस्व अधिकारी अरुण कुमार शर्मा एवं एसआई रवि कुमार की मौजूदगी में फरियादियों की समस्याएं सुनी गईं। अधिकारियों ने जमीन विवाद से जुड़े मामलों में दोनों पक्षों को अपनी बात रखने का अवसर दिया तथा उपलब्ध कागजातों के आधार पर मामले की स्थिति समझी। सुनवाई के दौरान पांच मामलों का तत्काल निष्पादन किया गया, जबकि शेष दो मामलों में आवश्यक दस्तावेजों एवं अन्य बिंदुओं की जांच के लिए अगली तिथि निर्धारित की गई।

अधिकारियों ने फरियादियों से अपील की कि जमीन संबंधी विवादों के निपटारे के लिए जनता दरबार में आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित हों। उन्होंने कहा कि भूमि विवादों में नियमानुसार कार्रवाई करते हुए दोनों पक्षों को सुनवाई का अवसर दिया जाएगा। मौके पर राजस्व कर्मचारी राकेश कुमार सहित अन्य कर्मी एवं फरियादी मौजूद थे।

## राज्यस्तरीय कार्यशाला में सुभीत कुमार को 'फेस ऑफ ट्रेनर' सम्मान

**समस्तीपुर/एनएसबी।** राज्यस्तरीय योजना निर्माण कार्यशाला में समस्तीपुर के सुभीत कुमार सिंह को ह्यफेस ऑफ ट्रेनरह्ल सम्मान से नवाजा गया। होटल मौर्या, पटना में यूनिसेफ के सहयोग से आयोजित तीन दिवसीय आवासीय कार्यशाला में राज्य के 26 जिलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सुभीत कुमार सिंह पीआर इंटर विद्यालय कपूर्रीग्राम के विशिष्ट शिक्षक एवं स्टेट ट्रेनर हैं। शैक्षणिक सत्र 2026-27 में इक्विटी संभाग के अंतर्गत संचालित कार्यक्रमों की प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने के उद्देश्य से कार्यशाला आयोजित की गई थी।

बताया गया कि प्रारंभिक प्रतिभागी सूची में समस्तीपुर जिला शामिल नहीं था। पिछले सत्र में जिले के प्रदर्शन और इक्विटी कार्यक्रमों के क्रियान्वयन को देखते हुए समस्तीपुर को विशेष ह्यवाइल्ड कार्ड एंट्रीह्ल दी गई। जिले की ओर से प्रतिनिधित्व के लिए सुभीत कुमार सिंह का चयन किया गया। उन्होंने महज 20 मिनट में समस्तीपुर से संबंधित प्रस्तुति तैयार कर प्रस्तुत की। इसके बाद विषयवार संवाद, समूह चर्चा एवं योजना निर्माण की गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी करते हुए जिले के अनुभव और आगामी रणनीति को सामने रखा। कार्यशाला में एडोलिसेंट प्रोग्राम फॉर गर्ल्स, करियर गाइडेंस, वित्तीय एवं डिजिटल साक्षरता, सेल्फ-एस्टीम एवं बॉडी कॉन्फिडेंस तथा ड्रग्स एवं सब्सटेंस एब्यूज की रोकथाम जैसे विषयों पर चर्चा हुई। फेस ऑफ ट्रेनर के चयन में प्रशिक्षण कौशल, विषय की समझ, संवाद क्षमता, प्रस्तुतीकरण, समय प्रबंधन, अनुशासन, बॉडी लैंग्वेज और समूह के साथ सहभागिता जैसे मानकों को आधार बनाया गया। उनकी उपलब्धि पर जिला शिक्षा पदाधिकारी कामेश्वर प्रसाद गुप्ता, डीपीओ समग्र शिक्षा शुभम कसौधन एवं इक्विटी संभाग प्रभारी सुजीत कुमार ने बधाई दी। सुभीत कुमार सिंह ने सम्मान को नई जिम्मेदारी बताते हुए कहा कि इससे प्रशिक्षण की गुणवत्ता, नवाचार और विद्यालय स्तर पर कार्यक्रमों के बेहतर क्रियान्वयन के लिए और प्रयास करने की प्रेरणा मिलेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### यात्री वाहनों से वसूली की शिकायत पर नगर निगम की कार्रवाई तीन जगहों पर वसूली पर रोक

**गयाजी (दैनिक नवसंदेश ब्यूरो)।** पितृपक्ष मेला के दौरान यात्रियों को लेकर आने-जाने वाले वाहनों से वसूली की शिकायतों को नगर निगम ने गंभीरता से लिया। शिकायतों के बाद नगर आयुक्त डॉ. गगन कुमार ने गोपालगंज में ग्राउंड रेंट की वसूली पर रोक लगा दी है। इसके साथ ही सलेमपुर घाट के सैरात की वसूली पर भी रोक लगा दी गई है। मेला अवधि में यात्री वाहनों की आवाजाही को सुगम बनाने के लिए पंचायती अखाड़ा बस स्टैंड को कंडी नवादा पार्क के पास शिफ्ट किया गया है। नगर निगम की इस कार्रवाई से मेला क्षेत्र में यात्री वाहनों से होने वाली वसूली को लेकर मिल रही शिकायतों पर रोक लगाने की पहल की गई है। नगर निगम प्रशासन ने कहा है कि पितृपक्ष मेला के दौरान यात्रियों, पिंडदानियों और वाहन चालकों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। वसूली या अन्य किसी तरह की शिकायत होने पर लोग सीधे नगर निगम के उप नगर आयुक्त से संपर्क कर सकते हैं।

### दारोगा भर्ती परीक्षा में कथित धांधली के विरोध में अभाविप का प्रदर्शन

**गयाजी (दैनिक नवसंदेश ब्यूरो)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, गया महानगर के कार्यकर्ताओं एवं छात्रों ने गया महाविद्यालय, गया में आयोजित बिहार पुलिस दारोगा भर्ती परीक्षा को लेकर सामने आए कथित अनियमितता एवं धांधली के आरोपों के विरोध में प्रदर्शन किया। इस दौरान गया कॉलेज के मुख्य द्वार पर परीक्षा अधीक्षक का पुतला दहन कर प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष, पारदर्शी एवं वैज्ञानिक तरीके से जाँच कराने की मांग की गई। अभाविप के जिला संयोजक विनायक कुमार ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाएँ युवाओं के भविष्य से जुड़ी होती हैं। ऐसी परीक्षा में किसी भी प्रकार की अनियमितता की आशंका भी अत्यंत गंभीर विषय है। उन्होंने कहा कि पूरे मामले की निष्पक्ष जाँच होने तक परीक्षा केंद्र के अधीक्षक को पदमुक्त कर जाँच को प्रभावित होने से बचाया जाए तथा जाँच में उनकी भूमिका संदिग्ध पाए जाने पर नियमानुसार गिरफ्तारी की कार्रवाई की जाए।

### बुद्धा आईटीसी में कैंपस सिलेक्शन 28 सितंबर को

**गयाजी (दैनिक नवसंदेश ब्यूरो)।** बुद्धा आईटीसी पांडे परसावां गयाजी के परिसर में दिनांक 28 09 2026 को 10:30 बजे पूर्वाह्न से कैंपस सिलेक्शन का आयोजन किया जायेगा। यह आयोजन एल एंड टी सी एस टी एल बैंगलुरू कंपनी द्वारा आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए उक्त संस्थान के निदेशक विनय कुमार ने बताया कि कैंपस सिलेक्शन के लिए ट्रेड इलेक्ट्रीशियन, फाइटर मैकेनिक डीजल, प्लंबर एवं वेल्डर, कारपेंटर, ड्राफ्ट्समैन के सभी प्रशिक्षक सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थान से आईटीआई हो। जिनकी आयु सीमा 18 से 35 वर्ष है ,इस कैंपस सिलेक्शन में भाग ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि कंपनी द्वारा 2 महीने का प्रशिक्षण दी जाएगी। यह प्रशिक्षण चेरकी बाजार गयाजी में दिया जाएगा। प्रशिक्षण के उपरांत मानदेय के रूप में 18200 प्रतिमाह दिए जाएंगे जिसकी नियुक्ति नॉर्थ बिहार में होगी।

### गोली मार हत्या करने के एक अभियुक्त गिरफ्तार

**गयाजी (दैनिक नवसंदेश ब्यूरो)।** पुलिस ने गोली मार हत्या करने के एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में एसएसपी ने बताया कि दिनांक 08.05.2026 को वादी द्वारा लिखित आवेदन दिया गया कि इनके चाचा को दस्तवीर खान फोन कर मिलने के लिए नदी पार मनैनी बुलाया था। इसी बीच अगले सुबह में वादी को सूचना मिला कि मनैनी से पटोरी जाने वाली सड़क से कजेरन पईन के पास गोली मारकर इनके चाचा की हत्या कर दी गई है। इस संबंध में वजीरगंज थाना कांड संख्या 184/26, दिनांक-08.05.2026 दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया। वरीय पुलिस अधीक्षक गया द्वारा इस कांड को गंभीरता से लेते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, वजीरगंज के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया जिसमें वजीरगंज थानाध्यक्ष, वजरीगंज थाना के अन्य पुलिस पदाधिकारी/कर्मी तथा तकनीकी शाखा, गया के पुलिस पदाधिकारी/कर्मी को शामिल किया गया।

### डायट में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**गयाजी (दैनिक नवसंदेश ब्यूरो)।** प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग कार्यक्रम के अंतर्गत विज्ञान एवं गणित विषय के गैर-नामित पीबीएल शिक्षकों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, गया में किया गया। प्रशिक्षण में कोंच, गुरारू एवं गुरुआ प्रखंड के शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। गया जिले के कई मध्य विद्यालयों में कक्षा 6 से 8 के विज्ञान एवं गणित विषय के नामित शिक्षक उपलब्ध नहीं हैं। ऐसी स्थिति में इन विषयों के शिक्षण के लिए अन्य विषयों के शिक्षकों को भी गतिविधियों से जुड़कर कार्य करना पड़ता है। इस आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, प्राथमिक शिक्षा एवं सर्व शिक्षा अभियान, गया तथा जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान , गया के समन्वय से जिले के गैर-नामित शिक्षकों के लिए चरणबद्ध प्रशिक्षण आयोजित करने का निर्णय लिया गया है।

### पंचायत दिवस के मौके पर किया गया ग्राम सभा का आयोजन

**अरवल (एनएसबी)।** जिले के सभी पाँचों प्रखंडों की पंचायतों में पंचायत विकास दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पंचायत स्तर पर आयोजित ग्राम सभाओं में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, ग्राम सभा के सदस्यों एवं आम नागरिकों ने सहभागिता की। पंचायत विकास दिवस के अवसर पर आयोजित ग्राम सभाओं में पंचायतों के समग्र विकास, स्थानीय आवश्यकताओं, जनसुविधाओं तथा जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान पंचायत स्तर पर आवश्यक विकासात्मक कार्यों की पहचान तथा स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप योजनाओं एवं प्राथमिकताओं के निर्धारण पर विशेष बल दिया गया। ग्राम सभाओं के माध्यम से स्थानीय नागरिकों को पंचायत के विकास से संबंधित विषयों पर अपने सुझाव एवं आवश्यकताएं रखने का अवसर मिला। साथ ही पंचायतों के विकास में सामुदायिक सहभागिता को और अधिक मजबूत करने तथा विकास की प्रक्रिया में आम नागरिकों की सक्रिय भूमिका सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। पंचायत विकास दिवस का मुख्य उद्देश्य ग्राम सभा को अधिक सक्रिय एवं प्रभावी बनाते हुए स्थानीय स्तर पर विकास की आवश्यकताओं की पहचान करना, जनहित से जुड़े विषयों पर सामूहिक चर्चा करना तथा जनभागीदारी आधारित पंचायत व्यवस्था को सुदृढ़ करना है।



ग्राम सभा में भाग लेते लोग।

# विद्यालय स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

**अरवल (एनएसबी)।** मेरे सपनों का भारत सेवा चित्र अभियान के अंतर्गत दिनांक 26 सितम्बर 2026 को जिले के सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों में विद्यालय स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

**प्रतियोगिता में भाग लेते छात्राएं**

प्रतियोगिता में कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने निर्धारित थीम के आधार पर अपनी कल्पनाशीलता एवं रचनात्मक प्रतिभा का परिचय देते हुए चित्रों के माध्यम से अपने सपनों के भारत की परिकल्पना को अभिव्यक्त किया। अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ उनमें राष्ट्र निर्माण, सेवा भावना एवं विकसित भारत की परिकल्पना के प्रति जागरूकता विकसित करना है। विद्यालय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता देखने को मिली। विद्यालय स्तर की प्रतियोगिता में चयनित उत्कृष्ट प्रतिभागी दिनांक 03 अक्टूबर 2026 को +2 बालिका उच्च विद्यालय, अरवल में आयोजित होने वाली जिला स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेंगे। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चयनित प्रतिभागियों को आगे राज्य स्तरीय कार्यक्रम में अरवल जिले का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त होगा। जिला प्रशासन द्वारा संबंधित विद्यालयों एवं पदाधिकारियों को अभियान के तहत निर्धारित गतिविधियों का सफलतापूर्वक आयोजन सुनिश्चित करने तथा विद्यार्थियों की अधिकाधिक सहभागिता को प्रोत्साहित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।




प्रतियोगिता में भाग लेते छात्राएं।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में आवारा कुत्तों के आतंक से मरीज व बच्चों की बढ़ी परेशानी

**कुर्था(एनएसबी)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुर्था में जहां सैकड़ों मरीज इलाज कराने के लिए आते हैं वही स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में इन दिनों आवारा कुत्तों का ठिकाना बन गया है। अस्पताल परिसर में आए दिन दर्जनों आवारा कुत्ते घूमते रहते हैं जिससे इलाज कराने के लिए आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खासकर महिला और बच्चों के लिए स्थिति अधिक चिंताजनक बनी हुई है। बताया जाता है कि अस्पताल आने वाली महिलाओं और बच्चों की ओर आवारा कुत्ते कई बार गुरार्ते हुए दौड़ पड़ते हैं। इससे बचने के दौरान लोग भागने लगते हैं और कभी-कभी गिरकर चोटिल भी हो जाते हैं। अस्पताल में तैनात सुरक्षा कर्मियों को डंडा लेकर कुत्तों को खदेड़ना पड़ता है, जिसके बाद मरीजों को राहत मिलती है। नाम नहीं बताने के लिए शर्त पर एक सुरक्षा कर्मी ने बताया कि स्वास्थ्य केंद्र परिसर की दीवार टूट जाने के कारण आवारा कुत्ते आसानी से अंदर प्रवेश कर जाते हैं। वहीं प्रशासनिक भवन के समीप गंदगी का अंबार लगा रहने से भी कुत्तों का जमावड़ा बना रहता है। इसके बावजूद अस्पताल प्रशासन की ओर से समस्या के समाधान को लेकर अब तक ठोस पहल नहीं की गई है।



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आवारा कुत्ता।

## चुनाव आयोग के खिलाफ एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) ने की नुक्कड़ सभाएं




नुक्कड़ सभा में शामिल लोग।

**कुर्था (एनएसबी)।** सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (कम्युनिस्ट) की ओर से रविवार को कुर्था, मानिकपुर एवं मोतीपुर बाजार के विभिन्न चौक-चौराहों पर नुक्कड़ सभाओं का आयोजन किया गया। सभाओं के माध्यम से मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की बर्खास्तगी व गिरफ्तारी, एसआईआर प्रक्रिया रद्द करने तथा मतदाता सूची से हटाए गए 13 करोड़ लोगों के नाम पुनः शामिल करने की मांग उठाई गई। सभा को संबोधित करते हुए पार्टी के जिला सचिव कामरेड रूपेश कुमार ने आरोप लगाया कि मुख्य चुनाव आयुक्त ने लोकतांत्रिक तरीके के बजाय तानाशाहीपूर्ण रवैया अपनाया है। उन्होंने एसआईआर प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए कहा कि भेदभावपूर्ण तरीके से लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं। उन्होंने दावा किया कि कई जीवित लोगों को भी मृत घोषित कर दिया गया है। रूपेश कुमार ने आरोप लगाया कि इस तरह की प्रक्रिया से चुनाव की निष्पक्षता पर सवाल खड़े हुए हैं। उन्होंने लोगों से इसके खिलाफ व्यापक आंदोलन खड़ा करने का आह्वान किया। सभा को उमेश प्रसाद, मंडल गोविंद कुमार, दीपक कुमार सहित अन्य नेताओं ने भी संबोधित किया।

## पंचायत सरकार भवन में जुटे जनप्रतिनिधि व ग्रामीण के साथ विकास कार्यों पर हुआ मंथन

**कुर्था (एनएसबी)।** पंचायतों में विकास कार्यों को गति देने और ग्रामीण क्षेत्रों में सतत विकास के लक्ष्यों को प्रभावी ढंग से लागू करने के उद्देश्य से रविवार को प्रखंड की विभिन्न पंचायतों में पंचायत विकास दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसी क्रम में कोदमरई,मानिकपुर, बारा सचई सहित प्रखण्ड क्षेत्र के विभिन्न पंचायत सरकार भवन में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में सभी पंचायत के मुखिया पंचायत सचिव जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों के साथ आवास योजना सहित पंचायत में संचालित योजनाओं तथा आगामी विकास कार्यों को लेकर चर्चा की। इस दौरान पंचायत स्तर पर चल रही योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों तक पहुंचाने और विकास कार्यों में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत की वर्तमान योजनाओं, आगामी विकास कार्यों तथा सतत विकास लक्ष्यों की चयनित थीम पर विचार-विमर्श किया गया। पंचायत विकास दिवस के माध्यम से ग्रामीणों को पंचायत स्तर पर संचालित योजनाओं एवं विकास कार्यों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया।




कार्यक्रम में भाग लेते पदाधिकारी व कर्मी।

### दिव्यांग दंपती की जिंदगी में नहीं पहुंची सरकारी मदद

**कुर्था (एनएसबी)।** सरकार दिव्यांगजनों को सहूलियत और सम्मान के साथ जीवन जीने के लिए विभिन्न योजनाएं चला रही है, लेकिन मानिकपुर पंचायत की लक्ष्मीनिया देवी तक इन योजनाओं का लाभ अब तक नहीं पहुंच सका है। दिव्यांग लक्ष्मीनिया देवी को ट्राई साइकिल सहित प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिलने से उन्हें काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। लक्ष्मीनिया देवी के अनुसार उनके पति भी दिव्यांग हैं। परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर है और रहने के लिए भी बेहतर आवास की सुविधा नहीं है। ऐसे में दोनों के लिए रोजमर्रा की जिंदगी बेहद कठिन बनी हुई है। उनका कहना है कि दिव्यांगजनों के लिए सरकार की ओर से संचालित योजनाओं का लाभ पाने के बावजूद उन्हें अब तक किसी तरह की समुचित सुविधा नहीं मिल सकी है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से ट्राई साइकिल, प्रधानमंत्री आवास सहित दिव्यांगजन कल्याण की अन्य योजनाओं का लाभ दिलाने की मांग की है।

## पंचायत विकास दिवस पर ग्राम सभा का आयोजन

**शहरतेलपा (एनएसबी)।** बीते दिन अरवल जिला के करपी प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत केयाल के पंचायत सरकार भवन में मुखिया राम एकबाल साव के अध्यक्षता मे विकसित भारत समृद्ध बिहार पंचायत विकास दिवस पर ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस ग्राम सभा का शुभारंभ राष्ट्रीय गान के साथ किया गया। ग्राम सभा में उपस्थित सैकड़ो ग्रामीणों ने मोदी जी के मन की बात को ध्यान पूर्वक सुने। इस अवसर पर उपस्थित आवास सहायक अनिल कुमार के द्वारा प्रधान मंत्री आवास योजना का लिस्ट में नाम पढ़कर ग्रामीण जनता को बताया गया। इस ग्राम सभा मे पंचायत सचिव सुनील कुमार, आवास सहायक अनिल कुमार, स्वछता पर्यवेक्षक पिन्टु कुमार, विकास मित्र कुसुम कुमारी, पंचायत समिति रामकुमार राजवंशी, वार्ड सदस्य, मनोज कुमार, विकास कुमार, सत्येन्द्र बिंद, सामाजिक कार्यकर्ता, के साथ सभी ग्रामीण जनता उपस्थित हुए।इसके बाद ग्राम सभा का मुखिया जी के द्वारा समापन किया गया। सरकार के द्वारा विकास शिविर के माध्यम से सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में रह रहे आम लोगों तक विकास की किरण पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। इस विकास शिविर में लोग अपनी समस्याओं से शिविर में उपस्थित पदाधिकारियों एवं पंचायत प्रतिनिधियों एवं पंचायत कर्मियों से अवगत कराते है ।

## रामशिला के पास बिहार ट्रेड एसोसिएशन के सेवा शिविर का शुभारंभ

**गयाजी (दैनिक नवसंदेश ब्यूरो)।** पितृपक्ष मेले के दौरान गया आने वाले देश-विदेश के तीर्थयात्रियों व पिंडदानियों की सेवा के लिए रामशिला पिंडवेदी के समीप बिहार ट्रेड एसोसिएशन द्वारा एक भव्य सेवा सह सहायता शिविर का शुभारंभ किया गया है। इस शिविर में पिंडदानियों के लिए निशुल्क चाय, बिस्कुट, शरबत, नींबू पानी, ओआरएस और इलेक्ट्रॉन पाउडर के साथ शुद्ध पेयजल की विशेष व्यवस्था की गई है। आयोजित उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में एडिशनल एसपी अजय कुमार और सेंट्रल बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स के संरक्षक डॉ. कौशलेंद्र प्रताप ने संयुक्त रूप से फीता काटकर शिविर का औपचारिक उद्घाटन किया। इस दौरान अतिथियों ने तीर्थयात्रियों के बीच अपने हाथों से चाय और बिस्कुट का वितरण भी किया।

इस अवसर पर एडिशनल एसपी संजय कुमार ने एसोसिएशन के इस मानवीय और सराहनीय कदम की भूरी-भूरी प्रशंसा की। संस्था के अध्यक्ष डॉ. जयकुमार गुप्ता ने बताया कि पितृपक्ष के पूरे एक पखवारे तक एसोसिएशन के सदस्य तन-मन-धन से पिंडदानियों की सेवा में जुटे रहते हैं। सचिव सतीश कुमार गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि गयाजी आने वाले हर पिंडदानी यहाँ से एक सुखद अनुभव हो। इस मौके पर उपाध्यक्ष उमेश कुमार गुप्ता, सचिव सतीश कुमार गुप्ता, विजय कुमार पान, रोटरी क्लब बोधगया रीजेंसी की सचिव कुमारी वंदना सिन्हा, पंकज कुमार, संध्या गुप्ता, मोहित कुमार, कृष्ण कुमार गुप्ता, रोहन कुमार सिंह, प्रियांशु गुप्ता, प्रियदर्शनी और पिंकी कुमारी सहित कई गणमान्य लोग एवं समाजसेवी उपस्थित रहे।



**तीर्थ यात्रियों की सेवा में उठने लगे हांथ**

## बिहार राज्य भारत स्काउट और गाइड जिला इकाई के लोग श्रद्धालुओं को कर रहे हैं सेवा

**गयाजी (दैनिक नवसंदेश ब्यूरो)** रविवार को पितृपक्ष मेला महासंगम 2026 के दुसरे दिन बिहार राज्य भारत स्काउट और गाईड जिला इकाई गया द्वारा पितृपक्ष मेला 2026 के पावन अवसर पर अतिथि देवो भवः के मुल मंत्र के साथ देश एवं दुनिया के विभिन्न क्षेत्रो से अपने पूर्वजो के मोक्ष प्राप्ति हेतु पिंड दान करने आये हुए पिडदानियो के सेवार्थ अपनी सेवा समर्पित कर रहा है।

बिहार राज्य भारत स्काउट एवं गाईड के जिला सचिव रणजीत कुमार एवं सुचना जनसंपर्क कोषांग के प्रमुख आशुतोष कुमार ने बताया कि बिहार राज्य भारत स्काउट एवं गाईड के द्वारा जिला प्रसाशन गया जी के सहयोग में तथा प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी पिंडदान करने आये हुए श्रद्धालुओ के सहयोग में सेवारत है। मेलाक्षेत्र के पितृपक्ष महासंगम में स्काउट्स एंड गाइड्स के साहसी स्वयंसेवकों और समर्पित शिक्षकों द्वारा दी जा रही अहर्निश सेवा के लिए बिहार राज्य भारत स्काउट एवं गाईड गयाजी आप सबो का हृदय से आभार व्यक्त करता हैं। आपका त्याग, अनुशासन और सेवा भाव इस आयोजन की सफलता का आधार स्तंभ है। विभिन्न स्थानो विष्णुपद मंदिर देवघाट, सिताकुंड, अक्षयवट, रामशिला, रेलवे स्टेशन इत्यादि अनेक स्थानो पर बिहार राज्य भारत स्काउट एवं गाईड के स्काउटर, स्काउट मास्टर, स्काउट कैप्टन, स्काउट गाईड अपनी सेवा निःस्वार्थ भाव से समर्पित कर रहे हैं।बिहार राज्य भारत स्काउट एवं गाईड जिला इकाई गया के मुख्य जिला संगठन आयुक्त पुरंदर सावर्ण्य, जिला संगठन आयुक्त गोपाल कुमार एवं राज्य सहायक संगठन आयुक्त राजकिशोर पांडे के नेतृत्व में पिंडदान करने आये श्रद्धालुओ के सहायता हेतु लगातार सेवा संकल्प के कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं तथा बिहार राज्य भारत स्काउट एवं गाईड के स्वयंसेवको को आवश्यक दिशा- निर्देश समर्पित किये जा रहे हैं।

खासकर वृद्ध, दिव्यांग, महिलाओ तथा बच्चो को विशेष रुप सहयोग प्रदान किया जा रहा है। बिहार राज्य भारत स्काउट एवं गाईड जिला इकाई गया का प्रयास है कि बाहर से आये पिंडदानी मोक्ष एवं ज्ञान की इस धरा के पावन स्वरुप एवं इसके महता को समझें तथा गयाजी से जाने के बाद अपने अंतर्मन में गयाजी के प्रति सकारात्मक छवि लेकर जाय तथा बिहार राज्य भारत स्काउट एवं गाईड के स्वयंसेवको के निःस्वार्थ सेवाभाव की छवि उनके हृदय को आनंदित करे।



## पितृपक्ष मेला के दूसरे दिन विष्णुपद क्षेत्र में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**गयाजी (दैनिक नवसंदेश ब्यूरो)।** पितृपक्ष मेला 2026 के दूसरे दिन रविवार को विष्णुपद क्षेत्र में देश के विभिन्न राज्यों से आए तीर्थयात्रियों एवं श्रद्धालुओं की काफी भीड़ रही। बड़ी संख्या में श्रद्धालु अपने पूर्वजों के निमित्त पिंडदान एवं तर्पण करने के लिए विष्णुपद मंदिर एवं आसपास के घाटों पर पहुंचे। श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए जिला पदाधिकारी, गया शशांक शुभंकर विष्णुपद क्षेत्र पहुंचे और करीब तीन घंटे तक लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।



जिला पदाधिकारी ने विष्णुपद मंदिर क्षेत्र, घाट एवं श्रद्धालुओं के आवागमन वाले मार्गों का पैदल निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने भीड़ नियंत्रण, श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन, कतार व्यवस्था, साफ-सफाई, स्वयंसेवकों की तैनाती सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। भीड़ को व्यवस्थित एवं नियंत्रित रखने के लिए जिला पदाधिकारी स्वयं श्रद्धालुओं के बीच पहुंचकर उन्हें कतारबद्ध करवाते नजर आए। उन्होंने मौके पर तैनात पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देश दिया कि किसी भी स्थिति में भीड़ को अनियंत्रित नहीं होने दिया जाए तथा श्रद्धालुओं को निर्धारित कतार के माध्यम से सुरक्षित एवं सुगम तरीके से मंदिर एवं घाट तक पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। विष्णुपद क्षेत्र में एवं स्काउट गाइड के बच्चे लगातार श्रद्धालुओं को कतारबद्ध कराने, उन्हें सही दिशा में आगे बढ़ाने तथा आवश्यक सहयोग प्रदान करने में जुटे हुए थे। जिला पदाधिकारी ने स्वयं इन बच्चों के कार्यों को देखा और उनकी सेवा भावना की सराहना की। उन्होंने कहा कि जिस समर्पण और अनुशासन के साथ एवं स्काउट गाइड के बच्चे तीर्थयात्रियों की सहायता कर रहे हैं, वह सराहनीय है।

**डीएम ने मौके पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का लिया जायजा**

## आंगन का मिलन की सफलता को लेकर बैठक मंत्री ने दिए दिशा-निर्देश

**अरवल (एनएसबी)।** सेवा संकल्प अभियान के तहत 29 व 30 सितंबर तथा 1 अक्टूबर को जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों पर आयोजित होने वाले आंगन का मिलन कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर नगर परिषद सभागार में बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता बिहार सरकार की पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री रमा निषाद ने की। बैठक में कार्यक्रम को सफल बनाने, विभागीय समन्वय बढ़ाने और अधिक से अधिक सामुदायिक सहभागिता सुनिश्चित करने पर चर्चा हुई। मंत्री ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना समेत अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाई जाए। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के लिए पेंटिंग व चित्रकला प्रतियोगिता, गोद भराई और अन्नप्राशन जैसे कार्यक्रम होंगे। साथ ही गर्भवती महिलाओं के पोषण, टीएचआर वितरण, टीकाकरण तथा मातृ-शिशु स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। मंत्री रमा निषाद ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि कार्यक्रम केवल औपचारिकता तक सीमित न रहे, बल्कि आंगनबाड़ी केंद्रों और समुदाय के बीच बेहतर सहभागिता का माध्यम बने। उन्होंने सभी संबंधित विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर कार्यक्रम का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष सह 20 सूत्री उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र तिवारी, जदयू जिलाध्यक्ष आनंद वर्मा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजीत सिंह समेत आईसीडीएस, जीविका, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, सीडीपीओ, नोडल पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।



बैठक करते मंत्री।

## संक्षिप्त खबरें

### एनडीए प्रत्याशी डॉ नरेंद्र सिंह ने किया कार्यकर्ताओ के साथ बैठक

**हाजीपुर/एनएसबी।** तिरहुत शिक्षक निर्वाचन चुनाव मे एनडीए प्रत्याशी डॉ. नरेंद्र सिंह ने हाजीपुर में कार्यकताओं के साथ किया चुनावी मंथन। शहर के एक निजी होटल के सभागार में शिक्षक कार्यकताओं के साथ बैठक की। इस बैठक में आगामी विधान परिषद चुनाव को लेकर रणनीति तैयार की गई।बैठक की शुरूआत में हाजीपुर पहुंचने पर शिक्षक कार्यकताओं ने डॉ. नरेंद्र प्रसाद सिंह का फूल-माला पहनाकर स्वागत किया। इसके बाद सभागार में चुनावी चर्चा शुरू हुई। उपस्थित शिक्षकों ने चुनाव से जुड़े अपने सुझाव दिए। इस दौरान इस बात पर गहन विचार-विमर्श किया गया कि वोटरों तक कैसे पहुंचा जाए और मतदान के दिन अधिक से अधिक मतदाताओं को बूथ तक कैसे लाया जाए।बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. नरेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि उनका मुख्य लक्ष्य शिक्षकों की आवाज को विधान परिषद में मजबूती से उठाना है।

### ऐतिहासिक चेचर मंदिर के निकट भीषण कटाव

**पांच नावें डूबीं, ग्रामीणों ने सरकार से लगाई सुरक्षा की गुहार**

**बिदुपुर/एनएसबी।** गंगा नदी के जलस्तर में अचानक हुई वृद्धि के कारण ऐतिहासिक चेचर मंदिर परिसर और उसके आसपास के इलाकों में भीषण कटाव शुरू हो गया है। नदी की तेज लहरों और लगातार हो रहे मिट्टी के कटाव के कारण घाट किनारे बंधी पांच नावें पानी में डूब गई हैं। इस अचानक आई आपदा से स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं में भारी दहशत का माहौल है।लगातार बढ़ते जलस्तर के कारण मंदिर के अस्तित्व पर भी खतरा मंडराने लगा है। पानी की रफ्तार इतनी तेज है कि मंदिर के समीप की सुरक्षा दीवार और आसपास की भूमि तेजी से नदी में समाहित हो रही है।सरकार और प्रशासन से तत्काल कदम उठाने की मांगस्थानीय ग्रामीणों और मंदिर प्रबंधन ने बिहार सरकार, जिला प्रशासन और जल संसाधन विभाग से तुरंत इस मामले में हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर समय रहते कटाव निरोधी कार्य शुरू नहीं किए गए, तो चेचर मंदिर के साथ-साथ आसपास के रिहाइशी इलाकों को भी भारी नुकसान पहुंच सकता है।



### हास्य कवि शैलेंश लोढ़ा ने गुरुघर में लगायी हाजिरी

**पटना सिटी/एनएसबी।** हास्य कवि व छोटे परदे के चर्चित कलाकार शैलेश लोढ़ा श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज की जन्मस्थली तख्त श्री हरमंदिर जी पटना साहिब में मत्था टेक गुरुघर का आशीष लिया. तख्त के ग्रंथी ने आशीर्वाद स्वरूप सिरोपा भेंट किया. दरबार साहिब में मत्था टेकने के बाद शैलेश दीवान में बैठे और शबद कीर्तन सुना.साथ ही बचपन से जुड़ी महाराज की वस्तुओं का दर्शन किया. इसके अलावा निशान साहिब की परिक्र मा कर आशीष लिया. इस दौरान । प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही,महासचिव इंद्रजीत सिंह, वरीय उपाध्यक्ष लखविंदर सिंह व कनीय उपाध्यक्ष गुरविंदर सिंह ने की. इस दौरान गुरु महाराज के जीवन दर्शन से जुड़ी पुस्तक व प्रतीक चिह्न भेंट की गयी. इस दौरान एसडीओ कशिश बक्शी ने भी हास्य अभिनेता का अभिनंदन किया.

### पेंशनर्स एसोसिएशन का धरना 29 को बैठक में भागीदारी का संकल्प

**पटना सिटी/एनएसबी।** सरकार की पेशनर्स विरोधी नीतियों के खिलाफ 29 को गर्दनीबाग में प्रस्तावित धरना में अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी का संकल्प रविवार को बजरंगपुरी में पेंशनर्स एसोसिएशन पटना सिटी शाखा की बैठक में लिया गया. बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष विद्या चौधरी व संचालन मंत्री अमोद कुमार ने की. बैठक में अरुण कुमार सिन्हा, अमला कुमारी,रामप्रवेश सिंह, फकीरउद्दीन,धर्मवीर सिंह,चंद्रिका पांडे व भगवान सिंह समेत अन्य सदस्य उपस्थित थे. मंत्री ने कहा कि संसद में पारित केंद्र सरकार पेंशन नियमावली को वापस लेने, 1982 में सर्वोच्च न्यायालय की ओर से लिये गये फैसला को लागू करने,आठवें वेतन आयोग द्वारा वेतन पुनरीक्षण के विचाराधीन बिंदु को संशोधित करते हुए एक जनवरी 2026 के पेंशनरों का भी पुनरीक्षण करने समेत सात सूत्री मांगों को रखा गया है. जिसके लिए धरना होगा.

### एनएसएस सप्ताह पर पौधारोपण व वस्त्र वितरण

**पटना सिटी/एनएसबी।** राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस की स्थापना दिवस पर 23 से 27 सितंबर तक एक सप्ताह के आयोजन में चौकशिकारपुर स्थित आरपीएम कॉलेज की छात्रओं ने कॉलेज प्राचार्या डॉ प्रो पूनम की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम मस्वयंसेवकों ने पौधारोपण व जरूरतमंद के बीच वस्त्र वितरण के साथ स्वच्छता अभियान में सफाई कार्य करते हुए स्वच्छ वातावरण के लिए जागरूक किया. प्राचार्या ने कहा कि ऐसे आयोजन से युवाओं में सेवा-भावना, सामाजिक जिम्मेदारी और राष्ट्र निर्माण की भावना विकिसत होता है. कार्यक्रम का संचालन कार्यक्र म पदाधिकारी डॉ. प्रीति कुमारी व डॉ अमोल कुमार ने की. आयोजन में शिक्षक व विद्यार्थी भी शामिल हुए.

### पौधा रोपण कर भक्तों में वितरण

**पटना सिटी/एनएसबी।** छोटा सा प्रयास संस्था की ओर से पौधारोपण सह वितरण का आयोजन अगमकुआं स्थित शीतला माता मंदिर में किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता सुभाष कुमार उर्फ अनु कसेरा और अतिथियों का स्वागत संरक्षक सुजीत कसेरा ने की.कार्यक्रम में उपस्थित विधायक रतनेश कुमार,किसान आयोग के अध्यक्ष रूप नारायण मेहता, पूर्व पार्षद बलराम चौघरी व स्मृति रानी ने भक्तों का वितरण किया.आयोजन में रवि शंकर प्रीत, उदय अकेला,शुभम कुमार,देवस्य कसेरा,आकाश वर्मा,रिव्यांशु प्रीत,रंजीत कुमार,महेश माली,चंदन पुजारी,अमन सैनी समेत अन्य उपस्थित थे.

### मेहंदीगंज में मकान में जमा पटाखा बरामद,एक गिरफ्तार

**पटना सिटी/एनएसबी।** मेहंदीगंज थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर रानीपुर बाहरी मुहल्ला मे छापेमारी कर किराये के मकान के अंदर भंडारण किये गये अवैध पटाखा को जब्त किया है. इस मामले में चौक थाना क्षेत्र के निवासी विक्की अरोड़ा को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. थानाध्यक्ष पूजा कुमारी ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि मकान में पटाखा का भंडारण कर रखा गया है. सूचना के बाद अनुमंडल प्रशासन की ओर से उपलब्ध कराये गये दंडाधिकारी रवि कुमार के नेतृत्व मे पुलिस टीम ने छापेमारी की.छापेमारी के दौरान पुलिस टीम ने मकान के कमरा में भंडारण कर रखे गये विभिन्न कंपनियों के पटाखा का बाक्स बरामद किया है. पुलिस का कहना है कि पकड़े गए आरोपी से पूछताछ कर पुलिस टीम धंधे मे शामिल अन्य की तलाश मे छापेमारी कर रही है. बताया जाता पटाखा भंडारण के लिए ही मकान को किराया पर लिया गया था. पुलिस घटना से जुड़े हर बिंदू पर छानबीन कर रही है. जब्त किये गये पटाखा की अनुमानित कीमत पुलिस सूत्रों के अनुसार आठ से नौ लाख रुपये हो सकती है. दरअसल मामला यह है कि दीपावली की आहट पर पटाखा के थोक कारोबारियों की सक्रियता बढ़ गयी है. ऐसे में दूसरे राज्यों से पटाखा मंगा कर भंडारण करने का कार्य आरंभ हो गया है.

### उच्चकों ने महिला का गहना व अधेड़ का रुपये उड़ाया

**पटना सिटी/एनएसबी।** अगमकुआं थाना क्षेत्र में मझौली निवासी महिला निशा कुमारी ऑटो सवार उच्चकों ने कान की बाली झपट कर फरार हो गया है,तब नालंदा निवासी दशरथ नंदन को जीरो माइल के पास जबरन बरवीघा ले जाने का झांसा देकर कार में बैठा लिया. इसके बाद झांसा देकर पास से 15 हजार रुपये,मोबाइल,एटीएम कार्ड ले लिया. इसके बाद कार से उतार कर फरार हो गये है. उच्चकों के शिकार हुए दोनों ने अगमकुआं थाना मे शिकायत दर्ज करायी है. दर्ज शिकायत के आधार पर पुलिस मामले में छानबीन कर रही है.

### क्षमावाणी पर्व आयोजित

**पटना/एनएसबी।** दिगम्बर जैन धर्मावलम्बियों का 15 सितम्बर से चल रहा 10 दिवसीय महापर्व पर्युषण की समाप्ति क्षमावाणी पर्व के साथ होती है. दसलक्षण पर्व का प्रारम्भ क्षमा धर्म की पूजा से हुई और आज क्षमावाणी पर्व के साथ समाप्त हुई. जैन समाज के एम पी जैन ने बताया की पूरे विश्व में सिर्फ जैन धर्म हीं ऐसा हैं जो क्षमा को पर्व की तरह मनाता है. आज मीठापुर सहित मुरादपुर में सुबोध फंटी, कमलदह जैन मंदिर में सोनु जैन, आदिनाथ जिनालय मुकेश जैन सहित अन्य सभी दिगम्बर जैन मन्दिरों में क्षमावाणी की पूजा की गई. श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में भगवान का 108 कलशों से अभिषेक किया गया. ऐलक 105 गोसल सागर जी ने श्रद्धालुओं को क्षमावनी की पूजा करते हुए बताता की भगवान महावीर ने कहा है की "क्षमा द्वारा क्रोध को शांत करें": जैन संस्कृति में संवत्सरी क्षमापर्व प्राणीमात्र के प्रति प्रेम और मैत्री की भावना से ओतप्रोत अभिनव पर्व है। यह पर्व क्षमा के आदान-प्रदान का पर्व है। जैन धर्म न्याय व नीति का धर्म है।

# सभापति डॉ. संगीता कुमारी ने जारी की वार्डों के 1,062 विकास कार्यों का विवरण

## सूची में करीब 70.14 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत



**हाजीपुर/एनएसबी।** नगर परिषद हाजीपुर की सभापति डॉ. संगीता कुमारी ने अपने कार्यकाल के दौरान नगर क्षेत्र में कराए गए कार्यों का विस्तृत विवरण जारी सांझा किया है। सभापति की ओर से जारी 58 पेज की फाइल में नगर परिषद के सभी 45 वार्डों में किए गए विभिन्न विकास कार्यों का वार्डवार ब्योरा दिया गया है। फाइल में कुल 1,062 कार्यों को क्रमवार दर्ज किया गया है, जिनकी कुल अनुमानित लागत ₹70,13,77,610 यानी करीब 70.14 करोड़ रुपये बताई गई है।

जारी विवरण में मुख्य रूप से सड़क निर्माण, पीसीसी सड़क, पेवर ब्लॉक सड़क, नाला निर्माण एवं मरम्मत, आरसीसी नाला, पुलिया, दीवार निर्माण, चबूतरा, भवन संबंधी कार्य, गेट एवं ग्रिल सहित विभिन्न नागरिक सुविधाओं से जुड़े कार्यों को शामिल किया गया है। फाइल में प्रत्येक वार्ड के अंतर्गत अलग-अलग योजनाओं और उनके अनुमानित खर्च का विवरण दर्ज है। कई वार्डों में मोहल्लों और गलियों में पीसीसी एवं पेवर ब्लॉक सड़क निर्माण के साथ जलनिकासी व्यवस्था के लिए नाला निर्माण और नाला मरम्मत के कार्य भी सूचीबद्ध किए गए हैं। कुछ स्थानों पर पुलिया, सुरक्षा दीवार, चबूतरा और सार्वजनिक भवन से जुड़े कार्यों का भी उल्लेख है।

वार्डवार विवरण में विकास योजनाओं की संख्या और अनुमानित राशि में अंतर दिखाई देता है। जारी सूची के अनुसार कुछ वार्डों में एक करोड़ रुपये से अधिक की योजनाएं दर्ज हैं, जबकि कई वार्डों में इससे कम राशि के कार्य सूचीबद्ध हैं। वार्ड 28 में करीब ₹2.80 करोड़, वार्ड 35 में करीब ₹2.24 करोड़ और वार्ड 36 में करीब ₹2.13 करोड़ के कार्यों का विवरण दिया गया है। वहीं वार्ड 44 में करीब ₹69.91 लाख तथा वार्ड 45 में करीब ₹1.31 करोड़ की अनुमानित लागत के कार्य दर्ज हैं। सभापति की ओर से जारी यह फाइल मूल रूप से नगर परिषद क्षेत्र में विकास कार्यों का विस्तृत वार्डवार कार्य-विवरण प्रस्तुत करती है। इसमें कार्यों के नाम और अनुमानित राशि का ब्योरा दिया गया है। सभापति डॉ. संगीता कुमारी की ओर से जारी 58 पेज की इस फाइल को उनके अबतक के कार्यकाल में नगर परिषद क्षेत्र में कराए गए विकास कार्यों के विवरण के रूप में प्रस्तुत किया गया है। इससे एक ही दस्तावेज में नगर परिषद के सभी 45 वार्डों में सूचीबद्ध विकास योजनाओं और उनकी अनुमानित लागत का विस्तृत खाका सामने आता है।

### वृद्ध की मौत के बाद मांझागढ़ थाने पर हंगामा

**शव रखकर ग्रामीणों का प्रदर्शन, पुलिस से आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग**

**गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश)** गोपालगंज के मांझागढ़ थाना क्षेत्र में मारपीट की घटना में घायल वृद्ध की इलाज के दौरान मौत के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने थाना परिसर में प्रदर्शन किया। आक्रोशित लोग वृद्ध का शव लेकर मांझागढ़ थाना पहुंचे और मुख्य गेट के पास शव रखकर कार्रवाई की मांग करने लगे। घटना मड़वा टोला गांव की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार करीब एक सप्ताह पहले भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हुई थी। इस दौरान एक वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इलाज के दौरान रविवार को उनकी मौत हो गई। मौत की सूचना मिलने के बाद परिजन और ग्रामीण आक्रोशित हो गए। ग्रामीणों ने पुलिस पर मामले में समय पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। हंगामे की सूचना मिलते ही कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस अधिकारियों ने आक्रोशित लोगों से बातचीत कर स्थिति को शांत कराने का प्रयास किया। सुरक्षा के मद्देनजर थाना परिसर और आसपास के इलाके में पुलिस बल की तैनाती की गई है।

## स्थानीय युवकों ने स्वच्छता अभियान चलाते हुए कि सामाजिक स्थलों की साफ सफाई



**महुआ/एनएसबी।** सेवा संकल्प अभियान के तहत सिर्फ प्रखंड क्षेत्र के विद्यालय में ही नहीं बल्कि गांव कस्बों में भी अब एक अभियान का रूप ले चुका है। इस सेवा संकल्प अभियान के तहत गांव के कुछ युवकों ने भी अपने आसपास के के सामाजिक स्थलों की साफ सफाई करने की ठानी है। इस सेवा संकल्प अभियान के तहत महुआ प्रखंड क्षेत्र के विशुनपुर हीराराम उर्फ पहाड़पुर पंचायत के गोरिगामा गांव के वार्ड नंबर 11 में सामाजिक स्थल, काली मंदिर, शिव मंदिर के साथ-साथ आंगनवाड़ी केंद्र की भी साफ सफाई करते हुए स्थानीय युवकों ने पूरे परिसर को गंदगी से मुक्त कर दिया। इस सफाई अभियान के तहत करीब एक दर्जन युवकों ने अपने हाथ में कुदाल, झाड़ू, आदि लेकर पूरे परिसर की साफ सफाई करते हुए परिसर में फैले पूरे कचरे की साफ सफाई करते हुए डस्ट बिन में डाला। इस साफ सफाई अभियान का नेतृत्व पूर्व स्काउट लीडर शशिराज के नेतृत्व में किया गया। अभियान में विभाष कुमार, सन्नी कुमार, आयुष कुमार, प्रियम कुमार के अलावे दर्जनों युवक शामिल थे। सफाई अभियान का नेतृत्व करते हुए पूर्व स्काउट लीडर शशि राज ने कहा कि एक स्वच्छ और स्वस्थ समाज की कल्पना को साकार करने के लिए हम जैसे युवकों को आगे आना बहुत ही जरूरी है। उन्होंने इस अभियान में अपने आसपास के लोगों से भी शामिल होकर आगे भी इस तरह के अभियान में सहयोग करने की अपील की।

## पंचशील सामाजिक संस्था के तत्वावधान में प्रेरक सेमिनार आयोजित

**सौंदर्य, स्वास्थ्य और स्वावलंबन से नशामुक्त समाज का संकल्प**



**हाजीपुर/एनएसबी।** पंचशील सामाजिक संस्था के तत्वावधान में महिलाओं को सौंदर्य, स्वास्थ्य, आत्मविश्वास एवं स्वावलंबन से जोड़ने के उद्देश्य से एक प्रेरक सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का विषय ह्लसौंदर्य, स्वास्थ्य और स्वावलंबन—नशामुक्त समाज का संकल्पह्व रखा गया। कार्यक्रम में सौंदर्य विशेषज्ञ अंजू सिंह ने महिलाओं को अपने हुनर को पहचानकर उसे रोजगार और आत्मनिर्भरता का माध्यम बनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ पंचशील सामाजिक संस्था की सचिव डॉ. केकी कृष्ण, अध्यक्ष सुनैना सिंह,सरोज मिश्रा ,ममता सिंह एवं सौंदर्य विशेषज्ञ अंजू सिंह सहित अन्य अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।

सेमिनार को संबोधित करते हुए सौंदर्य विशेषज्ञ अंजू सिंह ने कहा कि आज की महिला केवल परिवार की जिम्मेदारियों तक सीमित नहीं है, बल्कि उसके भीतर अनेक प्रतिभाएँ और हुनर मौजूद हैं। आवश्यकता इस बात की है कि महिलाएँ अपने हुनर को पहचानें, उसे निखारें और उसे रोजगार से जोड़ें। उन्होंने कहा कि सौंदर्य क्षेत्र में प्रशिक्षण प्राप्त कर महिलाएँ अपने घर से भी कार्य प्रारंभ कर सकती हैं और धीरे-धीरे इसे व्यवसाय का रूप देकर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकती हैं। संस्था की सचिव डॉ. केकी कृष्ण ने अपने संबोधन में कहा कि महिला सशक्तिकरण का वास्तविक अर्थ महिलाओं को केवल सम्मान देना नहीं, बल्कि उन्हें शिक्षा, कौशल, स्वास्थ्य और रोजगार के अवसरों से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि जब महिला आर्थिक रूप से सक्षम होती है तो उसका आत्मविश्वास बढ़ता है और उसका सकारात्मक प्रभाव पूरे परिवार पर पड़ता है। उन्होंने कहा कि नशामुक्त समाज के निर्माण में भी महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि महिला परिवार की पहली संस्कारदाता और जागरूकता की महत्वपूर्ण वाहक होती है। संस्था की अध्यक्ष सुनैना सिंह ने कहा कि पंचशील सामाजिक संस्था का उद्देश्य महिलाओं को सामाजिक चेतना के साथ-साथ आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाना है। कार्यक्रम में संगीता सोनी, आरती सोनी, माया चौधरी, आशा देवी सहित अनेक महिलाएँ उपस्थित रहीं।

## नशे से दूर रहकर युवा अपनी ऊर्जा और प्रतिभा को सकारात्मक दिशा दें : जिला पदाधिकारी



**हाजीपुर/एनएसबी।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत मेरा युवा भारत, वैशाली द्वारा अभियान में सदर अस्पताल, हाजीपुर में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर एवं नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर जिला पदाधिकारी, वैशाली ने कहा कि नशे से दूर रहकर युवा अपनी ऊर्जा और प्रतिभा को सकारात्मक दिशा दें। स्वस्थ युवा ही स्वस्थ एवं मजबूत समाज की आधारशिला हैं। नशे की प्रवृत्ति व्यक्ति के स्वास्थ्य के साथ-साथ उसके परिवार और सामाजिक जीवन को भी प्रभावित करती है। युवाओं को नशे से बचाने के लिए जागरूकता, संवाद और सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ना आवश्यक है। जिला प्रशासन युवाओं को स्वस्थ, जागरूक एवं जिम्मेदार नागरिक बनाने की दिशा में निरंतर प्रयासरत है।

उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे स्वयं नशे से दूर रहें तथा अपने परिवार, मित्रों और आसपास के लोगों को भी नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करें। उन्होंने कहा कि सामूहिक सहभागिता के माध्यम से नशामुक्त समाज के निर्माण के प्रयासों को और प्रभावी बनाया जा सकता है। कार्यक्रम में विभिन्न महाविद्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। स्वास्थ्य जांच शिविर के दौरान विद्यार्थियों की सामान्य स्वास्थ्य जांच की गई तथा उन्हें स्वास्थ्य, पोषण एवं स्वस्थ जीवनशैली के महत्व के बारे में जानकारी दी गई।इस अवसर पर विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा विद्यार्थियों के साथ संवादात्मक जागरूकता सत्र आयोजित किया गया।

## अपर पुलिस महानिदेशक, आर्थिक अपराध इकाई ने की समीक्षा बैठक,दिए कई निर्देश



**हाजीपुर/एनएसबी।** अपर पुलिस महानिदेशक, आर्थिक अपराध इकाई, बिहार, पटना श्री अमित कुमार जैन द्वारा वैशाली जिला पुलिस के विभिन्न कार्यों एवं पुलिसिंग व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान प्रभावी एवं सघन गश्ती, विधि-व्यवस्था संधारण तथा आर्थिक अपराधों के विभिन्न आयामों पर विशेष ध्यान देने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही सक्रिय अपराधियों की पहचान कर उनके विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई एवं गिरफ्तारी सुनिश्चित करने, कांडों के त्वरित निष्पादन तथा लंबित कांडों की स्थिति की नियमित समीक्षा करने पर बल दिया गया। बैठक में CCTNS की कार्यशीलता एवं प्रभावी उपयोग, कम्युनिटी पुलिसिंग को सुदृढ़ करने, वाहन जांच के दौरान सरप्राइज एलिमेंट बनाए रखने तथा एफआर वाहनों का समुचित उपयोग करते हुए प्रिवेंटिव पुलिसिंग को प्रभावी बनाने के संबंध में भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त पुलिस की विभिन्न शाखाओं के कार्यों की भी विस्तृत समीक्षा की गई। सभी शाखाओं को निर्धारित कार्यों का ससमय निष्पादन, उपलब्ध संसाधनों का समुचित एवं प्रभावी उपयोग तथा कार्यप्रणाली में अधिक जवाबदेही एवं दक्षता सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए।

## शक्तिपीठ बड़ी पटनदेवी व तख्त साहिब में हाजिरी लगाया दिल्ली के राज्यपाल ने

**पटना सिटी/एनएसबी।** दिल्ली के उप राज्यपाल सरदार तरनजीत सिंह संधू ने रविवार को शक्तिपीठ बड़ी पटनदेवी व दशमेश पिता श्री गुरु गोविंद सिंह महाराज की जन्मस्थली तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में हाजिरी लगायी. शक्तिपीठ महंत विजय शंकर गिरि ने शक्तिपीठ में महंत विजय शंकर गिरि ने उप राज्यपाल को माता की चुनरी व प्रतीक चिह्न दी. इसके बाद राज्यपाल तख्त साहिब पहुंचे. जहां पर दरबार साहिब में मत्था टेकने पर जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह व अतिरिक्त मुख्य ग्रंथी ज्ञानी दिलीप सिंह ने गुरु घर का आशीष सिरोपा दिया. इस दौरान राज्यपाल को गुरु महाराज के बचपन की पवित्र वस्तु व जोड़ा साहिब का दर्शन कराया गया. इसके लंगर हाल में सेवा देने पहुंचे उप राज्यपाल को लंगर इंचार्ज तेजेंद्र सिंह बंटी ने जानकारी दी. उप राज्यपाल को प्रबंधक कमेटी अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही, महासचिव इंद्रजीत सिंह, वरीय उपाध्यक्ष लखिवंदर सिंह लख्खा, कनीय उपाध्यक्ष गुरविंदर सिंह ने स्वागत किया. कमेटी की ओर से राज्यपाल को श्री साहिब तलवार, गुरु महाराज की तस्वीर और गुरु महाराज के जीवन दर्शन से जुडी पुस्तक भेंट की गयी, इस दौरान प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष व महासचिव ने उप राज्यपाल को जनवरी माह मे आयोजित होने वाले श्री गुरु गोविंद सिंह महाराज के प्रकाश पर्व मे शामिल होने का आग्रह किया.इसके बाद उप राज्यपाल गायघाट स्थित बड़ी संगत गुरुद्वारा में दर्शन की.

## जिले के सभी प्रखंडों की ग्राम पंचायतों में हुआ आयोजन

**पारदर्शिता, जवाबदेही एवं स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप विकास पर विशेष जोर**




**हाजीपुर/एनएसबी।** जिला पदाधिकारी, वैशाली श्रीमती वर्षा सिंह के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में आज जिले के सभी 16 प्रखंडों की ग्राम पंचायतों में ह्यपंचायत विकास दिवसह्व का व्यापक आयोजन किया गया। प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को ग्राम पंचायत स्तर पर पंचायत विकास दिवस आयोजित करने के राज्य सरकार के निर्देश के अनुरूप आयोजित इस कार्यक्रम में इस माह ह्यआत्मनिर्भर बुनियादी ढाँचाह्व की थीम को केंद्र में रखते हुए पंचायतों के समग्र एवं सतत विकास, स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप आधारभूत संरचनाओं के सुदृढ़ीकरण तथा ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी पर विशेष बल दिया गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी श्रीमती वर्षा सिंह ने कहा कि गांव के विकास की वास्तविक गति तभी सुनिश्चित हो सकती है, जब ग्रामीण स्वयं विकास की प्रक्रिया से जुड़ें। पंचायतें ग्रामीण विकास की सबसे महत्वपूर्ण इकाई हैं। हमारा प्रयास है कि पंचायत स्तर पर संचालित योजनाओं में पारदर्शिता, जवाबदेही और जनभागीदारी सुनिश्चित हो तथा ग्रामीणों को अपनी पंचायत के विकास से जुड़े कार्यों एवं निर्णयों की जानकारी के साथ उनमें सहभागिता का अवसर मिले। जिला पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि पात्र लाभुकों तक सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए सक्रियता से कार्य किया जाए तथा पंचायत स्तर पर संचालित योजनाओं एवं उपलब्ध सेवाओं की जानकारी आम ग्रामीणों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाई जाए। उन्होंने पंचायतों के विकास में स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तीकरण, पर्यावरण संरक्षण एवं आजीविका संवर्धन जैसे विषयों को प्राथमिकता के साथ शामिल करने पर भी बल दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### डस्टबिन के अभाव में लड़खड़ा रहा स्वच्छता अभियान

**बोरे में कचरा उठाने को मजबूर कर्मी**

**कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश)**लोहिया ग्रामीण स्वच्छता अभियान के तहत गांवों को स्वच्छ और सुंदर बनाने की मुहिम में संसाधनों का अभाव बाधा बन रहा है। भोपतापुर समेत कई पंचायतों में घर-घर से कचरा उठाव करने वाले स्वच्छता कर्मियों को डस्टबिन की कमी के कारण परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।स्थिति यह है कि कचरा संग्रहण के लिए उपलब्ध कराए गए रिक्शा-ठेला के डस्टबिन टूट जाने के बाद कर्मियों को बोरे में कचरा एकत्रित करना पड़ रहा है।इससे गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग रखने की व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है।पंचायत में स्वच्छता अभियान के तहत घर-घर से कचरा संग्रहण के लिए स्वच्छता कर्मियों को



रिक्शा-ठेला उपलब्ध कराया गया था। ठेले पर गीले और सूखे कचरे के लिए अलग-अलग डस्टबिन लगाए गए थे।वहीं, ग्रामीणों को भी घरों में कचरा अलग-अलग रखने के लिए छोटे डस्टबिन दिए गए थे।ग्रामीण इन डस्टबिन में गीला और सूखा कचरा अलग-अलग रखते हैं।इसके बाद स्वच्छता कर्मी घरों से कचरा उठाकर ठेले पर रखे डस्टबिन में जमा करते और उसे कचरा निस्तारण इकाई तक पहुंचाते हैं।स्वच्छता कर्मियों ने बताया कि करीब तीन वर्ष पूर्व अभियान शुरू होने के समय रिक्शा-ठेला के साथ डस्टबिन भी उपलब्ध कराए गए थे।लगातार उपयोग के कारण धीरे-धीरे डस्टबिन टूट गए।इसके बाद करीब एक साल से नए डस्टबिन उपलब्ध नहीं कराए गए।मजबूरी में अब बोरे में कचरा एकत्रित करना पड़ रहा है।इससे कचरा उठाव और उसके सुरक्षित परिवहन में परेशानी हो रही है।कर्मियों के अनुसार, बोरे में गीला कचरा रखने में सबसे अधिक परेशानी होती है।इससे कचरे को व्यवस्थित तरीके से एकत्रित करने और उसे निस्तारण इकाई तक पहुंचाने में कठिनाई होती है।डस्टबिन के अभाव में गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग रखने की व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है।स्वच्छता कर्मियों ने पर्यवेक्षक के माध्यम से नए डस्टबिन उपलब्ध कराने की मांग की है।

### बथुआ बाजार की जर्जर सड़क पर दिन में मरम्मती, शाम को जेसीबी ने उधेड़ा व्यवसायियों में आक्रोश

**हंगामे के बाद जागा विभाग, जेसीबी-रोलर के साथ पहुंची टीम ने शुरू**

**फुलवरिया (दैनिक नवसंदेश)** बथुआ बाजार की जर्जर सड़क पर विभागीय कार्रवाई से कभी खुशी तो कभी गम का माहौल देखने को मिला। पथ निर्माण विभाग ने शनिवार को सड़क के गड्ढों में ईंटकरण कर अस्थायी मरम्मत कराई, लेकिन शाम होते ही जेसीबी से ईंटकरण हटाकर सामग्री ले जाने से व्यवसायियों में नाराजगी फैल गई। रविवार सुबह सड़क की बदहाली के विरोध में व्यवसायियों ने मुख्य सड़क जाम कर हंगामा किया। सूचना पर पहुंचे जनप्रतिनिधियों व पुलिस ने समझाकर लोगों को शांत कराया। इसके करीब दो घंटे बाद पथ निर्माण विभाग की टीम हाईवा,



जेसीबी व रोलर के साथ बथुआ बाजार पहुंची और गड्ढों में कंक्रीट डालकर सड़क की मरम्मत शुरू कराई। इससे व्यवसायियों में फिर खुशी लौट आई। व्यवसायियों का कहना है कि सड़क पर जगह-जगह बने गड्ढों के कारण आए दिन ई-रिक्शा, बाइक सवार गिरकर घायल होते हैं, जबकि बड़े वाहनों को भी आवागमन में परेशानी होती है। कई बार व्यवसायी ही घायलों को अस्पताल पहुंचाते हैं। उनका कहना है कि दुकान चलाएं या घायलों को अस्पताल पहुंचाएं। बताया गया कि स्थानीय स्तर पर सड़क की बदहाली को लेकर खबर प्रकाशित होने के बाद विभाग हरकत में आया। विभाग के इंजीनियर मनीष कुमार, राजीव कुमार, संजय कुमार व राजीव कुमार चैधरी ने बताया कि यह फिलहाल वैकल्पिक व्यवस्था के तहत मरम्मत कराई गई है। अगले माह के अंत तक बथुआ बाजार की मुख्य सड़क पीसीसी बनकर तैयार होने की उम्मीद है। इसके बाद आवागमन सुगम होगा।

### हृदयाघात में शुरूआती समय बेहद महत्वपूर्ण रू सिविल सर्जन

**गोपालगंज जिला अस्पताल से 14 प्रखंडों के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तक ईसीजी जांच की सुविधा संचालित**

**गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश)**जिले में हृदय रोग से संबंधित मरीजों को त्वरित स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से गोपालगंज जिला अस्पताल से लेकर सभी 14 प्रखंडों के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तक ईसीजी जांच की सुविधा पूर्ण रूप से संचालित है। स्वास्थ्य विभाग ने आम लोगों से अपील की है कि सीने में दर्द, घबराहट, सांस लेने में परेशानी, अत्यधिक पसीना, चक्कर या हृदयाघात से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत होने पर समय गंवाए बिना अपने नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचें। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार हृदयाघात के मामलों में शुरूआती समय बेहद महत्वपूर्ण होता है। कई बार मरीज या उनके परिजन लक्षणों को सामान्य समस्या समझकर इलाज में देरी कर देते हैं। ऐसी स्थिति में गंभीर खतरा उत्पन्न हो सकता है। इसलिए किसी भी व्यक्ति में हृदयाघात से संबंधित लक्षण दिखाई देने पर तत्काल चिकित्सकीय जांच कराना जरूरी है। जिले में जिला अस्पताल के साथ-साथ प्रखंड स्तर पर संचालित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में ईसीजी जांच की सुविधा उपलब्ध रहने से मरीजों को शुरूआती स्तर पर हृदय की स्थिति की जांच



कराने में सुविधा मिलेगी। स्वास्थ्य विभाग का उद्देश्य है कि गंभीर लक्षण वाले मरीजों की समय पर पहचान कर उन्हें आवश्यक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा सके तथा जरूरत पड़ने पर उच्चतर स्वास्थ्य संस्थान में रेफर किया जा सके। स्वास्थ्य विभाग ने विशेष रूप से लोगों को जागरूक करते हुए कहा है कि सीने में अचानक दर्द या दबाव, दर्द का हाथ, कंधे, पीठ अथवा जबड़े तक पहुंचना, सांस फूलना, ठंडा पसीना आना, उल्टी या चक्कर जैसी समस्या को हल्के में नहीं लेना चाहिए। ऐसे लक्षण हृदय से संबंधित गंभीर समस्या का संकेत हो सकते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को जिला अस्पताल तक पहुंचने में समय लग सकता है। ऐसे में हृदयाघात से संबंधित शिकायत होने पर पहले नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचना अधिक महत्वपूर्ण है। वहां चिकित्सकीय जांच एवं ईसीजी के माध्यम से मरीज की स्थिति का प्रारंभिक आकलन किया जा सकता है।

### उचकागांव में किशोरी की अपहरण मामले में फूफा गिरफ्तार

**उचकागांव (दैनिक नवसंदेश)** उचकागांव थाना क्षेत्र के एक गांव से श्यामपुर बाजार स्थित कोचिंग के लिए निकली 14 वर्षीय किशोरी की अपहरण मामले में पुलिस ने सिवान जिले में छापेमारी कर एक अपहर्ता को गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान पुलिस ने मौके से अपहृत 14 वर्षीय किशोरी को भी सुरक्षित बरामद कर लिया। बताया जा रहा है कि कांड के अनुसंधान कर्ता दरोगा आनंद कुमार सिंह को तकनीकी जांच के आधार पर सूचना मिली कि किशोरी अपहरण कांड का अज्ञात आरोपित सिवान जिले में अपने घर पर छुपा हुआ है। जिसके आधार पर मौके पर पहुंची पुलिस ने फरार चल रहे आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान पुलिस ने अपहर्ता की निशानदेही पर अपहृत किशोरी को भी बरामद कर लिया। जिसे पुलिस ने शनिवार के दिन मेडिकल जांच के बाद बयान दर्ज कराने के लिए न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। पुलिस ने मामले में संलिप्त आरोपित को भी न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। जिसकी पहचान सिवान जिले के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के जियाय गांव निवासी समीर कुमार के रूप में की गई है। गिरफ्तार आरोपित अपहृत किशोरी का रिश्ते में सगा फूफा बताया जा रहा है। जिसे न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया गया। घटना 16 सितंबर की सुबह की है। जब किशोरी अपने घर से कोचिंग के लिए श्यामपुर बाजार निकली हुई थी। किशोरी जब देर शाम तक अपने घर नहीं पहुंची तो स्वजन ने किशोरी के कोचिंग पर जाकर पता किया तो पता चला कि किशोरी उस दिन अपने कोचिंग भी नहीं पहुंची थी। इसके बाद स्वजन द्वारा अपने रिश्तेदारों के घर किशोरी की तलाश शुरू की गई। मामले में काफी खोजबीन के बाद भी जब 14 वर्षीय किशोरी का पता नहीं चला तो मामले में अपहृत किशोरी की मां के आवेदन पर अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी कराई गई थी।

## विश्व पर्यटन दिवस पर थावे मंदिर परिसर में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश)** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गोपालगंज के तत्वावधान में आज 27 सितंबर को विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर गोपालगंज जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल थावे दुर्गा मंदिर परिसर में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन मंदिर प्रशासन थावे की देख रेख में किया गया स कार्यक्रम के दौरान थावे मंदिर के पुजारीयो द्वारा पर्यटकों को संबोधित करते हुए थावे मंदिर की गरिमा का बखान किया गया स इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार गोपालगंज के पैनल अधिवक्ता धर्मेन्द्र कुमार सिंह एवम अधिकार मित्र निधिकांत तिवारी द्वारा मंदिर परिसर में उपस्थित पर्यटकों को नालसा की विभिन्न योजनाओं, ए.डी.आर. की कार्य प्रणाली, विधिक सहायता, पीड़ित प्रतिकर, लीगल हेल्पलाइन नंबर 15100, मध्यस्थता कैंपेन 3.0, सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, नालसा शिक्षा स्कीम 2026, सामुदायिक मध्यस्थता, साइबर क्राइम, डिजिटल अरेस्ट आदि के बारे में विस्तार पूर्वक श्रद्धालुओं को अवगत कराया तथा आगामी दिनांक 12.12.2026 को व्यवहार न्यायालय परिसर, गोपालगंज में आयोजित होने वाले नेशनल लोक अदालत में विभिन्न प्रकृति वादों यथा बैंक ऋण वाद, बिजली संबंधी वाद, पारिवारिक वाद, सुलहनीय अपराधिक वाद आदि विभिन्न प्रकृति के सुलहनीय वादों के आपसी सुलह समझौता के आधार पर निष्पादन हेतु कार्यालय लोक अदालत या संबंधित न्यायालय या विभाग में संपर्क स्थापित कर अपने वादों को चिन्हित कराने वास्ते भी जागरूक किया गया स उक्त के अलावा पैनल अधिवक्ता धर्मेन्द्र कुमार सिंह द्वारा नारी शक्ति का बारे में बताते हुए नारी उत्थान, महिला सशक्तिकरण आदि के बारे में भी बताया गया स अधिकार मित्र द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से आपसी रजामंदी के आधार पर विवाद समाप्त करने का आह्वान किया एवम नालसा की विभिन्न योजनाओं, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्य, केंद्र एवम राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित हैण्डबिल भी वितरित किया गया

## पुलिस की बड़ी पहल, आम जनता से सीधे संवाद

**गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश)** गोपालगंज थावे थाना परिसर में अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) अजिताभ कुमार ने ग्रामीणों के साथ सीधे संवाद किया। इस दौरान एडीजी ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर जानकारी दी। एडीजी अजिताभ कुमार ने कहा कि पुलिस जनता की सुरक्षा और सहयोग के लिए है। लोग अपनी समस्याओं को लेकर बिना किसी डर के पुलिस के पास आएं। उन्होंने अनजान कॉल से सावधान रहने की भी अपील की। एडीजी ने स्पष्ट किया कि पुलिस किसी व्यक्ति को अनावश्यक रूप से हाजत में नहीं रख सकती। साथ ही थाना आने से किसी भी व्यक्ति को रोका नहीं जा सकता है। जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं और सुझाव पुलिस अधिकारियों के सामने रखे। मौके पर एसपी विनय तिवारी, लाइन डीएसपी सुबोध कुमार, सदर प्रभारी एसडीपीओ-2 कृपाल चंद्र जायसवाल, थानाध्यक्ष विभा कुमारी सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे। संवाद कार्यक्रम में पैक्स अध्यक्ष दिलीप गिरी, समीर कुमार गिरी, जय सिंह, राजेंद्र पर्वत समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।



(संवाद करते एडीजी)

## एडीजी अजिताभ कुमार ने गोपालगंज पुलिस केंद्र का किया निरीक्षण

**बैरक, शस्त्रागार, परिवहन व उपस्कर शाखा का लिया जायजा, अधिकारियों को दिए निर्देश**

**गोपालगंज (एनएसबी)** गोपालगंज पुलिस केंद्र स्थित रक्षित कार्यालय का अपर पुलिस महानिदेशक अजिताभ कुमार ने निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक गोपालगंज समेत कई पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान एडीजी ने पुलिस बैरक, उपस्कर शाखा, परिवहन शाखा और शस्त्रागार का जायजा लिया। उन्होंने पुलिस केंद्र की साफ-सफाई व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। इसके साथ ही न्यू पुलिस लाइन में चल रहे भवन निर्माण कार्य की प्रगति की भी जानकारी ली गई। निरीक्षण के दौरान संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मौके पर पुलिस अधीक्षक गोपालगंज, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय, पुलिस उपाधीक्षक रक्षित और पुलिस उपाधीक्षक सदर-2 सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे। गंडक के बढ़ते जलस्तर को लेकर प्रशासन अलर्ट, तटबंधों की सुरक्षा का लिया जायजा





(जायजा लेते एडीजी)

## एसडीएम डॉ. प्रेरणा सिंह ने संवेदनशील स्थलों का किया निरीक्षण

**निचले इलाकों के लोगों से सतर्क रहने की अपील**

**कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश)** गंडक नदी के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए जिला प्रशासन अलर्ट मोड में है।नदी के जलस्तर में संभावित वृद्धि और बाढ़ की आशंका के मद्देनजर तटबंधों की सुरक्षा तथा निचले इलाकों की स्थिति पर निगरानी तेज कर दी गई है।इसी क्रम में सदर एसडीएम डॉ. प्रेरणा सिंह ने रविवार को कुचायकोट प्रखंड के काला मटिहिनिया सहित कई संवेदनशील स्थलों का दौरा कर तटबंधों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को तटबंधों की स्थिति पर लगातार नजर रखने और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार रहने का निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि गंडक नदी के जलस्तर में होने वाले बदलाव को देखते हुए प्रशासनिक स्तर पर सतर्कता बरती जा रही है।तटबंधों की सुरक्षा में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।एसडीएम ने नदी के निचले इलाकों में रहने वाले लोगों से विशेष सावधानी बरतने की अपील की।उन्होंने कहा कि जलस्तर में वृद्धि की स्थिति में लोग सतर्क रहें और जरूरत पड़ने पर सुरक्षित स्थानों पर चले जाएं।प्रशासन की ओर से लोगों को संभावित स्थिति के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी जा रही है।गंडक नदी के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए तटबंधों की सुरक्षा के लिए 24 घंटे निगरानी की जा रही है।अधिकारियों और कर्मियों को लगातार स्थिति पर नजर रखने तथा किसी भी तरह की समस्या की सूचना तत्काल वरीय अधिकारियों को देने का निर्देश दिया गया है।प्रशासन का कहना है कि नदी के जलस्तर और तटबंधों की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है, ताकि किसी भी संभावित खतरे से समय रहते निपटा जा सके।निरीक्षण के दौरान राजस्व अधिकारी मनन शुक्ला, विशंभरपुर थानाध्यक्ष मुकेंद्र कुमार सहित अन्य अधिकारी और कर्मी मौजूद रहे।



(बाढ संभावित इलाके का निरीक्षण करी एसडीएम)

## फुलवरिया में आंधी से गिरे पेड़ों की अंधाधुंध कटाई वन विभाग को लाखों की क्षति

**फुलवरिया (दैनिक नवसंदेश)** फुलवरिया प्रखंड क्षेत्र में आई भीषण आंधी-पानी से सड़क किनारे दर्जनों पेड़ धराशायी हो गए थे। गिरे पेड़ों से जगह जगह सड़क अवरुद्ध हो गई और बिजली आपूर्ति घंटों बाधित हो गई। विभाग और ग्रामीणों के सहयोग से सड़क पर गिरे पेड़ों को हटाकर यातायात बहाल किया गया और बिजली के तारों को ठीक कर आपूर्ति शुरू की गई। लेकिन राहत कार्य के बाद अब गिरे हुए पेड़ों की अंधाधुंध कटाई शुरू हो गई है। प्रशासनिक उदासीनता का फायदा उठाकर कुछ लोग आरा मशीन से पेड़ों को काटकर कीमती लकड़ियां गायब कर रहे हैं। मौके पर पहुंचने पर बड़े-बड़े तने और मोटी डालियां नदारद मिल रही हैं। सिर्फ टहनियां और पत्ते छोड़ दिए गए हैं। सड़क किनारे आंधी में गिरे पेड़ वन विभाग की संपत्ति हैं। नियमानुसार विभाग को ही इनकी नीलामी करनी चाहिए। लेकिन कोई देखरेख न होने से लकड़ी माफिया सक्रिय हो गए हैं। फुलवरिया श्रीपुर, कररिया, संग्रामपुर और मीरगंज मुख्य पथ पर सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। शीशम, सागवान बरगद और आम के कई कीमती पेड़ रातोंरात काट दिए गए। कई लोगो ने बताया कि सड़क साफ करने के नाम पर लोग दिनदहाड़े पेड़ काट रहे हैं। पूछने पर कहते हैं कि विभाग की अनुमति है । इससे सरकार को लाखों रुपए के राजस्व की क्षति हो रही है। वन विभाग के रेंज अधिकारी ने कहा कि आंधी से गिरे पेड़ों को हटाने की जिम्मेदारी पीडब्ल्यूडी और बिजली विभाग की है, लेकिन लकड़ी पर अधिकार वन विभाग का है। बिना अनुमति कटाई करना गैरकानूनी है। स्थानीय लोगों ने बताया कि गिरे पेड़ों की वीडियोग्राफी कराकर नीलामी की जाए और अवैध कटाई पर रोक लगे। यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो पर्यावरण के साथ सरकारी राजस्व को भी भारी नुकसान होगा।



## 267 पीस देशी टेट्रा पैक शराब के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार, दो बाइक जब्त

**कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश)** कुचायकोट थाना क्षेत्र में शनिवार की देर शाम उत्पाद विभाग की टीम ने अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए 267 पीस देशी टेट्रा पैक शराब बरामद की।इस दौरान शराब के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया। टीम ने शराब तस्करी में इस्तेमाल की जा रही दो, बाइकों को भी जब्त कर लिया।उत्पाद अधीक्षक अमृतेश कुमार ने बताया कि उत्पाद विभाग की एक टीम कुर्मटोला गांव के समीप वाहन जांच कर रही थी।इसी दौरान एक बाइक सवार को रोककर तलाशी ली गई।तलाशी के दौरान उसके पास से 180 पीस टेट्रा पैक से (36 लीटर) देशी बरामद हुई। गिरफ्तार तस्कर की पहचान विशंभरपुर थाना क्षेत्र के जमुनिया गांव निवासी पिंटू कुमार के रूप में की गई।वहीं, दूसरी कार्रवाई सिसवा पंचायत सरकार भवन के समीप की गई। यहां वाहन जांच के दौरान बाइक सवार दो तस्करों को पकड़ा गया। तलाशी लेने पर उनके पास से 87 पीस टेट्रा पैक शराब बरामद हुई। गिरफ्तार तस्करों की पहचान उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले के तरेया सुजान थाना क्षेत्र के जवहीं नरेंद्र गांव निवासी मुन्ना आलम और राजू यादव के रूप में हुई।उत्पाद पुलिस ने गिरफ्तार तस्करों से पूछताछ के बाद उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की करवाई के लिए न्यायालय में भेज दिया।



### अरना महावीरी अखाड़ा मेले में ग्रामीणों ने किया शौर्य का प्रदर्शन

**उचकागांव (दैनिक नवसंदेश)** थाना क्षेत्र के अरना बाजार में रविवार के दिन महावीरी अखाड़ा मेले का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों ने केसरिया ध्वज व लाठी-डंडे के साथ शौर्य का प्रदर्शन किया। इस दौरान आयोजित हुए महावीरी अखाड़ा मेले में थाना क्षेत्र के अरना, झीरवां, लुहसी, कपरपुरा और साथी गांव के जुलूस में शामिल ग्रामीणों ने बजरंगबली की प्रतिमा, केसरिया ध्वज व लाठी-डंडे के साथ शौर्य का प्रदर्शन किया। इस दौरान जय श्रीराम और हर-हर महादेव के नारे से पूरा क्षेत्र गूंजायमान हो रहा था। विभिन्न गांवों से आई बजरंगबली की प्रतिमा व झांकियां मेले में आकर्षण का केंद्र बनी हुई थी। महावीरी अखाड़ा मेले में विधि व्यवस्था को लेकर थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार, बीडीओ मनोज कुमार पडित, सीओ विजय कुमार, अपर टिंकू कुमार, थाने के दरोगा गीतेश गौरांग, आनंद कुमार सिंह, गजेन्द्र सिंह, रिंकी कुमारी, जमदार कन्हैयालाल सिंह, आशिक रसूल खान सहित कई पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल के जवान तैनात थे।

## गंडक के बढ़ते जलस्तर से गोपालगंज में अलर्ट

**वाल्मीकिनगर बराज से 4.16 लाख क्यूसेक पानी डिस्चार्ज ,निचले इलाकों को खाली कराने की अपील**



(निरीक्षण करते एसडीएम व अंचल पदाधिकारी)



(बचाव कार्य का जायजा लेते अधिकारी)

**गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश)** गोपालगंज में गंडक नदी के बढ़ते जलस्तर को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। वाल्मीकिनगर बराज से 4.16 लाख क्यूसेक पानी डिस्चार्ज किया गया है। नेपाल में लगातार हो रही बारिश के कारण गंडक नदी में और पानी आने की संभावना जताई जा रही है। बढ़ते जलस्तर को देखते हुए प्रशासन की ओर से तटबंधों की 24 घंटे निगरानी की जा रही है। वहीं, निचले और कैचमेंट एरिया में माइकिंग कर लोगों को सतर्क किया जा रहा है। प्रशासन ने लोगों से निचले इलाकों को खाली कर ऊंचे और सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील की है। सदर एसडीएम डॉ. प्रेरणा सिंह ने बताया कि नेपाल में अधिक बारिश के कारण वाल्मीकिनगर बराज से करीब 4 लाख क्यूसेक या उससे अधिक पानी छोड़े जाने की संभावना है। यह पानी गोपालगंज में कल तक पहुंच सकता है। इसे देखते हुए सभी अंचल अधिकारियों को कैचमेंट एरिया में माइकिंग कराने का निर्देश दिया गया है। प्रशासन ने लोगों के साथ-साथ मवेशियों को भी सुरक्षित स्थानों पर ले जाने की अपील की है। अधिकारियों का कहना है कि किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए प्रशासन पूरी तरह तैयार है। इधर, कुचायकोट के मितानिया में रेन कट की सूचना मिलने पर प्रशासन की टीम ने मौके का निरीक्षण किया। जांच में किसी तरह का रेन कट या बांध को नुकसान पहुंचने की स्थिति नहीं मिली। एसडीएम ने बताया कि सारण तटबंध पूरी तरह सुरक्षित है और उसकी लगातार निगरानी की जा रही है। फिलहाल प्रशासन का फोकस निचले और कैचमेंट इलाकों में रहने वाले लोगों को समय रहते सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने पर है। लोगों से अपील की गई है कि वे प्रशासन के निर्देशों का पालन करें और किसी भी स्थिति में घबराएं नहीं।